सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 180, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 170 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी गिरावट रही और सेंसेक्स 170 .22 अंक टूटकर 83,239 .47 अंक पर बंद हुआ। } 14

## लोकतांत्रिक संस्थानों को जवाबदेह बनाना जरूरी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले कहा कि राजनीतिक दलों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान नहीं डालना चाहिए और जो पार्टियां गतिरोध पैदा करेंगी, उन्हें जनता जवाब देगी। } 16

## शुभमन गिल ने टेस्ट क्रिकेट में रचा इतिहास

❍ टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले पहले एशियाई व भारतीय कप्तान

एजेंसी

बर्मिंघम। शुभमन गिल इंग्लैंड में टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय और एशियाई कप्तान बन गए। उन्होंने बृहस्पतिवार को यहां एजबस्टन में दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की।

गिल इसके साथ ही इंग्लैंड की सरजमीं पर सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1979 में ओवल में 221 रन की पारी खेली थी। इससे पहले किसी एशियाई कप्तान का इंग्लैंड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 193 रन था जो 2011 में श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान ने लार्ड्स पर बनाए थे। लीड्स में टेस्ट कप्तान के रूप में अपने पदार्पण मैच में 147 रन बनाने वाले गिल ने जोश टंग की गेंद पर डीप फाइन लेग पर एक रन लेकर लेकर पारंपरिक प्रारूप में अपना पहला दोहरा शतक पूरा किया। गिल ने अपना दोहरा शतक पूरा करने के लिए 311 गेंदों का सामना किया। वह भारत के लिए दोहरा शतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में एमएके पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी के साथ शामिल हो गए। (विस्तृत खबर भीतर)




## भारत-घाना ने संबंधों को समग्र साझेदारी तक बढ़ाया

❍ पीएम मोदी को घाना के राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा ❍ घाना की संसद में प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

एजेंसी

अक्करा (घाना)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी प्रतिष्ठित शासनकला और प्रभावशाली वैश्विक नेतृत्व के लिए घाना के राष्ट्रीय सम्मान ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया गया। घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार को यह पुरस्कार प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित होने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मोदी ने सम्मान स्वीकार करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है।

उन्होंने कहा मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से यह पुरस्कार विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं। उन्होंने इस सम्मान को दोनों देशों के युवाओं की आकांक्षाओं और उज्ज्वल भविष्य, घाना और भारत के बीच ऐतिहासिक संबंधों तथा उनकी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं एवं विविधता को समर्पित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय एवं प्रभावी सुधारों पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत जितना मजबूत होगा दुनिया को उतना ही सशक्त बनाएगा और



वैश्विक स्थिरता बढ़ाने में योगदान करेगा। घाना की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ग्लोबल साउथ को आवाज दिए बिना प्रगति संभव नहीं है। दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में भारत का लोकतंत्र आशा की किरण बना हुआ है। इसी प्रकार भारत की विकास यात्रा वैश्विक प्रगति को गति देने वाली है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र एक ऐसा स्तंभ है, जो जितना मजबूत होगा, दुनिया को उतना ही सशक्त बनाएगा और वैश्विक स्थिरता बढ़ाने में योगदान करेगा।

भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि स्थिर राजनीति और शासन की नींव पर भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा, हम पहले से ही वैश्विक विकास में लगभग 16 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं। भारत में अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम है। भारत एक नवाचार और प्रौद्योगिकी केंद्र है, जहां वैश्विक कंपनियां जुटना चाहती हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी विश्व शासन व्यवस्था तेजी से बदल रही है। मोदी ने कहा प्रौद्योगिकी में क्रांति ग्लोबल साउथ का उदय और बदलती जनसांख्यिकी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### लखनऊ, पुणे व इंदौर ने स्वच्छता में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

चंडीगढ़। हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान बृहस्पतिवार को लखनऊ पुणे और इंदौर नगर निगमों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शहरी स्थानीय निकायों के रूप में मान्यता दी गई। लखनऊ ने अपशिष्ट संग्रहण के लिए डीजल या पेट्रोल से चलने वाले वाहनों के स्थान पर ई-वाहनों के उपयोग, उच्च क्षमता वाले अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना और डंपिंग स्थलों (कूड़ा डालने वाले स्थलों) को राष्ट्रीय प्रेरणा केंद्रों में बदलने जैसी पहल को रेखांकित किया। इसी तरह, मध्य प्रदेश के इंदौर नगर निकाय ने जीपीएस से लैस कचरा संग्रहण वाहन, सफाई मित्र कार्यबल और स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सार्वजनिक भागीदारी की प्रस्तुति दी। गुरुग्राम के मानेसर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में, शहरों के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

### हापुड़ : सड़क हादसे में, चार बच्चों सहित पांच की मौत

हापुड़। हापुड़ जिले में एक तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि हाफिजपुर क्षेत्र के रफीकनगर मोहल्ले के निवासी दानिश (40) बुधवार देर रात अपने दो बच्चों मायरा (11) और समायरा (10) तथा भाई सरताज के बच्चों समर (आठ) और मिहिम (10) के साथ मोटरसाइकिल से अपने परिचित के फार्म हाउस पर स्विमिंग पूल में नहाने गए थे। उन्होंने बताया कि लौटते समय बुलंदशहर मार्ग पर मिनीलैंड स्कूल के बाहर एक तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे पांचों की मौके पर ही मौत हो गई।

# रोजगार मिशन के गठन को कैबिनेट की मंजूरी

## देश के अंदर एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार के मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को कैबिनेट बैठक में 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के गठन का प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। इस मिशन का उद्देश्य सीधे राज्य सरकार के माध्यम से न केवल राज्य के युवाओं को देश में रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें विदेशों में भी नौकरी के अवसर दिलाना है। मिशन के गठन के बाद हर वर्ष एक लाख युवाओं को देश और 30 हजार को विदेशों में रोजगार दिलाया जाएगा।

इसके अलावा जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर परियोजना के लिए गठित सोसाइटी को भंग करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गयी है। इस निर्णय में यह भी शामिल है कि इसकी बागडोर लखनऊ विकास प्राधिकरण को सौंपी जाएगी। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण फैसलों पर भी मुहर लगी है। वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 30 प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। कैबिनेट बैठक के बाद श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक सेवायोजन विभाग केवल रोजगार मेलों और सेवायोजकों के माध्यम से राज्य के बेरोजगार युवाओं को अवसर दिला रहा था। अब उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन के साथ हम देश और विदेश दोनों स्तरों पर अपने युवाओं को सीधी नौकरी दिला सकेंगे। मिशन के गठन के साथ ही सरकार स्वयं आरए का लाइसेंस प्राप्त कर सकेगी, जिससे बेरोजगारों को सीधे विदेशों में रोजगार के लिए भेजा जा सकेगा। वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की मैनपावर खासकर पैरा मेडिकल, नर्सिंग स्टाफ, ड्राइवर्स, कुशल श्रमिकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह मिशन राज्य की उस क्षमता को दिशा और अवसर देने का माध्यम बनेगा। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस से जोड़ने के लिए नए लिंक एक्सप्रेसवे को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। लगभग 50 किलोमीटर (49.96 किमी) लंबे छह लेन के इस एक्सप्रेसवे को बाद में आठ लेन किया जा सकेगा। इस बनाने में 4776 करोड़ का खर्च अनुमानित है। नए लिंक एक्सप्रेसवे के माध्यम से आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के जुड़ते ही लखनऊ-प्रयागराज नेशनल हाइवे और लखनऊ-कानपुर हाइवे भी आपस में जुड़ जाएंगे। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर (संशोधन) अध्यादेश का अनुमोदन कर दिया। इसी के साथ केंद्र द्वारा जीएसटी में किए गए कई संशोधनों को यूपी में भी लागू कर दिया गया। इसके तहत व्यापारी को अपील करने के लिए पहले राशि का 25 फीसदी जमा करने की बाध्यता थी। इसे घटाकर 10 फीसदी कर दिया है। इस संबंध में राज्य कर आयुक्त डॉ. नितिन बंसल ने बताया कि जीएसटी काउंसिल द्वारा जीएसटी व्यवस्था के सरलीकरण और करदाताओं को सुविधा देने के लिए समय-समय पर जीएसटी अधिनियम में संशोधन प्रस्तावित किए जाते हैं। एक अन्य फैसले के तहत महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए महिलाओं को कुछ शर्तों के साथ खतरनाक श्रेणी के सभी 29 कारखानों में काम करने की अनुमति दे दी गई है। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक देश में 29 प्रकार के खतरनाक कारखानों में महिलाओं का कार्य करना प्रतिबंधित था। पिछले वर्ष दिसंबर में 12 प्रकार के कम खतरनाक कारखानों में पहले ही काम की अनुमति मिल गई थी। ताजा निर्णय में उन्हें सभी कारखानों में काम की मंजूरी का प्रस्ताव ...शेष पृष्ठ 14 पर



**मंत्रिमंडल के अन्य निर्णय**

- पूर्व सैनिकों एवं होमगार्ड्स की सेवाएं जेम पोर्टल से इतर, सीधे लिए जाने सम्बन्धी प्रस्ताव स्वीकृत
- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे व पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए नया लिंक एक्सप्रेसवे
- गाजियाबाद के मोदीनगर में डा. केएन मोदी विवि की स्थापना का मार्ग प्रशस्त
- अपील के भारी बोझ से व्यापारी को राहत, अब देना होगा दस फीसदी
- अयोध्या में एनएसजी हब के लिए 99 वर्ष की लीज पर दी गयी भूमि
- 24 मीटर सड़कों के किनारे भवनों में खोल सकेंगे दुकानें
- खतरनाक श्रेणी के सभी कारखानों में महिलाएं भी कर सकेंगी काम
- 21,500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी, 19 हजार करोड़ सौर ऊर्जा में
- राजकीय महाविद्यालयों में सहायक आचार्य पद पर चयन की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव
- उत्तरप्रदेश भाषा संस्थान के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष
- जेपीएनआईसी परियोजना के लिए गठित कमेटी हुई भंग, अब एलडीए को मिली बागडोर

## लापरवाही से वाहन चलाने पर हुई मौत तो नहीं मिलेगी बीमा राशि



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि बीमा कंपनियां उन व्यक्तियों के परिवारों को मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी नहीं हैं जिनकी मौत उनके तेजी से एवं लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई हो। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने तेज गति से कार चलाते समय मारे गए एक व्यक्ति की पत्नी, बेटे और माता-पिता द्वारा मांगे गए 80 लाख रुपये के मुआवजे को देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के पिछले साल 23 नवंबर के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें मृतक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एक लाख करोड़ के रक्षा उपकरण खरीदेगा भारत

### राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में डीएसी ने परियोजनाओं को दी मंजूरी



एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपये मूल्य के सैन्य हार्डवेयर और प्लेटफार्मों के लिये पूंजीगत अधिग्रहण से जुड़ी परियोजनाओं को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इन खरीद परियोजनाओं को मंजूरी दी। पूंजीगत अधिग्रहण से आशय उस व्यय से है, जो बजट में पूंजीगत मद में वर्णित होता है। आधिकारिक बयान के अनुसार, डीएसी ने बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, तीनों सेनाओं के लिए एकीकृत सामान्य इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद को मंजूरी दे दी। बयान में कहा गया है कि इन खरीद से सशस्त्र बलों की अभियानगत तैयारियां और बेहतर होंगी। माइन काउंटर मेजर वेसल, सुपर रैपिड गन माउंट ...शेष पृष्ठ 14 पर

## डिजिटल अरेस्ट कर करीब चार करोड़ ठगे

नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिले में साइबर अपराधियों ने अलग-अलग मामलों में एक महिला वकील समेत दो बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट कर उनसे करीब चार करोड़ रुपये की कथित तौर पर ठगी कर ली। पुलिस ने दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

पहले मामले में, अधिकारियों ने बताया कि 72 वर्षीय महिला वकील ने थाना साइबर अपराध में यह रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने उन्हें कई दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर उनसे तीन करोड़ 29 लाख 70 हजार रुपये की ठगी की। थाना साइबर अपराध के एक अधिकारी के मुताबिक, पीड़िता हेमंतिका वाही ने मंगलवार को थाने में दी अपनी शिकायत में कहा कि 10 जून को उन्हें एक फोन आया और कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## क्लीन व ग्रीन कांवड़ यात्रा का देंगे संदेश : धामी

### सीएम ने की उच्चाधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांवड़ यात्रा के सफल संचालन के लिये उत्तराखंड कांवड़ सेवा एप बनाए जाने के निर्देश दिए है इसमें कांवड़ियों की सभी डिटेल उपलब्ध कराई जाए। इस एप का उपयोग हर वर्ष आयोजित होने वाले कांवड़ यात्रा के दौरान किया जा सकेगा, इस से कांवड़ यात्रा पहले से अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगी।

मेला नियन्त्रण भवन हरिद्वार में उच्चाधिकारीयों के साथ कांवड मेला-2025 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांवड़ यात्रा के सकुशल एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस एवं अन्य सम्बन्धित विभागों को चाक चौबंद व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ऐसे राज्य जहां से अधिकांश कावड़िए आते हैं। उन राज्यों से परस्पर समन्वय, रियल टाइम डाटा शेयरिंग और सुरक्षात्मक दृष्टि से सभी आवश्यक इनपुट्स साझा किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा को आगामी कुंभ मेले का ट्रायल बताते हुए कहा कि ये अनुभव आगामी कुंभ मेले भी काम आयेंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारी को ...शेष पृष्ठ 14 पर






**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- सहायक आचार्य पद पर चयन प्रक्रिया में बदलाव (पृष्ठ-02)
- यूपी के आम को अब मिलेगी ग्लोबल पहचान (पृष्ठ-02)
- सोना 450 रुपये चढ़ा, चांदी 1,000 मजबूत (पृष्ठ-14)
- भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की उम्मीद (पृष्ठ-14)
- रुपया 31 पैसे चढ़कर 85.31 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — अगर आतंकी हमले होते हैं तो हम उन्हें अंजाम देने वालों, उनके समर्थकों, वित्तपोषकों व सहयोगियों के खिलाफ करेंगे सख्त कार्रवाई

## ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को दिया बहुत स्पष्ट संदेश

एजेंसी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को बहुत स्पष्ट संदेश दिया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करेगा। जयशंकर ने बुधवार को वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के बयान और सुरक्षा परिषद द्वारा 25 अप्रैल को जारी बयान में हमारे लिए जो महत्वपूर्ण है, वह यह कि आतंकवाद के अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा यह महत्वपूर्ण है क्योंकि तब हमें दुनिया को बताना होगा कि हमने क्या किया। सात मई को शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य यह है कि अगर आतंकवादी हमले होते हैं तो हम उन्हें अंजाम देने वालों, उनके समर्थकों, वित्तपोषकों और सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। इसलिए मुझे लगता है कि यह संदेश बहुत स्पष्टता के साथ दिया गया। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों-जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में सीमा पार आतंकवाद सहित हर प्रकार के आतंकवाद एवं हिंसक अतिवाद के सभी कृत्यों की स्पष्ट निंदा की गई। क्वाड ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की साजिश रचने वालों, उसे अंजाम देने वालों और इसके वित्त पोषकों को बिना किसी देरी के न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान किया तथा संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों से इस संबंध में सहयोग बढ़ाने की अपील की। क्वाड के सदस्य देशों ने 22 अप्रैल को हुए इस आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ कार्वाई का दृढ़तापूर्वक समर्थन किया। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। संयुक्त बयान में कहा गया हम इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, इसे अंजाम देने वालों और वित्तपोषकों को बिना किसी देरी के न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान करते हैं तथा संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से आग्रह करते हैं कि वे ...शेष पृष्ठ 14 पर



## तालाब और नदियों में डूबने से पांच की मौत

❍ सोनभद्र, देवरिया और झांसी में हुई दुर्घटना

विशेष संवाददाता

लखनऊ। सोनभद्र, देवरिया और झांसी में तालाब और नदियों में डूबने से दो सगी बहनों समेत पांच लोगोंकी मौत हो गई। सोनभद्र जिले के रामपुर बरकोनिया क्षेत्र में तालाब में नहाते समय डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा ने बताया कि करौदिया गांव में स्थित चिलमनवा तालाब में बुधवार को दो सगी बहनें प्रियंका (छह) और अंशिका (सात) नहाने गई थीं, इस दौरान गहरे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। वहीं, देवरिया में एक युवक अपने दोस्तों को बचाने के प्रयास में गौरा नदी में डूब गया। पुलिस ने बताया कि गोरखपुर जिले के गगहा विकासखंड के पूरे गांव का निवासी अभय यादव (20) देवरिया जिले के रुद्रपुर विकासखंड के गांव सोनबरसा में अपने ननिहाल आया हुआ था। बुधवार शाम वह अपने दोस्तों के साथ गौरा नदी में नहाने गया और इस दौरान उसके तीन दोस्त गहरे पानी में डूबने लगे। अभय ने नदी में छलांगकर अपने तीनों दोस्तों को सकुशल बचा लिया लेकिन वह खुद डूब गया। गोताखोरों की टीम अभय की तलाश कर रही है लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। उधर, झांसी के टोडी-फतेहपुर क्षेत्र ...शेष पृष्ठ 14 पर

# योगी सरकार का बड़ा कदम, विदेशों में भी मिलेंगे रोजगार के अवसर

## एक वर्ष में देश के अंदर एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार निजी रोजगार के अवसर दिलाने का लक्ष्य, योगी कैबिनेट ने दी प्रस्ताव को मंजूरी

● प्रदेश के युवाओं को मिलेगा वैश्विक अवसर, अब सीधे भेजा जा सकेगा विदेशों में रोजगार पर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के गठन के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया। इस मिशन का उद्देश्य न केवल राज्य के युवाओं को देश में रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें विदेशों में भी नियोजन के अवसर दिलाना है वह भी अब सीधे राज्य सरकार के माध्यम से। कैबिनेट की बैठक के बाद सरकार के इस निर्णय की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह दूरदर्शी पहल न केवल प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाएगी, बल्कि उत्तर प्रदेश को भारत का वैश्विक मानव संसाधन आपूर्ति केंद्र (ग्लोबल एचआर हब) बनाने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगी। यह मिशन राज्य सरकार के उस वादे की पुष्टि करता है जिसमें कहा गया था ष्हर हाथ को काम और हर हुनर को सम्मान।

कैबिनेट बैठक के बाद श्रम मंत्री अनिल राजभर ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक सेवायोजन विभाग केवल रोजगार मेलों और सेवायोजकों के माध्यम से राज्य के बेरोजगार युवाओं को अवसर दिला रहा था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन के साथ हम देश और विदेश दोनों स्तरों पर अपने युवाओं को सीधी नौकरी दिला सकेंगे। उन्होंने बताया कि मिशन का लक्ष्य एक वर्ष में देश में एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार युवाओं को सेवायोजित करने का रखा गया है। राजभर ने बताया कि अब तक विदेशों में रोजगार के लिए राज्य को रिक्रूटिंग एजेंट (आरए) लाइसेंसधारी एजेंसियों पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन मिशन के गठन के साथ ही सरकार स्वयं आरए का लाइसेंस प्राप्त कर सकेगी, जिससे अब बेरोजगारों को सीधे विदेशों में रोजगार पर भेजा जा सकेगा।

श्रम मंत्री ने यह भी बताया कि वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की मैनपावर खासकर पैरा मेडिकल, नर्सिंग स्टाफ, ड्राइवर्सए कुशल श्रमिकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह मिशन राज्य की उस क्षमता को दिशा और अवसर देने का माध्यम बनेगा।



### मिशन की प्रमुख गतिविधियां

- देश-विदेश में रोजगार मांग का सर्वेक्षण
- प्रतिष्ठित कंपनियों की सूची तैयार कर उनसे मांग एकत्र करना
- स्किल गैप का आकलन और आवश्यक प्रशिक्षण
- भाषा प्रशिक्षण और प्रि डिपार्चर ओरिएंटेशन
- करियर काउंसलिंग और कैम्पस प्लेसमेंट
- प्लेसमेंट के बाद सहायता व फॉलोअप सेवा

### मिशन की संगठनात्मक संरचना

उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन एक उच्च स्तरीय संस्था के रूप में किया जा रहा है, जो सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत होगी। इसके संचालन के लिए पांच प्रमुख इकाइयां गठित की जाएंगी।

- शासी परिषद
- राज्य संचालन समिति
- राज्य कार्यकारिणी समिति
- राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (एसपीएमयू)
- जिला कार्यकारिणी समिति

## शर्तों के साथ खतरनाक श्रेणी के कारखानों में महिलाएं भी कर सकेंगी काम

योगी सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। अब महिलाओं को कुछ विशेष शर्तों के साथ खतरनाक श्रेणी के सभी 29 कारखानों में काम करने की अनुमति दे दी गई है। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक देश में 29 प्रकार के खतरनाक कारखानों में महिलाओं का कार्य करना प्रतिबंधित था। 12 प्रकार के कम खतरनाक कारखानों में पहले ही उन्हें कार्य की अनुमति दी गई थी, जबकि हाल ही में 4 और श्रेणियों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। अब ताजा निर्णय में उन्हें सभी 29 कारखानों में काम की अनुमति दे दी गई है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट का यह फैसला तकनीकी विस्तार और उद्योगों की मांग के मद्देनजर लिया गया है। महिला श्रमिकों की स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही नियमों में संशोधन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी बहनें उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में सहभागी बनें, यही हमारा लक्ष्य है।

## लखनऊ से प्रयागराज-वाराणसी-गाजीपुर का सफर होगा सुगम

■ योगी कैबिनेट ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया है। लगभग 49.96 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे छह लेन का होगा, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा। इसका निर्माण ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) मॉडल पर किया जाएगा। परियोजना पर अनुमानित 4775.84 करोड़ रुपये का व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इस लिंक एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और गाजीपुर जैसे प्रमुख शहरों के बीच आवागमन और अधिक सुगम, त्वरित और बाधारहित हो सकेगा। खासकर राजधानी लखनऊ के भीतर होने वाले भारी यातायात दबाव को कम करने और यात्रा समय को घटाने में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि प्रदेश में अब तक विकसित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे आपस में मिलकर एक एक्सप्रेसवे ग्रिड तैयार कर रहे हैं। यह ग्रिड प्रदेश के किसी भी कोने तक यात्रा को तेज, सुरक्षित और निर्बाध बनाएगा।

## अयोध्या में एनएसजी केंद्र की स्थापना के लिए आठ एकड़ भूमि देने की स्वीकृति

यूपी सरकार ने बृहस्पतिवार को अयोध्या में आठ एकड़ जमीन 99 साल के पट्टे पर केंद्रीय गृह मंत्रालय को आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी ताकि मंदिर शहर और आसपास के संवेदनशील प्रतिष्ठानों में सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) केंद्र की स्थापना की जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों को निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि अयोध्या सदर तहसील के गौरा बारिक छावनी क्षेत्र में स्थित जमीन को निशुल्क और कुछ शर्तों और प्रतिबंधों के साथ हस्तांतरित किया जाएगा। खन्ना ने कहा, कि अयोध्या और आसपास के संवेदनशील प्रतिष्ठानों की बढ़ी हुई सुरक्षा आवश्यकताओं के मद्देनजर, जिला प्रशासन ने एनएसजी केंद्र की स्थापना के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को आठ एकड़ जमीन पट्टे पर देने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने कहा कि आवंटन मौजूदा सर्किल रेट के आधार पर रियायती दरों पर किया जाएगा और इसे एक बार के अपवाद के रूप में माना जाएगा, भविष्य में इसे मिसाल के तौर पर नहीं उद्धत किया जाएगा। यह भूमि अयोध्या जिले के परगना-हवेली अवध में स्थित है और गौरा बारिक छावनी क्षेत्र के अंतर्गत आती है, जो किसी भी खतरे की स्थिति में विशिष्ट एनएसजी कमांडो की तैनाती और संचालन के लिए एक रणनीतिक स्थान है। अधिकारियों ने कहा कि एनएसजी केंद्र क्षेत्र में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करेगा, खासकर राम मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या के धार्मिक और रणनीतिक महत्व को देखते हुए। खन्ना ने कहा, यह कदम अयोध्या में मजबूत सुरक्षा बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## भाषा संस्थान के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष कर दी

■ यूपी मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि उप्र भाषा संस्थान भाषा विभाग के तहत एक स्वायत्त संस्थान है और इसके कर्मचारी लगातार अपनी सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने की मांग कर रहे थे। खन्ना ने कहा, कि इसी विभाग के तहत अन्य स्वायत्त संस्थान पहले ही सेवानिवृत्ति की संशोधित 60 वर्ष की उम्र सीमा को पहले ही लागू कर चुके हैं। यह निर्णय समान निकायों के कर्मचारियों के बीच समानता लाता है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव में 12 अगस्त, 2013 के राज्य सरकार के आदेश में उल्लिखित प्रक्रियात्मक दिशा-निर्देशों का पालन किया गया है, जो स्वायत्त संस्थानों में कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र में इस तरह की वृद्धि की अनुमति देता है। उन्होंने कहा, कि आदेश के तहत आवश्यक प्रक्रियात्मक कदम पूरे हो चुके हैं और कैबिनेट ने अब इसे मंजूरी दे दी है। इस कदम से उप्र भाषा संस्थान के कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है, जो राज्य में भाषाओं और साहित्य को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए काम करता है।



## यूपी में बनेगा 'आउटसोर्स सेवा निगम'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लाखों आउटसोर्सिंग कार्मिकों के श्रम अधिकारों, पारिश्रमिक और सामाजिक सुरक्षा की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निगम प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के साथ-साथ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के जीवन में स्थायित्व और भरोसा सुनिश्चित करेगा। गुरुवार को सम्पन्न उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित निगम की कार्यप्रणाली, संरचना और दायरे पर विस्तृत विचार.विमर्श करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार श्रमिकों के श्रम, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए कृतसंकल्पित है और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के सामाजिक व आर्थिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन विकेन्द्रीकृत तरीके से होता है, जिसके कारण समय पर वेतन न मिलना, वेतन में कटौती, ईपीएफ/ईएसआई लाभों से वंचित रहना, पारदर्शिता की कमी और उत्पीड़न जैसी अनेक शिकायतें मिलती हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संपूर्ण व्यवस्था में व्यापक सुधार आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रस्तावित निगम का गठन कंपनी एक्ट के तहत किया जाए। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक 'बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स' और एक महानिदेशक की नियुक्ति की जाएगी। मंडल व जिला स्तर पर भी समितियों का गठन किया जाएगा। एजेंसियों का चयन जेम पोर्टल के माध्यम से न्यूनतम तीन वर्षों के लिए किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि वर्तमान कार्यरत कार्मिकों की सेवाएं बाधित न हों और चयन प्रक्रिया में उन्हें अनुभव के आधार पर वेटेज मिले। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि सभी आउटसोर्सिंग कार्मिकों का पारिश्रमिक प्रत्येक माह की 5 तारीख तक सीधे उनके बैंक खाते में भेजा जाए तथा ईपीएफ और ईएसआई की रकम समय से जमा हो। साथ ही ईपीएफए ईएसआईसी तथा बैंकों से अनुमन्य सभी लाभ भी कर्मचारियों को प्रदान किए जाएं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि निगम को रेगुलेटरी बॉडी की भूमिका में रखा जाए जो एजेंसियों की कार्यप्रणाली की निगरानी करे और नियमों के उल्लंघन पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबारमेंट, पेनाल्टी एवं वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करे।

## पूर्व सैनिकों और होमगाड्र्स को जेम के गेम से निकाला टेंडर का झमेला खत्म, सीधी सेवा ली जायेगी

गर्वनमेंट ई-मार्केट प्लेस यानी जेम के प्रभावी होने के बाद से काम की तलाश में परेशान हो रहे भूतपूर्व सैनिकों और होमगार्ड के जवानों को योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ी राहत दे दी है। योगी सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट मीटिंग में पूर्व सैनिक और होमगार्ड जवान की सेवा जेम पर गए बिना सीधे पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड के जरिए करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार के इस फैसले के बाद सार्वजनिक उपक्रम (पीएसयू), स्थानीय निकाय, शैक्षणिक संस्थान समेत सरकारी और अर्द्ध-सरकारी संगठनों में सुरक्षा ड्यूटी के लिए उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के जरिए इनकी सेवा ली जा सकेगी। उत्तर प्रदेश में पहले इन संगठनों में जरूरत के मुताबिक दक्ष, अनुशासित और प्रशिक्षित पूर्व सैनिक और होमगार्ड जवान की सेवा लेने की व्यवस्था थी। लेकिन केंद्र सरकार के द्वारा सामान खरीद और सेवा लेने के लिए शुरू की गई केंद्रीकृत व्यवस्था जेम को उत्तर प्रदेश द्वारा अपनाने के बाद पूर्व सैनिक और होमगार्ड की सीधी सेवा लेने की व्यवस्था बंद हो गई थी। जेम के माध्यम से इनकी सेवा के लिए निविदा और ठेका की प्रक्रिया से गुजरना होता था, जिससे पूर्व सैनिक व होमगार्ड के जवान काफी परेशान थे।

## माध्यमिक के शिक्षकों की सीधी भर्ती एवं पदोन्नति कोटे नियमावली में संशोधन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को हुए कैबिनेट में माध्यमिक के शिक्षकों की सीधी भर्ती एवं पदोन्नति कोटे को लेकर 1992 की नियमावली में संशोधन किए जाने के एक प्रस्ताव को भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। इससे इंटर कॉलेजों में प्रधानाचार्य पदों को सीधी भर्ती व पदोन्नति से भरने का रास्ता साफ हो गया है। ऐसे में लंबे समय से अटकी 700 से अधिक पदोन्नतियां भी आसानी से हो सकेंगी और साल 2018 से लंबे समय के बाद से लंबित चल रहे प्रधानाचार्य के पदों को सीधी भर्ती और पदोन्नति से भरा जा सकेगा। बता दें कि उत्तर प्रदेश शैक्षिक (सामान्य शिक्षा संवर्ग) सेवा नियमावली-1992 में लम्बे समय से विवाद चला आ रहा थाए जिससे साल 2018 से पुरुष शाखा, महिला शाखा व निरीक्षण शाखा में सीधी भर्ती व पदोन्नति संबंधी कार्यवाही न होने के कारण प्रदेश के राजकीय इंटर कॉलेजों में पद रिक्त चल रहे थे। इसका समाधान करते हुए राज्य सरकार द्वारा समानता के सिद्धांत एवं पदोन्नति कोटे में समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से माध्यमिक शिक्षा विभाग में महिला शाखा, पुरुष शाखा व निरीक्षण संवर्ग में 33 प्रतिशत, 33 प्रतिशत एवं 34 प्रतिशत कोटा निर्धारित करते हुए समूह-ख के लगभग 700 पदों की पदोन्नति के साथ-साथ सीधी भर्ती के लगभग 260 पदों का भी लोक सेवा आयोग से भर्ती का रास्ता साफ हो गया है।

## वेटनरी फार्मासिस्टों की सेवा नियमावली को मंजूरी

यूपी कैबिनेट ने पशु चिकित्सालयों में कार्यरत वेटनरी फार्मासिस्टों की पहली बार बनी नियमावली को मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे अब वही व्यक्ति फार्मासिस्ट बन सकेंगे जो दो साल तीन माह का फामेर्सी में डिप्लोमा प्राप्त कर चुके होंगे। अब तक विभाग में इस पद के लिए इंटर पास लोगों की भर्ती होती थी। उसके बाद विभाग उन्हें प्रशिक्षण दिलाकर फार्मासिस्ट बनाकर इसके काम लेता था। नई नियमावली के लागू होने के बाद डिप्लोमाधारी ही वेटनरी फार्मासिस्ट बन सकेंगे। इनकी भर्ती अब अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से होगी। नियुक्ति के बाद इन्हें तीन स्तर की प्रोन्नति मिलेगी अर्थात यह तीन श्रेणी का पद होगा। पहली प्रोन्नति आठ साल की बेहतर सेवा के बाद दी जाएगी। पहली प्रोन्नति चीफ वेटनरी फार्मासिस्ट के पद पर होगी जिसके लिए 8 पद का कोटा निर्धारित किया गया है। इस पद से दूसरी प्रोन्नति प्रभारी अधिकारी वेटनरी फामेर्सी पर होगी जिसके लिए 23 पद निर्धारित किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश भर के पशुचिकित्सालयों में फार्मासिस्टों की भारी कमी है। परिणामस्वरूप पैरावेट या चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सहयोग से पशुओं का इलाज या ऑपरेशन किया जाता रहा है। नई नियमावली प्रख्यापित होने के बाद प्रशिक्षित और विशेषज्ञ फार्मासिस्टों की सहायता से आधुनिक तरीके से पशुओं का इलाज एवं ऑपरेशन हो सकेगा।

## ग्राम विकास अधिकारियों का दूसरे जिलों में हो सकेगा तबादला

प्रदेश सरकार ने ग्राम्य विकास अधिकारियों की सेवा शर्तों को लेकर बड़ा बदलाव किया है। अब उन्हें राज्य अधीनस्थ अराजपत्रित सेवा में शामिल कर लिया गया है। अब ग्राम विकास अधिकारियों के तबादले एक से दूसरे जिले में हो सकेंगे। वहीं सेवा नियमावली से ग्राम सेवक पदनाम का विलोपन कर ग्राम विकास अधिकारी कर दिया गया है। इसके लिए वर्ष 1980 की पुरानी नियमावली को निरस्त करते हुए उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी सेवा नियमावली, 2025 का प्रख्यापन कर दिया गया है। ग्राम विकास अधिकारी पहले ग्राम सेवक के नाम से जाने जाते थे। नई नियमावली के अनुसार ग्राम विकास अधिकारी अब राज्य अधीनस्थ अराजपत्रित सेवा में शामिल होंगे। इसका मतलब है कि उनका एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरण किया जा सकेगा। इसके अलावा अब पद पर भर्ती के लिए इंटरमीडिएट या समकक्ष कोई भी मान्यता प्राप्त परीक्षा उत्तीर्ण होना जरूरी होगा। पहले यह पात्रता केवल विज्ञान या कृषि विषय तक सीमित थी। विसंगतियों को देखते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर विभाग ने यह नई नियमावली तैयार की थी। रिक्त 2578 पदों पर जल्द शुरू होगी भर्ती डिजिटल कामों की दक्षता बढ़ाने के लिए नई नियमावली में यह भी प्रावधान किया गया है कि चयनित अभ्यर्थी के पास सीसीसी (ट्रिपल सी) कंप्यूटर प्रमाणपत्र होना जरूरी होगा। सरकार का मानना है कि इससे विभागीय योजनाओं को तकनीकी रूप से बेहतर तरीके से लागू किया जा सकेगा। राज्य में ग्राम विकास अधिकारी के 8297 स्वीकृत पदों में से 2578 पद रिक्त हैं। अब इन पर भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। नई नियमावली के लागू होने से ग्राम्य विकास विभाग की कार्यक्षमता और पारदर्शिता बढ़ेगी।

## मंत्रिपरिषद बैठक में निजी विवि के प्रस्ताव को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोकभवन, लखनऊ में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। प्रदेश में निजी क्षेत्र के एक नए विश्वविद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संरचनात्मक सुधारों और संस्थागत विस्तार पर विशेष बल दिया है। इसी क्रम में गाजियाबाद जनपद के मोदीनगर में डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गयी है। यह विश्वविद्यालय डॉ. केएन मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मास्यूटिकल्स एजुकेशन एण्ड रिसर्च ट्रस्ट द्वारा ग्राम बिसोखर व बेगमाबाद बुदाना, तहसील-मोदीनगर में लगभग 20.45 एकड़ भूमि पर स्थापित किया जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 में संशोधन कर उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2025 प्रख्यापित किया जाएगा, जिसके बाद विश्वविद्यालय को संचालन प्राधिकृति पत्र जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा का अवसर प्राप्त होगा।

## सरकार विद्यालयों को बंद कर बच्चों को शिक्षा से वंचित रखना चाहती है : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 5000 (प्राइमरी एवं जूनियर) विद्यालयों को मर्ज किये जाने के निर्णय के विरोध में जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट लखनऊ पर कांग्रेसियों ने गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन कर जिला अधिकारी लखनऊ के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट ज्ञान चंद्र गुप्ता को सौंपा गया है। यह प्रदर्शन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बबूलू, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं डॉ शहजाद आलम के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

प्रदर्शन में शामिल अजय राय ने कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार जन विरोधी कार्य कर रही है उससे प्रदेश का आम जनमानस पूरी तरह से त्रस्त हो चुका है। शिक्षा के साथ खिलवाड़ कर सरकार छोटे-छोटे बच्चों के भविष्य को अंधकार में डाल रही है। यह सरकार विद्यालयों को बंद कर बच्चों को शिक्षा से वंचित रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में गरीबों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं, उन्हें यह सरकार बंद कर ही है। वहीं दूसरी तरफ शराब की दुकानें खुलवाकर पूंजीपतियों की जेब को भरने का काम रही है। इससे स्पष्ट हो चुका है कि योगी सरकार की मंशा देश को किस दिशा में ले जाना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय के विरोध में पूरे प्रदेश भर के जिलों कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किया गया है और अगर प्रदेश की इस तानाशाह सरकार ने अपना निर्णय नहीं बदला तो कांग्रेस का यह आंदोलन भविष्य में एक वृहद रूप लेगा। प्रदर्शन में शामिल उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान कोषाध्यक्ष शिव पांडे एवं निवर्तमान संगठन महासचिव अनिल यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सरकार की तानाशाही से डरने वाला नहीं है, जनता के हक की लड़ाई लड़ने के लिए एक-एक कार्यकर्ता संकल्पबद्ध है।

## राजकीय महाविद्यालयों में सहायक आचार्य पद पर चयन की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

विशेष संवाददाता (vol)

● योगी सरकार ने तृतीय संशोधन नियमावली-2025 को दी मंजूरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोकभवन, लखनऊ में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से जुड़ा एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब उत्तर प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में सहायक आचार्य पद पर चयन केवल साक्षात्कार के आधार पर नहीं, बल्कि लिखित परीक्षा (सब्जेक्टिव टाइप) एवं साक्षात्कार के संयुक्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए 'उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा (समूह 'क') सेवा (तृतीय संशोधन) नियमावली-2025' को प्रख्यापित किए जाने को मंजूरी दी गयी।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि वर्तमान में सहायक आचार्य पद पर चयन की प्रक्रिया उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा (समूह 'क') सेवा नियमावली, 1985 के नियम 15(3) के अंतर्गत केवल साक्षात्कार के माध्यम से की जाती थी। यह पद समूह 'क' श्रेणी का अत्यंत महत्वपूर्ण पद है, जो विद्यार्थियों की शिक्षा, शोध और उनके भविष्य को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। ऐसे में यह आवश्यक हो गया था कि चयन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष तथा गुणवत्तापूर्ण बनाया जाए। उन्होंने कहा कि केवल साक्षात्कार के आधार पर चयन में पक्षपात की संभावनाएं बनी रहती थीं, जिससे कई बार योग्य अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिल पाता था। नई संशोधित व्यवस्था में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों के माध्यम से अभ्यर्थियों का समग्र मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे न केवल उनके विषय ज्ञान की परख हो सकेगी, बल्कि उनके शिक्षण कौशल एवं शोध क्षमता का भी आकलन किया जा सकेगा। इससे राजकीय महाविद्यालयों में उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों का चयन संभव हो सकेगा, जो शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में सहायक होगा। यह संशोधन उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा नियमावली, 1985 के भाग-5 के नियम 15 (3) में किया गया है, और संविधान के अनुच्छेद 309 के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग को प्राप्त अधिकारों के तहत पारित किया गया है। नियमावली में किया गया यह संशोधन तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

## तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त सपा की मंशा शरिया कानून लागू करने की है : ब्रजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि सपा नेताओं के बयान देश में शरिया कानून लागू करने और सांप्रदायिक दंगों के जरिए प्रदेश को हिंसा की आग में झोंककर लोगों में डर पैदा करने की उनकी मंशा को दर्शाते हैं। पत्रकारों से बात करते हुए पाठक ने कहा कि सपा का विभाजनकारी राजनीति करने का लंबा इतिहास रहा है और अब वह चल रही कांवड़ यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था को अस्थिर करने और धार्मिक सद्भाव को बाधित करने के उद्देश्य से बयान दे रही है। पाठक ने कहा, कि समाजवादी पार्टी हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति करती है। हम किसी भी परिस्थिति में उत्तर प्रदेश में सख्त कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि



कांवड़ यात्रा जैसे धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से और श्रद्धालुओं को असुविधा के बिना संपन्न हों। उन्होंने कहा, कि हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि तीर्थयात्रियों को शुद्ध और मनपसंद भोजन मिले। भोजन कौन बेच रहा है या कहां से मिल रहा है, यह चिंता का विषय नहीं है। जो मायने रखता है वह है स्वच्छता और गुणवत्ता। कांवड़ यात्रा पर सपा नेताओं के हालिया बयानों की आलोचना करते हुए पाठक ने आरोप लगाया कि वे सांप्रदायिक विवाद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

## यूपी के आम को मिलेगी ग्लोबल पहचान सीएम आज करेंगे महोत्सव का उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)

● प्रदेशवासियों को आम की 800 किस्मों को देखने और चखने का मिलेगा अवसर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 को संस्कृति, संस्कार एवं विरासत का अनूठा महोत्सव बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस महोत्सव में उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के बागानों के आमों की किस्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। ये महोत्सव प्रदेश के किसानों की समृद्धि के द्वार खोलने तथा उनके जीवन में मिठास लायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आम एवं आम से बने उत्पादों को देश-विदेश मे भेजने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किसानों की आय दुगुनी करने के संकल्प को प्रदेश की योगी सरकार किसानों को बीज से लेकर बाजार उपलब्ध कराकर पूरा करने का प्रयास कर रही है। तीन दिवसीय आम महोत्सव का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री लंदन, दुबई के लिए आम के कंटेनर को रवाना करेंगे। उक्त बातें प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने अपने सरकारी आवास में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। सिंह ने कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में उद्यान विभाग में आमूल-चूल परिवर्तन हुये हैं, जिसमें किसानों की फसलों के उत्पादन से लेकर उसके लिए उपयुक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर भी विकसित किये गये हैं। उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड का गठन कर इसके माध्यम से प्रदेश के किसानों के फसलों को दुनिया तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में पहली बार औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया है, इन गोष्ठियों के माध्यम औद्यानिक फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को बताया जा रहा है कि औद्यानिक फसलों के माध्यम से कम क्षेत्रफल मे अधिक मूल्य की फसलों का उत्पादन किया जा सकता है। इसी तर्ज पर औषधि, फल-फूल, मसाले आदि की फसलों को किसानों को उगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग के 50 वर्ष पूरे होने पर प्रत्येक मंडल पर औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी आयेजित करने का निर्णय लिया गया है। इस आम महोत्सव मे अपने परिवारजनों एवं मित्रजनों के साथ अवश्य आयें। इस महोत्सव मे प्रदेश के 800 प्रकार के आम के किस्मों को देखने का अवसर मिलेगाए जिन्हें हमने न कभी सुना होगा और न कभी देखा होगा।

# नमाज रोकने की मांग पर सुनवाई 21 को

संभल। जिले के चंदौसी की एक स्थानीय अदालत ने बृहस्पतिवार को उस विवादित शाही जामा मस्जिद पर नमाज अदा करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका पर अगली सुनवाई की तारीख 21 जुलाई तय की है जिसके हरिहर मंदिर होने का दावा किया गया है। इस मामले से जुड़े वकीलों ने यह जानकारी दी। कार्यवाही के दौरान मस्जिद के अंदर नमाज अदा करने पर रोक लगाने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें मस्जिद की विवादित स्थिति का हवाला दिया गया था। मामले की सुनवाई सिविल जज (सीनियर डिवीजन) आदित्य सिंह की अदालत में हुई। यह विवाद पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पहुंचा था, जहां मुस्लिम पक्ष ने मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण के लिए निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। हालांकि, 19 मई को उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा और निर्देश दिया कि निचली अदालत में कार्यवाही जारी रहे। बृहस्पतिवार की सुनवाई में, अदालत ने याचिकाकर्ता सिमरन गुप्ता की ओर से शाही जामा मस्जिद में नमाज अदा करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका स्वीकार कर ली। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि चूंकि न्यायालय ने इस स्थल को विवादित माना है, इसलिए मुसलमानों को भी नमाज अदा करने से रोका जाना चाहिए, जैसे कि वर्तमान में हिंदुओं को पूजा करने से प्रतिबंधित किया गया है। याचिका में यह भी अनुरोध किया गया है कि मस्जिद को सील कर दिया जाए और उसे संभल के जिलाधिकारी की निगरानी में रखा जाए। हिंदू पक्ष की ओर से सिमरन गुप्ता ने भी याचिकाकर्ता बनाए जाने की मांग की है। दोनों मामलों की सुनवाई 21 जुलाई को होगी। मूल मुकदमा 19 नवंबर, 2023 को आठ हिंदू याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर किया गया था, जिनमें अधिवक्ता हरि शंकर जैन और विष्णु शंकर जैन शामिल थे। उस दिन मस्जिद में न्यायालय के आदेश पर सर्वेक्षण किया गया था। 24 नवंबर को सर्वेक्षण का दूसरा दौर किया गया, जिसके बाद मामला चंदौसी सिविल

## संभल मस्जिद विवाद

अदालत के समक्ष रखा गया। अंतिम सुनवाई 28 अप्रैल को हुई थी। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता गोपाल शर्मा ने बताया कि मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर रिट याचिका को खारिज करने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को रिकॉर्ड के हिस्से के रूप में अदालत में प्रस्तुत किया गया था। दूसरी ओर, शाही जामा मस्जिद का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता कासिम जमाल ने स्वीकार किया कि विरोधी पक्ष ने उच्च न्यायालय के फैसले को प्रस्तुत किया है और कहा कि मस्जिद की कानूनी टीम अदालत द्वारा जारी किए गए किसी भी आदेश का पालन करेगी। नमाज पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता बाबू लाल सक्सेना ने बताया कि उनके मुवक्किल सिमरन गुप्ता का मानना है कि अंतिम निर्णय पारित होने तक विवादित स्थल पर किसी भी समूह द्वारा धार्मिक गतिविधि प्रतिबंधित होनी चाहिए। 24 नवंबर, 2024 को मस्जिद स्थल पर दूसरे सर्वेक्षण के दौरान संभल में हिंसक झड़पों के बाद हुई अशांति के कारण चार व्यक्तियों की मौत हो गई थी और 29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। हिंसा के बाद पुलिस ने समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क और शाही जामा मस्जिद के अध्यक्ष जफर अली के साथ-साथ 2,750 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

## तेंदुए ने सियार को बनाया निवाला, डर से ग्रामीण घरों में दुबके

सिद्धार्थनगर- परवानीनगर में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है। बुधवार सुबह 4 बजे स्थानीय निवासी अमजद अली ने तेंदुए को सियार को पकड़कर ले जाते देखा। गांव के पूर्वी बाग में सियार का अधखाया शव मिला। ग्रामीण शाम होते ही घरों में दुबक जा रहे हैं। वे खेतों में काम करने से भी बच रहे हैं। रात में ग्रामीण पटाखे फोड़कर और मशालें जलाकर अपनी सुरक्षा कर रहे हैं। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगाया है। वन दरोगा निखिल कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ड्रोन कैमरे से बाग, झाड़ी और कब्रिस्तान की निगरानी की। तेंदुआ दिखाई नहीं दिया। वन विभाग क्षेत्र में तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रख रहा है। मोहाना थाना क्षेत्र के रामभारी में भी तेंदुए को देखा गया था। इस तरह यह दूसरी घटना है। दोनों गांवों में तेंदुए की उपस्थिति से आसपास के क्षेत्र के लोग सतर्क हो गए हैं।

## संक्षेप

### किसानों को बताये आधुनिक खेती के गुर

प्रतापगढ़। आधुनिक तरीके से खेती को लेकर गुरूवार को लालगंज के भवराम बोझी में बैठक कर किसानों को खेती के गुर बताये गये। कृषि विभाग के क्लस्टर प्रभारी रमेशचंद्र तिवारी ने क्लस्टर प्रभारी नेहा यादव व टीम के सदस्यों के साथ लालगंज में बैठक कर किसानों को आधुनिक खेती के तरीके सुझाये। किसानों को बताया कि डीएसआर तकनीक से धान की कम लागत में अच्छी उपज मिल सकेगी। इस तकनीक से नर्सरी व रोपाई की झंझट से छुटकारा किसानों को मिल सकेगा। इस मौके पर ब्रम्हदेव पाण्डेय, दयानंद वर्मा, दयाराम वर्मा, विमलेश नारायण तिवारी, धर्मेन्द्र गौड़, प्रदीप मौर्य आदि किसान मौजूद रहे।

### बाइक चालक पर गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

प्रतापगढ़। दुर्घटना में किशोर की हुई मौत को लेकर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खानापटटी वार्ड निवासी हलीम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस जून को रात करीब आठ बजे उसका पन्द्रह वर्षीय पुत्र सहीद घर के समीप सड़क किनारे खड़ा था। इसी बीच तीव्र गति से आ रहे बाइक चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे इलाज के दौरान सहीद की मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद बीती बुधवार की शाम बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बिजली विभाग ने चलाया अभियान वसूले एक लाख बीस हजार

प्रतापगढ़। मार्निंग रेड अभियान के तहत बिजली विभाग ने अभियान चलाकर लाखों का बकाया वसूल किया। वही कई बकायेदारों की बिजली काटने के साथ ही तीन उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। अधिशाषी अभियंता लालगंज रूपेश कुमार के नेतृत्व में एसडीओ आशुतोष कुमार ने क्षेत्र में विद्युत चोरी व बकायेदारों को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान विजलेंस टीम भी साथ रही अभियान के तहत कुल एक लाख बीस हजार विद्युत बकाये की रकम वसूल की गयी। वहीं तेईस घरों की बिजली काटी गयी। एसडीओ आशुतोष कुमार ने बताया कि तीन उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत चोरी को लेकर एफआईआर भी दर्ज करायी गयी है। कुल चौबीस घरों में स्मार्ट मीटर भी लगाये गये हैं। अभियान का क्रम आगे भी जारी रहेगा।

### जमीन के विवाद में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

प्रयागराज। गंगा नगर के मऊ आइमा थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार दोपहर जमीन विवाद में एक व्यक्ति की उसके घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। डीसीपी (गंगा नगर) कुलदीप गुनावत ने बताया कि आज दोपहर मऊ आइमा थाना के ग्राम रजेतरा से सूचना मिली कि एक व्यक्ति की उसके घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की पहचान विजय बहादुर पटेल (38) के रूप में हुई है और जिस समय उसे गोली मारी गई, वह अपने घर में सो रहा था। गुनावत ने बताया कि पुलिस पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मऊआइमा थाना में चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। परिजनों के मुताबिक, जमीन के विवाद को के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया है। इस मामले में दो संदिग्ध लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही इस घटना का अनावरण कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### बरेली जेल में बंद मादक पदार्थ तस्कर की मौत

बरेली। बरेली केन्द्रीय कारागार में बंद मादक पदार्थ तस्कर की जिला अस्पताल में बृहस्पतिवार की दोपहर मौत हो गई। वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्रा ने यहां बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में जेल में बुधवार को लाये गये 28 वर्षीय आदेश तिवारी का भाई अंशुल और भाभी गौरी उससे मिलने आये थे। इसी दौरान आदेश बेहोश हो गया और उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। आदेश के भाई अंशुल ने बताया कि उसका भाई दिल का मरीज था और जेल में ही वह अचानक बेहोश हो गया था। अंशुल ने कहा कि अस्पताल में उसके भाई की मौत हो गयी।

## जनपद में वृहद पौधरोपण महाभियान आरंभ



श्रावस्ती। प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार वृहद वृक्षारोपण महाभियान-2025 के अंतर्गत श्रावस्ती जनपद में पर्यावरण संरक्षण हेतु बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद एवं अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने पूजा-अर्चना के पश्चात बरगद, पाकड़ व नीम के पौधों का रोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने नागरिकों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने की प्रेरणा दी। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने कहा कि वृक्ष जीवन के लिए अनिवार्य हैं। वे न केवल हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं, बल्कि वर्षा, तापमान और ऋतु चक्र को संतुलित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। पेड़-पौधे जहां पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, वहीं वे पक्षियों और जीव-जंतुओं के लिए प्राकृतिक आवास भी हैं। उन्होंने पौधों की देखभाल और उनके संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि हरियाली ही पृथ्वी का श्रृंगार है। हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर इस धरोहर को सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि लगाकर छोड़ देना पर्याप्त नहीं है, पौधों का संरक्षण ही उन्हें वृक्ष बनने तक ले जाता है। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी धनराज मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण व पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे। सभी ने वृक्षारोपण कर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## ड्रोन तकनीक से खेती में नवाचार बेहतर पैदावार की उम्मीद



इकौना चैनपुर। विकासखंड इकौना के ग्राम पंचायत चैनपुर में गन्ना किसानों ने परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए अब ड्रोन तकनीक का उपयोग शुरू कर दिया है। खेतों में कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के लिए किसान अब आधुनिक ड्रोन का सहारा ले रहे हैं। इस तकनीक के माध्यम से जहां खेतों की सुरक्षा बेहतर हुई है, वहीं पैदावार में भी बढ़ोत्तरी की उम्मीद की जा रही है। ड्रोन से दवा छिड़काव की प्रक्रिया सटीक, तेज और कम लागत वाली साबित हो रही है। किसान बताते हैं कि इस पद्धति से न केवल श्रम की बचत होती है, बल्कि खेत के हर कोने में समान रूप से दवा का वितरण संभव हो पाता है। परंपरागत छिड़काव की तुलना में यह तरीका अधिक प्रभावी और समय की दृष्टि से लाभकारी है। कृषि विभाग द्वारा भी क्षेत्रीय किसानों को इस तकनीक के प्रति प्रशिक्षण एवं जागरूकता प्रदान की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक कृषक इसका लाभ उठा सकें। चैनपुर गांव की यह पहल अन्य गांवों के किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनती जा रही है।

## भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी



सिद्धार्थनगर - 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी कोटिया में एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक कमांडेंट के. रणवीर सिंह ने की। इसमें स्थानीय पुलिस, नेपाल पुलिस और नेपाल अढक्र्क्षे अधिकारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी मुहर्रम और सावन मास के दौरान सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। साथ ही अवैध तस्करी और घुसपैठ को रोकना भी प्राथमिकता में है। 43वीं वाहिनी रश्इ नियमित रूप से सहयोगी एजेंसियों के साथ संयुक्त गश्त कर रही है। बैठक में दोनों देशों के सुरक्षा विभागों ने खुफिया जानकारियों के आदान-प्रदान पर सहमति जताई। मानव तस्करी और प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी पर रोक लगाने की रणनीति बनाई गई। साप्ताहिक बाजार के दिन विशेष सतर्कता बरतने पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में निरीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी, कोटिया पुलिस चौकी के उप निरीक्षक अभय सिंह, नेपाल अढक्र्क्षे उप निरीक्षक चंद्र बहादुर खाका और नेपाल पुलिस से उप निरीक्षक नारायण पौडेल सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। बैठक के बाद सीमा पर संयुक्त गश्त भी की गई।

## किसान की दुर्दशा पर क्षमा मांगे मोदी सरकार

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर गरीब किसानों पर लगातार बढ़ रहे कर्ज को लेकर कड़ा हमला बोला है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं मिल पाने के कारण महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक गरीब किसान को बैल तक नसीब न हो पाना बेहद दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होने लातूर में मजबूर बुजुर्ग किसान को खेती के लिए बैल की जगह खुद हल के साथ खेत की जुताई की घटना को शर्मनाक एवं असहनीय करार दिया है। उन्होनें कहा कि महाराष्ट्र के लातूर में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार है। जिले के गरीब बुजुर्ग किसान अंबादास पवार को गरीबी के कारण अपने बैल बेचने पड़े। उन्होनें कहा कि इस गरीब



किसान परिवार के पास टैज्क्टर से जुताई का किराया तक अदा करना नामुमकिन हो गया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बुजुर्ग किसान को अपनी बेबस पत्नी मुक्ताबाई अंबादास पवार के साथ खेत में खुद बैल की जगह हल से जुताई करता देख हर देशवासी का हृदय पीड़ा से भर गया है। उन्होने पीएम मोदी पर कटाक्ष किया कि आंकड़ेबाजी के सहारे देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के दावे पर बेबस किसान की तस्वीर अर्थव्यवस्था की बदहाली का कड़वा सच उजागर कर गयी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि महाराष्ट्र में ही कर्ज के बोझ से दबे पांच सौ सरसठ किसानों का आत्महत्या करना गंभीर चिन्ताजनक रहा है। उन्होने आरबीआई की ताजा रिपोर्ट के हवाले से कहा कि यह चिन्ताजनक है कि इस समय पिछले दो वर्षों में प्रति व्यक्ति का कर्ज नब्बे हजार से चार दशमलव आठ लाख हो गया है। उन्होने कहा कि सरकार की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के चलते विदेशी कर्ज का बोझ भी लगातार बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि आम आदमी की आमदनी का पचीस दशमलव सात प्रतिशत इस कर्ज को चुकाने में व्यय हो रहा है।

## अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें

● मोहर्रम को लेकर बहराइच-श्रावस्ती प्रशासन की संयुक्त पीस कमेटी बैठक

श्रावस्ती/बहराइच। आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत शांति और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद श्रावस्ती और बहराइच के प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त पीस कमेटी बैठक थाना हरदत्त नगर गिरंट अंतर्गत ग्राम पिरभितनी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्रावस्ती के पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने की। इस अवसर पर दोनों जनपदों के अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण क्षेत्राधिकारी, उपजिलाधिकारी, सीओ, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी सहित दोनों जनपदों के संभ्रांत नागरिक व मजार समिति पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों ने मोहर्रम पर्व के दौरान शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की। संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण, पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती, फ्लैग मार्च व गश्त की निरंतरता सुनिश्चित करने तथा



लोगों से सीधा संवाद कर उनकी चिंताओं को समझने व समाधान के लिए ठोस दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन ने सभी समुदायों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें। साथ ही यह भरोसा भी दिलाया गया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक व पुलिस टीमें हर समय सतर्क रहेंगी। यह बैठक साम्प्रदायिक सौहार्द और जनसुरक्षा की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है, जिससे क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखने की मजबूत नींव रखी जा सकेगी।

## कुत्ते के काटने से कबड्डी खिलाड़ी की मौत

बुलंदशहर। बुलंदशहर में राज्य स्तरीय 22 वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी बृजेश सोलंकी की कुत्ते के काटने के बाद कथित तौर पर एंटी-रेबीज टीका नहीं लगवाने के कारण मौत हो गई। सोलंकी के परिजनों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के फराना गांव के निवासी सोलंकी को दो माह पहले एक पिल्ले ने काट लिया था, लेकिन उसने इसे गंभीरता से नहीं लिया जिसके बाद 28 जून को उसकी तबीयत बिगड़ गई। सोलंकी के भाई संदीप ने बताया कि उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन काफी प्रयास के बावजूद बचाया नहीं जा सका। कबड्डी खिलाड़ी तीन भाइयों में सबसे छोटा था। संदीप ने बताया कि करीब दो महीने पहले, एक पिल्ला नाले में फंस गया था। उसे बचाने की कोशिश में पिल्ले ने बृजेश की उंगली पर काट लिया। उसने (सोलंकी ने) सोचा कि यह गंभीर नहीं है और उसने एंटी-रेबीज का टीका नहीं लगवाया। बाद में अलीगढ़ के एक निजी अस्पताल ने पुष्टि की कि उसे एक पागल जानवर ने काटा था, संभवतः एक बंदर या कुत्ता। बृजेश उस हादसे के दौरान गांव में रह रहा था और स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण ले रहा था। अधिकारियों के अनुसार, उसकी मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने एहतियात के तौर पर फराना गांव में 29 लोगों को एंटी-रेबीज टीके लगाए हैं।

## प्रतियोगी छात्रों को मिलेगी डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा

### मुख्यमंत्री अभ्युदय नि:शुल्क कोचिंग योजना की बैठक संपन्न



बलरामपुर। डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग योजना की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की संख्या बढ़ाते हुए अधिक से अधिक छात्रों को निशुल्क कोचिंग योजना का लाभ दिए जाने का निर्देश डीएम द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में समसामयिकी बेहद महत्वपूर्ण है उन्होंने प्रतियोगी छात्रों हेतु समसामयिकी मैगजीन आदि की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा भी मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना निशुल्क कोचिंग मे लेक्चर क्लास दिए जाए। डाइट में क्रिटिकल गैप से लाइब्रेरी निमार्णाधीन हैं , शीघ्र ही डाइट में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग के छात्रों को डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ मिलेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता , समाज कल्याण अधिकारी राहुल गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ल, जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद , जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय , प्रबंधक कृषक राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीदत्तगंज सर्वेश सिंह , कोर्स कोआर्डिनेटर व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में रोपित हुए नौ सौ पौधे



प्रतापगढ़। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरूवार को यहां शीतलमऊ वन ब्लाक में नौ सौ पौध रोपित हुए। सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा अभियान के तहत महोगिनी, कनकचम्पा, अमरूद, पाकड़, नीम, महुआ, जामुन, बरगद, पीपल आदि प्रजाति के पौध रोपित हुये। कार्यक्रम में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान को भारत माता की समृद्धि का संकल्प कहा गया। अभियान में शामिल लोगों ने भारत माता का जयघोष भी किया। संयोजक वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र ने कहा कि पौधरोपण अभियान से प्राकृतिक संतुलन को भी समृद्धि मिला करती है। कार्यक्रम का संचालन वन दरोगा त्रिभुवन नाथ तिवारी ने किया। वन दरोगा रमेश कुमार मिश्र ने आभार जताया। इस मौके पर दिनेश कुमार, अंगद तिवारी, सोनू मिश्र, विनय पाण्डेय, दिनेश सिंह आदि रहे।

## स्थानांतरित सीओ को समारोहपूर्वक दी गई विदाई



प्रतापगढ़। स्थानीय पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में गैरजनपद स्थानांतरित सीओ रामसूरत सोनकर को गुरूवार को समारोहपूर्वक विदाई दी गयी। कार्यक्रम में शामिल हुए अधिवक्ताओं तथा व्यापारियों व सभासदों ने चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में स्थानांतरित सीओ रामसूरत सोनकर को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम तथा बुकें भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि लोक सेवा में जनता की आकांक्षा के अनुरूप आचरण ही सफलता का द्योतक है। उन्होने सीओ रामसूरत सोनकर की प्रशासनिक कार्यशैली को अनुकरणीय बताया। स्थानांतरित पुलिस उपाधीक्षक रामसूरत सोनकर ने अपने कार्यकाल में जनता के सहयोग तथा अपराध नियंत्रण अभियान में मिली सफलता में विभागीय सहयोगियों का भी आभार जताया। संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संयोजन लालगंज प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने किया। सीओ कार्यालय के प्रधानांकिक रवीन्द्र यादव ने आभार जताया। कार्यक्रम को संग्रामगढ़ प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र भदौरिया, लीलापुर प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय, उदयपुर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए सीओ रामसूरत सोनकर के मार्गदर्शन को सराहा। वहीं समारोह में संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, देवी प्रसाद मिश्र, राममोहन सिंह, राव वीरेन्द्र सिंह, संदीप सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, संतोष पाण्डेय, विनोद मिश्र, व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे ने भी विचार रखते हुए सीओ रामसूरत सोनकर की कार्यशैली की प्रशंसा की। इस मौके पर भाकियू अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, करणी सेना अध्यक्ष विनोद सिंह, सभासद पन्नेलाल पाल, जय कौशल, श्रीराम, ज्ञानचंद्र मोदनवाल, छोटे लाल सरोज, सिंटू मिश्र, प्रवीण शुक्ला, राहुल त्रिपाठी, बेनीलाल शुक्ल, अरूण त्रिपाठी आदि रहे।

## उत्तर प्रदेश वृक्ष संशोधन अधिनियम में परिवर्तन की मांग को लेकर विधायक मोना को सौंपा ज्ञापन



प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश वृक्ष संशोधन अधिनियम को लेकर स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्नीस सौ छिहत्तर में बनाए गए उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम को उन्चास वर्ष पुराना ठहराते हुए परिवर्तन की मांग उठाई गयी है। ज्ञापन में कहा गया है कि पुराने अधिनियम में एक पेड़ काटने पर जुमार्ने की राशि एक हजार रुपए थी। ज्ञापन में मांग की गयी है कि इस जुर्मान की राशि को वर्तमान समय के अनुरूप आकलन कर कम से कम चालीस हजार रुपए किया जाये। विधायक मोना ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों को इस मुददे पर विधानसभा में निजी विधेयक लाये जाने का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर शिवम तिवारी, दीपेन्द्र ओझा, प्रकाश पाण्डेय, नितेश तिवारी, अनुपम मिश्र आदि रहे।

## महेट स्थित बोर्ड पर विवाद, जैन समाज ने जतायी आपत्ति



श्रावस्ती। भगवान सम्भवनाथ की जन्मस्थली माने जाने वाले महेट (श्रावस्ती) में पर्यटन विभाग द्वारा लगाए गए एक सूचना बोर्ड को लेकर जैन समाज ने आपत्ति जताई है। समाज के प्रतिनिधियों ने उपजिलाधिकारी इकौना के माध्यम से जिलाधिकारी श्रावस्ती को ज्ञापन सौंपकर बोर्ड को तत्काल बदलने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि महेट जैन धर्म के 11वें तीर्थंकर भगवान सम्भवनाथ की पावन जन्मस्थली है। यह स्थान जैन समाज के लिए अत्यंत पूज्यनीय है, जहां देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष दर्शन और पूजा-अर्चना करने आते हैं। बावजूद इसके, यहां पर्यटन विभाग द्वारा जो सूचना बोर्ड लगाया गया है, उसमें भगवान बुद्ध का चित्र दशार्या गया है, जो न केवल ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत है, बल्कि जैन समाज की धार्मिक भावनाओं को भी आहत करता है। ज्ञापनकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि श्रावस्ती में बौद्ध धर्म के भी महत्वपूर्ण स्थल हैं, परंतु महेट का यह स्थान जैन तीर्थ के रूप में स्थापित और मान्य है। इस स्थल की धार्मिक पहचान को गलत रूप में प्रचारित करना उचित नहीं है। समाज की मांग है कि उस बोर्ड को तत्काल हटाया जाए और उसकी जगह भगवान सम्भवनाथ या सम्भवनाथ स्तूप का चित्र युक्त नया बोर्ड लगाया जाए, जिससे तीर्थ की असली पहचान स्पष्ट हो सके। जैन समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रशासन से आग्रह किया कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए अविलंब उचित कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि धार्मिक स्थलों की शुद्धता और ऐतिहासिकता बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की गलती से सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है।

## अपहरण कर किशोरी से दुष्कर्म का आरोप, सिपाही निलंबित

फर्रुखाबाद। जिले के नवाबगंज इलाके में एक पुलिस कांस्टेबल पर किशोरी का अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने का आरोप लगा है जिसके बाद उसे निलंबित कर दिया है। घटना बुधवार को उस समय की है जब लड़की (15) स्कूल के लिए अपने घर से निकली थी। उसने बताया कि जब लड़की घर नहीं लौटी तो परिवार के सदस्यों ने उसकी तलाश शुरू की। अधिकारियों के अनुसार, लड़की के पिता ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बेटी को कांस्टेबल विनय चौहान की कार में देखा जिसके बाद कांस्टेबल को पकड़ लिया। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी को जांच सौंप दी है।

संक्षेप

## अनुदान के बीज पर भी वसूला जा रहा है शुल्क

चौरीचौरा, गोरखपुर। विकास खंड सरदानगर पर किसानों के लिए सरकार द्वारा अनुदान में दिए जा रहे मूंगफली के बीज पर ब्लाक के कर्मचारियों ,सहायक विकास अधिकारी तथा गोदाम इंचार्ज द्वारा 15 रुपए प्रति किलो के हिसाब से किसानों से वसूली की जा रही है। बताते चलें कि गुरुवार को रामपुर रकबा निवासी राधेश्याम पांडेय, तुंगनाथ मद्धेशिया आदि लोगों ने बिकास खंड सरदार नगर स्थित बीज गोदाम पर किसानों को अनुदान में दी जा रही मूंगफली का बीज लेने पहुंचे ।जहां आधार कार्ड लेने के बाद गोदाम इंचार्ज जटाशंकर द्वारा लोगों से यह कहकर 15 रुपए प्रति किलो के हिसाब से रुपया लिया कि सरकार ने 15 रुपए प्रति किलो के हिसाब से मूंगफली का यह बीज मंहगा दिया है ।यह लिया गया पैसा ट्रेजरी में जमा करना है। उक्त के संबंध में जब सहायक बिकास अधिकारी कृषि राजीव रंजन यादव से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि बीज का पैसा लग रहा है। सभी लोग जमा कर रहे हैं ।आप लोग भी दे दीजिए।

## युवक से मारपीट करने पर चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा,गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम चौरी के टोला बदुरहिया निवासी अंशु राठौर पुत्र दुर्गा राठौर की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। स्थानीय थाना क्षेत्र के चौरी बदुरहिया निवासी अंशु राठौर ने चौरीचौरा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 जून को पुरानी रंजिश को लेकर मेरे ही गांव के छट्ठू राठौर व रतन राठौर पुत्रगण स्व० लालू राठौर ,सूरज राठौर पुत्र दीनानाथ, सुनील राठौर पुत्र लल्लन मुझे गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडे से बुरी तरह से मारने पीटने लगे। तथा जाते-जाते जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। चौरीचौरा पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त चारों के विरुद्ध मारपीट के विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## दंपति से मारपीट करने पर तीन पर मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सथरी निवासिनी चन्द्रजोती पत्नी नन्द किशोर कन्नौजिया की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। सथरी निवासी चन्द्रजोती ने चौरीचौरा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 01 जुलाई को करीब 12 बजे दिन में मेरे भाई दीनानाथ पुत्र स्व० सुखदेव कन्नौजिया व मेरी बहन नैनमती अपने लड़के रोहित पुत्र अरविन्द कन्नौजिया के साथ मेरे घर सथरी आये ।और गाली गुप्ता देने लगे ।जब मैने गाली देने का कारण पूछा तो तीनो लोग मुझे और मेरे पति को मारने पीटने लगे। शोर सुनकर आस पास के लोगों को इकट्ठा होते देखकर तीनो लोग जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए ।पुलिस तहरीर के आधार पर उपरोक्त तीनों लोगों के खिलाफ मारपीट व विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## दहेज के लिए बहू को घर से निकाला

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गांव मीरखपुर पुठिया निवासी ब्रजकिशोर ने अपनी पुत्री के ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वादी ब्रजकिशोर ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री बबीता की शादी 12 फरवरी 2022 को कानपुर देहात के गांव लालजीपुरवा, थाना मंगलपुर निवासी लालू प्रसाद पुत्र महिपाल सिंह के साथ हिंदू रीति-रिवाज से की थी। शादी में चार लाख रुपये नकद और ढाई लाख रुपये का सामान दिया गया था। आरोप है कि शादी के करीब एक वर्ष बाद दामाद लालू प्रसाद, ससुर महिपाल सिंह, सास सीमा देवी और देवर अविनाश ने मिलकर उनकी पुत्री को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उन्होंने बबीता से अतिरिक्त दहेज के रूप में एक मोटरसाइकिल और 50 हजार रुपये की मांग की। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट कर मायके छोड़ दिया। ब्रजकिशोर का कहना है कि उन्होंने कई बार रिश्तेदारों की पंचायत बुलाकर समझौता कराने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने गाली-गलौज कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि जब तक 50 हजार रुपये और मोटरसाइकिल नहीं लाओगे, तब तक बहू को घर में घुसने नहीं देंगे।

# टीडीएम तिराहे से ट्रांसपोर्ट नगर तक की सड़क बनेगी स्मार्ट

- 45 करोड़ से बनेगी टीडीएम-ट्रांसपोर्टनगर स्मार्ट रोड
- सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत निर्माण का प्रस्ताव
- 1800 मीटर लंबी सड़क, 15 मीटर होगी चौड़ाई

**गोरखपुर।** महानगर के टीडीएम स्कूल से प्रेमचंद पार्क, ट्रांसपोर्टनगर होते हुए एनएच 28 तक की सड़क स्मार्ट बनेगी। नगर निगम ने मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम ( सीएम ग्रिड योजना ) के अंतर्गत टीडीएम स्कूल से ट्रांसपोर्ट नगर तक की सड़क के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा है। सीएम ग्रिड फेज तीन के अंतर्गत 1800 मीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर करीब 45 करोड़ रुपये की लागत आएगी। वहीं, सड़क की चौड़ाई करीब 15 मीटर होगी। इसके अलावा फेज तीन के अंतर्गत तीन और सड़कों का निर्माण होगा। कुल 115 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इन सड़कों का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। दरअसल नगर निगम ने सीएम ग्रिड फेज तीन के अंतर्गत शहर की चार सड़कों का प्रस्ताव शासन को भेजा था, इनमें से एक सड़क को गोरखपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा बनाया जा रहा है। एनएच 28 से वरदायिनी हास्पिटल, कृष्णा पैलेस, माधव लान होते हुए देवरिया बाईपास तक वाली सड़क के निर्माण का प्रस्ताव जीडीए के द्वारा कर दिया गया।

इसको देखते हुए नगर निगम ने इस सड़क के स्थान पर टीडीएम तिराहा से ट्रांसपोर्टनगर नगर चौराहे तक तथा ट्रांसपोर्टनगर रैन बसेरा रोड और ट्रांसपोर्टनगर वेंडिंग जोन रोड होते हुए एनएच 28 तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा है। इसके निर्माण पर कुल 45.10 करोड़ रुपये की लागत आएगी। नगर निगम के मुख्य अभियंता अमित शर्मा ने बताया कि नया प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। -गणेश चौराहा से यूनिवर्सिटी चौराहा एवं अलंकार ज्वेलर्स से एचपी स्कूल, डीएम आवास होते हुए हरिओम नगर तिराहे तक 1300 मीटर 28.60 करोड़ -स्पोर्ट्स कालेज रोड से इंद्रजीत बनर्जी के मकान होते हुए जायसवाल मार्ट से कैलाश शुक्ला के मकान के बगल पुलिया तक 1100 मीटर 24.20 करोड़ -कचहरी चौराहे से शास्त्री चौक होते हुए बेतियाहता चौराहे तक 775 मीटर 17 करोड़ मेंबनेगा।

## विरासत गलियारे की सड़क होगी और चौड़ी!

गोरखपुर। गोरखपुर महानगर के विरासत गलियारे की डिजाइन बदलने की तैयारी की जा रही है। डिजाइन में बदलाव के बाद पांडेयहाता से धर्मशाला बाजार तक की सड़क वर्तमान डिजाइन की मुकाबले करीब 2.5 मीटर सड़क और चौड़ी हो जाएगी। लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों की टीम इस पर मंथन कर रही है। दो या तीन नई डिजाइन तैयार की जा रही है, संभावना है कि इसी में से एक डिजाइन मंजूर होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सभी प्रभावितों को मुआवजा दिए जाने के निर्देश के बाद विधायक विपिन सिंह ने पांडेयहाता व आर्यनगर में व्यापारियों से संवाद किया था। व्यापारियों ने सुझाव दिया कि डक्ट के स्थान पर सड़क की चौड़ाई बढ़ा दी जाए तो विरासत गलियारे में सड़क चौड़ीकरण का मकसद पूरा होगा। व्यापारियों के सुझाव से विधायक



विपिन सिंह भी सहमत दिखे। उसके बाद से लोक निर्माण विभाग के अफसर डिजाइन बनाने में जुटे हैं। शहर में राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान तीन दिन तक डिजाइन का कार्य प्रभावित हुआ। अब जल्द ही प्रस्तावित डिजाइन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत होगी ताकि बदली हुई डिजाइन के अनुसार तेजी से कार्य किया जाए।

**जल निकासी वाले स्थान को भी सड़क में समाहित करने की योजना**

विरासत गलियारे के अंतर्गत 3.5 किमी सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसमें 12.5 मीटर जमीन एवं मकान की रजिस्ट्री कराई जा रही है। इसमें 7 मीटर सड़क और दोनों ओर एक-एक मीटर डक्ट एवं दोनों ओर .25 और .25 मीटर सड़क के पानी की निकासी की व्यवस्था की जानी है। प्रस्तावित डिजाइन में दोनों ओर के डक्ट हटा कर पानी की निकासी वाले स्थान को भी सड़क में समाहित कर दिया जाएगा। इसमें 2.5 मीटर तक सड़क चौड़ी हो सकती है। हालांकि, इस बदलाव पर अंतिम निर्णय होना है।

**डक्ट हटा करेंगे इंटरलॉकिंग**

बदली जा रही डिजाइन के अनुसार बिजली के तारों के लिए बनाए जा रहे डक्ट को हटाकर उसके स्थान पर सीमेंट की पाइप के बीच से तारों को भूमिगत कर दिया जाएगा और उसके ऊपर इंटरलॉकिंग की जाएगी ताकि जरूरत पड़ने पर इंटरलॉकिंग उखाड़कर फिर से लगाया जा सके।

इस संदर्भ में पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि शहर की बेहतरी के लिए उच्चाधिकारियों से जो भी निर्देश मिलेंगे उनके अनुसार काम किया जाएगा। फिलहाल विरासत गलियारे की डिजाइन नहीं बदली है।

## दरगाह वायसी पर लगा लक्खी मेला



बकेवर, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाइवे ग्राम कवार्खेड़ा में दरगाह हजरत सैयद वायसी पीर रहमत तुल्ला अलैह पर दिन गुरुवार को वायसी का मेला लगा जहां कई राज्यों से आने वाले लोगों की भीड़ आस्था का प्रतीक बाबा बायसी पीर की दरगाह पर देखने को मिला। जहां मुस्लिम धर्म के लोग ही नहीं बल्कि हिन्दू धर्म के लोग भी बाबा बायसी की दरगाह पर चादर चढ़ा कर अपनी मनोकामनाएं मांगने आते है। वहीं मेला के आयोजक सूफी अफताब अहमद ने बताया कि इस दरगाह पर भारत के सभी राज्यों के लोग आते है जैसे कि महाराष्ट्र, गुजरात, कोलकाता पंजाब आदि विभिन्न राज्यों से लोग आते है यह मेला ग्राम करीतपुर व कवार्खेड़ा में प्रत्येक बर्ष लगता है तथा इस दरगाह पर भारत के हर राज्य से लोग अपनी मनोकामनाएं मांगने आते है। तथा मेले में अकीदतमंद अपनी मुरादें लेकर आते हैं। मुरादें पूरी होने पर सजेरी, चादर व प्रसाद के थाल चढ़ाते हैं। मेले में हुसैनी लंगर भी लगाये गये। मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग इस मौके पर एकत्र हुए और चादरे चढ़ायी। इस अवसर पर छोटे बच्चों का मुंडन भी लोग कराते देखे गये। मेला में अजमेर शरीफ का हलुआ, चादरें, टोपियां, बिरयानी, प्रसाद, बच्चों के खेल-खिलौने, रोजमर्रा की तमाम वस्तुओं की दुकानें बड़ी संख्या में लगायी गयीं। मुन्ना खां ने बताया कि वायसी मेले में जिस किसी ने भी मनौती मांगी है हमेशा पूरी हुई है। बाबू खां का कहना है कि वायसी का मेला केवल मुसलमानों का नहीं हिंदुओं की भी आस्था का केंद्र है। यहां पर हिंदू मुसलमान दोनों ही श्रद्धा के साथ चादर चढ़ाते हैं। मेले की व्यवस्था में हमीद अली, इरशाद अली, अल्ताफ अली, अंसार अहमद, सैयद यूसुफ अली, सैयद सलीम अली, बाबा अनीस अली, जमील अहमद का सक्रिय योगदान रहा।

## लड़कियों की पढ़ाई के लिए आर्थिक मदद करेगा इटावा फाउंडेशन



इटावा। कहते हैं कि स्वर्ग से भी ऊंचा स्थान मातृभूमि का होता है आज हम बात करेंगे एक ऐसी महिला की जिसने विदेशी धरती पर रहकर भी देश की मिट्टी की खुशबू को हमेशा महसूस किया और संकल्प लिया अपने जीवन में 100 लड़कियों की पढ़ाई में मदद करेगी। पूर्व आईएएस ऑफिसर एवं इटावा फाउंडेशन संस्थापक डॉ. विश्वपति त्रिवेदी ने बताया कि अमेरिका में रहने वाली विमलेश जी जो एक समृद्ध परिवार से थी उनकी शादी आईआईटी खड़गपुर के इंजीनियर महेंद्र मिश्रा से हुई 1972 में अपने बेटे और पति के साथ अमेरिका चली गई लेकिन जब भी उन्हें मौका मिलता वह भारत आती जाती रहती थी। 2017 में दिल्ली की यात्रा के दौरान बीमार हुई और उनका निधन हो गया अब उनके उस सपने को पूरा करने के लिए अब उनके पति महेंद्र मिश्रा निरंतर काम कर रहे हैं। डॉ. त्रिवेदी ने कहा की मैं व्यक्तिगत रूप से विमलेश से बहुत प्रभावित था और कहीं ना कहीं इटावा फाउंडेशन को बनाने का उद्देश्य है कि इटावा के लिए कुछ बेहतर करना और महेंद्र मिश्रा के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनपद की होनहार व प्रतिभावान लड़कियों को ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के लिए हमने एक पहल शुरू की है जिसमें कुछ बच्चियों को मदद दी जा चुकी है और कुछ को मदद करने के लिए प्रस्तावित योजना भी तैयार की गई है। मैं मीडिया के माध्यम से कहना चाहूंगा जो लड़कियां पढ़ने में अच्छी है और आगे पढ़ाई करना चाहती हैं और उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है तो वह अपनी सारी जानकारी शेयर करें।

## विद्युत उपकेंद्र पर शराब के नशे में उत्पात करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

गोला, गोरखपुर। विद्युत उपकेंद्र गोला पर शराब के नशे में अवर अभियन्ता व एसएसओ के साथ गाली-गलौज व उपकेंद्र में तोड़फोड़ कर तकरीबन तीन घंटे तक विद्युत सप्लाई को बाधित करने वाले युवक के खिलाफ गोला विद्युत उपकेंद्र के एसएसओ के तहरीर पर गोला पुलिस ने 352, 351( 2 ) व सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाई में जुट गयी है। उपकेंद्र पर तैनात एसएसओ शत्रुघ्न मिश्रा पुत्र स्व हरदेव मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर सूचित किया था कि बीते 30 जून की रात्रि 9:30 पर राघवेन्द्र मिश्र उर्फ भोनू मिश्र पुत्र राजसिंहासन निवासी भरसी उपकेंद्र पर आकर हमें व अवर अभियन्ता को भद्दी भद्दी गाली देते हुए कंट्रोल रूम में रखे 11 केवी वीसीवी पोषक को तोड़ने लगा। इसके बाद स्वीच यार्ड में स्थापित एक एमवीए परिवर्तक के 33 केवी वीसीवी को डंडे ईंट से तोड़फोड़ कर सरकारी मशीन के कलपुर्जे को क्षतिग्रस्त कर विद्युत आपूर्ती को ठप कर दिया। यह सब करने से मना करने पर उसके द्वारा धमकी देने के साथ वह फीडर को चालू करने रोकने लगा। बड़ी मशक्कत के बाद अन्य स्टाफ की मदद से उसे बाहर निकाला गया। पावर हॉउस पर इस घटना से सभी कर्मचारी भयभीत हैं। अतः जल्द से जल्द उत्पाती युवक के उपर कार्यवाई की जाए। पॉवर हॉउस पर बीते 30 जून को आरोपित युवक के द्वारा किये गये उत्पात का वीडियो किसी कर्मचारी के द्वारा बना लिया गया, जिसमे युवक गाली-गलौज व तोड़फोड़ करते नजर आ रहा है। यह वीडियो सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर वॉयरल भी है। वीडियो में कर्मचारियों के द्वारा उत्पाती आरोपित को शांत कराने की कोशिश की जा रही है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत अग्रिम कार्यवाई की तैयारी की जा रही है।

## पुलिस मुठभेड़ में लूट के आरोपी के पैर में लगी गोली

गोरखपुर। शाहपुर इलाके के रेल बिहार स्थित नवल्स एकेडमी के पास बुधवार की बीती रात मुकामी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर लुटेरा को गिरफ्तार करने में सफल रही। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया ।गिरफ्तार लुटेरा की पहचान गोरखनाथ थाना क्षेत्र निवासी सद्दाम के रूप में हुई। वह सुबह टहलने वाली महिलाओं से लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। चरगांवा संवाददाता के अनुसार, शाहपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय मय हमराही रात्रि गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर इलाके के रेल बिहार स्थित नवल्स एकेडमी के पास पुलिस घेराबंदी की थी कि तभी स्कूटी से शातिर सद्दाम आता दिखा। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके दायें पैर गोली लग गयी। पुलिस ने घायल शातिर सद्दाम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल



रहा है। पुलिस ने उसके पास से एक चोरी की स्कूटी, दो कान की बाली, एक मंगलसूत्र, चार चोरी की ई-रिक्सा व तमंचा व कारतूस भी बरामद किया।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि गोरखनाथ इलाके के रसूलपुर निवासी सद्दाम कुछ दिन पहले शाहपुर के जटेपुर उत्तरी मोहल्ले में बुजुर्ग महिला के साथ लूट की वारदात की थी। घर के सामने टहलते समय बाइक सवार बदमाश ने महिला को पहले धक्का देकर गिरा दिया। जब तक महिला कुछ समझ पाती गले से सोने की चेन व कान की बाली लूट कर फरार हो गया था ।चिलुआताल इलाके में तीन चोरी और शाहपुर में दो लूट की घटना में सद्दाम वांछित था।

## भागवत कथा कलश यात्रा के साथ शुरू

इकदिल, इटावा। एकाक्षरानन्द आश्रम बिरारी में अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानन्द सरस्वती, संयोजक स्वामी ज्योतिर्मयानन्द सरस्वती के विशेष सानिध्य में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा कलश यात्रा के साथ शुरू हो गयी। कलश यात्रा आश्रम से शुरू हुयी जो पूरे बिरारी गाँव का भृमण करती हुई मन्दिर पर पहुंची स कथा व्यास आचार्य गोविंद देव महाराज ज्योतिषाचार्य के द्वारा कथा का रसपान कराया जायेगा कथा का समय दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या : NER-BSB0SnT-OT-9-2025**

मण्डल रेल प्रबन्धक / सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।, **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम** : NER-BSB0SnT-OT-9-2025, **कार्य का नाम** :- वमंसिदूई-II वाराणसी, वाराणसी मंडल के अनुभाग में ओएफसी प्रणाली के लिए पुरानी बैटरी और बैटरी चार्जर के प्रतिस्थापन का कार्य।, **विवरण - अनुमानित लागत** : ₹ 90,48,112.77, **बयाना की राशि** : ₹ 1,81,000.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत** : ₹ 00.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 120 दिन, **निविदा बंद होने की अन्तिम तिथि एवं समय** : 25.07.2025 को 15:00 बजे, **नोट** : 1. ई-निविदा दिनांक 25.07.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा किया जा सकेगा।, 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मंडल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-31 वाराणसी

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## शिद्दत के साथ निकाला सातवीं मोहर्रम का जुलूस



पिपरौली, गोरखपुर। इस्लाम धर्म में वर्ष के पहले महिने मोहर्रम को मातम के तौर पर याद किया जाता है ।इस दरम्यान कर्बला की लड़ाई में शहिदों को याद किया जाता है। प्रतिवर्ष पहले महिने मोहर्रम पर्व में 5वीं,7वीं,9वीं और 10वीं में पिपरौली बाजार में शिद्दत के साथ जुलूस निकाला जाता है ।इसी सिलसिले में आज मोहर्रम पर्व की 7वीं का जुलूस कस्बा पिपरौली बाजार में बड़ी ही शिद्दत के साथ निकाला गया जिसमें गाजे -बाजे और हाथ ने आलम के साथ कस्बे के चारो मोहल्लों के नौजवान या हुसैन,या हुसैन का नारा देते हुए ढोल-तासा बजाते हुए पूरे कस्बे में जुलूस निकाले। एहतियातन गीडा थाना पुलिस एस एच ओ विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में मय फोर्स उपस्थित रही ।इस अवसर पर ग्राम प्रधान अब्दुल खालिक, इकरार खान, अजीज अहमद, युवा नेता अज्जू भैया, जावेद, सईद,शेरू शेख, मोहम्मद सैफ शेख, रब्बानी शेख, जाकिर हुसैन मंसूरी, शकील अहमद, मोहम्मद जावेद, सहित सैकड़ों कि संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मृतक उस्मान के घर पहुंचे विधायक परिजनों से मुलाकात कर बंधाया ढांढस



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा फुलवरिया में गत दिनों आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उस्मान की मौत हो गई थी। घटना के बाद गुरुवार को विधानसभा चौरीचौरा विधायक ई .सरवन निषाद ने मृतक उस्मान के परिजनों से मुलाकात कर उनको ढांढस बंधाया।

तथा विधायक ने मौके पर ही परिवार को हर संभव मदद करने के लिए निर्देशित करते हुए चार लाख रुपए का चेक सौंपा। वहीं उसी दिन आकाशीय बिजली से घायल सुनीता निषाद के इलाज का पूरा खर्च स्वयं उठाने को कहा। तथा घटना पर बेहद दुख प्रकट करते हुए कहा कि घटना बेहद दुखद है ।लेकिन परिवार के साथ हर स्तर पर मजबूती से खड़ा हूं। उक्त अवसर पर एसडीएम कुंवर सचिन सिंह, भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री राजकुमार गुप्ता नगर अध्यक्ष सन्नी जायसवाल, नायब तहसीलदार संजय सिंह, रामदयागर निषाद, पूर्व प्रधान संतोष निषाद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# गरीबों की शिक्षा छीन रही है भाजपा सरकार

## यह सरकार अमीरों की, गरीब बच्चों के लिए कोई जगह नहीं



जसवंतनगर, इटावा। पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने नगर में स्थित एक मैरिज होम में पीडीए की वैठक के दौरान एक बार फिर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार गरीबों के बच्चों को पढ़ने-लिखने से रोकने की साजिश रच रही है। सरकारी स्कूलों को बंद करना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। शिवपाल ने कहा कि योगी सरकार नहीं चाहती कि गरीब तबके के बच्चे शिक्षित होकर सरकार से सवाल करें। यही वजह है कि शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर बर्बाद किया जा रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा की नीतियां पूरी तरह से अमीरों के पक्ष में हैं और गरीबों के अधिकार लगातार छीने जा रहे हैं। यह सरकार अमीरों की सरकार है, गरीबों की नहीं। जो लोग समाजवादी पार्टी को आतंकवादी कहते हैं, उन्हें पहले अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए कि वे संविधान के साथ कैसे खिलवाड़ कर रहे हैं, शिवपाल सिंह यादव ने तल्ख लहजे में कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने की। संचालन डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अनुज मोंटी यादव, पीडीए जिला प्रभारी उदयभान सिंह, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, सुभाष गुप्ता, फरहान शकील, सत्यवती यादव, भुजवीर सिंह एडवोकेट और अन्य वक्ताओं ने भी सरकार पर संविधान के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया। सभा में डॉ. बृजेश चंद्र यादव, कन्नौज पीडीए प्रभारी अनिल प्रताप यादव, विधायक प्रतिनिधि ठाकुर अजेंद्र सिंह गौर, राजीव माथुर, सांसद प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद शमीम, जिला पंचायत सदस्य भुजवीर सिंह एडवोकेट, विश्वनाथ प्रताप सोनू यादव, सीमा यादव, राशिद सिद्दीकी, जयवीर सिंह, मोना यादव, अहसान पेंटर, मोहम्मद जहीर, लड्डुन, रामवीर सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

इकदिल, इटावा। डेढ़ माह पहले सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। थाना कोतवाली के मोहल्ला गाडीपुरा में रहने वाले जमील का 22 वर्षीय बेटा करीम डेढ़ माह पहले थाना क्षेत्र इकदिल फूफई ओवरब्रिज के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन लोग उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए वहां डॉक्टरों ने करीम की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान बुधवार देर करीब 11 बजे युवक ने दम तोड़ दिया। युवक बेल्डिंग का काम करता था। वह चार भाइयों और दो बहनों में घर का छोटा बेटा था ।युवक के मौत के बाद तीनों भाइयों व बहनों के साथ माँ सहित परिजनों का रोरोकर हाल बेहाल हैं।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत कार्य मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम**
**अधीक्षण अभियंता विद्युत कार्य मण्डल अयोध्या।**

**ई- निविदा सूचनाः दिनांकः 02.07.2025**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. ई- निविदा संख्या 01 अधीअभि / विकाम / 2025-26 : जनपद अयोध्या में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र चौक एवं सिविल लाइन तथा जनपद बाराबंकी में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र बंकी एवं न्यू पलहरी पर स्थापित पावर परिवर्तक की सेन्ट्रीफ्यूजिंग व अन्य कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 7500.00।
2. ई- निविदा संख्या 02 अधीअभि / विकाम / 2025-26 : जनपद सुलतानपुर में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र शिकायत कक्ष, दोस्तपुर टाउन एवं शंकर गढ़ तथा जनपद अमेठी में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र अमेठी टाउन एवं वारिश गंज पर स्थापित पावर परिवर्तक की सेन्ट्रीफ्यूजिंग व अन्य कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8500.00।
3. ई-निविदा संख्या 03 अधीअभि / विकाम / 2025-26 : जनपद अम्बेडकरनगर में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र रफीगंज पर स्थापित पावर परिवर्तक की सेन्ट्रीफ्यूजिंग व अन्य कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 1600.00।
4. ई-निविदा संख्या 04 अधीअभि / विकाम / 2025-26 : जनपद अयोध्या में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र रानीबाजार हेतु आवंटित पावर परिवर्तक की ढुलाई एवं सेन्ट्रीफ्यूजिंग व अन्य कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 1900.00।
5. ई-निविदा संख्या 05 अधीअभि / विकाम/2025-26: अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य मण्डल, अयोध्या के विभागीय कार्यों के सुगम सम्पादन हेतु 01 अदद डीजल चलित वाहन मय चालक की 36 माह की अवधि हेतु आपूर्ति का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 9000.00।

**ई-निविदा की अंतिम तिथिः 17 जुलाई 2025, 10.00 बजे।**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें"
(पत्रांक 65 / दि. 02.07.2025)

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत कार्य मण्डल, अयोध्या**

संक्षेप

## कुत्तों ने बालक को नोच कर मार डाला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) कोतवाली गोला क्षेत्र के ग्राम खम्हौल में घास काटने गए 11 वर्षीय बच्चे को कुत्तों ने नोच कर मौत के घाट उतार दिया। मंगलवार को ग्राम खम्हौल निवासी सरदार खा का 11 वर्षीय पुत्र सलमान घोड़ी के लिए घास काटने के लिए गया था। लेकिन जब वह शाम तक वापस नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू की गई। तो उसका शव गांव के पूरब बने ईट उद्योग के फड़ से बरामद हुआ। उसके शव के पास कई कुत्ते भी बैठे देखे गए। वन दरोगा अंकित ने बताया कि मृतक बच्चे के शरीर पर बाघ अथवा तेंदुआ के निशान नहीं है, किसी अन्य जानवर के निशान लग रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर सही जानकारी हो पायेगी।

## हादसे में युवक की मौत

लखीमपुर-खीरी। थाना फरधान क्षेत्र के लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर गौरिया पुल के पास सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक पिंकअप वाहन ने बाइक सवार को रौंद डाला। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा लिया। दूसरे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल को मोतीपुर अस्पताल भेजा गया है। जहां इलाज चल रहा है। मृतक युवक क्षेत्र पंचायत सदस्य मुन्ना खां का पुत्र निवासी सरैया का बताया जा रहा है। पुलिस ने युवक के शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

## न्याय पंचायत की बैठक सम्पन्न

तिकुनियां-खीरी। खमरिया न्याय पंचायत की बैठक बीईओ धर्मेश यादव की अध्यक्षता में जूनियर हाईस्कूल तिकुनियां में संपन्न हुई। बैठक में स्कूल चलो अभियान को लेकर चर्चा की गई। गुरुवार को टायर चौराहा स्थित जूनियर हाईस्कूल में दोपहर ढाई बजे न्याय पंचायत खमरिया के शिक्षकों की एक बैठक हुई, बैठक में बीईओ धर्मेश यादव ने कहा कि सभी लोग नामांकन पर जोर दे,कोई भी 6 से 14 वर्ष का बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे उन्होंने कहा कि स्कूल चलो अभियान की रैली जोर शोर से निकाल कर जनजागरण भी करें। बीईओ विकास यादव ने कंपोजिट विद्यालय चौगुर्जी में बच्चों की उपस्थिति, अभिलेखों के रखरखाव को लेकर इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनोद तिवारी को शाल उढ़ाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान बलवीर सिंह,जितेंद्र कुमार, रमेश राही, भानु रस्तोगी, ब्रजेश गौड, पीसी पचौरी, डीएस राणा,विवेक चौधरी, सीएल सोनकर सहित सीमल यादव मौजूद रही।

## मोहर्रम के सातवीं आलम का जुलूस निकला

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में सातवीं मोहर्रम के आलम का जुलूस दो अलग-अलग जगह से होकर इमामबाड़े से नगर के प्रमुख रास्तों से होते हुए देर रात समापन किया गया है। मोहर्रम के सातवीं पर पैगंबर हजरत हुसैन ने हक की खातिर शहीद हो गए थे। इसलिए इसे सब्र , कुबार्नी और ईमानदारी की मिसाल के रूप में मनाया जाता है। इसे योमे अशूरा भी कहा जाता है। मोहल्ला देवस्थान से अच्छन रिजवी के यहां से आलम का जुलूस और सरैया मोहल्ला से मोहम्मद इलियास अली मौलाना कादरी और इब्बन अली के ताजियों का जुलूस इमामबाड़ा बाजार खुर्द होते हुए नगर के प्रमुख रास्तों से भ्रमण करते हुए देर रात समापन किया गया है।

# धौरहरा में बाढ़ पर बढ़ी सतर्कता

## एडीएम ने शारदा-घाघरा कटान क्षेत्र का किया निरीक्षण



लखीमपुर खीरी। बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क मोड में आ गया है। गुरुवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने एसडीएम शशि कांत मणि के साथ तहसील धौरहरा के अंतर्गत घाघरा एवं शारदा नदी के कटान प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कटान रोधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अफसरों को सख्त हिदायत दी कि काम में कोई कोताही न बरती जाए और निर्माण की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता हो। एडीएम ने जसवंतनगर व हसनपुर कटौली बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मडवा, मिजार्पुर सरैया, रुद्रपुर सालिम गांव के कटान क्षेत्र का निरीक्षण कर कटावरोधी कार्यों को भी परखा और तेजी से कार्य पूरा करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने एसडीएम को निर्देशित किया कि गांववासियों के साथ प्रभावी कम्युनिकेशन प्लान तैयार करें, जिससे आपातकालीन स्थितियों में सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान संभव हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि बाढ़ चौकियों को पूरी तरह एक्टिव मोड में रखें और हर बदलाव की रियल टाइम रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। एडीएम ने बाढ़ खंड को निर्देशित करते हुए कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। कटाव रोधी कार्य समयबद्ध और ठोस हों। यही प्राथमिकता है।

# सड़कों पर सांड़ों का आतंक खत्म करने को नगर पालिका का अभियान तेज

## 26 सांड़ पकड़े गये, सुरक्षित गौशालाओं में भेजा गया

लखीमपुर खीरी। शहर में आवारा सांडों से परेशान लोगों को अब राहत मिलने लगी है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर नगर पालिका परिषद लखीमपुर ने विशेष अभियान चलाकर 26 सांडों को पकड़कर संरक्षित गौशालाओं में भेजा है। यह अभियान 25 जून से 02 जुलाई तक चलाया गया। नगर क्षेत्र में लंबे समय से आवारा सांड ट्रैफिक में बाधा बनने के साथ-साथ राहगीरों के लिए खतरा भी बनते जा रहे थे।




नगर पालिका की इस कार्रवाई से लोगों ने राहत की सांस ली है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजय कुमार ने बताया कि नगर पालिका की टीमों ने अभियान के दौरान मुख्य बाजार, आवास विकास, गोला रोड, स्टेशन रोड और बस स्टैंड इलाके में सांडों को पकड़ा। पकड़े गए सभी सांडों को पास की गौशालाओं में भेजा गया है, जहां उनके लिए चारा, पानी और पशु चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आगे भी यह अभियान चलता रहेगा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि शहरी क्षेत्र में आवारा पशुओं की मौजूदगी से किसी भी नागरिक की सुरक्षा को खतरे में नहीं पड़ने दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे पशुओं को चिन्हित कर समुचित ढंग से संरक्षित स्थलों तक पहुंचाया जा रहा है। डीएम ने नगर निकायों को निर्देश दिए है कि जनहित और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ऐसे अभियानों को प्राथमिकता पर चलाया जाए।

# संचारी रोग नियंत्रण के तहत चला हस्ताक्षर अभियान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) संचारी रोगों प्रति जागरूक करने के लिए गुरुवार को नगर पालिका परिषद के परिसर संचारी रोग नियंत्रण के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसका शुभारम्भ पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। इस अभियान में व्यापक सफाई अभियान चलेगा कीटनाशक दवाओं का छिडकाव कराया जाएगा। इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, लिपिक मोहित अवस्थी, पूर्व सभासद श्रीकांत तिवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, लवकुश अवस्थी, सुरेन्द्र कुमार, विमलेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# घटयात्रा के साथ आठ दिवसीय विधान शुरू



इटावा। आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर करनपुरा मे मज्जिनेंद्र जिनबिम्ब वेदी प्रतिष्ठा व सिद्वचक्र महामंडल विधान एंव विश्व शांति महायज्ञ आठ दिवसीय कार्यक्रम का प्रतिष्ठाचार्य पं मनीष जैन शास्त्री इटावा के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ शुभारंभ किया गया। प्रातःकाल दिगंबर जैन मंदिर सरायशेख से गाजेबाजे के साथ घटयात्रा निकाली गई जिसमें महिलाएं व अष्ट कुमारियाँ मुकुट माला सिर पर कलश रखकर यात्रा मे सम्मिलित हुई जैन भजनों के साथ भक्ति मे श्रृद्धालु झूम उठे। तिकोनिया, पक्की सराये, नगर पालिका चैराहे, पचराहा होते हुऐ करनपुरा जैन मंदिर पहुंची जहां सर्व प्रथम ध्वजारोहण रीतेश जैन परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ मंडल शुद्वि के उपरांत श्रीजी का अभिषेक पुजारियों (इंद्रौ) द्वारा किया गया श्रीजी के ऊपर शांति धारा करने जयकुमार जिनेश प्रकाश जैन परिवार को आरती करने का सौभाग्य सरोज जैन मनोज जैन परिवार को प्राप्त हुआ मधुर संगीत के साथ विधान प्रारंभ किया गया जिसमें सौधर्म इंद्र, यज्ञनायक इंद्र, कुबेर इंद्र, महेंद्र इंद्र, चक्रवर्ती इंद्र, कामदेव इंद्र सभी इंद्र अपनी इंद्राणियो के साथ विधान मे सम्मलित हुऐ। पं मनीष जैन शास्त्री ने सभी लोगों को विधान का महत्व भी समझाया गया सायंकाल की आरती करने का अनिल जैन आराधना जैन परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ जो अपने घर से गाजेबाजे भक्ति नृत्य के साथ आरती लेकर मंदिर जी सपरिवार पहुंची श्रीजी की संगीत के साथ महाआरती की गई जिसमें मंदिर कमेटी के कमल जैन महावीर जैन पवन, राजा, शिवम, सुशील, शैलेंद्र, रवि जैन आदि लोग व महिला मंडल की सभी महिलाएं मौजूद रही।

# खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन का बड़ा प्रहार : 300 छापे, 15 दुकानों के लाइसेंस रद्द

लखीमपुर खीरी। जिले में खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। सीडीओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में कृषि विभाग की टीमों ने अब तक 300 से ज्यादा छापेमारी कर दी हैं। जांच के दौरान 70 नमूने लिए गए, 25 दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस भेजे गए और 13 दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। वहीं, 15 दुकानों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि एक विशेष कार्रवाई में एक गोदाम को सील किया गया, जहां अवैध भंडारण की पुष्टि हुई। मामले में कालाबाजारी से जुड़े एक व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रशासन की दो-टूक : बर्दाश्त नहीं होगी कालाबाजारी सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों से किसी भी स्तर पर खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिए हैं कि कृत्रिम संकट पैदा करने वालों के खिलाफ बिना रियायत कठोर कार्रवाई की जाए। प्रशासन ने खाद वितरण केंद्रों और खुदरा दुकानों पर निगरानी बढ़ा दी है। हर ब्लॉक में उड़नदस्ते सक्रिय हैं और पुलिस व राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्रवाई की जा रही है।

## सिंगाही में बाढ़ सुरक्षा चौकी सक्रिय, नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण



सिंगाही खीरी। नगर पंचायत सिंगाही में गुरुवार को बाढ़ सुरक्षा चौकी को सक्रिय कर दिया गया। यह चौकी बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील विकासखंड निघासन के ग्राम पंचायत क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए स्थापित की गई है। इसका उद्देश्य संभावित प्राकृतिक आपदा की स्थिति में त्वरित राहत और सहायता पहुंचाना है। यह चौकी नगर के मैरिज हॉल में स्थापित की गई है। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार सुधांशु शाही ने तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर चौकी प्रभारी आलोक रंजन मौर्य, लेखपाल दिलीप कश्यप, ग्राम रोजगार सेवक राम बहादुर (भेड़ौरा), मोहम्मद याकूब (शिकायत देहात), आशा कार्यकर्ता पूनम देवी (नौबना) और नगर पंचायत सिंगाही के सफाई कर्मचारी भी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा चौकी को सक्रिय कर क्षेत्रीय लोगों को राहत प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अगुवाई में प्रदर्शन




लखीमपुर-खीरी। प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल की अगवाई में योगी सरकार द्वारा प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों को बंद करने के खिलाफ बाबा भीमराव अंबेडकर मूर्ति के प्रांगण में धरना प्रदर्शन कर जोरदार विरोध दर्ज कराया गया। कांग्रेस जनों ने कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर जिला अधिकारी कार्यालय के समक्ष भी धरना प्रदर्शन कर उप जिला अधिकारी को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कोफ्ता धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि सरकार ग्रामीण व गरीब बच्चों की शिक्षा से खिलवाड़ करना बंद करें स बंद किए गए विद्यालयों को अति शीघ्र पुनः चालू किए जाने का कहा प्रदेश सरकार 5000 प्राइमरी एवं जूनियर विद्यालयों को मर्ज करने का जो निर्णय लिया है यह निर्णय छात्र युवा, बेरोजगार विरोधी निर्णय है स कांग्रेस पार्टी इस निर्णय का घर घर भर्त्सना करती है स जब तक उत्तर प्रदेश सरकार इस निर्णय को वापस नहीं लेती तो कांग्रेस जन आंदोलन को और तेज करेगी। उक्त प्रदर्शन में पूर्व विधायक सतीस अजमानी, कैप्टन मोनिस अली नकवी, दीपक बाजपेई, रईस अहमद उस्मानी, मोहन चंद्र उप्रेती, नवाज खान , के के मिश्रा, रामकुमार वर्मा, इकबाल अहमद खान, रवि तिवारी, जावेद अली, आफताब अहमद सहित आदि मौजूद रहे।

## घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) शहर निवासी एक दूसरे समुदाय के युवक पर घर में घुसकर अश्लील हरकत करते हुये छेंडछाड करने का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि दोपहर में बिजली न होने के कारण वह दरवाजा खोलकर घर में बैठी थी। इसी दौरान मोहल्ला सर्वोदय नगर निवासी जाहिद अली पुत्र आशिक अली घर में घुसकर अश्लील हरकतें करते हुये जोर जबरदस्ती करने लगा। युवती के चीखने चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। युवती का कहना है कि जाहिद अली उसके आते -जाते पीछा करते हुये अश्लील टीका टिप्पणी करता था। जिसके चलते उसकी पढाई भी छूट गई।

## युवक की मौत पर अज्ञात चालक पर केस

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल)कोतवाली क्षेत्र में बाइक की टक्कर से हुई एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम गोपालापुर निवासी जावित्री देवी पत्नी रामकुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 28 जून को उसके पति रामकुमार ठेलिया लेकर जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिसमें उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## किशोर को बहला फुसला कर भगा ले गई महिला चार महिलाओं के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) शहर के मोहल्ला श्याम नगर कॉलोनी से युवक को लेकर एक महिला फरार हो गई महिला समेत कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मोहल्ला श्याम नगर कॉलोनी निवासी नवल किशोर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनके 14 वर्षीय पुत्र पुष्पेन्द्र कुमार को मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम उदयपुर निवासी सुगंधा देवी, खुशबु पुत्री हरिवंश, चम्पा देवी और कोरैली निवासी सीमा देवी पत्नी अमरपाल की मिलीभगत से बहला फुसला कर अपने घर उदयपुर बुलाया और एक रात घर में रोकने के बाद अपने साथ ले गई। इसी बीच उसके पुत्र को एक सफेद रंग की अपाचे बाइक पर गोला में घूमते हुए भी देखा गया। नवल का कहना है कि फरवरी माह में भी सुगंधा उसे बहला फुसला कर अपने साथ नोएडा ले गई थी, तब काफी खोजबीन के बाद अपने पुत्र को नोएडा से वापस लेकर आया था। बेटे के वापस न आने पर वह और उसका परिवार बहुत परेशान है। पुलिस ने सुगंधा देवी, खुशबू, चंपा देवी और सीमा देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पुलिस पर किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

जसवंतनगर, इटावा। पुलिस पर हमले के मामले में वांछित चल रहा आरोपी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। थाना पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान आकाश उर्फ अनाड़ी पुत्र हरीशचन्द्र निवासी कोटरेकापुरा, थाना निबोहरा, जिला आगरा (उम्र 29 वर्ष) के रूप में हुई है। वह पुलिस पर हमले के एक मामले में वांछित चल रहा था और उसकी तलाश लंबे समय से की जा रही थी।

# आजाद समाज पार्टी ने डीएम को ज्ञापन सौंपा




इटावा। आजाद समाज पार्टी कांशीराम के प्रदेश सचिव बलबीर सिंह जाटव बब्लू के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। सरकार के द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को बन्द किये जाने के विरोध में एवं जनपद कौशाम्बी और प्रयागराज में हुई घटनाओं की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराये कराई जाए। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवो. चन्द्रशेखर आजाद सांसद के निर्देश पर यह ज्ञापन दिया गया है।

बलबीर सिंह जाटव ने कहा कि सरकार के द्वारा 27,965 प्राथमिक विद्यालयों को विलय करके बन्द करना चाहती है। कमजोर वर्गो की शिक्षा और आर्थिक हितों की सुरक्षा के प्रावधानों का उल्लघंन है। गरीबों के बच्चों को सरकार के स्कूलों में शिक्षा मिलना अनिवार्य है इसलिए तत्काल ही स्कूल बन्द करने के निर्णय को वापस लिया जाये। जनपद कौशाम्बी के लॉहदा गांव थाना सैनी में 8 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किये जाने की घटना में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तथा जनपद प्रयागराज के इसौटा गांव थाना करछना में अ.जा. के व्यक्ति को जिन्दा जलाकर मार देने की घटना में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाये जाने और 29 जून को करछना में पीड़ित परिवार के आरोपियों तथा स्थानीय लोगों के साथ पुलिस के द्वारा पथराव व लाठी चार्ज एवं मोटर साईकिलों को तोड़ना और जलाना एवं इस प्रकरण में सुनील कुमार गौतम उम्र 25 वर्ष के दलित युवक की मृत्यु हो जाने पर उपरोक्त सभी घटनाओं की सीबीआई द्वारा निष्पक्ष जांच करायी जाये तथा पीड़ितों को न्याय दिलाया जाये। गांव इसौटा थाना करछना प्रयागराज में इस प्रकरण में पकड़े गये निर्दोष व्यक्तियों को तत्काल रिहा किया जाये एवं शान्ति व्यवस्था हेतु उचित कदम उठाये जाये। अभिषेक आजाद मंडल प्रभारी, हर्ष चैधरी मंडल संयोजक, सुंदरम सिंह बौद्ध जिलाध्यक्ष, आसपा रामनारायान सिंह, मोहित गौतम, अमर चैधरी, धर्मवीर दिवाकर मौजूद रहे।

# पालिकाध्यक्ष ने किया नालों की साफ-सफाई का निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) शहर में हो रही जलभराव की समस्या को लेकर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सतौती नाले की सफाई का स्थलीय निरीक्षण कर सबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शहर में तीन दिन पूर्व मूसलाधार बरसात से नगर के कई प्रमुख मार्गो पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी। नगर के मेला मैदान, सब्जी मंडी, तीर्थ और ऊँची भूड का बरसात का पानी सतौती में जाता है। सतौती से भद्र कुंड होते हुए भूतनाथ, लक्ष्मणजती से होकर बरसात के पानी की निकासी होती है। सतौती से जलनिकासी के नाले में जाम लग गया था। जिसकी नगर पालिका दो दिनों से सफाई करवा रही है। गुरूवार को पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए कहा कि नालों की विधिवत सफाई कराई जा रही है। नगर में कही भी जलभराव नही होने दिया जाएगा। निरीक्षण के समय खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, लिपिक मोहित अमित श्रीवास्तव, अवस्थी, सफाई नायक राहुल बाल्मीकि, संजय बाल्मीकि आद मौजूद रहे।

# स्कूलों के विलय का निर्णय गलत, गरीब बच्चों का होगा नुकसान

## मिशन सामाजिक परिवर्तन संस्था ने सीएम को भेजा ज्ञापन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) मिशन सामाजिक परिवर्तन- एक नई दिशा के बैनर तले प्रदेश में 5000 विद्यालयों को बंद करने या मर्ज करने की योजना के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित विज्ञापन एसडीएम को दिया है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के लगभग 5000 प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों को छात्र संख्या कम होने के आधार पर बंद करने या मर्ज करने का निर्णय लिया गया है। मिशन सामाजिक परिवर्तन के अध्यक्ष रमाकान्त चैधरी एडवोकेट ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम युगांतर त्रिपाठी को सौप उनका कहना है कि इस प्रकार के निर्णय से ग्रामीण और कमजोर वर्ग के बच्चों का काफी नुकसान होगा। खासकर जो बच्चे दलित गरीब लड़कियां, अल्पसंख्यक छात्र-छात्रा हैं। उनकी शिक्षा बाधित हो जाएगी।

संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि भारत का शिक्षा का अधिकार कानून कहता है कि एक किलोमीटर के दायरे में प्राथमिक स्कूल और तीन किलोमीटर के अंदर उच्च प्राथमिक स्कूल होना अनिवार्य है। 5000 स्कूलों का विलय इस कानूनी प्रावधान का उलंघन कर रहा है। इस प्रकार से विद्यालय बंद करने पर अपनी बालिकाओं को गांव से दूर भेजने में माता-पिता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। वहीं शिक्षकों की नियुक्तियों, रोजगार पर भी काफी असर पड़ेगा। संगठन ने मांग की है कि सभी स्कूलों की स्थिति का स्वतंत्र सर्वे कराते हुए मर्ज की प्रक्रिया को स्थगित किया जाए। जिन स्कूलों में छात्र संख्या कम है वहां प्रेरणा कार्यक्रम, इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार, स्थानीय भर्ती और जनजागरूकता के माध्यम से संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। बालिका शिक्षा और आरटीई की रक्षा को प्राथमिकता दी जाए। स्कूल बंद करने की बजाय संसाधनों को बढ़ाकर उपलब्धता और गुणवत्ता दोनों सुधारी जाए। उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है कि जन विरोधी निर्णय को पुनर्विचार के लिए तत्काल प्रभाव से रोका जाए ताकि सबको शिक्षा अच्छी शिक्षा का सपना साकार हो सके।

ज्ञापन देने वालों में रमाकांत चैधरी एडवोकेट, विवेक कुमार गौतम एडवोकेट, अशर्फी लाल गौतम एडवोकेट, विक्रम सिंह एडवोकेट, अनुज कुमार गौतम एडवोकेट, सरजीत कुमार गौतम एडवोकेट, मनोज रावत एडवोकेट, सचिन कुमार चैधरी, संतोष भारती एडवोकेट, चुन्नीलाल एडवोकेट सहित संगठन के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

# ब्लैक स्पॉट वाली जगहों को चिन्हित किया जाये: डीएम




इटावा। सड़क सुरक्ष, स्टेज कैरिज बस स्टैण्ड, कांट्रेक्ट कैरिज ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क नियमाक प्राधिकारी समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नवीन सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लैक स्पॉट वाली जगहों को चिन्हित किया जाए एवं तुरंत मरम्मत कराई जाए क्योंकि इसकी बजह से बहुत लोग अनजाने में दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट वाली जगह पर अतिरिक्त सावधानी हेतु साइनेज बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि बकेवर, गोमती पेट्रोल पम्प पर बोर्ड लगाया जाए। उन्होंने यूपीडा को निर्देशित करते हुए कहा कि टूटी हुई सड़क की तुरंत मरम्मत कराई जाए जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि अवैध टैक्सी एवं अवैध बस स्टैण्ड की वजह से काफी दुर्घटनाएं होती हैं इनपर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के समय वहां जीरो रिस्पॉन्स टाइम में पहुंचे एवं घायलों को लाकर तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जाए। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस और क्रेन मशीन का नं. रोड पर डिस्प्ले किया जाए एवं सूची बनाकर सकुर्लेट किया जाए जिससे लोगों को दुर्घटना में तुरंत सहायता मिल सके। उन्होंने कहा जो लोग हाइवे पर अनावश्यक जाम लगाते है उनकी गाड़ी सीज कराई जाए। उन्होंने कहा कि डंफर वाले बहुत ही गैर जिम्मेदारी से गाड़ी चलाते हैं उनपर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि मेन रोड पर ढाबे के आगे गाड़ी न खड़ी कराई जाए। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट वाले लोगों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

संक्षेप

## 110 स्कूली वाहन के फिटनेस फेल

**जौनपुर।** 110 अनफिट वाहनों में स्कूल जा रहे सैकड़ों बच्चे के सम्बन्ध में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रशासन प्रवर्तन) ने अवगत कराया है कि कार्यालय अभिलेखानुसार जनपद जौनपुर में 979 स्कूली वाहन पंजीकृत है। उनमें से 110 स्कूली वाहन के फिटनेस फेल है। डेढ माह से ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण स्कूल बन्द थे। जिस कारण अधिकांश वाहनों के फिटनेस फेल हो गये थे। वर्तमान में स्कूलों के खुल जाने से अधिकांश स्कूलों के प्रबन्धक प्रधानाचार्यों द्वारा फिटनेस करायी जा रही है। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान अनफिट स्कूली वाहनों का रोड में संचालन पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। 1 व 02 जुलाई तक कुल 13 वाहनों का चालान एवं 02 वाहनों को निरूद्ध किया गया है, आगे भी अनफिट ऐसे स्कूली वाहन अन्य यात्री वाहन (आटो, ईरिक्शा) जो बच्चों को स्कूल तक ले जाने का कार्य कर रहे है उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## घर से निकला किशोर गायब

**जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव का एक किशोर अपने हमउम्र बच्चों के साथ घुमने फिरने के लिये घर से निकला, और जब देर शाम तक घर नही वापस लौटा तो परिजन परेशान हो गये। राजेपुर गांव निवासी नीरज गुप्ता ने बुद्धवार को जलालपुर थाने पर तहरीर दिया है कि उनका भतीजा शुभम गुप्ता 15 वर्ष गांव के बच्चों के साथ मंगलवार को घर से घुमने फिरने के लिये निकला था। काफी खोजबीन के बाद जब उसका कहीं पर पता नही चला तो उसकी रिपोर्ट थाने पर दर्ज करवाई गयी। पुलिस ने बताया कि परिजन की तहरीर पर केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## तीन लुटेरे गिरफ्तार

**जौनपुर।** जिले के थाना लाइन बाजार पुलिस, स्वाट, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने लूट से सम्बन्धित अभियोगों का अनावरण करते हुए विभिन्न मुकदमों में चोरी, लूट के सामानों के साथ तीन अन्तर्जनपदीय लुटेरो को गिरफ्तार किया। अपर पुलिस नगर आयुष श्रीवास्तव ने बताया किसंयुक्त टीम ने लूट का माल बरामद करते हुये अभियुक्तगण सचिन चौहान पुत्र विजय बहादुर निवासी मरगुपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ, मनीष रजक पुत्र महेन्द्र रजक निवासी ग्राम सकरा थाना मुंगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर तथा प्रभाकर सिंह उर्फ आशु सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी ग्राम चमरु नन्दवत थाना फुलपुर जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। उन्होने बताया कि वादी मुकदमा नन्द किशोर सिंह निवासी यू0पी0 सिंह कालोनी थाना लाइन बाजार सुबह टहलकर घर आते समय अज्ञात लूटेरो द्वारा पिस्टल दिखाकर वादी की सोने की अंगूठी व चेन लूट लेने के संबंध में दी तहरीर पर धारा 309(4) बीएनएस बनाम दो अज्ञात अभियुक्त के पंजीकृत हुआ था। वादिनी श्रीमती ज्योति शुक्ला पत्नी राहुल शुक्ला निवासी देवनहरी थाना थरवई जनपद प्रयागराज द्वारा वादिनी के गले से सोने की चेन छीन कर भाग जाने के सम्बन्ध में दी गई तहरीर में पंजीकृत हुआ था। वादिनी श्रीमती पुष्पा पटेल पत्नी मुकेश सिंह निवासी ग्राम तुलापुर थाना रौनापार जनपद आजमगढ़ द्वारा वादिनी की सोने की चेन छीनकर भाग जाने पर मुकदमा हुआ थरा। थाना लाइन बाजार क्षेत्रान्तार्गत यू0पी0 सिंह कालोनी के पास पिस्टल सटाकर लूट करने वाले बदमाश पालपुर तिराहा पर सोना बेचने-खरीदने की बात कर रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने बदमाशो को पकड़ लिया।

# शिक्षा, स्वास्थ्य के मामले में सरकार विफलः अखिलेश

## सपा मुखिया ने भाजपा सरकार पर साधा निशान




**आजमगढ़।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आजमगढ़ के अनवरगंज में अपने नए आवासीय भवन और पार्टी कार्यालय के उद्घाटन समारोह में केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। इस अवसर पर उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी का रोडमैप पेश किया और कई बड़े वादे किए, जिनमें हर परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली, युवाओं को आईपैड, और महिलाओं को 3000 रुपये मासिक समाजवादी पेंशन देने की घोषणा शामिल है। इसके अलावा, उन्होंने केंद्र की अग्निवीर योजना को समाप्त करने और सीमा की सुरक्षा को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।

अखिलेश यादव ने अपने भाषण में भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मौजूदा सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी सुविधाओं के मामले में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उन बूथों को चिन्हित कर बंद करा रही है, जहां उसे हाल के चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है। जहां उन्हें वोट नहीं मिले, वहां बूथ बंद किए जा रहे हैं। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में हो रही अनदेखी पर भी गहरी चिंता जताई। अखिलेश ने कहा, हजारों विद्यालय बंद किए जा रहे हैं, लेकिन शराब की दुकानें धड़ल्ले से खोली जा रही हैं। यह दिखाता है कि भाजपा की प्राथमिकताएं क्या हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत गांवों में बनाई गई पानी की टंकियों को भ्रष्टाचार का प्रतीक बताते हुए कहा कि ये टंकियां गुणवत्ता के अभाव में बार-बार फट रही हैं। हर महीने किसी न किसी जिले में टंकी फटने की खबर आ रही है। यह सरकार की नाकामी और भ्रष्टाचार का सबूत है, उन्होंने तंज कसा। अखिलेश यादव ने अपने शासनकाल में बनाए गए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की तुलना वर्तमान सरकार के गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से करते हुए समाजवादी सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने छह लेन की सड़कें बनाईं, जो गुणवत्ता और सुरक्षा के मामले में बेहतर थीं। लेकिन आज की सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है, काम में नहीं। अखिलेश ने भाजपा पर आरक्षण और धर्मनिरपेक्षता के मुद्दे पर दोगली नीति अपनाने का गंभीर आरोप लगाया।

# मंत्रोच्चारण नहीं बल्कि गूंजी ब्राह्मणों की आह : हरिवंश मिश्र

**आजमगढ़।** अपने-अपने घरों पर काला झंडा लगाकर ब्राह्मणों ने जनपद में गृहप्रवेश करने पहुंचे सपा के मुखिया अखिलेश यादव का जमकर विरोध किया। ब्राह्मण महासभा और विश्व हिन्दू संघ ने जिसको लेकर पहले ही हुंकार भर दिया था, जिसका असर रहा कि ब्राह्मणों के घर काले झंडे से पटे हुए नजर आये और ब्राह्मणों ने खुलकर बोला कि यह काला झंडा अखिलेश यादव के काली मानसिकता के विरूद्ध एक सशक्त विरोध प्रदर्शन हैं। ब्राह्मणो के इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन से एक बार फिर सोशल मीडिया पर इटावा की घटना का मामला सुर्खियों में छाया हुआ है जो पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा।

विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश मंत्री हलधर दुबे ने कहाकि इटावा मामले के आड़ में कुछ लोगों द्वारा ब्राह्मण समाज के लोगों के विरूद्ध अभद्र और ओच्छी टिप्पणी कर समाज में वैमनस्यता फैलाई गई। जिन्हें राजनैतिक संरक्षण देने वाले आज आजमगढ़ में अपना गृहप्रवेश करा रहे है वो भी दुखी ब्राह्मणों से ऐसे में उनकी पूजा सफल नहीं होगी। हमारे आह्वान पर शहर से लेकर कंधरापुर, अनवरगंज सहित पूरे जिले में ब्राह्मणों के घरो में काला पताका लगाया गया हैं। जिन ब्राह्मणों के खिलाफ बयान दे रहे है उन्हीं से पूजन करा रहे है यह ब्राह्मण समाज का बड़ा दिल है, ब्राह्मणों ने समाज को जोड़ा है जबकि अखिलेश वादी लोगों ने समाज में केवल जहर घोला है, अगर वह माफी नहीं मांगेंगे तो हम आगे भी अपना विरोध दर्ज कराते रहेंगे। इस बाबत भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिवंश मिश्र ने कहा कि अखिलेश यादव खुद अपने घर की पूजा वैदिक मंत्रोच्चारण से करा रहे है और राजनैतिकवश ब्राह्मणों का विरोध करते फिरते है इसीलिए उनके गृह प्रवेश में ब्राह्मणों द्वारा किया गया मंत्रोच्चारण उन्हें कभी सुखद फल नहीं देगा। उन्होंने जिन ब्राह्मणों को पूजन हेतु आमंत्रित किया है निश्चित ही वह भी उनके ब्राह्मण विरोधी मानसिकता से दुखी है और दुखी मन से कोई भी पूजा पूर्ण नहीं हो सकती है। हरिवंश मिश्रा यहीं नहीं रूकें उन्होंने एक के बाद एक अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहाकि अखिलेश यादव की सोच अब समाज के लिए हानिकारक हो चुकी है, वे अब अपने घर की विधायकी और सांसदी बचाने के लिए समाज में जहर घोलने का निरर्थक प्रयास कर रहे है लेकिन अब उनका हर दांव उनके राजनैतिक कैरियर की तरह ही समाप्त हो चुका है। उन्होंने हम समस्त ब्राह्मण संगठनों से अपील करते है कि अखिलेश जहां भी जाए उनका और उनके असामाजिक पार्टी के खिलाफ बिगुल फूंककर उन्हें सबक सिखाये।

# बिरसा मुंडा के बताये रास्ते पर चले मुसहर समाज



**जौनपुर।** आदिवासी स्वाभिमान पार्टी के तत्वाधान में विधानसभा क्षेत्र केराकत के विकास खंड मुफ्तीगंज अंतर्गत ग्राम अमृत सरोवर स्थल परौवाँ में मुसहर सम्मान सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के आयोजक राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरजा शंकर मुसहर तथा मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी जौनपुर के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरजा शंकर मुसहर एवं प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार आदिवासी ने बिरसा मुंडा, डॉ भीमराव अंबेडकर एवं तथागत भगवान गौतम बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार में पिछड़ा दलित आदिवासी अल्पसंख्यक सबके अधिकार छीने जा रहे हैं, और सबसे ज्यादा उत्पीड़न इसी समाज का किया जा रहा है ऐसे में हमें भगवान बिरसा मुंडा के बताए रास्ते पर चलकर ही आदिवासी, मुसहर समाज का मान सम्मान एवं अधिकार पाया जा सकता है। कहा कि अपना हक, अधिकार और सम्मान बचाने के लिए आदिवासी मुसहर, समाज को एकजुट और संगठित हो समाजवादी पार्टी के पीडीए आंदोलन को मजबूत करना पड़ेगा। हरिकेश यादव, डॉ ए के यादव, अशोक आदिवासी, अशोक आदिवासी, राजकुमार आदिवासी, तहसीलदार आदिवासी, कौशल्या आदिवासी, मंजू आदिवासी, शांति आदिवासी, श्रीकांत निराला, रामदरश आदिवासी सुरेन्द्र आदिवासी आदि मौजूद रहे।

## नहर से निकले कचरे को रास्ते पर फेंके जाने से ग्रामीणों में आक्रोश

**मीरजापुर।** सिंचाई विभाग द्वारा नहर से निकाले गए कचरे को रास्ते पर फेंके दिए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से करते हुए तत्काल सफाई कराते हुए अवरुद्ध रास्ते को बहाल करने की मांग की है। सिटी विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सभा शाहपुर चौसा में सिंचाई विभाग द्वारा जेसीबी मशीन से नहर की सफाई कराई गई है। नहर सफाई के बाद निकले कचरे को अन्यत्र न फेंक नहर की पटरी पर ही फेंक दिया गया है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सिंचाई विभाग नहर प्रखंड मीरजापुर के ठेकेदार द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को नजरअंदाज कर नहर से निकाले गए कचरे को रास्ते पर फेंके जाने से ग्रामीणों को होने वाली परेशानियों पर ध्यान दिलाए जाने के बाद भी सफाई न होने से ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। इस संबंध में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया (आठवले) के जिलाध्यक्ष सुनील सोनकर टक्कर ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्रवाई की मांग किया है, ताकि बरसात में नहर के कच्चे रास्ते से होकर आने जाने वाले ग्रामीणों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## परीक्षा में 39 महिलाओं ने लिया हिस्सा

जौनपुर। सिरकोनी विकास खण्ड के सभागार कक्ष में गुरुवार को सूक्ष्म उद्यम सखी की परीक्षा हुई। जिसमें कुल 39 महिलाओं ने हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ऊक्त परीक्षा का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल की अध्यक्षता में हुआ। परीक्षा में कुल 48 महिलाओं ने आवेदन किया था। परन्तु 48 के सापेक्ष 39 महिलाओं ने हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि ब्लॉक सत्र के ग्राम पंचायत पर गठित प्रत्येक संकुल स्तरीय संघ में इनका चयन होगा। ये लग सीएलएफ सम्लित ग्राम पंचायतों में समूह की महिलाओं को सूक्ष्म उद्योग के बारे में सम्पूर्ण जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाएंगी। परीक्षा के दौरान एडीओ आइएसबी रामजी सिंह, ब्लॉक मिशन प्रबन्धक शशांक श्रीवास्तव व शिक्षा संकुल स्तरीय संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बरसात से जन-जीवन अस्त-व्यस्त

**मीरजापुर।** जिले के विभिन्न हिस्सों में पिछले दो दिनों से रुक रुककर हो रही मूसलाधार बारिश ने आफत खड़ी कर दी है। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में निचले हिस्सों में पानी भर जाने से आवागमन सहित कई अन्य समस्याओं से ग्रामीणों को दो-चार होना पड़ रहा है। लालगंज क्षेत्र में बुधवार को दोपहर में हुई मूसलाधार बरसात ने नेशनल हाईवे के पास बामी गांव के महुअरिया बस्ती में आफत खड़ी कर दी है। उसके बाद शाम को हुई भारी बारिश का सिलसिला देर रात चलता रहा जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आधा दर्जन से अधिक लोगों के घरों में पानी भर गया हैं। लोगों को रात में दूसरे के घरों में शरण लेना पड़ा। बारिश का पानी निकासी का रास्ता जाम होने पूरे महुअरिया बस्ती में पानी भर गया है। वही बज्रपात से बिजली की आपूर्ति प्रभावित हुई और बामी, गंगहरा आदि आधा दर्जन गांवों में फ्यूज उड़ गए जिससे अंधेरा बना रहा। घरों में पानी भरने की जानकारी एसडीएम लालगंज को दे दी गई थी।

# कांवड़यात्रा सकुशल संपन्न करने को डीएम व एसपी ने की बैठक

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे सावन मास में कावर यात्रा को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु धर्मगुरूओं व अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की गयी, बैठक के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कावर यात्रा के दौरान शुद्ध पेयजल, जन स्वास्थ्य सुविधा, पार्किंग आदि की व्यवस्था सुचारू ढंग से सुनिश्चित की जाये जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर जहॉ पर कावर यात्रियों द्वारा जलाभिषेक किया जाता है वहॉ पर साफ-सफाई व्यवस्था के साथ ही विद्युत आपूर्ति निर्धारित स्टोर के अनुरूप सुनिश्चित की जाये उन्होने कहा कि विजयगढ़ किले पर सोलर लाईट लगाने का कार्य चल रहा है शीघ्र ही वहा पर पुलिस प्रशासन द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेगें।



जिला पंचायत विभाग द्वारा वहा पर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी नगर पालिका परिषद द्वारा साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये उन्होनें कहा कि शिवद्वार धाम परिसर के आस पास साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये कावर यात्रियों के स्वास्थ्य सम्बन्धित कोई समस्या होने पर उनके इलाज हेतु एम्बुलेन्स व डाक्टर की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुनिश्चित करायी जाये उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में समुचित व्यवस्था करते हुए पूरी तैयारी कर लें, ताकि सवान मास कावर यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में किसी प्रकार की समस्या न होने पायें, इसके लिए सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जायें, समन्वय बैठक में सोनभद्र जिले के धर्मगुरूजन मौजूद रहें इस मौके पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आगामी दिनों में सावन मास कावर यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के मकसद से धर्मगुरूओं व कावर यात्रा के अध्यक्ष से वार्ता किया और यात्रा को सकुशल मनाने के लिए आने वाले समस्याओं के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर धर्मगुरूओं द्वारा कावर यात्रियों के आने-जाने में समस्या, सड़क, विद्युत तार, बैरिकेटिंग व अन्य बिन्दुओं पर अपने-अपने सुझाव जिला प्रशासन के समक्ष रखा गया, उन्होंने सम्बन्धित क्षेत्रों के धर्मगुरूओं द्वारा दिये गये सुझाओं को तत्काल अमल में लाते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किये। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में यह सुनिश्चित की जाये कि कावर यात्रा में निकलने वाले कावरियों के साथ निकलने वाले डीजे अधिक ऊंचाई पर न हों, अधिक ऊंचाई पर होने पर बिजली के खम्भे तार आदि में छू जाने की संभावना रहती है, जिस कारण से अनेकों प्रकार की घटनाएं हो जाती हैं, इसलिए डीजे की ऊंचाई निर्धारित मानक के अनुरूप सुनिश्चित की जायें। इस दौरान एसपी अशोक कुमार मीणा ने कहा कावड़ यात्रा के दौरान बजने वाले डीजे में किसी प्रकार की अश्लील गानें न बजाये जायें, भक्ति गीत, भजन कीर्तन के गीत ही बजाये जाये, उन्होंने कहाकि 11 जुलाई से सावन मास प्रारंभ हो रहा है, 23 जुलाई को महापर्व है, इस दौरान मंदिर परिसर में दर्शनार्थी के आने-जाने हेतु अलग-अलग मार्ग की व्यवस्था कर ली जाये एवं बैरिकेटिंग की भी व्यवस्था कर ली जाये।

## जुल्जनाह, ताबूत और अलम का किया जियारत



**जौनपुर।** छठवी मोहर्रम की रात्रि, मोहल्ला अजमेरी स्थित इमामबाड़े में मजलिस हुई और जुल्जनाह, ताबूत व अलम का जुलूस अकीदत के साथ उठा जिसमे लोगों ने जियारत किया मन्नते मांगी और नौहा पढ़ा मातम कर इमाम हुसैन का गम मनाया। जुलूसे अजा की मजलिस मे सोजख्वानी हैदर काजमी ने किया। पेशख्वानी कैफी मोहम्मदाबादी ने किया। मजलिस को मौलाना सैय्यद मोहम्मद हसन आब्दी आजमगढ़ ने मजलिस को खिताब करते हुए इमाम हुसैन के किरदार पर रोशनी डाली और बताया कि इमाम हुसैन की जंग कर्बला में इस्लाम को बचाने के लिए असत्य पर सत्य की जंग यजीद के साथ हुई। इस दौरान हुसैन ने अपना सर को कलम करवा कर बता दिया। मगर इस्लाम दीन बचा लिया। हुसैन की शहादत के बाद आज तक हर घर में हुसैन का नाम लिया जाता है। मौलाना ने कहा कि हुसैन ने जिस तरह से करबला के मैदान में अपनी कुबार्नी पेश की उसकी मिसाल आज तक दुनिया में नहीं मिलती। उन्होंने इमाम पर हुए मसायब दुख पढ़ा तो लोग रोने लगे। मजलिस के बाद शबीहे जुल्जनाह व अलम और शबीहे ताबूते अली अकबर बरामद हुई। मुफ्ती शारिब मेहंदी ने गमगीन आवाज मे बैनिया नौहा पढ़ा। जुलूस मे अन्जुमन सज्जादिया मुफ्ती मोहल्ला ने नौहा पढ़ा व मातम किया। जुलूस देर रात समपन्न हुआ।

# नेक पहलः उपचार पर्यवेक्षक ने टीबी रोगियों को अपने जन्मदिन पर गोद ले दिया संदेश



**मीरजापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज के अधीक्षक डॉक्टर अमर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद ने 5 टीबी रोगियों को गुरुवार अपने जन्मदिन पर गोद लिया। भौतिक युग में जहां लोग आजकल अपने जन्मदिन के अवसर पर पार्टियां आदि कर रहे हैं वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद ने अपने जन्मदिन को सादगी पूर्वक मनाते हुए क्षय रोग से ग्रसित मरीजों को पोषण सामग्री वितरित किया। जिसमें मूंगफली, सत्तू, गजक, भुना चना, गुड़, विटामिन बॉर्नविटा आदि शामिल है। वहीं पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर अमर बहादुर सिंह ने टीबी रोग संबंधित समस्त लक्षण की जानकारी दी। डॉ योगेश दुबे ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि टीबी रोग से प्रभावित मरीजों को बढ़ चढ़कर मदद करने के लिए समाज के लोगों को आगे आना चाहिए। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद ने कहा सभी मरीजों को नियमित दवा लेने और स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत आने पर अस्पताल से संपर्क करने की बात कही। डॉक्टर पंकज कुमार ने कहा कि टीबी उन्मूलन में जन सहभागिता जरूरी है। इसे केवल सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। सक्षम लोगों को आगे आकर टीबी मरीजों का सहयोगी बनना चाहिए। निश्चय मित्र बनकर गोद लेने के लिए सभी को आना चाहिए। इस मौके पर डॉक्टर अमर बहादुर सिंह, डॉक्टर योगेश दुबे, डॉक्टर पंकज कुमार, डॉक्टर एसपी सिंह, डॉक्टर राजेश सिंह, डॉक्टर कैलाश कुमार बिंद, डॉक्टर प्रतिभा सिंह, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद, शब्बीर अहमद नीरज सिंह, मुकेश सिंह, राजेश, एसएन सरोज, सुजीत सिद्धार्थ उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

**आजमगढ़।** डीएम आजमगढ़ के आदेश के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विकास खण्ड पवई, तरवां, अतरौलिया व कोयलसा, आजमगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 व विनियम 2011 के अन्तर्गत खाद्य जागरूकता का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग कुल 500 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीत कुमार सिंह, संजय कुमार तिवारी तथा सुचित प्रसाद व श्रीमती बेबी सोनम एवं सम्बन्धित विकास खण्ड के सीडीपीओ के सहयोग से खाद्य सुरक्षा विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में खाद्य सुरक्षा आधिकारी संजय कुमार तिवारी व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षण में मुख्य रूप से व्यक्तिगत व परिसर की साफ-सफाई पर प्रशिक्षित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने खाद्य पदार्थो के रख-रखाव के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें प्रमुखता में उन्होने खाद्य पदार्थो के प्रथम आवक प्रथम निर्गत सिद्धांत को अनुपालन करना, खाद्य पदार्थो को जमीन से समुचित उंचाई पर लकडी/लोहे के पैलेट पर दिवाल से उचित दूरी बनाये रखते हुए जिससे नमी एवं कीट-पतंगों से खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता प्रभावित न हो। तत्पश्चात आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया गया तथा उनके आशंकाओं का समाधान किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद के समस्त विकास खण्डों में निरन्तर आयोजित किया जायेगा।

## प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति के सभापति ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी जॉच समिति की बैठक जिला पंचायत सभागार में सभापति दिनेश कुमार गोयल की अध्यक्षता आहूत की गयी। बैठक में सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य रविशंकर सिंह (पप्पू भैय्या), सदस्य डॉ रतनपाल सिंह, सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर सदस्य विजय बहादुर पाठक, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार एवं समिति के साथ आए हुए अधिकारी एवं विद्युत विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहें। बैठक के दौरान सभापति व समिति के सदस्यगण ने ट्रांसफार्मर की मरम्मत, जनपद में औसत विद्युत आपूर्ति का विवरण, विद्युत उपभोक्ता लोड के अनुरूप ट्रांसफार्मर की स्थिति व उसके रख-रखाव की व्यवस्था, 1912 पर विद्युत से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व मीटर रीडिंग से से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व कार्यवाही के सम्बन्ध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की, बैठक के दौरान सभापति ने कहा कि विद्युत समस्या से सम्बन्धित उपभोक्ता द्वारा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय सुनिश्चित किया जाये, 1912 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण हेतु प्राथमिकता के आधार पर किया जाये। कृषक बन्धुओं की आजीविका व कृषि खेती सुचारू ढंग से हो, इसके लिए विद्युत आपूर्ति निर्धारित समयावधि में की जाये, जनप्रतिनिधि द्वारा प्राप्त प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, ट्रांसफार्मरों के मरम्मत का कार्य भी निर्धारित समय के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। सभा ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण, तहसील व जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के मंशानुरूप अनुमन्य घण्टे के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नही की जाएगी।

# पेंशन के आवेदन पत्र का समय से करें निस्तारण

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम सीएई/एसीसीएई जिला दिव्यांगता समिति/लोकल लेवल कमेटी/डीएमटी की बैठक आयोजित की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों का निर्वाचन सूची में टैगिंग करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाये, 18 वर्ष पूर्ण कर चुके दिव्यांगजनो का वोटर लिस्ट में पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, जिला पंचायत राज अधिकारी/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शत-प्रतिशत बूथो पर शौचालय, रैम्प, हैण्ड रेलिंग का निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित करें,

यू0डी0आई0डी0 कार्ड योजनान्तर्गत आनलाईन किये गये आवेदन-पत्रों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, यू0डी0आई0डी0 कार्ड जारी करने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार को निर्देशित किया गया है, इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों से सम्बन्धित जो भी समस्याएं हैं, उनका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारीगण कराना सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा



कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना, मातृत्व शिशु कल्याण योजना एवं श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये, उद्योग एवं उद्यम विभाग द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का भी व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये,

उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में श्रम विभाग की द्वारा श्रमिकों के लिए संचालित योजनाओं से सम्बन्धित पंजीकरण हेतु कैम्प लगाया जाये और श्रमिकों के पंजीकरण किये जाये, पेंशन योजनाओं से सम्बन्धित लाभार्थियों के जो भी आवेदन-पत्र प्राप्त हुए हैं, उन आवेदन पत्रों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारीगण ससमय निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जायें।

बैठक में उप जिलाधिकारी घोरावल, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, परियोजना अधिकारी डूडा सुधांशु शेखर शर्मा, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी विद्या देवी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भारतीय परिधानों पर आधारित ब्यूटी कॉन्टेस्ट का शुभारम्भ

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कल शाम हरिऔध कला केंद्र आजमगढ़ में भारतीय वेशभूषा एवं परिधानों पर आयोजित ब्यूटी कॉन्टेस्ट के आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज लोगों ने अच्छे वस्त्रों/परिधानों को पहनना आधुनिकता का प्रतीक/पहचान मान है। उन्होंने कहा कि जब भी हम भारतीय संस्कृति के वेशभूषा के परिधान पर आधारित इस प्रकार का ब्यूटी कॉन्टेस्ट देखते हैं तो हमें अपनी संस्कृति याद आती है। उन्होंने कहा कि अभी जो राजस्थानी परिधानों का कैट वॉक जब राजस्थानी गानों के बीच किया गया, तो सभी को लगा होगा कि हम राजस्थान/कोटा में हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत के विभिन्न प्रदेशों में विविध प्रकार के परिधान पहने जाते हैं। जैसे पंजाब में पुरुष कुर्ता पजामा, महिलाएं सलवार सूट पहनती हैं, असम जाए तो धोती/शर्ट और गमछा तथा महिलाएं साड़ियां पहनती है। उन्होंने कहा कि ये परिधान हमें बतौर संस्कृति की याद दिलाता है कि हमारी सभ्यता और संस्कृति वहां के मौसम के आधार पर, वहां की परिस्थितियों के आधार पर बिल्कुल स्वास्थ्य के अनुसार सूट करता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लोग टाई सूट, बंद गला का कपड़ा पहनते हैं, यह हमें सूट नहीं करता है, यह यूरोप में सूट करता है, जहां हमेशा तापमान कम रहता है। उन्होंने कहा कि हमारे जो वस्त्र और परिधान बने हैं, वह हजारों वर्षों में रिफाइन हुआ है, वह यहां के वातावरण, हमारे स्वास्थ्य एवं पद्धति एवं संस्कृति के बहुत अनुकूल है। उन्होंने कहा कि इसका दूसरा सबसे बड़ा फायदा यह है कि इस प्रकार के कॉन्टेस्ट में भाग लेने वाले प्रतिभागी हमेशा अपने आप को फिट और स्वस्थ रखते हैं। इसके साथ ही जिला अधिकारी ने सभी को हार्दिक बधाई हो शुभकामनाएं दीं।

संक्षेप

## भलुअनी में युवाओं ने श्रमदान कर भरे सड़क के गड्ढे

**बरहज, देवरिया ।** जिले की बरहज से देवरिया को जाने वाली प्रमुख सड़क में सोनूघाट से बरहज के बीच हजारों जानलेवा गड्ढों से हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए यातायात सुरक्षा अभियान पर कार्य करने वाली सामाजिक संस्था निफा के जिलाध्यक्ष, स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी यूथ ब्रिगेड के संस्थापक एवं पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष सन्तोष मद्धेशिया वैश्य ने सड़क के गड्ढों को शीघ्र भरने की मांग की है ।

सन्तोष मद्धेशिया के साथ शिवम पाण्डेय, मो0 इसराइल, व्यास वर्मा, बलदेव गुप्ता, अंकित मद्धेशिया एवं शिवम मद्धेशिया सहित अन्य युवाओं ने नगर के मुख्य बाजार में दर्जनों जानलेवा गड्ढों को श्रमदान कर भरा ।

सन्तोष मद्धेशिया ने जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से शीघ्र इस सड़क की मरम्मत की मांग करते हुए कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है, बरहज से सोनूघाट तक जिले की इस मुख्य सड़क में कई हजार बड़े बड़े जानलेवा गढ्ढे हैं जिनमें बरसात होने पर पानी भर जा रहा है ।प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। गड्ढों में जमा गंदा पानी आने जाने वाले लोगों के शरीर व कपड़ों पर पड़ रहा है। लोगों को काफी परेशानी हो रही है। वाहनों के आने जाने के दौरान गड्ढों की वजह से होने वाली शोर सुनकर राहगीर व व्यापारी भी दुर्घटना की आशंका में सहम जाते हैं ।इस सड़क पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। गड्ढों की वजह से भारी जाम भी लगता है। कुछ दिनों पहले इसी मार्ग पर बैरौना में गड्ढे की वजह से दुर्घटना में एक युवक की दुखद मौत हो गई ।प्रदेश सरकार अच्छी सड़कों का कितना भी ढिढोरा पीट ले पर जिले की यह सड़क गड्ढों की वजह से हमेशा चर्चा में बनी रहती है ।विभाग द्वारा गड्ढों को सिर्फ खानापूर्ति कर भर दिया जाता है जो कुछ ही दिनों में फिर बड़े बड़े गड्ढे की ही शक्ल में बदल जाते हैं।

## पिकअप सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सल्लहपुर के पास पुलिस ने पीकप पर लाद कर गौवन्शीय तस्करी के लिए ले जा रहे दो तस्करों कोगिरफ्तार किया गया ।बताया गया है कि पुलिस के उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर थाने के उपनिरीक्षक देवेन्द्र यादव आरक्षी अमृत कुमार व आरक्षी सुधीर यादव ने ग्राम सल्लहपुर के पास मुखवीर के सूचना पर घेराबन्दी कर टाटा इन्दरा पीकप वाहन संख्या यू पी 2अळ9157को पखडा ।जिसमे आधा दर्जन गौवन्शीय पशुओं के साथ दो गौ-तस्करों के साथ पकडा ।

गिरफ्तार पंकज कुमार पुत्र रमेश प्रसाद ग्राम परसौनी थाना भटनी व विकास कुमार पुत्र पवन प्रसाद ग्राम पुरनाछापर थाना भटनी के बताये गये ।

गिरफ्तार तस्करों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 3/5अ/8वगोवध निवारण व 11पशु क्रूरता अधिनियम अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है ।

## ट्रेक्टर स्कूटी की भिड़ंत में गयी युवक की जान

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटनी -नोनापार सड़क मार्ग पर बभनौली के सामने स्कूटी ट्रैक्टर के भिड़ंत में युवक की जान गयी ।स्कुटी बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी ।

बताया गया है कि ग्राम साहोपार खास निवासी संतोष यादव के पुत्र अंशु एवं अभिमन्यु यादव अपनी माता के साथ गर्मी के अवकाश में अपने ननिहाल बभनौली थाना भटनी गये थे । अपने ननिहाल से बभनौली चौराहे पर किसी कार्य से आ रहे थे ।उसी समय एक ट्रैक्टर से स्कूटी सवार दोनो भाई अंशु व अभिमन्यु चपेट में आ गये । गम्भीर रुप मे घायल अंशु को उपचार के लिए मेडिकल कालेज देवरिया ले गये ।जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया ।और अभिमन्यु की हालत ठीक बताई गयी है ।पुलिस पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौप दिया ।पुलिस घटना मे शामिल ट्रैक्टर व स्कुटी को थाने उठा लायी ।बताया गया है कि घटना के बाद ट्रैक्टर चालक चाभी छोड कर भाग निकला ।मृत्यु की खबर से पुरे गाँव मे शोक की लहर दौड़ गयी ।गाँव में मातम छा गया ।

# मोहर्रम, श्रावण मास, कांवड़ यात्रा के तहत कमिश्नर की अध्यक्षता में हुई बैठक

जिला संवाददाता




**कुशीनगर।** आगामी त्योहारों मोहर्रम, कांवड़ यात्रा, श्रावण मास, को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से तहसील कसया, सभागार में मण्डलायुक्त गोरखपुर अनिल ढींगरा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर शिवासिम्पी चिनप्पा, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीयों के साथ आवश्यक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में मुख्य रूप से सावन माह में होने वाली कावड़ यात्रा, मुहर्रम एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान जनपद में कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीयों को अब तक की तैयारियों का जायजा लेने सहित एक एक कर सभी संबंधित से फीड बैक भी लिया गया। समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त गोरखपुर अनिल ढींगरा ने सभी अधिकारियों को आगामी त्योहारों और कावड़ यात्रा के दौरान शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से तैयारियाँ पूर्ण करने का निर्देश दिए।पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर रेंज गोरखपुर शिवासिम्पी चिनप्पा द्वारा आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में नियमित गश्त और चेकिंग तेज की जाएगी। कावड़ यात्रा की व्यवस्था के संबंध में कावड़ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती और यातायात प्रबंधन की योजना बनाई गई। यात्रा मार्गों पर अस्थायी विश्राम स्थल, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने कका निर्देश दिए गए, तथा संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल और सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था पर जोर दिया गया। त्योहारों के लिए सुरक्षा प्रबंध की समीक्षा दौरान मंदिरों, धार्मिक स्थलों, और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की रणनीति बनाई गई, तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और खुफिया तंत्र को सक्रिय करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए। त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखने के लिए शांति समितियों का गठन और स्थानीय समुदायों के साथ समन्वय पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त कावड़ यात्रा और त्योहारों के दौरान यातायात को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती और डायवर्जन योजनाओं पर विचार विमर्श भी किया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सक्रिय करने और आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

- जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के संदर्भ में की गयी समीक्षा
- जनता की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता में : मंडलायुक्त
- सभी थाना क्षेत्रों में गस्त और चेकिंग बढ़ाई जाय : पुलिस उप महानिरीक्षक

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सोशल मीडिया की निगरानी और सही जानकारी प्रसारित करने तथा जनता को सुरक्षा और सहयोग के लिए जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार अभियान को और गति देने पर जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि जिले में संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। समीक्षा बैठक में यह संकल्प लिया गया कि जनपद में आगामी त्योहार और कावड़ यात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हों। प्रशासन और पुलिस विभाग जनता के सहयोग से सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, सीओ सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## अब 'संभव' अभियान से कुपोषण को देंगेमात

**कुशीनगर।** संभव अभियान एक जुलाई से शुरू हो गया जो 30 सितम्बर 2025 तक चलेगा। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा नवाचार के तहत 2021 से संभव अभियान की शुरूआत की गई थी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि इस अभियान के तहत नवजात शिशु एवं गर्भवती माताओं की सेहत पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। गंभीर कुपोषण से ग्रसित शिशुओं की समयबद्ध पहचान और समुचित उपचार प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। जीरो से छः माह की आयु वर्ग के शिशुओं में कुपोषण से बचाव एवं समय अनुसार प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था की अवधि में पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए प्रसव पूर्व जॉच के दौरान गर्भवती महिलाओं के वजन की नियमित जाँच सुनिश्चित करना मुख्य उद्देश्य है। इस अभियान के तहत जुलाई के लिए मासिक थीम मातृ पोषण, अगस्त के लिए छह माह से छोटे शिशुओं पर विशेष ध्यान तथा सितम्बर के लिए ऊपरी आहार प्रोत्साहन एवं पोषण माह रखा गया है। इस अभियान के तहत जून को बेसलाइन मानते हुए तीन महीने में नियमित जॉच जागरूकता तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से कुपोषण को कम करने हेतु कार्य किया जाएगा। इस अभियान में विभिन्न मानकों के आधार पर जनपदों को रैंक भी प्रदान की जाएगी। यह अभियान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार तथा स्वास्थ्य विभाग के विशेष सहयोग से चलाया जाएगा। पशुपालन विभाग व अन्य विभागों का इसमें सहयोग भी लिया जाएगा, जिससे कुपोषण को दूर करने में मदद मिल सके।

## तय अवधि में नवीन नामांकन का लक्ष्य पूर्ण करें विद्यालय : बीईओ

**बरहज,देवरिया।** स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण के पहले दिन भलुअनी के खण्ड शिक्षा अधिकारी सूरज कुमार सिंह द्वारा क्षेत्र के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व ? कंपोजिट विद्यालयों में एक अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 के मध्य विद्यालय स्तर पर किए नवीन नामांकन की समीक्षा में बताया कि शासन व निदेशालय से प्राप्त निदेशों के अनुपालन में डोर टू डोर कैंपेन ,हाऊस होल्ड सर्वे व आम जनमानस का सहयोग लेते हुए अधिकाधिक नवीन नामांकन कराए जाने के सतत निर्देशों के बावजूद विकासखण्ड अंतर्गत 75 विद्यालयों द्वारा अद्यतन शून्य व 50% से कम नामांकन किया गया है। जिसके कारण बेहतर नामांकन करने वाले विद्यालयों की भी औसत प्रगति प्रभावित हो रही है। विकास खण्ड के लक्ष्य संप्राप्ति में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। ऐसे सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व प्रभारी सहित समस्त स्टाफ को कठोर चेतावनी देते हुए कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। अविलंब लक्ष्य की संप्राप्ति हेतु निर्देशित किया गया है। बावजूद इसके जिन विद्यालयों द्वारा निर्धारित लक्ष्य की संप्राप्ति तय अवधि में नहीं की जाती है और विकास खण्ड की प्रगति प्रभावित होती है तो ऐसे विद्यालयों के समस्त कार्मिकों को चिन्हित करते हुए सक्षम स्तर से वृहद् दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। उसका अंकन उनकी सेवा पंजिका में भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग समाज की मुख्य धारा से इतर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण बुनियादी शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इससे किसी भी स्तर पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## हज 2026 के संबंध में ऑनलाइन आवेदन सहित अन्य गाइडलाइन हुई जारी

**कुशीनगर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी भरत लाल गोंड ने शासन के पत्र के क्रम में बताया कि ₹अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हज पॉलिसी 2026 की घोषणा के बाद ऑनलाइन हज आवेदन हज कमेटी ऑफ इण्डिया की वेबसाइटँ३३स्त्र२://६६६ूँ्रे३ीॉ्रल्ल५.ल्ल व हज सुविधा एप पर माह-जुलाई 2025 के द्वितीय सप्ताह से उपलब्ध कराया जायेगा। हज-2026 (1447हि0),

उन्होंने हज की आवश्यक तैयारियों के संबंध में बताया कि इच्छुक आवेदक प्रथम किस्त के रूप में रू0 1.5 लाख की व्यवस्था रखें। हज-2026 हेतु पासपोर्ट मशीन पठित होना अवश्यक है हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नही होगा हज-2026 के आवेदन हेतु पासपोर्ट की वैद्यता 31 दिसम्बर, 2026 तक होना आवश्यक है। जो इच्छुक आवेदक हज-2026 की यात्रा हेतु नये पासपोर्ट का आवेदन कर रहे है, उनको सलाह दी जाती है कि नुसुक पोर्टल की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने पासपोर्ट में सरनेम/लास्ट नेम का कॉलम खाली न छोड़ें। उन्होने इच्छुक हज आवेदकों से अपेक्षा कि है कि हज-2026 की यात्रा पर जाने के लिए उक्तानुसार समस्त तैयारी पूर्ण कर ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें।

## ट्रक की चपेट में आने से चालक की मौत

**दुदही, कुशीनगर।** बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के नरहवा डीह में बालू लदे ट्रक के चपेट में आने से चालक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। थाना क्षेत्र के नरहवाडीह में मां वैष्णो इंटरप्राइजेज पर मोरंग बालू लदी ट्रक संख्या बीआर 28 जी 9045 बालू गिरने के लिए पहुंची हुई थी। चालक ने खलासी को गाड़ी साइड पर लगाने के लिए कह ट्रक से उतर गया। खलासी से ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गई और चालक पन्नालाल कुशवाहा पुत्र सुभाष कुशवाहा चपेट में आ गए और उनकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची विशुनपुरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

## दिव्यांगजन उपकरण वितरण कार्यक्रम 25 अगस्त को

**देवरिया ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों की सुगम आवागमन व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस योजना के अंतर्गत एलिम्को ( भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम), कानपुर के विशेषज्ञों द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से दिनांक 22 व 23 मार्च 2025 को आई.टी.आई. परिसर, देवरिया में 1588 दिव्यांगजनों का निःशुल्क चिन्हांकन एवं पंजीकरण किया गया था चिन्हित लाभार्थियों को सहायक उपकरणों का वितरण दिनांक 25 अगस्त 2025 को किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, बी.एल. वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही जनपद के अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिलाधिकारी देवरिया भी कार्यक्रम में शामिल रहेंगे।

## बरहज विधायक ने दिखाए तीखे तेवर, दिशा की बैठक का किया बहिष्कार



**देवरिया।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई दिशा की बैठक में बरहज विधायक ने तीखे तेवर दिखाते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की दो सड़कों को लेकर अधिकारियों के रवैये पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इन बैठकों का कोई मतलब नहीं है।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा की बैठक सांसद शशांक मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में होनी थी। इसमें सभी जनप्रतिनिधियों के साथ डीएम व अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक के शुरू होते ही बरहज विधायक ने अपने क्षेत्र के करूअना मगहरा मार्ग को लेकर पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों द्वारा बरती गई लापरवाही को लेकर नाराजगी जाहिर की और बैठक से उठकर जाने लगे। वह तीखे तेवर दिखाते व इन बैठकों का कोई मतलब न होने की बात कहते हुए बाहर निकल गए। विधायक के उस कदम से अधिकारी सकते में आ गए तथा एक दूसरे का मुंह देखने लगे। हालांकि कुछ देर बाद बैठक की कार्यवाही आगे बढ़ी।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन




**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर एवं वन विभाग सामाजिक वानिकी प्रभाग कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड संख्या 19 स्थित संविलयन विद्यालय मुंडेरा रतनपट्टी (शिवाजीनगर) में गुरुवार को वन महोत्सव 2025 झ जागरूकता गोष्ठी एवं पौधारोपण के अंतर्गत ह्यएक पेड़ माँ के नामह्ण अभियान का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के 70 पौधे लगाए। सभी बच्चों ने अपनी-अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाकर उन्हें समर्पित किया, जिससे मातृत्व के प्रति सम्मान और पर्यावरण के प्रति चेतना का अद्भुत संदेश प्रसारित हुआ।

- विभिन्न प्रजातियों के 70 पौधे लगाए

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री राकेश जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय वन अधिकारी कसया श्री जयंत कुमार सिंह राणा एवं वार्ड सभासद गिरिजेश सिंह रहे। अतिथियों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और ह्यएक पेड़ माँ के नामह्ण अभियान की सराहना की। विद्यालय के शिक्षक प्रभात चतुर्वेदी एवं वाहिद अली ने बताया कि आज विद्यालय में तीन भिन्न-भिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गए निःशुल्क पुस्तक का वितरण, रोटरी क्लब द्वारा उपलब्ध कराया गया निःशुल्क स्कूल बैग वितरण एवं विशेष रूप से वन महोत्सव एक पेड़ मां के नाम अभियान जो बच्चों को प्रकृति से जुड़ने और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है उक्त समस्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत ही बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा समस्त नामांकित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गईं। साथ ही, रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा कक्षा 1 व 6 के नव प्रवेशित कुल 26 बच्चों को स्कूल बैग, रसोईयों को छाता प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि राकेश जायसवाल ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नामह्ण अभियान केवल पौधारोपण का कार्य नहीं है, यह एक भावनात्मक पहल है जो मातृत्व और पर्यावरण को एक सूत्र में बाँधती है। विद्यालय के इस आयोजन से नई पीढ़ी को जिम्मेदारी का बोध हुआ है, जो अत्यंत सराहनीय है। साथ ही आज उपलब्ध कराए जा रहे निःशुल्क पुस्तक और स्कूल बैग से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि और आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि होगी। क्षेत्रीय वन अधिकारी जयंत कुमार सिंह राणा ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि लोगों में पर्यावरण के प्रति संवेदना विकसित करना है। इस प्रकार के कार्यक्रम जनमानस विशेष रूप से बच्चों को प्रकृति के साथ भावनात्मक रूप से जोड़ते हैं और उन्हें पर्यावरण रक्षक के रूप में तैयार करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त रोटरी क्लब कुशीनगर के सचिव विजय गुप्ता ने किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब कुशीनगर के सचिव विजय गुप्ता, उपाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, सह सचिव सदरे आलम, निदेशक इम्तियाज आलम, महेन्द्र तिवारी, अरुण वर्मा, अमरेन्द्र नारायण सिंह, वन दरोगा रामध्यान पाण्डेय, जलालुद्दीन, रामाधार, वन रक्षक राजेश चौधरी, विवेक कुमार, मुकेश कुमार, सन्तोष यादव, रामभरोसा, शिक्षक राजन चौरसिया, शिक्षिका संगीता सिंह, अमृता सिंह, संध्या सिंह, जय प्रकाश सिंह एवं आदिल खान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सावन को लेकर मंडलायुक्त व डीआईजी ने तैयारियों की ली समीक्षा




**देवरिया।** गोरखपुर मंडल के मंडलायुक्त अनिल ढींगरा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर रेंज गोरखपुर शिवासिम्पी चिनप्पा ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सावन माह के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि पूरी सतर्कता बरती जाए ताकि कोई भी अप्रिय घटना न घटे। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से तैयारियाँ पूर्ण करने का निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि नदियों में बैरीकेटिंग की जाए ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा बनी रहे।

मंडलायुक्त ने यह भी कहा कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रखी जाए। अस्थायी विश्राम स्थल, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए, तथा संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल और सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था पर जोर दिया गया।

पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर रेंज गोरखपुर शिवासिम्पी चिनप्पा ने कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में नियमित गश्त और चेकिंग तेज की जाए।

सुरक्षा प्रबंध की समीक्षा दौरान मंदिरों, धार्मिक स्थलों, और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की रणनीति बनाई गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और खुफिया तंत्र को सक्रिय करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने मंडलायुक्त एवं डीआईजी को आश्वस्त किया कि उनके निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाएगा। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी पर्वों को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि किसी प्रकार की शिकायत की गुंजाइश न रहे।

# जनप्रतिनिधि और अधिकारी करें जिले का विकासः सांसद

**देवरिया ।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी तथा सह-अध्यक्षता सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने की। बैठक में ग्राम्य विकास राज्य मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम, विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जनपद में विकास की गतिविधियों को और प्रभावी व तेज गति से क्रियान्वित किये जाने की अपेक्षा की गयी सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के विकास की प्रतिबद्धता होनी चाहिये। अधिकारी व जनप्रतिनिधि जनता के हित में समन्वयपूर्वक कार्य करें। उन्होंने जन कल्याणकारी व जनता के प्राथमिकताओं से जुडे कार्यो को शीघ्रता व गुणवत्ता के साथ पूर्ण किये जाने का आवाहन करते हुए कहा कि अधिकारी व जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनपद में विकास की गति को और बढाये तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी अहम भूमिका निभायें। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी समस्याओं पर विशेष ध्यान देने और उनमें सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता जताई। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एक दूसरे के पूरक हैं, जिन्हें मिलकर जनता की समस्या का समाधान करना है। उन्होंने विद्युत व लोक निर्माण की अलग से बैठक जनप्रतिनिधियों के साथ कराये जाने को कहा। सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने जन सुविधाओं से जुडे समस्याओं को रखते हुए अधीक्षण अभियंता विधुत से विधुत क्षति के लिए किये गये कार्यो का विवरण ट्रांसफार्मरो के प्रतिस्थापन व क्षमतावृद्धि की जानकारी उपलब्ध कराये जाने को कहा। उन्होंने कई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरो की कमी, राजकीय महिला विद्यालय हरनही की वस्तुस्थिति से अवगत कराये जाने को कहा। उन्होंने प्रतापपुर चीनी मिल के गन्ना भुगतान की जानकारी चाही। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक 76 प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है, शेष के भुगतान हेतु प्रयासरत है ।राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने मलहपुरवा में कटान रोकने हेतु प्रतिरोधी कार्यो को कराये जाने, सलेमपुर व लार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की कमी बताते हुए चिकित्सों की तैनाती किये जाने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में यह विशेष रुप से ध्यान देने को कहा कि जरुरतमंद का नाम सर्वे मे न छूटे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत अब 5 किलोमीटर सडक का मानक रखा गया है। इसलिए अधिक से अधिक जनपद के इस योजना में सम्मिलित किये जाने हेतु सडको का प्रस्ताव भेजा जाये। एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना में जनपद के आवश्यक प्रस्तावों को प्राथमिकता के साथ सम्मिलित किये जाने को कहा। सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने बैतालपुर व देवरिया में रेलवे अन्डरपास बनाये जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने महत्वपूर्ण व आवश्यक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा भी लगाये जाने को कहा। इसमें समाज के लोगो का भी सहयोग लिये जाने पर बल दिया रामपुर कारखाना विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि विधायक निधि द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने हेतु धनराशि दिए गए है, परन्तु इस कार्यो में काफी विलम्ब होता है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने में तेजी लाये जाने को कहा भाटपाररानी सभाकुंवर कुशवाहा ने अपने क्षेत्र में बन रहे निमार्णाधीन आईटीआई भवन के अभी तक पूर्ण नही होने तथा कार्य की गुणवत्ता भी सही नही होने की बात रखी तथा निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने को कहा। रुद्रपुर विधायक जय प्रकाश निषाद ने कहा कि जल निगम की प्रति रिपोर्ट नही मिल पाती है तथा हर घर नल योजना के तहत घरो तक पानी नही पहुँच पा रहा है। इस पर विशेष रुप से ध्यान देने की जरुरत है। रुद्रपुर विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा 50 बच्चों से कम बेसिक विद्यालयों को मर्ज किये जाने को 15 जुलाई तक इस पर समय दिए जाने तथा इस अवधि तक जो विद्यालय 50 से अधिक बच्चों का नामांकन करा लेते है उसे मर्ज न किये जाने पर विशेष रुप से सभी प्रतिनिधियों द्वारा जोर दिया गया जिलाधिकारी ने इस संबंध में कहा कि शासन के संज्ञान में लाये जाने हेतु पत्र व्यवहार किया जायेगा। बरहज विधायक दीपक मिश्रा ने भी जनसुविधाओं व जन समस्याओं से जुडे समस्याओं को रखा। बैठक में विद्यालयों की चारदीवारी निर्माण, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, जल जीवन मिशन पेंशन, शौचालय निर्माण सहित अन्य विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

- समिति के दिशा निर्देशों के अनुरुप अधिकारी करें कार्य : डीएम




## शिक्षक हितों के लिए समर्पित रहा उमाशंकर लाल श्रीवास्तव का जीवनः दिनेश

**.देवरिया।** माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक बीआरडी इण्टर कालेज के सभागार में हुई। जिसमें शिक्षक संघ के पूर्व मण्डलीय मंत्री एवं लम्बे समय तक जिलाध्यक्ष रहे उमाशंकर लाल श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर शोक जताया गया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार तिपाठी ने कहा कि उमाशंकर लाल का पूर्ण जीवन शिक्षक हितों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने शिक्षक हितों के लिए सदैव संघर्ष किया तथा संगठन का नेतृत्व लम्बे समय तक किया। सार्वजनिक जीवन में भी वे अपनो गांव पिपराकोट में 22 वर्षों तक प्रधान के रूप में प्रतिनिधित्व किया। उनके निधन से शिक्षक समाज की अपूर्णनीय क्षति हुई है। प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि उमाशंकरलाल एक जुझारु और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। उन्होंने पूरा जीवन शिक्षक समस्याओं को लेकर अनवरत संघर्ष किया ।जिला मंत्री विजय भारत सिंह ने कहा कि वे बात के धनी थे। जो कहते थे उसे पूरा करते थे ।कोषाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने उनकी कार्यशैली और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे शिक्षक समाज के लिए अनुकरणीय है। हम उनके दिखाये मार्ग पर चलते रहेंगे। प्राथमिक शिक्षक अनुसू ?चित जाति के प्रदेश अध्यक्ष मिश्रीलाल ने कहा कि उमाशंकर लाल श्रीवास्तव का जीवन संघर्षों का पर्याय रहा। वे जीवन के अंतिम क्षण तक संगठन हित की चर्चा करते रहे। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से पूर्व प्रधानाचार्य दीनानाथ यादव, धनन्जय उपाध्याय, करुणेश प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य रमेश सिंह, कमलेश कुमार, राजेश गुझा, सुशील मिश्रा, अविनेश सिंह, बालसुधा, नवीन चन्द्रशर्मा, अरविन्द कुमार, प्रीतम, राजेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## पेंशनरो ने दी उमाशंकर लाल को श्रद्धांजलि

**देवरिया।** उ. प्र. पेंशनर्स कल्याण संस्था की बैठक अध्यक्ष श्रीराम त्रिपाठी की सदारत में हुई। जिसमें कार्यकारिणी सदस्य उमाशंकर लाल श्रीवास्तव के निधन पर शोक जताया गया और दो मिनट मौन रखकर मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।

संक्षेप

## बाइक से गिरकर महिला की मौत

**पाटन, उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम आकमपुर निवासी छेदीलाल की पत्नी किशन कुमारी 55 वर्ष अपने घर से बेटे के साथ समय लगभग 11:00 बजे बुधवार को मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी में जा रही थी गांव के अंदर सड़क पर बने गति अवरोधक में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से उछाल कर गिर गई गिरने से उसके सर में गंभीर चोट आ गई और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर कानूनी कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि मृतक महिला का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम के पश्चात अन्य कार्यवाही की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी

**पाटन उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम रावतपुर में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में रितिका 20 वर्ष पत्नी चेतन प्रजापति ने घर के अंदर कमरे में छत में पंखे गुंडे कुंडे में रस्सी से फंदा लगाकर समय लगभग 10:00 बजे फांसी लगाकर खुद कुशी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना मृतका की मां ने थाना पुलिस को देकर बताया कि मेरी पुत्री की शादी मात्र चार माह पूर्व हुई थी, मृतका का पति रोजी-रोटी कमाने के लिए बहरीन में है मृतका घर में अकेली रहती थी फांसी लगाए जाने का मामला संदिग्ध प्रतीत होता है।

## दुकान का शटर तोड़ नकदी और सामान पार किया

**पुरवा, उन्नाव।** क्षेत्र के तारनखेड़ा गांव के पास स्थित ट्रेडर्स व्यवसाई की दुकान से बुधवार रात चोर ने शटर का ताला तोड़कर अंदर रखे इनवर्टर, बैटरा व दस हजार नकद पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

कस्बे के मुहल्ला पश्चिम टोला निवासी जितेंद्र कुमार दही-पुरवा मार्ग किनारे गांव तारनखेड़ा के पास ट्रेडर्स की दुकान किए हुए है। बुधवार रात स्वास्थ्य सही ना होने के चलते जितेंद्र घर आ गया था। गुरुवार सुबह जब दुकान पहुंचा तो शटर का ताला टूटा देख दंग रह गया। अंदर जाकर देखा तो दुकान में रखा इनवर्टर, बैटरा व दस हजार नकद गायब था।

आसपास के लोगो से जानकारी की। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

## ट्रक वैन की टक्कर में दो की मौत तीन घायल

**महोली/ सीतापुर।** बेकाबू ट्रक कंटेनर ने वैगन आर में मारी ठोकर दो की मौत तीन घायल घायल। कोतवाली क्षेत्र के कस्बे में बाईपास सीतापुर की तरफ से आ रही ट्रक कंटेनर जिनकी संख्या यूके 06सीबी 0063 ने वैगआर संख्या यूपी 34 एम 4440 में टक्कर मार दी जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तीन व्यक्ति घायल हो गए।

घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है वही ट्रक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मालूम हो कि वैगन आर संख्या यूपी 34/एम4440 से संजय गुप्ता पुत्र शिवकुमार गुप्ता, विपुल पुत्र प्रेम किशोर, रामौतार सिंह पुत्र लालता, सरोज पुत्र चंदिका, सुनील पुत्र कृष्ण अपनी कार से महोली से मुडकर शाहजहांपुर की तरफ जा रहे थे सीतापुर की तरफ से आ रही ट्रक संख्या यूके 06/ 0063 ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें संजय पुत्र शिवकुमार, रामौवतार सिंह पुत्र लालता की मौके पर मौत हो गई। वहीं विपुल पुत्र प्रेम किशोर, सरोज पुत्र चंद्रिका जलालपुर, सुनील पुत्र कृष्ण दत्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सीय परीक्षण के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# किसी भी धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले संगीत न बजाये जायें: जिलाधिकारी

जिला संवाददाता




**सीतापुर।** आगामी त्यौहारों पर्वों पर साम्प्रदायिक सद्भाव, शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने खैराबाद, लहरपुर एवं बिसवां के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने खैराबाद में रोजा दरवाजा, माखूपुर, पुरानी बाजार, बाजदारी टोला एवं कर्बला आदि स्थलों पर रूटमार्च किया। कस्बा लहरपुर में चिक्की टोला एवं शाह चारमीना कब्रिस्तान (कर्बला) तथा कस्बा बिसवां में बाबा गुलजार शाह कब्रिस्तान एवं पत्थर शिवाला मंदिर, बड़ा चैराहा आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आगामी पर्वों एवं त्योहारों के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा अभी तक की गयी तैयारियों को देखा। जिलाधिकारी एवं पुलिस

**● आगामी पर्वो पर साम्प्रदायिक सद्भाव कायम रखने के लिए डीएम व एसपी ने विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण**

अधीक्षक ने निर्देश दिए कि आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाये। उन्होंने अपेक्षा की कि किसी भी नई परम्परा की शुरूआत न की जाये। ताजिए की ऊंचाई निर्धारित ऊंचाई से अधिक न रखी जाये।

निरीक्षण के दौरान आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा उपयोगी सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। आयोजकों ने शांति एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने हेतु प्रशासन को अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

?जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन हेतु पूर्ण तैयारी सुनिश्चित की जाए। ताजिया की ऊंचाई निर्धारित सीमा से अधिक न हो, और डीजे पर केवल धार्मिक भजनध्संगीत का ही प्रयोग हो। किसी भी धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले संगीत को न बजाया जाये। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता एवं प्रकाश हेतु प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ताजिये से संबंधित रूट का भी निरीक्षण किया तथा समुचित व्यवस्थाएं सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये।

पत्थर शिवाला मंदिर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मंदिर एवं कावड़ मार्गों पर सीसीटीवी, प्रकाश तथा बैरीकेटिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बिसवां स्थित बड़ा चैराहा का निरीक्षण कर सीसीटीवी, बैरीकेटिंग एवं यातायात प्रबंध हेतु समुचित व्यवस्था करने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। ?निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नंद तिवारी, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला सहित संबंधित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीडीओ कृति राज ने कैंपेन का शुभारम्भ किया

**उन्नाव।** उम्मीद परियोजना जो कि स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा मोबिउस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से उन्नाव जनपद के 8 ब्लॉक में चलाई जा रही है। कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में मुख्य विकास अधिकारी कृति राज की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की बैठक का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, एन.आर.एल.एम. विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सामाजिक व्यवहार परिवर्तन एवं परिवार नियोजन की जानकारी के प्रचार-प्रसार लाने वाले कैंपेन ह्यइतनी भी क्या जल्दी है को लांच किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि एस.बी.सी.सी कैंपेन ह्यइतनी भी क्या जल्दी है? का उद्देश्य पोस्टर्स, फिल्मों, जिंगल्स आदि का प्रयोग कर परिवार नियोजन के प्रति जन-जन में जागरूकता पैदा करना है। एसबीसीसी अभियान ह्यइतनी भी क्या जल्दी है? के प्राथमिक विषय और संदेश हैं सही उम्र में शादी, पहला बच्चा देरी से, दो बच्चों के जन्म में अंतर तथा आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली का सही उपयोग हैं। लांच के दौरान चारों विषयों पर आधारित पोस्टर्स का विमोचन, तथा प्रचार प्रसार हेतु बनाई गयी लघु फिल्मों और जिंगल्स को जारी किया गया।

## एक पेड़ मां के नाम विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया



**नवाबगंज, उन्नाव।** एक पेड़ मां के नाम सहकारिता विभाग द्वारा नवाबगंज नगर पंचायत के पक्का तालाब एवं चैत्रवर मेला प्रांगण परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह के नेतृत्व में किया गया। बृहद वृक्षा रोपण अभियान के क्रम में आज जिले की मोहान विधान सभा अंतर्गत नवाज गंज के चैत वर मेला परिसर पक्का तालाब प्रांगण में देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर एक पेड़ मां के नाम से आयोजित कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बी जे पी जिला अध्यक्ष ने वृक्ष लगाकर कार्यकम की शुरूवात की। इससे पूर्व उन्होंने अपने संबोधन में सभी से आवाहन किया कि हर व्यक्ति अपने हाथ से वृक्ष लगाकर उनकी सेवा करे। अरुण सिंह ने 10 साल वर्ष पूर्व पक्का तालाब परिसर में लगाए गए बरगद के पेड़ जो उनके नीचे हाथों द्वारा लगाया गया था उसके नीचे ही आज एक गोष्ठी और चैपाल लगाकर वृक्षारोपण हेतु जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ आज सहकारिता विभाग के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम संयोजक जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब गंज अरुण सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान करते हुए आज से 10 वर्ष पूर्व अपने हाथ से रोपित किए गए बरगद के वृक्ष को दिखाते हुए उसी के नीचे स्थापित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर नमन किया और सभी से वृक्ष लागने की बात कही। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शशि कांत राजपूत नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा क्षितिज शुक्ला, सहकारी बैंक के मुख्य कार्य पालक संजय पाण्डेय, सहायक आयुक्त एवं सहकारिता रवींद कुमार सिंह, बद्दू सिंह निलेश दीक्षित सुशील श्रीवास्तव महामंत्री संजय शर्मा नगर पंचायत से संजीव मिश्रा प्रधान पवन शर्मा सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## संयुक्त कार्रवाई कर सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

**सीतापुर।** लहरपुर में राजस्व विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया। यह कार्रवाई बृहस्पतिवार को हरगांव मार्ग स्थित ग्राम रायपुर गंज में की गई। राजस्व निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। निमार्णाधीन पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पास नबीनगर निवासी रमेश कटियार ने चार बिस्वा सरकारी जमीन पर चारदीवारी बनाकर कब्जा कर लिया था। बुलडोजर की मदद से इस अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान केसरीगंज चैकी प्रभारी मनोज गुप्ता पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान लेखपाल राहुल यादव, सचिन श्रीवास्तव, मानवेंद्र वर्मा, ग्राम प्रधान प्रेम और कई ग्रामीण भी मौके पर उपस्थित थे।

## बालिका से छेड़छाड़ का आरोपी पिता गिरफ्तार

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में एक पिता पर अपनी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने बुधवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि सोमवार को उसके पति ने 12 वर्षीय बेटी के साथ अश्लील हरकतें की। पीड़िता ने जब यह बात अपनी मां को बताई, तो आरोपी पिता ने बेटी को जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी पिता के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## पीड़ितों की समस्या का होगा त्वरित समाधान: तहसीलदार



**महोली/सीतापुर।** शासन के निर्देश पर तहसीलदार पद पर तैनात तपस्या यादव की प्रोन्नति उप जिलाधिकारी के पद पर की गई थी। तपस्या यादव ने जिला पर अपनी ज्यानिंग ले ली। महोली तहसीलदार का पद रिक्त चल रहा था। बुधवार को जिला अधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश पर सत्य प्रकाश गुप्ता जो नायब तहसीलदार सदर का कार्य देख रहे थे शासन से प्रोन्नति पा कर तहसीलदार महोली के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व रायबरेली में नायब तहसीलदार का कार्य देख चुके हैं। तहसीलदार सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि वह मूलतः बलिया के निवासी हैं। शासन के निदेर्शों का पालन कराया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान पीड़ितों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। आम जनमानस की समस्या का टीम बनाकर निराकरण करेंगे वहीं अधिवक्ताओं के सहयोग से मुकदमे संबंधी कार्य निस्तारित किए जाएंगे। भूमि विवाद होने पर राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर समस्या का समाधान करेगी।

## अधेड़ व्यक्ति ने 6 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को दिया अंजाम, गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना सदरपुर क्षेत्र के अंतर्गत छः वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म किए जाने की घटना प्रकाश में आई है। घटना की सूचना मिलते ही सदरपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर पीड़िता की मां की तहरीर पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदरपुर क्षेत्र के एक गांव में छः वर्षीय दलित मासूम के साथ दुष्कर्म की शर्मनाक घटना प्रकाश में आई है। थाना सदरपुर इलाके में पीड़िता का परिवार किराए पर रहकर ब्यूटी पार्लर की दुकान चलाती है। पीड़िता के पड़ोस के ही मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता 40 वर्ष ने बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया पीड़िता के पड़ोस के ही रहने वाले ने मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना की है। मासूम की मां की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

## वाहन की खिड़कियों पर जाली अथवा रॉड लगी होनी चाहिए: एआरटीओ

सीतापुर। गुरूवार को परिवहन विभाग 1 जुलाई से 15 जुलाई तक चलाये जा रहे स्कूली वाहनों के विशेष चेकिंग अभियान के तृतीय दिवस 46 स्कूली वाहनों की जॉच की गयी। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुवेर्दी ने स्कूली वाहनों के प्रपत्रों की जॉच करते हुए ड्राइवरों को यातायात नियमों के पालन के निर्देश दिये। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुवेर्दी ने बताया कि अभियान के तहत 08 स्कूली वाहनों का चालान किया गया। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद सीतापुर में कुल 678 वाहन विद्यालय वाहन के रूप में दर्ज हैं। जिसमें 619 वाहनों के पास वैध फिटनेस प्रमाण पत्र है जबकि 58 स्कूली वाहन अनफिट है। जिन्हे पूर्व में ही परिवहन विभाग द्वारा नोटिस जारी की जा चुकी है। उन्होने कहा कि विद्यालय वाहन के लिये परिवहन विभाग की विशेष गाईड लाइन है। जिसके अन्तर्गत ही स्कूली वाहनों का संचालन होगा। गाइड लाइन के अनुसार स्कूली वाहन का रंग पीला होना चाहिए। वाहन पर विद्यालय का नाम, प्रबन्धक प्रधानाचार्य का मोबाइल नम्बर, पुलिस द्वारा चालको का चरित्र सत्यापन, चालक के पास वैध लाइसेंस, परिचालक, वाहन का फिटनेस, बीमा, प्रदूषण आदि प्रपत्र वैध होने चाहिए साथ ही वाहन की खिड़कियों पर जाली अथवा रॉड लगी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त वाहन का 80 प्रतिशत भाग पर रेडियम टेप लगा होना चाहिए। बच्चों को बस में सवार करते समय एवं उतारते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। ड्राइवर सीटबेल्ट लगाकर ही बसों को चलाये साथ ही बस में प्राथमिक उपचार पेटिका का होना अनिवार्य है।

# मैरिज एनिवर्सरी के दिन नवविवाहिता की मौत



**उन्नाव।** जिला अस्पताल के महिला विभाग में एक बार फिर लापरवाही सामने आई, गंगाघाट थाना क्षेत्र के सांभर खेड़ा गांव की रहने वाली लक्ष्मी (21) की डिलीवरी के कुछ घंटे बाद मौत हो गई। मृतका की आज शादी की पहली सालगिरह थी।

### शादी की पहली सालगिरह पर मौत, परिवार में मातम!

लक्ष्मी की शादी 3 जुलाई 2024 को चम्पापुरवा निवासी संदीप के साथ हुई थी। बुधवार शाम प्रशव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, सामान्य डिलीवरी से एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया।

### गलत इंजेक्शन और इलाज में लापरवाही-परिजनों का आरोप!

परिवार का कहना है कि डिलीवरी के बाद हालत बिगड़ने लगी स्टाफ ने इंजेक्शन लगाया जिसके बाद लक्ष्मी की तबीयत और बिगड़ गई और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों का यह भी आरोप है कि इलाज के दौरान रुपए की बार-बार मांग की गई, रुपए की मांग न पूरी होने पर इलाज में लापरवाही स्टाफ ने लापरवाही की।

परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करना शुरू कर दिया दोषियों पर कार्रवाई की मांग!

घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया, गर्भवती की मौत पर भी नहीं चेती स्वास्थ्य व्यवस्था लोगों का गुस्सा फूट गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने स्थिति को संभाला।

# बस-पिकअप-ट्रक की टक्कर में दो दर्जन सवारियां घायल



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हरदोई उन्नाव सडक मार्ग पर गुरुवार दोपहर पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के निकट दूध डेयरी के पास तीन वाहन बस, पिक अप डाला और ट्रक की भिड़ंत में दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सी एच सी फतेहपुर चैरासी और सफीपुर भेजा गया। प्राथमिक उपचार

**● सूचना पर घायलों को निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया**

के बाद सफीपुर से पन्द्रह और फतेहपुर चैरासी से दो लोगों को रेफर कर दिया गया है। जबकि कुछ लोगों को हल्की चोट होने पर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बस और डाला की टक्कर होते ही मौके पर कोहराम मच गया। एक्सीडेंट की सूचना पर जहां थाना पुलिस मौके पर पहुंची वहीं एस डी एम सफीपुर और सी ओ सफीपुर भी मौके पर पहुंच गए।

सड़क पर दोनों तरफ वाहनो की कतार लगी लेकिन प्रशासन ने तत्काल जे सी बी मंगाकर दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को हटवा दिया और रास्ता साफ कराकर वाहनों को निकलवाना शुरू कर दिया जिससे आवागमन में कोई व्यवधान नहीं आया। हरदोई उन्नाव रोड पर चलने वाली एक बस हरदोई की तरफ से उन्नाव जा रही थी। काली मिट्टी चैराहे से आगे जैसे ही बस पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय से आगे बढ़ी तो दूध डेयरी के पास सामने से आ रहा एक पिकअप डाला ट्रक से आगे निकलते हुए बस के सामने आ गया जिससे बस और डाला की आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस और डाला पलट गए और दोनों क्षति ग्रस्त हो गए। आस पास से निकल रहे लोगों के अनुसार बस पलटते ही उसमें सवार सवारियों में कोहराम मच गया और कई लोग घायल हो कर चीखने लगे जिससे आस पास से निकल रहे लोगों ने घायलों को किसी तरह निकालना शुरू कर दिया। इस बीच थाना पुलिस को भी सूचना मिली जिसपर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। घायलों में खलेल पुरवा बिलग्राम निवासी अनीता, गंज मुरादाबाद निवासी आमिर व शकीला, उन्नाव निवासी पियूष, कोरारी अचलगंज निवासी सुजीत, रजाकपुर निवासी सुशील, रूपरानी, अंकेश, तालिबपुर रहली निवासी भरतलाल, बिलग्राम निवासी सुदामा, परियर निवासी सूरजबली, मद्दू खेड़ा निवासी पलक, विमला, रायबरेली निवासी गुलाब, दरौली निवासी रोशन को सफीपुर सी एच सी घायल अवस्था में भेजा गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं रसूलपुर निवासी निधि और नैना, रंजीत खेड़ा निवासी नेहा, रायबरेली निवासी सिद्धार्थ को सी एच सी फतेहपुर चौरासी भेजा गया जहां से निधि व नैना को रेफर किया गया।

# बिसवां ब्लॉक में जमकर हो रहा मनरेगा घोटाला



जिला संवाददाता

**सीतापुर।** विकासखंड बिसवां में आज कल मनरेगा कार्यों में कम मजदूर लगाकर सैकड़ों मजदूरी उपस्थिति दिखाकर प्रतिदिन लाखों रुपये की सरकारी धन लूटने की होड़ लगी हुई है। मगर आज तक किसी उच्चाधिकारी ने सिर्फ कागजों के अलावा मौके का सत्यापन नही किया है। जिससे प्रतिदिन लूट का खेल चल रहा है। बारिश तथा रविवार के दिन भी तालाबों की खुदाई चल रही है। जबकि बारिश होने के कारण तालाब की खुदाई संभव नहीं है। बुधवार को भी समूचे ब्लॉक क्षेत्र में जमकर मनरेगा घोटाला हुआ। गुरुवार को अशरफपुर बन्नी घुरैन बेनीपुर बिसेंडा इटादहा समेत 45 काम, 68 मस्टररोल दिखाकर 477 फर्जी मजदूरों की हाजिरी लगाई गई। जबकि मौके पर संख्या निहायत कम थी। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मझिगवा कला में मनरेगा योजना में लाखों रुपयों का सरकार को चूना लगाया जा रहा है। सरकारी धन का हो रहा बंदरबांट। 3 कार्यों पर करीब 84 लोगों की उपस्थिति कई दिनों से दर्ज कराई जा रही है। दो कार्यों पर फोटो से फोटो अपलोड हो रही है। तीसरे कार्य पर कुछ ही लोग होते हैं।

पहला कार्य ग्राम मझिगवां कलां में गुड्डू के खेत से ईश्वरी के खेत तक चकबंध कार्यह्न मौके पर मात्र चार मजदूर उपस्थित बाकी लेबर कागजों पर। दूसरा कार्य टेडवा में सीसी रोड से झील तक चकबंध कार्य मौके पर छह मजदूर मौजूद शेष नदारद। तीसरा कार्य सरदार वल्लभभाई पटेल अमृत सरोवर तालाब खुदाई कार्य पर मजदूर नदारद। जबकि कागजों पर करीब सैकड़ों मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी भरकर सरकार की जनकल्याणकारी योजना से लाखों रुपये ग्राम प्रधान, सचिव रोजगार सेवक तकनीकी सहायक ग्राम पंचायत मझिगवां कलां में आखिर किसके संरक्षण में डकारें जा रहे हैं। ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार ने पांव जमा रखा है। रोजगार सेवक द्वारा फोटो से फोटो अपलोड करने में जरा सा भी किसी अधिकारी का भय नहीं रहता है। अब ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी इस प्रकरण पर संज्ञान लेकर क्या करते हैं कार्यवाही? बना चर्चा का विषय।

## गलत इंजेक्शन लगाने से युवक की मौत का आरोप

सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिसवां के मोहल्ला थाना तहसील में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हिमांशु शाह के रूप में हुई है, जो राजेश के पुत्र थे। मंगलवार की रात हिमांशु की तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे बगिया नामक निजी अस्पताल ले गये। डॉक्टर ने उपचार के बाद उसे घर भेज दिया।

अगली सुबह हिमांशु दवाई लेने अस्पताल पहुंचा। मृतक की मां सोनी शाह के अनुसार, अस्पताल में उनके बेटे को दो इंजेक्शन लगाए गए। इंजेक्शन लगते ही हिमांशु की सांस रुक गई और उसका शरीर अकड़ने लगा। डॉक्टर के कुछ कर पाने से पहले ही उसकी सांस वापस नहीं आई। परिजन तुरंत हिमांशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां ले गये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां ने बगिया अस्पताल पर गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गलत इंजेक्शन की वजह से उनके बेटे की मौत हुई। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच कर रही है।

# युवक का संदिग्ध हालत में बोलेरो गाड़ी में मिला शव

जिला संवाददाता

**सीतापुर।** शहर के बटसगंज इलाके में गुरुवार सुबह एक बोलेरो गाड़ी से युवक का संदिग्ध हालात में शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जितेंद्र भार्गव 35 वर्ष निवासी ग्राम इमलिया, थाना महोली के रूप में हुई है। वह बुकिंग पर गाड़ी चलाया करता था। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। यह वारदात जिला अस्पताल-बटसगंज मार्ग पर स्थित हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक जौहरी के क्लीनिक के सामने सामने आई। गुरुवार सुबह करीब 7 बजे स्थानीय लोगों ने कार की पिछली सीट पर युवक को अचेत पड़ा देखा। काफी देर तक कोई हलचल न होने पर पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक बोलेरो रात करीब 3 बजे से वहीं खड़ी थी, जिससे लोगों को शक हुआ। जब पुलिस ने कार की जांच की तो पीछे की सीट पर जितेंद्र का शव मिला। जिस पर चोटों के कई निशान थे।

### गाडी से मिले थी कोर्ट मैरिज, दस्तावेज

जांच के दौरान पुलिस को कार से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले, जिससे पता चला कि जितेंद्र ने करीब 3 महीने पहले सुमन नामक महिला से कोर्ट मैरिज की थी।

दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ला और सीओ सिटी अमन सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### फोरेंसिक टीम जुटी साक्ष्य जुटाने में

मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस का मानना है कि जितेंद्र बुधवार देर रात किसी बुकिंग पर सीतापुर आया था। उसी दौरान उसके साथ वारदात हुई। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट में सुनी जनसमस्याएं

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कक्ष में जन सुनवाई के दौरान उपस्थित जन सामान्य की शिकायतों को एक-एक व्यक्तियों से सुन कर संबंधित अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराएं।

उन्होंने कहा कि जो भी जन सुनवाई के दौरान समस्याएं आ रही है उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं एवं शिकायतकर्ता को निस्तारण से संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। जन सुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर, अपर जिलाधिकारी एल/ए, उप जिलाधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## दो दुकानों से लाखों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**ललितपुर।** जिले के मवेशी बाजार में चोरों ने सुबह 5 बजे दो दुकानों पर धावा बोलकर लाखों रुपये की चोरी को अंजाम दिया। अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकान से डेढ़ लाख रुपये और कैलगुआ चैराहे के पास मातोश्री ट्रेडर्स की एग्रीकल्चर दुकान से 1.60 लाख रुपये की चोरी हुई। चोरों ने शटर तोड़कर दुकानों में प्रवेश किया और नकदी समेत कीमती सामान ले उड़े। पूरी घटना दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमें चोर ट्रैकसूट और टोपी पहने नजर आए। दुकानदारों ने सुबह दुकान खोलने पर चोरी का मंजर देखा तो उनके होश उड़ गए। यह दूसरी बड़ी चोरी की घटना है, इससे पहले चांदमारी मोहल्ले में एक मकान से 10 लाख रुपये की चोरी हुई थी। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। अब सबकी निगाहें ललितपुर पुलिस पर टिकी हैं कि वह इस सिलसिलेवार चोरी के मामले में चोरों को कब तक गिरफ्तार कर पाती है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## खदान में उतराता हुआ मिला शव

**ललितपुर।** मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम रजवारा में गुरूवार की सुबह खदान में भरे पानी में एक व्यक्ति का शव उतराता हुआ मिलने से हड़कम्प मच गया।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को खदान से निकलवाकर शिनाख्त के प्रयास किये तो व्यक्ति की शिनाख्त रमेश राठौर के रूप में कर ली गयी।

इस सम्बन्ध में मृतक के पुत्र नीतेश राठौर ने बताया कि उसके पिता सब्जी लगे खेत में रखवाली करने के लिए गये हुये थे। नीतेश ने दावा किया कि खेत की ओर जाते समय बीच में पड़े वाली खदान में रमेश राठौर का पैर फिसल गया होगा और वह खदान में गिर गये और डूबने से उनकी मौत हो गयी।

सुबह जब वह खेत की ओर जा रहा था, तो उसने अपने पिता का शव खदान में उतराता हुआ देखा।

## प्रवेश के लिए करें पंजीकरण

**ललितपुर।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दैलवारा के प्रभारी प्रधानाचार्य ने जानकारी देते हुये बताया है कि विद्यालय द्वारा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में कक्षा 6 में कुल 80 सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन लिये जा रहे हैं। प्रभारी प्रधानाचार्य लालता प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होगी, जिस हेतु ऑनलाइन आवेदन विद्यालय की ट नवोदयाडॉटजीओव्हीडॉटइन पर किया जा सकता है। पंजीकरण करने से पूर्व बेवसाइट से ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया को अवश्य पढ लें और दिशा निर्देश जानकर आवेदन करें।

## सड़क मरम्मत न होने से जल निगम की ट्राली फंसी

ललितपुर। नगर क्षेत्र के जुगपुरा मोहल्ले में जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने के बाद सड़क मरम्मत न कराए जाने से क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते सड़कों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब सरकारी वाहन भी कीचड़ में फंस रहे हैं। बीते दिन जल


- ठेकेदार की लापरवाही से परेशान जनता

निगम की एक ट्राली जो पाइप लोड कर लाई जा रही थी, कीचड़ भरी सड़क में बुरी तरह फंस गई। ट्राली के फंसने से स्थानीय आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

इससे न केवल सरकारी कार्य प्रभावित हुआ बल्कि आमजन को भी बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि जल निगम द्वारा पाइपलाइन डालने के बाद सड़क की हालत और भी बदतर हो गई है, लेकिन ठेकेदार द्वारा मरम्मत के कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। लापरवाही और शिथिल कार्यप्रणाली के कारण लोग रोजाना कीचड़ और गंदगी से होकर निकलने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों ने कहा कि हमने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। छोटे बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच पा रहे और बीमारों को अस्पताल ले जाना मुश्किल हो गया है। जनता ने प्रशासन से मांग की है कि ठेकेदार पर कार्रवाई करते हुए शीघ्र सड़क की मरम्मत कराई जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# आयुक्त ने किया काव्य संग्रह निर्वाण के दीप का विमोचन



**बांदा।** आयुक्त ने मुकेश कुमार, आनंद अमितेष के द्वितीय काव्य संग्रह निर्वाण के दीप का विमोचन आयुक्त सभागार में गुरूवार को किया। जनपद महोबा में ए. डी. एस. टी. ओ. के पद पर तैनात मुकेश कुमार अलीगढ़ जनपद के मूल निवासी हैं उनकी यह पुस्तक भारत के मशहूर प्रकाशक मंजुल पब्लिकिंग हाउस, भोपाल से प्रकाशित होकर बाजार में आई है और यह एमेजॉन पर उपलब्ध है। आनंद अमितेष की पहली पुस्तक ह्यह्यजल उठे चरागह्नह्न भी एक अन्य बड़े प्रकाश राजकमल समूह के लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद से वर्ष 2018 में प्रकाशित हुई जिसकी भूमिका स्वर्गीय पद्मश्री एवं महाकवि गोपाल दास नीरज ने स्वयं लिखी। अमितेष स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं कि वह नीरज के जीवन के अंतिम दिनों में उनके बेहद निकट रहे। निर्वाण के दीप के विमोचन के समय उन्होने नीरज से मिले प्रेम और स्नेह को याद किया। अपनी दूसरी पुस्तक निर्वाण के दीप के काव्य के बारे में बात करते हुए उन्होने बताया कि ध्यान की गहरी स्थिति में प्रार्थनापूर्ण ह्रदय से अनुग्रह की दशा में काव्य के रूप में जो अभिव्यक्त हुए, उन भावों को उन्होने काव्य के रूप में अभिव्यक्ति दी है। उन्होने बताया कि समय की दो धाराएं मानी जाती हैं, एक होरिजोंटल और दूसरी वर्टिकल। मन सदैव समय की होरिजोंटल धारा में ही जीता है इसलिए हमने समय को भी अतीत, भविष्य और वर्तमान तीन भागों में विभक्त किया है और समय को विभक्त करके जीने से ही जीवन के कैदखाने निर्मित होते हैं। लेकिन समय की जो वर्टिकल धारा है वहां न अतीत होता है और न भविष्य होता है। वहां अविछिन्न रूप से केवल वर्तमान ही रहता है। ध्यान की गहन भाव दशा में जब हम अपने ही मन का अतिक्रमण करते हुए समय की वर्टिकल में प्रवेश करते हैं तब हमें जीवन की शाश्वतता का बोध होता है, अनजान शिखरों से अपने ही अमरत्व की कोई खबर मिलनी प्रारंभ होती है। वहीं हमें परमात्मा के अनुभव की प्रतीती होती है। केवल उन भाव दशाओं में प्रवेश के उपरांत ही निर्वाण के दीप जैसा काव्य संग्रह जन्म लेता है उनके द्वारा लिखी हुई दोनो ही पुस्तकों ने काव्य की ऊंचाईयों एवं पाठकों के ह्रदय को गहराई से स्पर्श किया है। ओशो, बुद्ध, कबीर, नानक, मेहेर बाबा, लाओत्सो, मंशूर, सरमद, शंख भीला, गुलाब और गुल्लेशाह के साथ भारत की पूरी संत परंपरा को याद किया। आयुक्त अजीत कुमार ने निर्वाण के दीप पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि सजग एवं शांत रहने से बड़ी सफलता मिलती है। उन्होने निर्वाण के दीप पुस्तक लिखने वाले अपर जिला सांख्यिकीय अधिकारी महोबा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके द्वारा लिखी गयी पुस्तक से ज्ञान के माध्यम से समाज को लाभ मिलेगा। कहा कि जब हम ज्ञान की स्थिति में होते हैं तो श्रेष्ठ वस्तु प्राप्त होती है। उन्होने रवीन्द्र नाथ टैगोर की गीतांजलि पुस्तक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसको गहराई से अध्ययन करने पर ज्ञान प्राप्त होगा।

## संविदा विद्युत कर्मचारियों को धरना 73वें दिन भी रहा जारी

**अयोध्या।** विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश अयोध्या जोन अयोध्या के जोनल अध्यक्ष के ए न सिंह की अध्यक्षता मे मुख्य अभियंता क्षेत्र अयोध्या के कार्यालय पर 73 वे दिन निविदा संविदा कर्मचारियों को कार्य पर वापस रखवाने के लिए धरना चलता रहा।

वही विद्युत मजदूर पंचायत संघ के जिला अध्यक्ष जय गोविंद सिंह ने मुख्य अभियंता के ऊपर आरोप लगाते हुए कहां की मुख्य अभियंता कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने वजह मुझे व्यक्तिगत रूप से टारगेट कर रहे हैं हर 15 दिन पर एक अर्धदंड नोटिस मुझे भेज कर धरने को कमजोर करने का काम कर रहे हैं कल छठवीं नोटिस हमको प्राप्त हुई है जो अर्धदंड का पूरा 18 करोड़ 10 लाख यानी की टोटल 30 जून तक अर्धदंड का नोटिस इनके द्वारा प्राप्त कराया गया है नोटिस के मुताबिक आंदोलन इस संकल्प के साथ प्रारंभ हुआ कि आज किसी भी कीमत पर जब भी मुख्य अभियंता अपने कार्यलय मे बैठेंगे तो उनके चैखट पर सारे कर्मचारी बैठकर उनसे वार्ता करेंगे और जब तक मुख्य अभियंता लिखित निर्णय नहीं करते ना ही कर्मचारी घर जायेगे और ना मुख्य अभियंता को घर जाने देंगे किसी भी दसा मे कर्मचारियों को न्याय देना ही होगा।

# हत्या की गुत्थी में उलझा मामला

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** जनपद के महरौनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सैदपुर निवासी प्रतिपाल सिंह ने अपने भाई की हत्या को लेकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रतिपाल सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके भाई राजेन्द्र उर्फ राजू को 26 जून 2025

- भाई की मौत पर न्याय की गुहार, आत्मदाह की चेतावनी

को शाम लगभग 5 बजे गांव का ही एक व्यक्ति व दूसरा ग्राम नारायणपुर निवासी व्यक्ति जबरन घर से ले गए। मृतक की पत्नी के विरोध के बावजूद दोनों आरोपी उसे खेत पर बतर देखने के बहाने से शराब की दुकान होते हुए ले गए। प्रतिपाल के अनुसार, शराब की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों में इनकी उपस्थिति दर्ज हुई है।

मूल रूप से यह आरोप लगाया गया है कि खेत पर ले जाकर राजेन्द्र की निर्मम हत्या कर दी गई और शव को रामपुर मौजा के चिरोल गांव में एक पेड़ पर लटका दिया गया, जिससे आत्महत्या का भ्रम फैलाया जा सके। प्रत्यक्षदर्शियों में करौंदा गांव निवासी मूसा खां के पिता याकूब ने तीनों को मोटरसाइकिल पर जाते देखा था। अगले दिन सुबह मूसा खां ने ही फोन पर राजेन्द्र के परिजनों को सूचना दी कि उनका भाई एक पेड़ से लटका हुआ है।

पीड़ित परिवार ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद उन्होंने 29 जून को महरौनी थाने में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोपियों को हिरासत में लेकर छोड़ दिया गया, और हत्या जैसे गंभीर अपराध में भी उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित प्रतिपाल सिंह ने बताया कि मृतक राजेन्द्र अपने तीन बच्चों (दो पुत्र, एक पुत्री) के जीवनयापन का एकमात्र सहारा था। अब पूरे परिवार का कोई सहारा नहीं है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और परिवार को न्याय दिलाया जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे आत्मदाह जैसा कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे। जनपद में इस घटना से लोगों में आक्रोश है और प्रशासन पर निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई का दबाव बढ़ता जा रहा है।

## जिला पंचायत की टेंडर प्रक्रिया संपन्न



जिला संवाददाता

**महोबा।** जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी नें एक प्रेस वार्ता बुलाकर जानकारी दी कि 7 फर्मों ने अपने दस्तावेज जमा किए थे लेकिन उनमें से 3 फर्मों के कागजात पूर्ण नहीं थे। लखनऊ की फॉर्म द्वारा सर्वाधिक 25 करोड़ 43 लाख 57 हजार रुपए की बोली लगाई गई जो कि पहले से 12 करोड़ 30 लाख अधिक है। इस धनराशि से जिले के विभिन्न विकास कार्यों को कराया जाएगा।

बता दें कि जिला पंचायत खनिज परिवहन शुल्क बसूली ठेका 7 जुलाई 25 से 31 मार्च 26 तक के लिए तहबाजारी की ई आक्सन प्रक्रिया भारत सरकार के पोर्टल पर पारदर्शी ढंग से संपन्न की गई। टेंडर प्रक्रिया में 7 फर्मों ने आवेदन किया था। दस्तावेजों के तकनीकी परीक्षण 30 जून 2025 से 1 जुलाई शाम तक किया गया इनमें से 3 फर्मों के दस्तावेज जांच समिति ने मानक अनुरूप न होने के चलते निरस्त कर दिए गए।

पात्र बोली दाताओं के द्वारा ई आक्सन पोर्टल से 2 जुलाई 25 दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक बोली लगाई गई। लखनऊ की फर्म सार मिनिरल्स ने सर्वाधिक 25 करोड़ 43 लाख 57 हजार लगाकर ठीक है प्राप्त कर लिया।

प्रेसवार्ता के दौरान जिला पंचायत सदस्य और उनके प्रतिनिधि मृत्युंजय प्रताप सिंह, प्राण सिंह यादव, बलवान सिंह, अरविंद नायक आदि मौजूद रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर किसान यूनियन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

जिला संवाददाता



**नगीना, बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के कार्यकताओं ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित 08 सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंप कर समस्याओं के समाधान की मांग की है।

भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के तहसील अध्यक्ष नमेद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश काकरान के नेतृत्व में बीते दिन यूनियन के कार्यकर्ता गन्ना समिति परिसर में इकट्ठा हुए। विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श कर उन्होंने एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी आशुतोष जायसवाल को सौपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि क्षेत्र में गुलदारों के हमले की समस्या बहुत तेजी से बढ़ रही है और निरंतर जानलेवा हमले बढ़ते जा रहे हैं। कोतवाली ब्लॉक के ग्राम मौजमपुर हरबंस उर्फ रहमापुर में बंदरों का आतंक बहुत बढ़ चुका है तथा कई ग्रामीणों को घायल कर चुके हैं जिनको शीघ्र पकड़वाया जाए। कोतवाली ब्लॉक के ग्राम गारवपुर के जंगल में गुजरने वाली झील पर लगभग दर्जनों ग्रामों का पानी आता है। असामाजिक तत्व द्वारा अवैध रूप से काटकर बंद कर दिया गया है। राजस्व विभाग द्वारा खतौनी में अंश निर्धारण में जो गड़बड़ की गई है उसे ठीक कराया जाए। क्षेत्र के जर्जर विद्युत तारों को तुरंत बदल जाए। क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं से निजात दिलाई जाए। हर घर जल मिशन के अंतर्गत ग्रामों की सड़कों को जो तोड़ा गया है उनकी मरम्मत शीघ्र मरम्मत कराई जाए। ग्राम जीतपुर परली में गांगन नदी के पास ईट के भट्टे पर जो हाईवे द्वारा डिवाइडर को बंद कर दिया गया उसे खुलवाने की व्यवस्था की जाए। किसान यूनियन ने ज्ञापन सौंप कर उप जिलाधिकारी से समस्याओं का जल्द निस्तारण करने की मांग की। ज्ञापन पर तहसील अध्यक्ष नमेद्र सिंह, चैधरी समरपाल सिंह, ओमप्रकाश काकरान, धर्मपाल सिंह, मुकेश कुमार, कृष्णपाल सिंह, कुबर हर्षवर्धन सिंह, डॉक्टर देवेंद्र सिंह, निरंजन राठी, डॉक्टर योगेंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह, पूरन सिंह, भजन सिंह, सरविंदर सिंह चैहान, नागेंद्र चैधरी सहित किसान यूनियन के अन्य कार्यकताओं के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## एसपी ने निरीक्षण के दौरान मातहतों को दिए निर्देश



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक ने गुरूवार को पुलिस कार्यालय की अनेक शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होने जन शिकायत प्रकोष्ठ, प्रधान लिपिक शाखा, रिट शाखा, जांच शाखा, आंकिक शाखा के अभिलेखों, कार्य प्रणाली, सफाई और कर्मचारियों की उपस्थिति की बारीकी से समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने शाखा प्रभारियों को काम में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए साथ ही लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और कार्यालय के कार्यों को सुव्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होने पुलिस कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र समाधान के लिए अधिकारियों को आदेश दिए। कार्यालय परिसर की सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया और कर्मचारियों से अपेक्षा जताई कि वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। जिससे लोगों को बेहतर सेवा मुहैया कराई जा सके।

## अंतर्राज्यीय दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**बांदा।** कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 12 किलोग्राम से अधिक अवैध सूखा गांजा भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जिले में अपराधियों और अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई के क्रम में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान कनवारा हनुमान मंदिर गेट के पास से दोनो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों विवेक गुप्ता पुत्र राजकुमार गुप्ता व साहिल सिंह पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह कस्बा व थाना मटौंध को गिरफ्तार किया है। पूंछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह उड़ीसा से गांजा लाकर बांदा व आसपास के जनपदों में इसे महंगे दामों में बेंचते हैं। इस संबंध में पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह और कहां-कहां अवैध सूखे गांजे की सप्लाई करते हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में राजेश कुमार मौर्य चैकी प्रभारी विश्व विद्यालय, अनुराग पांडेय चैकी प्रभारी सिविल लाइन, हेड कांस्टेबल सतेन्द्र कुमार, संदीप सिंह, गोकुलेश मिश्र, कांस्टेबल अमित कुमार, जितेन्द्र द्विवेदी व माधव रहे।

# स्वास्थ्य नायकों के तबादले के विरोध में नाराजगी, पार्षदों में उबाल



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद ललितपुर के वार्ड-26 सहित संपूर्ण नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य नायकों के तबादले को लेकर पार्षदों और नागरिकों में जबरदस्त नाराजगी है। पार्षदों के नेतृत्व

- मुख्यमंत्री को भेजा गया ज्ञापन, धरना प्रदर्शन की चेतावनी
- पार्षदों ने कहा कि उनकी सुनी ही नहीं जाती

में नगरवासियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजते हुए अधिशासी अधिकारी द्वारा लिए गए एकतरफा निर्णय को तानाशाहीपूर्ण बताते हुए तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका परिषद में कार्यरत 26 स्वास्थ्य नायक अपने-अपने वार्डों में पार्षदों के सहयोग से सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कर रहे थे।

न तो किसी पार्षद ने शिकायत की और न ही कोई अव्यवस्था थी। इसके बावजूद अधिशासी अधिकारी ने बिना विचार-विमर्श के एकतरफा आदेश जारी कर सभी स्वास्थ्य नायकों का वार्ड बदल दिया, जिससे नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में हो रही बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव हो रहा है, जबकि नए स्वास्थ्य नायक अपने वार्ड के क्षेत्र, गलियों और जरूरतों से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। इससे ना केवल काम में देरी हो रही है, बल्कि नालियों की सफाई और जल निकासी जैसे जरूरी कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

### संविदा सफाईकर्मी को पदोन्नति पर उठे सवाल

पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया है कि अधिशासी अधिकारी दिनेश विश्वकर्मा ने नगर पालिका के एक संविदा सफाईकर्मी को मनमाने ढंग से स्वास्थ्य नायक के पद पर पदोन्नत कर दिया, जो कि पूरी तरह अनुचित और जांच योग्य मामला है। इस पर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि अधिशासी अधिकारी द्वारा जारी किया गया नया आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर पुरानी व्यवस्था बहाल नहीं की गई, तो पार्षद और नागरिक धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होने की पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर बनी यह स्थिति अब राजनीतिक रंग लेती जा रही है और यदि जल्द निर्णय नहीं हुआ तो स्थानीय प्रशासन के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

प्रदर्शन करते हुये जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपते समय पार्षद मनमोहन चैबे एड., पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद शिवानी कुशवाहा, पार्षद गिरीश पाठक सोनू, पार्षद आलोक जैन मयूर, पार्षद अशोक पंथ, पार्षद अब्दुल बारी, पार्षद सोन सिंह, पार्षद सविता, पार्षद पुष्पा राजा, पार्षद पूजा यादव, पार्षद धर्मवीर कुशवाहा, पार्षद दीपा कुशवाहा, पार्षद रमेश गांधी आदि पार्षद मौजूद रहे।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां आवेदन करें

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के पिछड़े वर्ग के ऐसे शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियां जो ह्नओह्न-लेवल (एक वर्षीय) एवं सी0सी0सी0 (तीन माह) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है, वे अपना आवेदन पत्र 14 जुलाई, 2025 तक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाईट पर आनलाईन कर सकते है।

मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड करके उस पर यथास्थान हस्ताक्षर इत्यादि बनाकर जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, (जाति/आय प्रमाण पत्र बोर्ड ऑफ रेवेन्यू/ई-डिस्ट्रिक्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध होना अनिवार्य है), हाईस्कूल का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र, इण्टरमीडिएट का अंक पत्र एवं प्रमाण-पत्र, अन्य सम्बन्धित प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति सलग्न करते हुये आवेदन पत्र 02 प्रतियो में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय कमरा नम्बर 138 विकास भवन बिजनौर में अन्तिम रूप से 14 जुलाई 2025 की शाम 05 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि युवक/युवतियां के द्वारा ह्नओह्न लेवल कम्प्यूटर एंव सी0सी0सी0 कम्प्यूटर कोर्स करने के लिए पात्रता की शर्ते निम्नवत है, कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए (10$2) इण्टरमीडिएट न्यूनतम शैक्षिक अर्हता आवश्यक है, प्रशिक्षार्थी की अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, प्रशिक्षार्थी बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो तथा वार्षिक आय एक लाख रुपए से अधिक नही होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विभागीय की वेबसाइट तथा कार्यालय पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन बिजनौर से प्राप्त की जा सकती है।

## धोखाधड़ी के शिकार पीड़ितों के 10 लाख से अधिक वापस




**बांदा।** एसपी के निर्देश पर साइबर क्राइम पुलिस थाना व तिंदवारी पुलिस टीम ने अनेक माध्यमों से साइबर धोखाधड़ी व गलत ट्रांजेक्शन के शिकार 8 पीड़ितों के खातों में 10 लाख 69 हजार 250 रुपये वापस कराए हैं। गलत ट्रांजेक्शन का शिकार हुए लोगों की धनराशि वापस कराए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने जिले के थानों को निर्देश दिए थे इसमें थाना कोतवाली नगर के कालूकुआं निवासी सुमित कुमार गुप्ता के साथ साइबर ठगों ने सेयर बाजार में भारी मुनाफा का लालच देकर 8 लाख 10 हजार रुपये की ठगी, जनपद रायबरेली हाल पता रेलवे स्टेशन के पास शहर बांदा निवासी दिनेश कुमार के साथ साइबर ठगों ने मुनाफे का लालच देकर 83,270 रुपये की ठगी, कोतवाली देहात के लुक्तरा निवासी शांता प्रसाद के साथ बैंक खाते की जानकारी लेकर 54 हजार 998 रुपये की ठगी जैसे अन्य मामले शामिल थे। साइबर क्राइम पुलिस तथा थाना तिंदवारी पुलिस ने तत्परता से कार्य करते हुए सभी पीड़ितों की 10 लाख 69 हजार की धनराशि वापस कराई है।

## चकबंदी, जल जीवन मिशन की आयुक्त ने की समीक्षा



**बांदा।** आयुक्त ने मण्डल के अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, उपसंचालक चकबन्दी, बंदोबस्त अधिकारी एवं भारतीय किसान यूनियन के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चकबन्दी प्रक्रिया से उत्पन्न भूमि विवादों, जल जीवन मिशन योजना के तहत खोदी गई सड़कों की स्थिति एवं पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान आयुक्त ने निर्देश दिए कि चकबन्दी से संबंधित भूमि विवादों के प्रभावी समाधान के लिए जिला स्तरीय टीम गठित कर प्राथमिकता के आधार पर जांच करायी जाए। जल जीवन मिशन के तहत भारतीय किसान यूनियन की उठाई गई समस्याओं के संबंध में आयुक्त ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण कराया जाए। उन्होने भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं का प्रभावी और गुणवत्तापरक समाधान कराना मण्डल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर चकबन्दी, पेयजल एवं सड़क से जुड़ी विभिन्न तकनीकी तथा जमीनी समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया और सभी अधिकारियों को ठोस कार्य योजना के तहत कार्य करने के निर्देश दिये गये।

## स्कूली बच्चो ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत रैली निकाल कर जागरूक किया



**नगीना, बिजनौर।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जूनियर हाई स्कूल के बच्चों ने रैली निकाल कर अभिभावको को जागरूक किया।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत इकबाल मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल के बच्चों द्वारा बीते दिन जागरुकता रैली निकाली गई जिसमें बच्चे स्वास्थ्य व्यवहार अपनाना है संचारी रोगों को हराना है, विषय से संबंधित बच्चे नारे लगा रहे थे और उन्होनें मोहल्ले में घूम घूम कर जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में आंगनबाड़ी केन्द्र से तबस्सुम, बबीता रानी आदि आशा एंव विद्यालय के बच्चों के साथ साथ चल रहे थे।

# डिजिटल लेन-देन, नाम बताने से परहेज क्यों

मनोज वार्ष्णेय

सावन में पूरे भारत में शिव मंदिरों में होने वाली पूजा-अर्चना में कांवड़ समर्पण का विशेष महत्व है। कांवड़िए गंगाजल कांवड़ में भरकर पैदल यात्रा करते हुए शिव मंदिरों में शिव का अभिषेक करते हैं। गत वर्षों में कांवड़ यात्रा के दौरान होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा के दौरान अपने प्रतिष्ठानों पर दुकान संचालकों का नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश उन दुकानदारों के लिए है जो कांवड़ यात्रा मार्ग पर रोजगार करते हैं। इसके साथ ही दूसरी तैयारियां भी लगभग पूरी हो चुकी हैं। कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से आरंभ होगी। ऐसा पहली बार है कि कांवड़ यात्रा के साथ ही मुहर्रम के लिए भी सरकार ने कहा है कि किसी भी ताजिए के लिए वृक्षों को काटा नहीं जाए और ताजियों की ऊंचाई तय मानक के अनुसार ही हो।

गत वर्ष भी कांवड़ यात्रा के दौरान इसी प्रकार से नाम लिखने को कहा गया था, तो उसका जमकर विरोध हुआ था। इस प्रकार से नाम लिखने की बात को मजहबी राजनीति से जोड़ा गया था। कांवड़ यात्रा यूं तो पूरे देश में होती है, लेकिन उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी, बस्ती तथा हरिद्वार-ऋषिकेश में इसकी धूम रहती है। बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड में भी कई ऐसे शिवधाम हैं जहां पर लाखों कांवड़िये, कांवड़ में गंगाजल लेकर शिव का अभिषेक करने जाते हैं। जहां-जहां से गंगा या उस जैसी पवित्र नदियां गुजरती है, वहां पर कांवड़ियों की आस्था प्रकट होती है।

यह कहा जा रहा है कि इस तरह के आदेशों से रोजगार करने वालों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। जो लोग भंडारे लगाते हैं या फिर शिव भक्तों की सेवा आदि करते हैं, वह भी प्रभावित होंगे। यूं अमरनाथ यात्रा भी इस कांवड़ यात्रा के साथ चलती है और दूसरी धार्मिक यात्राएं भी जारी रहती हैं, तो फिर कांवड़ यात्रा मार्ग पर ही यह आदेश क्यों? इसके विपरीत यह प्रश्न भी प्रमुखता से उठाया जा रहा है कि आखिर नाम बताने या अपनी पहचान जाहिर करके रोजगार करने में बुराई क्या है? दरअसल, इस आदेश के पीछे जो मंशा है वह यह है कि कांवड़ यात्रा के दौरान असामाजिक तत्व नाम बदलकर कोई ऐसा काम नहीं करें जिससे माहौल खराब हो या फिर सांप्रदायिक तनाव भड़के।



कांवड़ यात्रा

> यात्रा मार्ग पर दुकान करने वाले व्यापारी या दूसरे लोग अपना नाम प्रमुखता से लिखें ताकि सभी के मनोरथ, शुचिता के साथ पूरे हो सकें। धार्मिक आस्था का सम्मान और खाने-पीने की चीजों में शुद्धता बहुत जरूरी है। इसलिए दुकानों पर नाम लिखने के सरकार के फैसले पर विवाद करने के बजाय इसके महत्व को समझने की जरूरत है।

सावन माह के आते ही हिंदुओं के त्योहार आरंभ हो जाते हैं। इनमें कांवड़ यात्रा, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी का पर्व खास महत्व रखता है। कांवड़ यात्रा के दौरान जगह-जगह लगने वाले भंडारे ऐसे होते हैं, जिन पर कांवड़ियों के साथ ही आम यात्री भी प्रसादी ग्रहण करते हैं। इस मार्ग पर जो दुकानें हैं, उनसे भी आम जरूरत का सामान खरीदा जाता है। कई बार देखा गया है कि नाम होता है, वैष्णव भोजनालय, जैन भोजनालय, पवित्र भोजनालय या फिर बड़े-बड़े शब्दों में यह बताया जाता है-हमारे यहां शुद्ध शाकाहारी जैन भोजन मिलता है। इसका मतलब है कि बिना प्याज-लहसुन का भोजन। पर इन्हीं दुकानों पर कहीं साइड में अंडे, प्याज, लहसुन रखे होते हैं। सीधा सा मतलब सिर्फ नाम होता है बाकी सभी तरह की वस्तुएं यहां पर मिल जाती हैं। इस स्थिति में शुद्धता-शुचिता के लिए और धार्मिक भावना को ध्यान में रखने के लिए यदि नाम पूछा जा रहा है तो बुराई क्या है? हम अपना नाम बताना क्यों नहीं चाहते?

पहलगाम में धर्म पूछकर निर्दयता से हत्या करने का मामला बहुत पुराना नहीं हुआ है। अमरनाथ यात्रा के आरंभ होने से पहले ही यात्रा मार्ग को निष्कंटक रखना शासन-प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। यात्रा के एक हफ्ते पहले आतंकवादियों से मुठभेड़ भी चिंता का कारण है। यह बात भी याद रखने वाली है कि पहलगाम में जो हत्यारे थे, उनके लोकल सपोर्टर कौन थे, क्या वह पिकनिक स्थल के आसपास छोटे-मोटे दुकानदार थे? इस बात पर अभी भी व्यापक छानबीन जारी है। फिर सोशल मीडिया इतना तीव्र हो चुका है कि एक पोस्ट कुछ भी करा सकती है और थूक जिहाद जैसी पोस्टें कितनी खतरनाक होती हैं यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। ऐसे में यदि दुकानदार अपनी दुकान पर अपना नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करता है, तो इसमें गलत क्या है और अगर गलत नहीं है तो विरोध करने की वजह क्या हो सकती है? जहां तक पहचान छिपाने की बात है तो इसे छिपाकर रोजगार करने वाले यह बात अच्छे से समझ लें कि अब पहचान छिपाना बहुत मुश्किल हो गया है। किसी भी स्थान पर चले जाइये, यदि वहां पर इंटरनेट काम करता है, मोबाइल रनिंग में है तो तय है कि वस्तु के दाम सीधे बैंक में लेने के लिए पेटीएम या फोन पे, भीम एप जैसी सुविधाएं हैं और इन पर पेमेंट करने के बाद आप असली नाम जान सकते हैं। हां, फर्जीवाड़ा करने वाले किसी दूसरे के नाम से यह भुगतान करवा सकते हैं, पर यदि वह किसी प्रकार से जांच में आए तो क्या होगा? इन स्थितियों को देखते हुए दुकानदार को नाम प्रदर्शित करने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। जो समाजसेवी या मददगार किसी प्रकार से कांवड़ या दूसरे धार्मिक मार्गों पर दुकानदार हैं, भंडारा कर रहे हैं, दूसरों की सेवा के माध्यम से मदद कर रहे हैं, वह नीतिगत रूप से भी अपना नाम बताकर यदि यह काम करते हैं तो उन्हें पूरा धार्मिक-सामाजिक फल मिलेगा। दुनिया के किसी भी मजहब में धोखा देकर, झूठ बोलकर, गलत तरीके से, अपने लाभ के लिए दूसरे की आस्था को ठेस पहुंचाना कभी जायज नहीं माना गया है। चाहे साधु-संत हों या फिर पीर-मौलवी या पादरी-ग्रंथी सभी एक ही बात कहते हैं, सच्चे मन से किया गया कर्म ही आपको आपके मंतव्य के करीब ले जाता है।

धार्मिक आस्था के जानकारों का कहना है कि किसी भी धार्मिक यात्रा में आत्मशुद्धि का खास ध्यान रखा जाना चाहिए। चाहे वह किसी भी धर्म-संप्रदाय की हों। वे मानते हैं कि हमारा आध्यात्मिक विकास तभी हो सकता है जब हमारी आत्मा की शुद्धि हो और इसके लिए पूरी शुद्धता रखनी चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं है कि किसी भी धर्म के विषय में जितनी बेहतर-शुद्ध जानकारी उस धर्म के व्यक्ति को होती है, उतनी दूसरे धर्म के व्यक्ति को नहीं, हां इसके अपवाद अलग हैं। आत्मा की शुद्धि के लिए सिर्फ खानपान या दूसरे नियमित कार्य ही जिम्मेदार नहीं होते, इसके लिए वातावरण भी पूरा महत्व रखता है। शायद ही कोई धार्मिक यात्रा पर निकला तीर्थयात्री होगा जो अपनी सुबह-शाम किसी फिल्मी गाने, नशीले संगीत से करना चाहेगा। जब इतना कुछ है तो बेहतर यही होगा कि दूसरे की भावना को ध्यान में रखते हुए किसी भी यात्रा मार्ग पर दुकान करने वाले व्यापारी या दूसरे लोग अपना नाम प्रमुखता से लिखें ताकि सभी का मनोरथ, शुचिता के साथ पूरे हो सकें। धार्मिक आस्था का सम्मान और खाने-पीने की चीजों में शुद्धता बहुत जरूरी है। इसलिए दुकानों पर नाम लिखने के सरकार के फैसले पर विवाद करने के बजाय इसके महत्व को समझने की जरूरत है।

## ईएलआई से बढ़ेंगे रोजगार

आर्थिक प्रगति के लिहाज से भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में दुनिया में सबसे तेज गति से प्रगति कर रहा है। इसके बावजूद देश में रोजगार के मौके उस गति से नहीं बढ़ रहे हैं। यह बात आंकड़ों से भी साबित होती है और विपक्ष तो लंबे समय से यह आरोप ही लगा रहा है कि देश में रोजगार के मौके सिकुड़ रहे हैं। संभवतः सरकार ने इस कमी को महसूस किया और अब ईएलआई स्कीम लेकर आयी है जिसके तहत रोजगार सृजन करने वाले उद्यमों को सरकार वित्तीय प्रोत्साहन देगी। मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को मंजूरी दे दी। इसकी घोषणा केंद्रीय बजट में की गई थी। यह योजना इस बात की स्वीकारोक्ति है कि भारत की आर्थिक वृद्धि को उपयोगी रोजगार अवसरों के रूप में प्रतिफलित होना चाहिए। सावधिक श्रम शक्ति सर्वे के ताजा मासिक बुलेटिन के अनुसार श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी 33.2 फीसदी रही जो वैश्विक औसत से काफी कम है। युवाओं (15-29 वर्ष) की बेरोजगारी की दर 15 फीसदी थी। यह 5.6 फीसदी की कुल बेरोजगारी दर की तुलना में काफी अधिक है। इसके अलावा अधिकांश लोग असंगठित क्षेत्र में कम वेतन वाले काम कर रहे हैं। ईएलआई योजना का लक्ष्य औपचारिक रोजगार में सुधार करना है और इसके दो हिस्से हैं। पहला हिस्सा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में पहली बार पंजीकृत होने वाले कर्मचारियों के भविष्य निधि फंड (पीएफ) में 15,000 रुपये का एकबारगी भुगतान करने से संबंधित है। इसमें अधिकतम एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारी पात्र होंगे और उनके खाते में यह राशि दो किस्तों में डाली जाएगी। उम्मीद है कि इस योजना से पहली बार नौकरी पाने वाले 1.92 करोड़ लोगों को लाभ होगा और कर्मचारियों में बचत की प्रवृत्ति भी पैदा होगी। दूसरा हिस्सा नियोक्ताओं को वित्तीय मदद मुहैया कराने से संबंधित है जिसके तहत हर नए तैयार होने वाले रोजगार की लागत का कुछ बोझ साझा किया जाएगा। सरकार नियोक्ताओं को हर नए कर्मचारी के लिए दो साल तक प्रति माह 3,000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि देगी। विनिर्माण के क्षेत्र में इसे चौथे वर्ष तक बढ़ाया जाएगा। औपचारिक रोजगार तैयार करने के लिए निजी कंपनियों को प्रोत्साहित करने से लगभग 2.6 करोड़ लोगों के लिए अतिरिक्त रोजगार तैयार होने की उम्मीद है। कुल 99,446 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इस योजना के जरिये दो साल में देश में करीब 3.5 करोड़ रोजगार तैयार होने की उम्मीद है। यह योजना विनिर्माण क्षेत्र पर केंद्रित है और जिससे पता चलता है कि यह केंद्र सरकार की रोजगार रणनीति के लिए कितनी अहम है। उम्मीद है कि ईएलआई जैसी लक्षित योजनाओं की मदद से विनिर्माण क्षेत्र बड़ी संख्या में कम कौशल वाले श्रमिकों को शामिल करेगा और उन्हें औपचारिक व्यवस्था में लाएगा। परंतु केवल इतना करने से बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण रोजगार तैयार करने में देश की गहरी ढांचागत चुनौती को दूर करने में मदद नहीं मिलेगी। ढांचागत गतिरोध यानी कठोर श्रम कानूनों से लेकर कौशल प्रशिक्षण के कमजोर परिणामों तक तमाम बातें रोजगार को बाधित कर रही हैं। इंस्टीट्यूट फॉर कंपेटिटिवनेस द्वारा हाल ही में जारी स्किल्स फॉर द फ्यूचर रिपोर्ट के अनुसार 2023-24 में लगभग 88 फीसदी कामगार कम योग्यता वाले पेशों में लगे थे। कौशल में व्यापक विसंगति और तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा की कम पहुंच ने भी समस्या बढ़ा दी है। ऐसे में ईएलआई की कामयाबी इस बात पर निर्भर करेगी कि हमारे पास पर्याप्त संख्या में रोजगार के लिए तैयार श्रम शक्ति हो और विनिर्माण आधार का तेजी से विस्तार हो। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री की इंटर्नशिप योजना भी कौशल की कमी दूर करने पर लक्षित है। इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को पांच साल में उन्नत बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके अलावा पांच नए राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्रों के निर्माण की बात कही गई। यह सही दिशा में उठाया गया कदम है। स्किल डिफिसिट देश में बड़ी समस्या है और इसे दूर करने के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण में व्यापक सुधार की जरूरत है।




> रोजगार के मौके बढ़ाने के लिए जरूरी है कि सरकार नियोक्ताओं को जॉब सृजन के लिए वित्तीय प्रोत्साहन दे।

### विचार

मनुष्य सर्वोत्तम भाषण है। अगर बोलना है तो कम से कम बोलो। एक शब्द से काम चले तो दो नहीं।
-महात्मा गांधी.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।
-वेदव्यास.

विवेक बुद्धि की पूर्णता है। यौवन के कर्त्तव्यों को पूर्ण करने में वह हमारा पथ-प्रदर्शन करता है।
-गेटे.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना तीर्थस्थान के दर्शन से प्राप्त होता है।
-सूरदास.

मोक्ष वह जो सिखाता है इहलोक और परलोक दोनों का सुख गुलामी है। क्योंकि इस प्रकृति के नियमों पर न कोई इहलोक है और न परलोक।
-स्वामी विवेकानंद.

### सोशल मीडिया



मुझे बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बिहार के वरिष्ठ एवं आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों को मासिक पेंशन हेतु मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना को मंजूरी दी गयी है। नीतीश कुमार.



बिहार में लगभग करोड़ से ज्यादा युवाओं को अब वोटर बनने के लिए अपने माता या पिता की नागरिकता को साबित करनी होगी, दस्तावेज उनके मां-बाप पास हैं क्या? योगेन्द्र यादव.



भारत के अनुसंधान एवं नवाचार को मजबूती देने के लिए एक 'मील के पत्थर' कदम में, पीएम मोदी की कैबिनेट ने आर डी आई योजना के लिए 1 लाख करोड़ की राशि मंजूरी दी है। जेपी नड्डा.

## सत्य के साथ गाता है हृदय

अंतर्दृष्टि

यदि तुम सब तरह के पूर्वाग्रहों के साथ सुन रहे हो तो यह सुनने का गलत ढंग है। तुम्हें लगता है कि सुन रहे हो, पर तुम्हें बस सुनाई दे रहा है, तुम सुन नहीं रहे। सही सुनने का मतलब होता है मन को एक तरफ रख देना। इसका यह मतलब नहीं होता कि तुम बुद्धू हो जाते हो, कि जो कुछ भी तुम्हें कहा जा रहा है उस पर तुम विश्वास करने लगते हो। इसका विश्वास या अविश्वास से कुछ लेना-देना नहीं है। सही सुनने का मतलब है, अभी मेरा इससे कुछ लेना-देना नहीं है कि इस पर मैं विश्वास करूं या ना करूं। इस क्षण राजी होने या न राजी होने की कोई बात ही नहीं है। जो कुछ भी है उसे सुनने का मैं प्रयास कर रहा हूं। बाद में मैं तय कर सकता हूं कि क्या सही और क्या गलत है। बाद में मैं तय कर सकता हूं कि अनुसरण करना है या अनुसरण नहीं करना है। और सही सुनने की सुंदरता यह है कि सत्य का अपना संगीत होता है। यदि तुम बिना पूर्वाग्रह के सुन सको, तुम्हारा हृदय कहेगा कि यह सत्य है। यदि वह सत्य है तो तुम्हारे हृदय में घंटियां बजने लगती हैं। यदि वह सत्य नहीं है, तुम अछूते बने रहोगे, उदासीन, विरक्त बने रहोगे। तुम्हारे हृदय में कोई घंटियां नहीं बजेंगी। कोई समस्वरता नहीं घटती।

यह सत्य का गुण है कि यदि तुम उसे खुले हृदय से सुनो। यह तत्काल तुम्हारी चेतना में प्रतिसाद पैदा करता है। तुम्हारा केंद्र ऊपर उठने लगता है। तुम्हारे पंख उगने लगते हैं। अचानक सारा आकाश खुल जाता है। यह बात तार्किक ढंग से तय करने की नहीं है कि जो कहा जा रहा है वह सत्य है या असत्य है। ठीक इससे उल्टा, यह सवाल तो प्रेम का है, न कि तर्क का। सत्य तत्काल तुम्हारे हृदय में प्रेम पैदा करता है। तुम्हारे अंदर बड़े रहस्यात्मक ढंग से कुछ छिड़ जाता है। लेकिन यदि तुम जो है, उसे गलत ढंग से सुनते हो, मन से पूरे भरे हुए, तुम्हारे सारे कचरे से भरे, तुम्हारी सारी जानकारी से भरे हुए, तब तुम अपने हृदय को सत्य का प्रतिसंवेदन नहीं करने दोगे। तुम बहुत बड़ी संभावना से चूक जाओगे। तुम समस्वरता को चूक जाओगे। तुम्हारा हृदय सत्य के अनुकूल होने को तैयार था। वह सिर्फ सत्य के अनुकूल होता है इसे याद रखो। यह कभी भी असत्य को प्रतिसंवेदित नहीं करता। असत्य के साथ यह पूरा मौन रहता है। बिना जवाब दिए, निर्विकार, बिना हिले बना रहता है। सत्य के साथ यह नाचने लगता है। यह गाने लगता है, ऐसे जैसे कि अचानक सूरज उग गया और काली अंधेरी रात समाप्त हो गई और तब पक्षी गाने लगते हैं और कमल खिलने लगते हैं, और सारी धरती जाग जाती है।

- ओशो.

## मुझसे इमोशनली मत खेलो!

व्यंग्यलोक

हे प्रभु! ये कैसा कलियुग आ गया! जिस चीज को भी छूने की कोशिश कर रहा हूं दूर भागी जा रही है। सपनों को छूने की कोशिश करता हूं तो सपने दूर भागे जा रहे हैं। अपनों को छूने की कोशिश करता हूं तो अपने दूर भागे जा रहे हैं। शिमला मिर्च को छूने की कोशिश करता हूं तो शिमला मिर्च हाथ से मछली की तरह फिसली जा रही है। टमाटर छूने की कोशिश करता हूं तो टमाटर बहुत दूर भागे जा रहे हैं। अदरक छूने की कोशिश करता हूं तो अदरक दूर भागा जा रहा है। आखिर ये रोजमर्रा की चीजें आम जनता से इतनी दूर क्यों हो गई रही हैं प्रभु! क्या मेरी बिरादरी की तकदीर में सब कुछ दूर से ही देखना लिखा है प्रभु? लाख पकड़ने की जद्दोजहद के बाद भी मेरे हाथ में आखिर ये टमाटर क्यों नहीं आते? क्या इन दिनों मेरे मुंह के भाग्य में टमाटर, अदरक खाना नहीं लिखा है? प्रभु! इस उम्र में अब पत्नी से प्रताड़ित होकर तुलसीदास भी नहीं हो सकता। हो भी जाऊं तो आदिपुरुष की तरह अनाप शनाप लिख मारा तो....ऐसे घोर कलिकाल में समझ नहीं आ रहा मैं किसको कोसूं? केंद्र सरकार को कि राज्य सरकार को? अपने को या फिर बीवी को! किसान को या बिचौलिए को? मैंने प्रभु के चरण पकड़े कहा तो प्रभु पसीजे, उठो वत्स! बहुत रो लिए टमाटर का रोना। बहुत रो लिए अदरक का रोना। मेरा आदेश! फिलहाल टमाटर त्याग दो। अदरक त्याग दो। प्रभु! बिना आत्मा के शरीर की कल्पना की जा सकती है, पर टमाटर के बिना दाल की कल्पना नहीं की जा सकती। बिना हृदय के जीव की कल्पना की जा सकती है, पर बिन अदरक सब्जी की कल्पना नहीं की जा सकती। तो ऐसे में आप कह रहे हैं कि टमाटर त्याग दूं? सच पूछो तो प्रभु मैं शरीर त्याग सकता हूं, पर टमाटर नहीं। मैं शरीर त्याग सकता हूं, पर अदरक नहीं। मेरी रग रग में अब पचासियों विषैली स्प्रे किए टमाटरों का स्वाद बास हो चुका है और एक आप हो कि जनहित में बाजार में टमाटर सस्ते करने के बदले अपने भक्त को टमाटर, अदरक का त्याग करने को कह रहे हो?



अशोक गौतम

इंपॉसिबल प्रभु! इंपॉसिबल! हे वत्स! जनहित की दुहाई दे मुझसे इमोशनली मत खेलो। पॉलिटिक्स न करो! क्योंकि जिन्होंने आज तक जनहित की बात की, फाइनली अपने हित ही साधे। हैप्पी लाइफ का सिंपल सा फंडा ये है कि जो भी समाज में भाव दिखाए, उस हर एक को त्याग दो। वह चाहे बीवी ही क्यों न हो! कह प्रभु अंतर्ध्यान। बंधुओ! आखिर प्रभु का कहने का तात्पर्य क्या है? ये तो नहीं कि मैं टमाटर खाने छोड़ दूं? ये तो नहीं कि मैं अदरक दाल में पाना छोड़ दूं? या फिर ये जीभ ही त्याग दूं? न रहे जीभ, न सताए स्वाद!

## बीमारों के साथ ही बाजार का भी चहेता है 'अनार'



पेड़ पुराण

वीना गौतम

'एक अनार सौ बीमार' ये मुहावरा हम सबने सुना है। इससे अनार की खूबी और खासियत का पता चलता है। अनार का फल न केवल अपनी पौष्टिकता के लिए जाना जाता है बल्कि यह औषधीय गुणों से भी भरपूर है। यही कारण है कि इसकी हमेशा सप्लाई से ज्यादा मांग रहती है। नतीजतन आमतौर पर अनार हमेशा महंगा मिलता है। इसलिए अनार का पेड़ किसानों की नकदी फसल के लिए सबसे उपयुक्त फलदार वृक्ष है। इस लेख में हम समझेंगे कि अनार की खेती करके कैसे किसान लाभ कमा सकते हैं।

अनार का वैज्ञानिक नाम पुनिका ग्रैनटम है और यह लिथेरसी परिवार का पेड़ है। हाल के सालों में अनार एक महत्वपूर्ण नकदी फसल के रूप में उभरकर सामने आया है। इसलिए इसकी फसल के बारे में जानने से पहले आइये इसका कुछ वानस्पतिक विवरण जान लें। अनार मध्यम आकार का झाड़ीनुमा वृक्ष है जो आमतौर पर 6 से 8 फुट ऊंचा होता है, लेकिन व्यवस्थित तरीके से देखरेख करने पर इसके पेड़ 10 से 15 फिट तक भी ऊंचे पाये जाते हैं। अनार के पेड़ का तना कठोर और कुछ हद तक कांटेदार होता है। इसकी पत्तियां चमकदार गहरे हरे रंग की गुच्छों में लगी होती है। इसका फूल नारंगी-लाल रंग का और बेलनाकार होता है। जबकि इसका फल गोलाकार, कठोर छिलके वाला और इस कठोर परत के नीचे लाल रंग के रसदार दानों के बीज से भरा होता है। अनार के बीज कठोर अथवा मुलायम हो सकते हैं, यह उसकी किस्म पर निर्भर है। जहां तक भारत में अनार के पेड़ की मौजूदगी का सवाल है तो यह सदियों से यहां मौजूद है। अनार वास्तव में मूलतः ईरान और उत्तरी भारत का ही देशज पेड़ माना जाता है। चूंकि भारत में अनार प्राचीन काल से मौजूद है, इसलिए हमारे आयुर्वेदिक ग्रंथों में अनार के औषधीय गुणों का जबर्दस्त उल्लेख मिलता है। प्राचीनकाल में अनार राजा, महाराजाओं के लिए ही उपलब्ध था, यह उनके भोजन और फलाहार का हिस्सा था। जहां तक इसकी पैदाइश का सवाल है तो पहले यह आमतौर पर हिमालयी क्षेत्रों और दक्कन के पठार में ही पाया जाता था। मगर आजकल देश के ज्यादातर हिस्सों में इसकी अलग अलग किस्में उगायी जाती हैं और इस तरह लगभग पूरे देश में ही अनार पैदा होता है। जहां तक भारत में अनार की पायी जाने वाली किस्मों का सवाल है तो यहां की सबसे लोकप्रिय किस्म भगवा है। इस किस्म के फल बड़े और दाने चमकदार लाल रंग के होते हैं। निर्यात के लिए यह उपयुक्त किस्म मानी जाती है। भगवा के अलावा कंधारी, गणेश, अर्का मृदुला, अर्का रक्षक और ज्योति, रूबी तथा मृदुला नाम की किस्में भी पायी जाती हैं। हर किस्म की कुछ न कुछ खासियत है। मसलन कंधारी अनार अपनी मिठास और औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। जबकि गणेश किस्म का अनार जल्दी पकता है और घरेलू उपयोग के लिए अत्यंत लोकप्रिय है। इसी तरह अर्का रक्षक और अर्का मृदुला आईसीएआर द्वारा विकसित की गई उन्नत किस्में हैं, जबकि मृदुला, ज्योति, रूबी किस्में गुणवत्ता व उत्पादन के लिए जानी जाती है।

भारत में अनार व्यवसायिक दृष्टि में सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में पैदा होता है। देश के कुल उत्पादन का 70 फीसदी अनार, सोलापुर, सांगली, नासिक जिले में पैदा होता है। महाराष्ट्र के बाद कर्नाटक के बेलगाम, विजयपुर और रायचूर क्षेत्र में भी खूब उन्नत खेती होती है। इसके साथ ही गुजरात के कच्छ और साबर कांठा क्षेत्र में तथा आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश और पंजाब में भी अनार की खेती की जाती है। लेकिन यह महाराष्ट्र और कर्नाटक के मुकाबले काफी सीमित होती है। अनार की खेती के लिए कम वर्षा, हल्की दोमट मिट्टी और 5.5 से 7.5 पीएच की भूमि सबसे उपयुक्त होती है। जहां तक अनार की बागवानी का सवाल है, तो एक एकड़ में करीब 400 से 500 पेड़ लग जाते हैं और हर पेड़ से कम से कम 10 से 12 किलो अनार का उत्पादन होता है। इस तरह प्रति एकड़ 4000 से 4500 किलोग्राम तक अनार हो जाता है। जहां तक अनार के औषधीय गुणों का सवाल है तो यह खून बढ़ाने वाला पाचन सुधारने वाला, त्वचा रोगों से मुक्ति दिलाने वाला होता है। प्रोसेसिंग उद्योग में इसका जूस, सिरका आदि खूब मांग में रहते हैं।

## आप की बात

### आतंकिस्तान की झूठनीति

पाकिस्तान आतंकियों का प्रिय देश है और वह आतंकियों को बचाने के लिए हमेशा छल, कपट और झूठ का सहारा लेता है। परमाणु बम बनाकर इतराते वाला पाकिस्तान फिलहाल बदहाली और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। 1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरानों ने भारत के खिलाफ युद्ध, आतंकवाद और विवाद की नीति अपनायी, उसके कारण पाकिस्तान धीरे-धीरे बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। 1972 के युद्ध में पाकिस्तान के दो खंड हो गये। पाकिस्तान अपने देश का आधा हिस्सा गंवा बैठा, लेकिन कश्मीर के एक टुकड़े के लिए जिस तरह वह वर्षों से भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़े हुए है उससे अब पाकिस्तान जर्जर होने के कगार पर पहुंच गया है। रही-सही कसर चीन के साथ दोस्ती, भ्रष्ट सेना और सियासतदानों ने पूरी कर दी है। आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी अधिक जर्जर हो गयी है कि पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं। इसके बावजूद आतंकवाद के वित्त पोषण, भारत के खिलाफ उनको उकसाने आदि के मामले कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंस चुका है। जनता दाने-दाने को मोहताज है। यही कारण है कि जहां भी सस्ता अनाज पाता है वहां बेतहाशा टूट पड़ता है। रोटी की जद्दोजहद में लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान में विकास दर लगभग ठप हो चुकी है, कर्ज जीडीपी के बराबर पहुंचने को बेताब है, महंगाई दर 27 फीसद के करीब है, निर्यात से आयात ढाई गुना अधिक है, पाकिस्तानी रुपया रसातल में पहुंच गया है और एक डॉलर के बदले 230 के करीब लुढ़क गया है। इसके बावजूद जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरान अपने घरेलू समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय भारत के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं, ताकि पाकिस्तानी लोगों को राष्ट्रवाद के नाम पर भारत के खिलाफ भड़काकर उनका ध्यान पाकिस्तान की घरेलू समस्याओं से भटकाया जा सके। इसी टैक्टिस का नतीजा है कि आज पाकिस्तान दाने-दाने को मोहताज है लेकिन कोई ऐसा सप्ताह नहीं जाता है, जब भारत पर परमाणु बम गिराने की धमकी पाकिस्तानी नेता न देते हों। पाकिस्तान के बेशर्म हुक्मरानों को यह भी नहीं पता कि भारत अब पाकिस्तान से बहुत आगे निकल चुका है। पाकिस्तान जहां आतंकवादियों का अड्डा बन गया है वहीं भारत कुशल मैन पावर का हब बन रहा है।

अशोक कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.

### गरीबों को राहत

समावेशी नीतियों के जरिए गरीबों को राहत देना जरूरी है। केन्द्र सरकार ने गरीबों को बड़ी राहत देकर एक तरह संवेदनशीलता का परिचय दिया है। यह हमारी अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय शक्ति, किसानों की मदद और गरीबों को भूखा न रहने देने का राष्ट्रीय संकल्प है कि केन्द्र सरकार ने निःशुल्क राशन योजना को आगे भी जारी रखने का फैसला किया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन को आगे बढ़ाया गया है या फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले राशन पर जो दो-तीन रुपये प्रति किलो उपभोक्ताओं को भुगतान करना पड़ता है, उसे खत्म किया गया है। लेकिन जो भी हो और जैसे भी हो, अगर सरकार 81 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन देने का संकल्प दिखाती है, तो इसकी तारीफ करनी पड़ेगी। यह मानना पड़ेगा कि यह कोई सियासी चाल नहीं है बल्कि गरीबों के प्रति कल्याणकारी नीति का हिस्सा है। इससे गरीबों का सशक्तीकरण हुआ है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह पांच किलो चावल या गेहूं मिलता है। इसे गरीबों को राहत मिली है।

प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.

संक्षेप

## तीन महिलाओं ने मिलकर एक महिला को पीटा

**अयोध्या।** कैंट थाना क्षेत्र के बेगमगंज गढ़ैया मोहल्ले में तीन महिलाओं ने मिलकर एक महिला की पिटाई कर दी।

घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मारपीट,गाली गलौज और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता विमलेश कुमार मोर्य पुत्र स्वर्गीय रामकुमार निवासी मिर्जा अली बाजार का कहना है कि वह परिवार के साथ बेगमगंज गढ़ैया मोहल्ले में ओंकार नाथ गुप्ता उर्फ पप्पू गुप्ता के यहां किराए का कमरा लेकर रहते हैं। पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार की रात नौ बजे पुष्पा,उसकी मां तथा बहन ने गाली-गलौज करते हुए उसकी पत्नी को मारापीटा और जान से मार डालने की धमकी दी।

मारपीट में पत्नी के पैर में गंभीर चोट आई है और उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। कैंट थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया है।जाँच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# सोहरियावां के गौआश्रय स्थल, आंगनबाड़ी केंद्र और आरआरसी सेंटर का डीएम ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

**बहराइच ।**जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड पयागपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोहरियांवा के आगनबाड़ी केन्द्र (इन्द्रापुर), गौआश्रय स्थल सोहरियांवा प्रथम एवं द्वितीय तथा एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र (आर.आर.सी.) का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं को जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी पयागपुर दिपेन्द्र पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री डाली मिश्रा, अवर अभि. ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग संदीप तिवारी, एडीओ (पं.) तेज नरायन राव व सहकारिता के दिलीप कुमार दुबे, ग्राम प्रधान पेशकार गोस्वामी व ग्राम विकास अधिकारी अमृतांशु सिंह मौजूद रहे। निरीक्षण के समय आंगनबाड़ी केन्द्र बन्द हो चुका था। पंचायत सचिव द्वारा फोन करके आंगनबाड़ी कार्यकत्री को बुलाया गया।डीएम ने केन्द्र के निरीक्षण में पाया कि बाला पेन्टिंग मानक के अनुरूप न पाये जाने पर डीएम ने निर्देश दिया कि पेंटिन्ग को दुरूस्त कराया जाय। आंगनबाड़ी कार्यकत्री से पुष्टाहार वितरण एवं फेस एथेन्टिकेशन एवं केवाईसी की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया गया कि तत्काल शत-प्रतिशत लाभार्थियों के एथेन्टिकेशन का कार्य पूर्ण कराया जाय। डीएम ने गौआश्रय स्थल सोहरियावां प्रथम एवं द्वितीय का निरीक्षण कर यहां पर संरक्षित गोवंशों के लिए भूसा, चारा, चूनी-चोकर, पेयजल एवं हरे चारे इत्यादि की उपलब्धता का जायजा लिया। निरीक्षण के समय बताया गया कि गौआश्रय स्थल प्रथम में 114 मादा गौवंश तथा द्वितीय में 109 नर गौवंश संरक्षित हैं। नर गौवंश की टैगिंग न पाये जाने पर निर्देश दिया कि सभी संरक्षित पशुओं की टैगिंग की जाय। प्रथम गौआश्रय स्थल विद्युत कनेक्शन, चाराकटिंग मशीन, सीसीटीवी व

- आर.आर.सी. केन्द्र क्रियाशील न पाये जाने पर जतायी नाराजगी
- केन्द्र को क्रियाशील कर समूह की महिला को जोड़ने के दिये निर्देश



समसेबुल बोरिंग से आच्छादित है। यहां पर हरे चारे के लिए 10 बीघा में नैपियर घास भी उगायी जा रही है। डीएम ने शासन की मंशानुसार संरक्षित गौवंशों के चारे-पानी एवं उपचार का प्रबन्ध सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि आश्रय स्थलों पर सोलर पैनल की भी स्थापना करायी जाय ताकि विद्युत के न रहने पर कोई दिक्कत न हो। गोआश्रय स्थल के गोबर के उपयोग के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान ने बताया कि नैपियर फसल में इसका उपयोग किया जा रहा है। गौआश्रय स्थल के निकट स्थापित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र (आर.आर.सी.) का निरीक्षण करने पर बाहरी दीवार टूटी होने तथा केन्द्र को क्रियाशील न पाये जाने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए बीडीओ को जांच करने का निर्देश दिया। डीएम ने केन्द्र को तत्काल क्रियाशील करने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे महिला स्वयं सहायता समूह को जोड़ा जाय। उन्होंने कहा कि गांव से निकलने वाले कूड़े को यहां पर एकत्र करें। उन्होंने गौआश्रय स्थल में उत्पादित होने वाले गोबर को केन्द्र में लाकर जैविक खाद के साथ-साथ गोबर आधारित उत्पाद तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वावलम्बी बनने में मदद मिलेगी।

## होम स्टे को लेकर दो पक्ष भिड़े, केस दर्ज

**अयोध्या।** कैंट थाना क्षेत्र में एक होम स्टे के संचालन को लेकर उसके मालिक और संचालक के बीच विवाद का मामला प्रकाश में आया है।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भैरीपुर निवासी कौशल कुमार उर्फ रंजन पुत्र रामजनक का कहना है कि उसने अपने मित्र संदीप गुप्ता पुत्र सतीश गुप्ता के साथ कैंट थाना क्षेत्र के मुमताज नगर निवासी शुभम मौर्य पुत्र नंद कुमार मौर्य से गत वर्ष मार्च माह में होमस्टे के संचालन के लिए एग्रीमेंट किया था। सौदा ढाई लाख रुपए की पगड़ी और 45 हजार रुपया मासिक किराया पर तय हुआ था।

एक माह बाद ही मकान मालिक शुभम ने दूसरी पार्टी से 60 हजार रुपया महीना किराया मिलने की बात कही और किराया बढ़ाने अथवा मकान छोड़ने की शर्त रख दी।जिसके कारण उन्होंने अप्रैल 24 में होमस्टे का संचालन बंद कर दिया, लेकिन मकान मालिक ने पगड़ी की रकम वापस नहीं की। नौ माह तक हीलाहवाली और बहानेबाजी करता रहा तथा रकम वापस करने का दबाव बनाने पर गाली गलौज और धमकी देने लगा। कैंट एसओ पंकज सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

## इटावा जातीय हिंसा के विरोध में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन




**बाराबंकी।**इटावा में जातीय हिंसा के विरोध एवं अभियुक्तों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा प्रदर्शन करते हुये महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी को सौपा।प्रदर्शन के दौरान भाकपा जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकारें लोकतंत्र का मुखौटा लगा कर तानाशाही कायम कर रही हैं।राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि आरएसएस और उसके संगठन जातीय और धार्मिक उन्माद फैलाकर देश में सामाजिक ताना बाना कमजोर कर रहे है।हाल ही में इटावा में जो जातीय हिंसा की गयी वह इसी का परिणाम है।कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने कहा जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकारें देश व प्रदेश में आयी हैं संविधान और लोकतंत्र दोनों खतरे में हैं।सह सचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि जनविरोधी भारतीय जनता पार्टी के राज में देश में धार्मिक एवं जातीय नफरत फैलाने में सरकारें और उसके मंत्री भी भागीदार हैं।इसी वजह से देश भर में जातीय और धार्मिक हिंसा हो रही है।ज्ञापन सौपने के दौरान एडवोकेट श्याम सिंह, फरीन, प्रेमचंद, मुनेश्वर प्रसाद, प्रमेन्द्र वर्मा, संदीप तिवारी, संदीप वर्मा, महेन्द्र यादव, जितेंद्र श्रीवास्तव, लवकुश वर्मा, सच्चिदानंद श्रीवास्तव, धर्मेंद्र शर्मा, दीपक वर्मा, अनुज वर्मा, सर्वेश यादव मौजूद रहे।

## पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र भेजा उचित कार्रवाई की मांग की



**बाराबंकी।**थाना बड्डूपुर अन्तर्गत ग्राम लालापुर मजरे निवासी वीरेन्द्र कुमार पुत्र राममनोहर ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुये उचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है।प्रार्थना पत्र मे कहा गया है कि बीती 17 जून 2025 को संदीप सिंह, छत्रपाल, शशि सिंह, रामनाथ सिंह द्वारा जान से मारने की नियत से गोली चलाई थी।जिसके बाद थाना बड्डूपुर मे उक्त लोगो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।इसके उपरान्त बीती 2 जुलाई 2025 को पुनः उक्त लोगो द्वारा मुकदमा वापस लेने की धमकी दी।जिसके बाद 112 पर फोन कर सूचना देने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई।प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक से जांच कर उचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## सरयू नदी का जलस्तर घटा, गुनौली गांव को राहत



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।**नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों में हुई भारी वर्षा के बाद बैराज से छोड़े गए ढाई लाख क्यूरिक पानी से सरयू नदी के तट स्थित गुनौली गांव में जमीन की कटान शुरू हो गई थी।वर्तमान में सभी नदी का जलस्तर प्रति घंटे 3 सेंटीमीटर के दर से कम हो रहा है।गुनौली गांव में अभी तक पानी नहीं पहुंचा है। जिससे लोग सुरक्षित हैं।बताते चले कि यह गांव हर वर्ष बाढ़ से प्रभावित होता है।जिससे फसले नष्ट होती हैं और जमीन की कटान होती है।तहसील प्रशासन के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल कपिल देव सिंह, प्रमोद कुमार, कौशलेंद्र कुमार लगातार बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे हैं।लेखपाल कपिल देव सिंह के अनुसार गांव में अभी बाढ़ जैसे हालात नहीं है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## शिव मंदिर के निर्माण का शिलान्यास



**सोहावल-अयोध्या।** विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद बड़ागांव के मजरे लोधे उपाध्याय का पूरवा स्थित बीते सप्ताह

- मंदिर निर्माण के लिए मोहित पाण्डेय ने दान में दी जमीन

शिव मंदिर निर्माण के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना कर मोहित पाण्डेय ने शिलान्यास किया। मालूम हो कि मोहित पाण्डेय पुत्र स्वर्गीय राम तेज पाण्डेय ने खुद के आवास की जमीन मन्दिर के लिए दान में देकर ग्रामीणों से मंदिर निर्माण की अपेक्षा की।निर्माण के व्यवस्थापन कार्य देख रहे पूर्व लोको इंचार्ज नागेंद्र नाथ पाण्डेय,नरसिंह पाण्डेय व ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए फाउंडेशन,पिलर,बिम आदि बनकर तैयार हो गया है। इस मौके पर ओम प्रकाश पाण्डेय, शिक्षक स्वतंत्र पाण्डेय, बैजनाथ पाण्डेय,जी ए पाण्डेय, शिव कुमार पाण्डेय,महेंद्र पाण्डेय,हरी राम परिचालक पंकज पाण्डेय आदि सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# पिता संतान के लिए सिर्फ संरक्षक नहीं, बल्कि जीवन के पहले गुरुः आचार्य मिथिलेश नंदनी शरण

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल के पिता स्वर्गीय महेन्द्र देव पाण्डेय की द्वितीय पुण्यतिथि पर मंगलवार को ह्लजीवन में पिता का महत्वह्व विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सदर तहसील के दुगार्पुर रमपुरवा स्थित

- महेन्द्र देव पाण्डेय की पुण्य तिथि पर आयोजित हुई संगोष्ठी, किया गया पौधरोपण

पंचायत भवन में संपन्न हुआ। संगोष्ठी में संत, भाजपा पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने स्व. पाण्डेय के योगदान और जीवन मूल्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हनुमत निवास पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेश नंदनी शरण ने कहा, पिता संतान के




लिए सिर्फ संरक्षक नहीं, बल्कि जीवन के पहले गुरु होते हैं। उनके संस्कार अगली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते हैं। महंत राजकुमार दास, ने कहा, परिवार की मजबूती का आधार पिता होते हैं। उनका जीवन संघर्ष और त्याग की मिसाल होता है। संघ के महानगर संचालक डा विक्रमा प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि परिवार की नींव पिता की निःस्वार्थ मेहनत पर टिकी होती है। आज की पीढ़ी को चाहिए कि वह अपने पूर्वजों के संघर्ष और मूल्यों को याद रखे।जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा, इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को पारिवारिक मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा, स्व. महेन्द्र देव पाण्डेय न केवल एक आदर्श पिता बल्कि समाज के लिए प्रेरक व्यक्तित्व थे। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा, ऐसे कर्मठ और संस्कारी व्यक्तित्व को कभी भुलाया नही जा सकता है। उनका जीवन समाजसेवा और नैतिक मूल्यों का प्रतीक था। एमएलसी हरिओम पाण्डेय ने कहा, संस्कारों की विरासत से ही समाज और राजनीति की दिशा तय होती है।संचालन राम मोहन भारती ने किया। कार्यक्रम के अंत में स्व. महेन्द्र देव पाण्डेय की स्मृति में परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मौके पर सहाकरी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, प्रधानाचार्य अरूण कुमार त्रिपाठी, दिव्य प्रकाश तिवारी, कपिल देव वर्मा, शिव कुमार यादव, सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध वर्ग की उपस्थिति रही।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल में वाहनों का निरीक्षण करने पहुंचा प्रवर्तन दल

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** बच्चो की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज बृहस्पतिवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला,

- बच्चों की सुरक्षा मे मिली चूक, 2 अनफिट वाहन समेत 1 प्राइवेट वाहन सीज
- बस में क्षमता से अधिक बच्चे मिलने पर विद्यालय प्रबंधन को दी सख्त चेतावनी

यात्री/मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव एंव यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम



ने असैनी मोड़ स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल मे पहुंच वाहनो का जांच की। जांच के दौरान लखनऊ पब्लिक स्कूल के वाहनों में अनियमितताएं पाई गई। जिसके बाद 2 अनफिट समेत 1 प्राइवेट वाहन को सीज किया गया। एआरटीओ श्रीमती शुक्ला एंव सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक श्री यादव ने एलपीएस परिसर मे खड़ी स्कूली वाहनो की जांच करते हुये अनफिट मिले 2 वाहन समेत 1 अनाधिकृत रुप से संचालित प्राइवेट वाहन को थाना मोहम्मदपुर चैकी मे निरुद्ध किया। तथा 1 बस मे क्षमता से अधिक बच्चे मिलने पर विद्यालय प्रबन्धन को सख्त चेतावनी देते हुये बच्चो को दूसरे वाहन से रवाना करवाया।

# कॉन्फ्रेंस विकास 2025 के संयोजकों के साथ कुलपति ने की बैठक

**अयोध्या।**डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज की ओर से शुक्रवार को ह्लविकास- 2025ह्व के अंतर्गत औद्योगिक ज्ञान, अप्रेंटिशिप एवं स्किल विषय पर एक दिवसीय यूजीसी कांफ्रेंस आयोजित होगा। इसी की तैयारी को लेकर कुलपति ने समिति संयोजकों के साथ आवश्यक बैठक की और कॉन्फ्रेंस के तैयारी की समीक्षा की। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर 15 समितियों के संयोजको ने कार्य को अंतिम रूप दिया गया। कॉन्फ्रेंस की तैयारी को लेकर कुलपति ने परिसर सहित आयोजन के पंडाल एवं स्वामी विवेकानंद सभागार का किया निरीक्षण। आवश्यक तैयारी को जल्द ही पूरा करने के लिए निर्देशित किया। अतिथियों के ठहरने के लिए शहर के 15 होटलों में व्यवस्था की गई है। यातायात समिति के संयोजक प्रो.अनूप कुमार ने बताया अभी तक काफी संख्या में बाहर से आने वाले अतिथि आ चुके हैं। कुछ के देर रात तक पहुंचने का शेड्यूल है।

विवि के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित कांफ्रेंस के दिन उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के 500 से अधिक शिक्षाविदों का जमावड़ा होगा। इस



अधिवेशन के मुख्य अतिथि सूबे के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही होंगे। विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी होंगी। कार्यक्रम में यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. एम जगदीश कुमार शिरकत करेंगे। अध्यक्षता कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह द्वारा किया जाएगा। इस बैठक में कुलसचिव विनय कुमार सिंह वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ला, प्रो एस एस मिश्र, प्रो नीलम पाठक प्रो सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो के के वर्मा, प्रो विनोद श्रीवास्तव, प्रो संजय पाठक, प्रो शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो शैलेंद्र कुमार,डॉ विनोद चैधरी, इंजीनियर आरके सिंह सहित उपस्थित रहे।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जनपद न्यायाधीश ने की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश



**बाराबंकी।** आगामी 13 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय लोक अदालत मे विभिन्न प्रकृति के दीवानी वादों एवं फौजदारी वादों को नियत व निस्तारित कराये जाने को लेकर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव ने न्यायिक अधिकारियो के साथ आवश्यक बैठक की। बैठक मे जनपद न्यायाधीश ने लोक अदालत को सफल आयोजन हेतु ज्यादा से ज्यादा वादों को चिन्हित कर निस्तारण करने, न्यायिक अधिकारियों को विभिन्न प्रकीर्ण वादों, विभिन्न अधिनियमों के निस्तारण योग्य वादों तथा परक्राम्य लिखत अधिनियम के अधिकाधिक वादों को चिन्हित करने, चिन्हित वादों के पक्षकारों को सूचित करने हेतु दो बार नोटिस निर्गत किये जाने को लेकर निर्देशित किया। बैठक मे प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सत्यदेव गुप्ता, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अल्पना सक्सेना, स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष सत्यवीर सिंह यादव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम विनय कुमार, विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत राकेश कुमार सिंह समेत समस्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संवर्ग, सिविल जज सी0डि0 एवं जू0डि0 संवर्ग के न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने नवनियुक्त 14 ब्लॉक अध्यक्षो को सौंपा मनोनयन पत्र




जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** संगठन सृजन अभियान 2025 जिला एवं शहर कमेटी के पदाधिकारियों का पद ग्रहण समारोह मे मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया एवं विशिष्ट अतिथि काग्रेस सांसद तनुज पुनिया,

- जिला और शहर कमेटी के पदाधिकारियों का पद ग्रहण समारोह संपन्न

जनपद प्रभारी दिनेश सिंह, ममता चौधरी ने 14 ब्लाक अध्यक्षों को मनोनयन पत्र वितरण करते हुये पार्टी के विचारो को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डा0 पुनिया ने समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुये कहा कि यह संगठन सृजन अभियान रूका नही है यह निरन्तर जारी रहेगा।काग्रेस सांसद श्री पुनिया ने कहा कि जो भी कार्यकर्ता संगठन के प्रति समर्पित एवं निष्ठावान है।

उसकी आवाज व उसकी कार्यशैली के बारे में प्रदेश व केन्द्र में जरूर अवगत कराते हैं। जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि जननायक राहुल गांधी के सामाजिक न्याय की अवधारणा के अर्न्तगत 60 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक के साथ 20 प्रतिशत महिलाओं को भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

जिसमें जिला प्रवक्ता 1, कोषाध्यक्ष 1, उपाध्यक्ष 13, महासचिव 17, सचिव 40, सोशल मीडिया प्रभारी 1, के साथ ही कुल 34 सदस्यीय शहर कमेटी घोषित की गयी।

# पर्यावरणीय आंकड़ों के संग्रहण में होगा क्रांतिकारी बदलावः डॉ. बिजेंद्र सिंह

जिला संवाददाता

**अयोध्या।**डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग को अब तक की सबसे बड़ी परियोजना 44 लाख 80 हजार रुपए स्वीकृत हुई है। अब विश्वविद्यालय का पर्यावरण विज्ञान विभाग चार अतिरिक्त जनपदो में वायु गुणवत्ता निगरानी का कार्य करेगा।

विश्वविद्यालय के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी यह अनुसंधान परियोजना है। उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ द्वारा स्वीकृत इस परियोजना के अंतर्गत अब अयोध्या के अतिरिक्त पूर्वी उत्तर प्रदेश के चार प्रमुख जनपदों गोंडा, बहराइच, अंबेडकर नगर और श्रावस्ती में वायुमंडलीय वायु गुणवत्ता की निगरानी की जाएगी।इस महत्वपूर्ण परियोजना का नेतृत्व डॉ. विनोद कुमार चैधरी, एसोसिएट प्रोफेसर, पर्यावरण विज्ञान विभाग कर रहे हैं। इस परियोजना की वार्षिक लागत रू 44,80,000.00 है, और यह नियमित चलने वाली परियोजना है। जो विश्वविद्यालय की अनुसंधान क्षमता और पर्यावरणीय विषयों में उसकी गंभीरता को दशार्ती है। परियोजना के अंतर्गत प्रत्येक जनपद में दो अत्याधुनिक वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, जो निरंतर पीएम 10, पीएम 2.5, सल्फर ऑक्साइड्स और नाइट्रोजन ऑक्साइड्स जैसे प्रमुख प्रदूषकों की निगरानी करेंगे। ये सभी प्रदूषक मानवीय स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक माने जाते हैं। डॉ. विनोद कुमार चैधरी ने बताया कि हमारा विभाग वर्ष 2021 से अयोध्या जनपद में वायु गुणवत्ता की निगरानी कर रहा है। उस अनुभव और आधारभूत संरचना को ध्यान में रखते हुए अब यह कार्यक्षेत्र चार अन्य जनपदों में विस्तार पा रहा है। यह परियोजना क्षेत्रीय प्रदूषण की सही स्थिति जानने और नीतिगत निर्णयों में वैज्ञानिक सहयोग देने में सहायक सिद्ध होगी।

यह परियोजना ऐसे समय में स्वीकृत हुई है जब वायु प्रदूषण भारत में, विशेषकर गंगा के मैदानी क्षेत्रों में, एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभर रहा है।इन चार जिलों में निरंतर और वैज्ञानिक आधार पर वायु गुणवत्ता की निगरानी से न केवल नीति निर्धारण में सहयोग मिलेगा, बल्कि आम जनता को भी जागरूक किया जा सकेगा। इस परियोजना से विश्वविद्यालय के छात्रों और शोधकताओं को भी व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुसंधान के नए अवसर मिलेंगे। निगरानी, डाटा विश्लेषण, रिपोर्ट निर्माण जैसे कार्यों में प्रत्यक्ष भागीदारी से छात्रों की वैज्ञानिक समझ और तकनीकी दक्षता में वृद्धि होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र बृजेन्द्र सिंह ने डॉ. चैधरी और पर्यावरण विज्ञान विभाग को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि यह परियोजना विश्वविद्यालय के सतत विकास और सामाजिक सरोकार से जुड़े अनुसंधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना न केवल पर्यावरणीय आंकड़ों के संग्रहण में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी, बल्कि डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को क्षेत्रीय पर्यावरणीय अनुसंधान के एक अग्रणी केंद्र के रूप में भी स्थापित करेगी।

## पशुओं का टीकाकरण करने का डिप्टी सी एम ओ ने दिया निर्देश

**सोहावल-अयोध्या।**मानसून के दौरान पशुओं को फैलने वाली गला घोटू बीमारी से बचाव को लेकर उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मनोज वर्मा ने क्षेत्रीय पशु चिकित्सकों को गांव- गांव जाकर टीकाकरण करने का निर्देश दिया।विभागीय कर्मचारी को गांव-गांव जाकर गाय भैंस व अन्य पशुओं को गला घोटू का टीकाकरण करने और किसानों को रोग से बचाव के उपाय समझाने का सुझाव दिया। डा0 वर्मा ने बताया कि कैंप लगाकर पशुओं को पशु एम्बूलेस के जरिये मिशन बनाकर टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण शुरू कर दिया गया है। मिशन में कोताही बरतने वाले कर्मियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।निर्देश का अनुपालन न करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सरकार द्वारा पशुओं के लिए निःशुल्क बीमा योजना भी चलाई गई है। पशु पालकों के पशुओं की दैविक आपदा में मृत्यु हो जाने पर पशु पालक को पशु की मालियत के हिसाब से क्लेम दिये जाने की जानकारी दी जा रही है। किसान भाइयों से अपील है कि अपने पशुओं का टीकाकरण और बीमा जरूर करायें।

## ओ लेवल ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बहराइच ।**जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2025-26 अन्तर्गत पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क ह्यओह्ल लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।

इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ओबीसी कम्प्यूटर ट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन लिंक पर 14 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए सुश्री भारद्वाज ने बताया कि ऐसे अभिभावक जिनकी वार्षिक आय रू. 01 लाख वार्षिक से अधिक न हो, अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो, शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट से न्यून न हो तथा किसी भी संस्था से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहे हों, अर्ह होंगे।सुश्री भारद्वाज ने अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि आनलाइन आवेदन के पश्चात पूर्ण आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 14 जुलाई 2025 की सॉय 05:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## दिशा की बैठक 15 को

**बहराइच ।**जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 15 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से विकास भवन सभागार में सांसद बहराइच डा. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आहूत की गई है।डीएम ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

संक्षेप

## युवती से जबरन दुष्कर्म का केस दर्ज

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना के एक गाँव मे एक युवक ने एक नाबालिग युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किया। युवती के शोर मचाने पर घटना स्थल पर परिजन पहुंचे।तो आरोपी युवक युवती को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।सुबह युवती की मां ने थाने पहुंच कर घटना की तहरीर,दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्जकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी ने थाने में तहरीर दी है कि 2 जुलाई की रात करीब 11 बजे उनकी नाबालिग बेटी को जनपद अमेठी, थाना गौरीगंज, ग्राम असाह डीह निवासी सईद आलम पुत्र अज्ञात ने घर से बहला फुसलाकर गांव से करीब 200 मीटर दूर आम की बाग में ले जाकर जबरन दुष्कर्म करने लगा।बेटी के शोर मचाने पर परिजन दौड़ कर पहुंचे तो वह लड़की को छोड़कर भागने लगा तो परिजनों ने पकड़ना चाहा तो वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। थाना प्रभारी कमलेश कुमार राजभर ने बताया केस दर्ज कर ली गई है।

## सीआरपीएफ जवान के घर में हुई चोरी

**दूबेपुर, सुलतानपुर।** दुबेपुर विकासखंड के पलहीपुर ग्राम सभा में सीआरपीएफ जवान अरुण कुमार सिंह के घर में बीते 17 जून को लाखों की चोरी हो गयी, जिसमें सोने व चांदी के आभूषणों और नगदी पर चोरों ने हाथ साफ किया। पीड़ित ने एसपी से चोरी के खुलासे की मांग की है।

## एआरटीओ ने की 36 स्कूली वाहनों की जांच

**गौरीगंज, अमेठी।** अपर परिवहन आयुक्त ( प्रर्वतन ) लखनऊ के निर्देश पर 15 दिवसीय स्कूली वाहनो का विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वृहस्पतिवार को जनपद अमेठी के मुंशीगंज- गौरीगंज ,अमेठी मार्ग पर एआरटीओ महेंद्र बाबू गुप्ता के साथ पीटीओ दिनेश रावत, यातायात प्रभारी ने 36 स्कूली वाहन की जांच किया जिसमें सात वाहनों के फिटनेस समाप्त पाये गये जिनका चालान किया गया। बताते चलें कि जनपद में विभिन्न स्कूलों के 715 वाहन पंजीकृत हैं। एआरटीओ ने बताया कि एक जुलाई से लेकर 15 जुलाई तक स्कूली वाहनो का विशेष अभियान चलाकर चेकिंग की जायेगी।

## बच्चों को साइबर अटैक बचाव की दी जानकारी

**अमेठी।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव द्वारा एमजेएस मेमोरियल ग्रीन वैली स्कूल मुसाफिरखाना रोड गौरीगंज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को साइबर अटैक या मुसीबत में फंसे बच्चों की मदद के लिए 1098 24 * 7 सेवा के बारे में एवं साइबर अटैक से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को बताया कि किसी अनजान व्यक्ति को ऑनलाइन व्यक्तिगत जानकारी पासवर्ड व ईमेल संबंधित जानकारी साझा न करें न ही ऑनलाइन बात करें, विद्यार्थी सोशल साइट पर अपनी निजी तस्वीर डालने से बचें, बदले की भावना के प्रति खतरे में पड़ सकते हैं इससे बचना चाहिए रोशन लाल ने 1098 टोल फ्री नंबर के बारे में बताया कि यह साल के 365 दिन 24 घंटे रात दिन की सेवा है जिस पर आप निःशुल्क फोन कर सकते हैं ।

# इंदिरा नगर में सीवर लाइन निर्माण में कार्यदायी संस्था की लापरवाही

- कीचड़ और जलभराव से होकर निकलने को मजबूर शहरवासी

**रायबरेली।** शहर के इंदिरा नगर आवास विकास कॉलोनी में बीते दो वर्षों से चल रहे सीवर लाइन निर्माण कार्य ने स्थानीय निवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जल निगम और ठेकेदारों की लापरवाही के चलते सड़कें ऊंची-नीची हो गई हैं, जिससे नेहरू नगर रेलवे क्रॉसिंग से आरोग्य हॉस्पिटल तक का मुख्य मार्ग करीब एक फीट नीचे धंस गया है।हल्की बारिश में भी जलभराव और कीचड़ की समस्या ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई न होने से निवासियों में आक्रोश बढ़ रहा है।

रायबरेली शहर की पॉश कॉलोनियों में शुमार इंदिरा नगर आवास विकास कॉलोनी के निवासी इन दिनों जल निगम और ठेकेदारों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं।बीते दो वर्षों से अमृत योजना के तहत चल रहे सीवर लाइन बिछाने के कार्य में अनियमितताओं और गुणवत्ता की कमी के कारण कॉलोनी की सड़कें बदहाल हो चुकी हैं। खास तौर पर नेहरू नगर



रेलवे क्रॉसिंग से आरोग्य हॉस्पिटल तक का मुख्य मार्ग, जो शहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, करीब एक फीट नीचे धंस गया है। इसकी वजह से हल्की बारिश में भी सड़कों पर जलभराव और कीचड़ जमा हो जाता है, जिससे लोगों का चलना-फिरना दूभर हो गया है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि दो वर्ष पहले सिविल लाइन में सीवर लाइन डालने के बाद सड़कों का पुनर्निर्माण ठीक ढंग से नहीं किया गया। जल निगम द्वारा सड़कों को जल्दबाजी में ऊंचा-नीचा करके छोड़ दिया गया, जिसके कारण सड़कें असमान हो गईं। बारिश के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, क्योंकि सड़कों पर जमा कीचड़ और पानी के कारण लोग फिसलकर गिर रहे हैं। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। नेहरू नगर रेलवे क्रॉसिंग से आरोग्य हॉस्पिटल तक सड़क का धंसाव जल निकासी को बाधित कर रहा है।हल्की बारिश में भी सड़कों पर कीचड़ और पानी जमा हो जाता है, जिससे पैदल चलना और वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है।निवासियों का आरोप है कि ठेकेदारों ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा।सड़कों का पुनर्निर्माण अधूरा और अव्यवस्थित है, जिसके कारण सड़कें टूटी-फूटी हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद जल निगम और संबंधित अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। निवासियों का कहना है कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा।कीचड़ और गंदे पानी के कारण मच्छरों और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।साथ ही, फिसलन भरी सड़कों पर लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इंदिरा नगर के निवासी महानन्द ने बताया कि हल्की बारिश में भी सड़क पर इतना कीचड़ हो जाता है कि घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। बच्चे स्कूल जाते समय फिसलकर गिर जाते हैं। जल निगम और ठेकेदारों को कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

एक अन्य निवासी आषा सिंह ने कहा, यह शहर का मुख्य मार्ग है, फिर भी इसकी हालत इतनी खराब है।जल निगम के अधिकारी और ठेकेदार केवल खानापूर्ति कर रहे हैं।सड़क की मरम्मत और नालों की सफाई के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। कार्यदायी संस्था केके स्पन के प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक मिश्रा का कहना है कि सडक धंसने के कारण जलनिकास की समस्या है, फिर भी जल्द ही निराकरण कराया जायेगा। वहीं क्षेत्रीय सभासद एसपी सिंह ने बताया कि कार्यदायी संस्था केके स्पन के प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक मिश्रा से बात हुई है जल्द ही जलभराव की समस्या से निजात दिलाया जायेगा।

## अमरनाथ दर्शन के लिए 13 लोगों का जत्था हुआ रवाना

**रायबरेली।** अमरनाथ यात्रियों ॐ शिव शक्ति सेवा मंडल का पहला जत्था शहर की बीचोबीच स्थित जग मोहनेश्वर से बालटाल के लिए रवाना हुआ। अमरनाथ जा रहे श्रद्धालुओं में इस यात्रा को लेकर जोश काफी हाई है। गुरुवार (3 जुलाई) से अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरूआत हो गई है और आखिर आज वह पल आ ही गया जब देश भर के भगवान भोलेनाथ के श्रद्धालु उनके पवित्र शिवलिंग के दर्शन कर सकेंगे।

पहलगाम हमले के बावजूद इस बार अमरनाथ यात्रा को इस बार को लेकर जोश काफी हाई देखने को मिल रहा है।रायबरेली से अमरनाथ के लिए रवाना हुए इन श्रद्धालुओं का दावा है कि उन्हें भारतीय सेना और सुरक्षा बलों पर पूरा भरोसा है और इसी भरोसे के चलते वह यह यात्रा कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का दावा है कि उन्हें भगवान भोलेनाथ पर पूरा भरोसा है और अगर भगवान भोलेनाथ ने उन्हें यात्रा के लिए बुलाया है तो वहीं भगवान उनकी रक्षा करेंगे। बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु यह भी दावा कर रहे हैं कि इस यात्रा के माध्यम से वे आतंक को जवाब देना चाहते हैं और भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए जा रहे हैं। श्रद्धालु यह बात भी कह रहे हैं कि इस बार आस्था आतंक पर भारी है।

## चौमासा की चर्चा व भूगर्भ जल स्तर पर हुई विशाल संगोष्ठी



**अमेठी।** जनपद के रामगंज बृहस्पतिवार अमेठी जलबिरादरी की ओर से मार्निंग रेज पब्लिक स्कूल रामगंज के सभागार में चौमासे की वर्षा एवं भूगर्भ जल स्तर विषयक संवाद संगोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर पूजा, अर्चना एवं माल्यार्पण से हुआ। विषय का प्रवर्तन करते हुए पर्यावरणविद् डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि जनपद में आज के पांच दशक पूर्व जहां औसत भूगर्भ जल स्तर 15 - से 20 फीट रहा है ,जो आज घटकर 35-40 फीट रह गया है। जनपद में कोका कोला एवं रेलनीर प्लांट तथा सैकड़ों अनधिकृत वाटलिंग प्लांट के अत्यधिक जलदोहन से निरन्तर धरती का पेट खाली होना चिंताजनक है। जनपद की सदा बहने वाली स्थानीय दोनों प्रमुख नदियां बरसात के बाद मालती एवं उज्जयिनी सूखी रहती हैं। बचे खुचे तालाबों में सिल्ट का जबरदस्त जमाव है।भादर ब्लाक डार्क जोन में पहुंच चुका है इस गम्भीर जल संकट से उबरने ?हेतु हो रहे अत्यधिक जलदोहन रोका जाना नितान्त जरुरी है तथा चौमासे में होने वाली वर्षा जल संचयन से भूगर्भ जल स्तर को ऊपर उठाया जा सकता है मुख्य अतिथि वी के सिंह ने कहा कि जनपद का भूगर्भ जल स्तर ऊपर उठे इसके लिए पौराणिक ज्ञान श्रेयस्कर है ,जो जल संचयन द्वारा संभव है प्रकृति प्रेमी सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ल ने कहा कि पहले लोगों का मानना रहा कि यदि आर्द्रा नक्षत्र में बरसात अच्छी होती है तो माना जा सकता है की मघा नक्षत्र में भी अच्छी बरसात होगी।आज तो ऋतुओं का अता-पता ही नहीं रहता है।कैलाश नाथ शर्मा ने कहा कि अंधाधुंध वृक्षों के कटान का सीधा असर चौमासे की बरसात में देखा जा सकता है।इसके लिए पीपल, बरगद, गूलर, पाकड़ एवं नीम आदि पंचवटी के बृक्ष सहायक हो सकते हैं।रवींद्र सिंह ने कहा कि कोका कोला प्लान्ट के अत्यधिक जलदोहन के कारण त्रिसुंडी,रामगंज, संसारीपुर,छीड़ा, ढ़ेमा, सोनारी एवं कुरंग आदि दर्जनों गांवों का निरन्तर गिरता भूगर्भ जल स्तर चिंता का विषय है।इस संवाद गोष्ठी में राम बहादुर सिंह,दीपक सिंह, नरसिंह बहादुर सिंह एवं विजय पाल सिंह आदि के साथ सैकड़ों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।

## जिले को मिला पहला स्ट्रोक रेडी सेंटर

**रायबरेली।** इलाज के लिए दूसरे शहरों में जाना मरीजों के लिए परेशानी और तनाव का कारण बनता है।सफर की थकान, ठहरने की मुश्किल जैसी परेशानियों से मरीज और उनके परिवारों को जूझना पड़ता है। ऐसे में अपने ही शहर में विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श मिले तो बड़ी राहत मिलती है। मेदांता लखनऊ की इसी सोच के तहत रायबरेली के मरीजों को अब विशेषज्ञ इलाज के लिए लंबा सफर नहीं करना पड़ेगा।इसके साथ ही जिले का पहला स्ट्रोक रेडी सेंटर भी लॉन्च किया गया है। सिमहैन्स हॉस्पिटल पर मेदांता की ओर से एआई-सक्षम सीटी इमेजिंग प्रोग्राम की शुरूआत की गई है, जो न्यूरो इमरजेंसी, विशेषकर स्ट्रोक की स्थिति में त्वरित एवं सटीक निर्णय लेने में सहायक सिद्ध होगा। मेदांता लखनऊ ने रायबरेली में अपनी विशेषज्ञ ओपीडी सेवाएं शुरू कर दी हैं। इसके तहत हर महीने तय तारीखों पर मेदांता के अनुभवी डॉक्टर शहर के विभिन्न अस्पतालों में मरीजों की जांच करेंगे। इस पहल की शुरूआत जुलाई महीने से हो रही है जिसमें कुल पांच अस्पतालों को शामिल किया गया है।गैस्ट्रोसाइंसेज विभाग के जीआई सर्जरी डायरेक्टर डॉ. संदीप कुमार वर्मा हर महीने के पहले और तीसरे गुरुवार को निर्मल हॉस्पिटल में परामर्श देंगे।नेफ्रोलॉजी, रीनल केयर विभाग के कंसल्टेंट डॉ. शुभम शुक्ला जल्द ही शुभ हॉस्पिटल में मरीजों को देखना शुरू करेंगे। वहीं पीडियाट्रिक केयर विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. श्यामेंद्र प्रताप शर्मा हर महीने के चैथे बुधवार को वात्सल्य हॉस्पिटल या सुमित्रा हॉस्पिटल में मरीजों को परामर्श देंगे। रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग विभाग की एसोसिएट कंसल्टेंट डॉ. वृत्तिका भारद्वाज हर महीने के पहले गुरुवार को सिमहैंस हॉस्पिटल में मरीजों को देखेंगी। मेदांता हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने कहा, ह्लहमारा लक्ष्य यह है कि रायबरेली के मरीजों को विशेषज्ञ इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर न जाना पड़े। अब वही विशेषज्ञ रायबरेली में ही मरीजों को देखेंगे, जिससे समय और पैसे की बचत तो होगी ही, साथ ही परेशानी भी नहीं होगी।

- सिमहैन्स हॉस्पिटल में मेदांता लखनऊ की अभिनव पहल के साथ, डॉक्टरों की ओपीडी सेवाएं शुरू

# विद्यालय बंद करने से होगा शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देशानुसार विधायक ऊंचाहार व पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय एवं विधायक बछरावां श्याम सुन्दर भारती को संगठन द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को बंद किए जाने से संबंधित ज्ञापन द्वारा सौंपा गया। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि मनमानीपूर्ण तरीके से शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करके विद्यालय बंद करने का काम किया जा रहा है, आरटीई एक्ट और एसएमसी को एकदम नजरंदाज कर दिया गया है। अध्यक्ष जिला संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी ने कहा कि जब तक एसएमसी और अभिभावकों की भावनाओं एवं समस्याओं का संज्ञान नहीं लिया जाता तब तक हम लोग संघर्ष करेंगे।

महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी करके आनन फानन में गुप चुप तरीके से मर्जर आदेश बांटे जा रहे हैं। गौरा अध्यक्ष शैलेष पाण्डेय ने कहा कि संगठन का संघर्ष का इतिहास रहा है,संगठन इसकी भी लडाई लडेगा।जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह ने कहा कि इस उत्पीडन के खिलाफ क्रमबद्ध लडाई लडनी पडेगी। राही अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी,ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति, अभिभावकों की आवाज को बुलंद किया जाएगा। हरचंदपुर अध्यक्ष अरविन्द द्विवेदी, डलमऊ अध्यक्ष योगेश सिंह, जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह, सरेनी अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, महराजगंज अध्यक्ष विनोद अवस्थी, सलोन अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, डीह अध्यक्ष कमलेश ओझा,खीरों अध्यक्ष नीरज हंस,छतोह अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय,बछरावां अध्यक्ष अमन शुक्ला,रोहनियां अध्यक्ष पवन शुक्ला,शिवगढ अध्यक्ष गयेन्दु सिंह,,लालगंज अध्यक्ष शेषर यादव, गौरा अध्यक्ष शैलेश पाण्डेय, अमावां अध्यक्ष शशि प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में ज्ञापन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## ढाई माह बाद चोरियों का खुलासा

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर 02 संदिग्ध व्यक्तियों संजय गौतम पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम सिलोखर नरैनी थाना व जनपद अमेठी व विपिन उर्फ सचिन पुत्र सुरेश सरोज निवासी पासिन का टोला मजरे अगहर थाना व जनपद अमेठी के पास रखे बर्तनों के संबंध में उक्त व्यक्तियों से पूछताछ की गई । पूछताछ में व्यक्तियों ने बताया 20 अप्रैल को हम दोनो लोगों ने मिलकर ग्राम पूरबगांव के 1 मकान से ताला तोड़कर 1 गगरा, 4 थाली, 5 गिलास, 4 कटोरी, 4 प्लेट, 2 भगौना, व अन्य घरेलू उपयोग के बर्तन, 3 निर्वाचन कार्ड,1 बैनामा प्रति, सोने की चेन, कपड़े एवं 25,000 रुपये चुराये थे ।सोने की चेन को बेंचकर प्राप्त रुपये एवं चोरी के 25,000 रुपये को हम लोगों ने आपस में बांट लिया था, जो हम लोगों नें खर्च कर दिये है। अभियुक्तों ने बताया कि 27 जून को ग्राम महाराजपुर में 1 मकान का ताला तोड़कर सरसों से भरी बोरियां, 400 रुपये एवं 1 आधार कार्ड चोरी किया था ।अभियुक्तों की निशानदेही पर अभियुक्त संजय गौतम के बाड़ा से 3 बोरियों में कुल 1.05 क्विंटल सरसों, 3 निर्वाचन कार्ड,1 छाया प्रति बैनामा तथा 1 आधार कार्ड बरामद किया गया ।उक्त चोरियों के संबंध में थाना अमेठी पर अभियोग पंजीकृत किये गये थे । बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## पत्रकार एसोसिएशन ने जतायी शोक संवेदना



**गौरीगंज,अमेठी।** जिला मुख्यालय पर पी डब्ल्यू डी गेस्ट हाउस पर पत्रकार एसो. की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रमन पांडेय ने किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष श्रीवास्तव ने किया।28 जून को पत्रकार साथी सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ₹सूर्या₹ एडवोकेट की माता के निधन पर चर्चा हुई, कार्यक्रम में एक मिनट का मौन रख कर पुण्य आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। जिलाध्यक्ष रमन पांडेय ने कहा कि माताजी का निधन अपूरणीय क्षति है।जिला संगठन पत्रकार साथी के साथ है।महासचिव लाल जी तिवारी ने कहा कि अत्यंत दुःख की घड़ी है, ईश्वर मृत आत्मा की शांति दे।राम केवल यादव में कहा कि ईश्वर घर वालों को असहनीय पीड़ा से उबरने की शक्ति प्रदान करे। शोक सभा में कोषाध्यक्ष राघवेंद्र पांडेय, विकास शुक्ला, सी पी मौर्य, दिलीप कुमार सिंह, विनीत मिश्रा, सिद्ध नाथ तिवारी, के के मिश्रा, बृजेश दुबे, आर के यादव मौजूद रहे।

# पूर्व राज्य मंत्री ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



**लालगंज, रायबरेली।** पूर्व राज्य मंत्री बीरेंद्र तिवारी ने लालगंज पहुंच कर जहां कार्यकताओं की कुशल क्षेम की जानकारी ली। लालगंज के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व राज्य मंत्री का जबरदस्त स्वागत किया और शिवम गुप्ता ने प्रतीक चिन्ह व चंदन त्रिवेदी ने रामायण भी भेंट की। कार्यक्रम का संयोजन भारतीय जनता पार्टी और व्यापार मंडल के द्वारा किया गया। संचालन वरिष्ठ कार्यकर्ता सुशील शुक्ला के द्वारा किया गया। वहीं पत्रकारों से हुई वार्ता में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 11 साल की उपलब्धि, आपातकाल, ऑपरेशन सिंदूर, एक पेड़ मां के नाम पर कार्यक्रम का बखान करते हुए कांग्रेस के द्वारा लगाए गए आपातकाल की जमकर धज्जियां उड़ाई और कहा कि संविधान का ढोंग रचने वाली कांग्रेस को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। आपातकाल के लिए कांग्रेस नेतृत्व को माफी मांगनी चाहिए। वहीं उन्होंने नेशनल हेराल्ड केस में भी ईडी के द्वारा कांग्रेस नेतृत्व को दोषी पाए जाने पर उनसे इस्तीफा देने को कहा। पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी और तब से वे दो बार फिर चुने गए। उनके 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत ने कई क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

अंतरिक्ष विज्ञान इसरो ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग की और आदित्य-एल1 मिशन लॉन्च किया। उन्होंने भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी के आवास पर पहुंचकर भागवत कथा के समापन पर आयोजित भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। भाजपा नेता अनूप पांडे के आवास पर पहुंचकर पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडे, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ,किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रमुख सचिव बेसिक और डीजी की नहीं चलेगी तानाशाही : वीरेंद्र सिंह

**रायबरेली।** परिषदीय विद्यालयों के मर्जर के विरोध में गुरुवार को राष्ट्रीय षैक्षिक महासंघ ने मार्च पास्ट निकाला। शिक्षकों ने बुलंद अवसर में एक साथ कहा कि प्रमुख सचिव बेसिक और डीजी की यह तानाशाही बिल्कुल नहीं चलेगी। शिक्षकों ने विकास भवन से पैदल मार्च निकलाते हुए डिग्री कॉलेज चैराहा होते हुए कचहरी रोड से अंबेडकर चैक पहुंचा।यहां से शिक्षकों ने मशाल जलाकर विरोध किया और कहा कि यह तानाशाही बिल्कुल ही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों के साथ ही साथ प्रधानों पर दबाव बनाकर विद्यालयों को मर्जर करने का आदेश निकल गया है। संगठन 20 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये गये ज्ञापन पत्र के पश्चात भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारियों के नियम विरुद्ध मनमाने पूर्ण ढंग से दिये गये प्रस्ताव पर युग्मन/मर्जर आदेश निर्गत किया गया है। संगठन से संवाद स्थापित न करने से छात्रों और शिक्षकों के समक्ष अंधकारमय भविष्य है। उन्होंने कहा कि डीजी की तरफ से स्पष्ट कहा गया है कि एस एमसी की समिति के बिना कोई भी विद्यालय मर्ज नहीं किया जाएगा। लेकिन जिले के खंड शिक्षा अधिकारियों ने अपना नंबर बढ़ाने के लिए प्रधानाध्यापकों पर जबरदस्ती दबाव बनाकर सहमति ले ली है। यह बिल्कुल ही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला महामंत्री संजय कनौजिया ने कहा कि विद्यालयों का मर्जर पूरी तरीके से गलत है और इसका विरोध किया जाता रहेगा। इस मौके पर इस मौके पर जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह, संजय सिंह, बृजेंद्र, विजय सिंह, रणविजय सिंह गंगा पारी, अनूप, प्रतिमा सिंह, शशि देवी, हरिमोहन, हरिवंश सिंह, सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के लिए 'पेयरिंग' योजना के तहत 25 नये विद्यालय चिह्नित

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद सुलतानपुर में छात्र नामांकन की दृष्टि से अपर्याप्त ( 50 से कम छात्र संख्या ) विद्यालयों को अधिक प्रभावी और संसाधन-सक्षम बनाने के लिए ह्यपेयरिंग ऑफ स्कूल्सह्न योजना पर कार्य किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग के पत्र तथा महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में इस योजना के अंतर्गत 444 विद्यालयों की समीक्षा की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा तृतीय चरण में 139 विद्यालयों का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसमें से 25 विद्यालयों का पेयरिंग आदेश दिनांक 3 जुलाई 2025 को जारी कर दिया गया है। पेयरिंग योजना का उद्देश्य विद्यालयों के भौतिक एवं शैक्षणिक संसाधनों झ्र जैसे कक्षा-कक्ष, आईसीटी उपकरण, भवन आदि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है। इससे शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ेगी और प्रशासनिक दक्षता में भी सुधार होगा। पेयरिंग सूची में धनपतगंज व लम्भुआ विकासखण्ड के विद्यालय शामिल हैं, जैसे कि प्रा.वि. भरसक्षा, बडनपुर नवीन, नांदा आदि, जिन्हें हसरमपुर, बहनपुर जैसे समीपवर्ती विद्यालयों से जोड़ा गया है। यह कदम समग्र शिक्षा अभियान को मजबूत करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है।

## कूटरचित हस्ताक्षर से लिया दो लाख का ऋण बीएसए ने दिये कार्यवाही के निर्देश

**सुलतानपुर।** राम लखन मथुरा प्रसाद इंटर कॉलेज, छापर प्रतापपुर कमैचा में कार्यरत कर्मचारी द्वारा कूट रचित हस्ताक्षर के माध्यम से ?2 लाख का ऋण प्राप्त किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रबन्धक द्वारा बीते 3 जून को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत की गई कि सुशील कुमार तिवारी ने बीते 8 मई को सामान्य भविष्य निधि खाते से ऋण लेने के लिए जाली हस्ताक्षर करते हुए पत्रावली प्रस्तुत की थी। विभागीय नियमों के विरुद्ध यह ऋण स्वीकृत कर लिया गया।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी लम्भुआ को जांच अधिकारी नामित किया गया, जिन्होंने 18 जून को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में प्रधानाचार्य और लिपिक के बीच आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति को संदिग्ध बताया गया। जिसमें तथ्यों और जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने गुरुवार को संस्था प्रबंधक से प्रधानाचार्य एवं लिपिक के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। यह मामला वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता के दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर माना जा रहा है, जिस पर विभाग सतर्कता से कार्रवाई कर रहा है।

## जल सेना में कमांडो के पद अभिषेक का चयन

**शाहगढ़, अमेठी।** किसान के बेटे का चयन जल सेना में कमांडो के पद पर हुआ है।जिससे क्षेत्र के युवाओं में खुशी की लहर फैल गई। विकास खंड के महापुर सेवई निवासी किसान विद्यनाथ सिंह के अभिषेक सिंह प्रथम प्रयास में जल सेना मार्कोज कमांडो के पद पर चयन हुआ है। अभिषेक सिंह ने कहा कि उनकी शिक्षा गांव में ग्रहण की। तथा घर पर ऑनलाइन परीक्षा की तैयारी करता था। अभिषेक के जल सेना कमांडो के पद पर चयन होने पर क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# माध्यमिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

- रामरती में आयोजित हुई जनपद स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता

जिला संवाददाता (vol)

**सुलतानपुर।** जिले में माध्यमिक खेलों की शुरूआत हुई ' जनपद स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल छात्र-छात्राओं के मध्य प्रतियोगिता रामरती इंटर कॉलेज द्वारिकागंज के मैदान पर खेली गई, उद्घाटन भूपेंद्र कुमार वर्मा और समाज सेवी बृज लाल बौद्धचार्य ने किया प्रतियोगिता में एमजीस इंटर कॉलेज, जीआईसी इंटर कॉलेज सुलतानपुर, एमएसबी इंटर कॉलेज, रामरती इंटर कॉलेज सहित सभी वर्गों को मिलाकर कुल सात टीमों ने प्रतिभाग किया।



जूनियर वर्ग छात्र के फाइनल मैच में एमजीस ने रामरती इंटर कॉलेज को चार दो से हराया एमजीएस की ओर से युवराज शर्मा, अभिषेक गुप्ता, प्रवीन, रूद्र प्रताप यादव ने एक-एक गोल किया रामरती इंटर कॉलेज से सौर प्रताप सिंह और करण ने एक एक गोल किया। सब जूनियर वर्ग के फाइनल मैच में एमजीएस ने रामरती इंटर कॉलेज को तीन एक से पराजित किया। एमजीएस की ओर से शनि धुरिया आदर्श और अंश ने एक-एक गोल किया रामरती की ओर से एकमात्र गोल कप्तान अनुज ने किया रामरती कॉलेज से अमरेंद्र, मयक, विकास हाशिम अली का खेल सराहनीय रहा। छात्रा जूनियर वर्ग में पूरे जिले से एक मात्र रामरती इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने प्रतिभाग किया इन खिलाडियों का ट्रायल लेकर और आपस में मैच करा कर शालु सरोज, वंदना पांडेय, श्रेया भारद्वाज, नंदीनी, शिवानी, सानिया बनो, विनिता शिवानी, सलोनी, सेजल, आराध्या, कोमल का चयन मंडल के लिए चयन किया गया।तीनों वर्ग की विजेता टीम मंडल में प्रतिभाग करेंगे छात्र वर्ग जूनियर सब जूनियर मंडल प्रतियोगिता 5 जुलाई को सुलतानपुर में और छात्रा वर्ग की मंडल प्रतियोगिता 5 जुलाई को बाराबंकी में संपन्न होगी प्रतियोगिता समापन पर विद्यालय प्रधानाचार्य रामजीत शाही ने विजेता खिलाड़ियों को मोमेंटो व मेडल देकर सम्मानित किया। रेफरी की भूमिका राजेश कुमार कन्नौजिया और सुधीर सोनी ने निभाया प्रतियोगिता जिला खेल सचिव दिलीप सिंह की देख में संपन्न हुआ प्रतियोगिता संपन्न कराने में सर्वेश कुमार वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एमजीएस विजेता होने पर प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह प्रबंधक विनोद सिंह विद्यालय अध्यक्ष संजय सिंह प्रोफेसर प्रवीण कुमार सिंह राकेश सिंह और मुनेंद्र मिश्रा डॉ अब्दुल हमीद धरमेंद्र पांडे दीपक अशोक आदि ने खुशी व्यक्त किया।

## प्राइमरी स्कूलों के विलय पर बिफरी कांग्रेस

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राइमरी स्कूलों के मर्जर ( विलय ) के आदेश के खिलाफ गुरुवार को कांग्रेस पार्टी ने प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की इस नीति का उद्देश्य गरीब और वंचित वर्गों के बच्चों को शिक्षा से वंचित रखना है।इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि गरीब का बच्चा स्कूल न जाए और शिक्षित न हो, ताकि वह सवाल न पूछ सके। वहीं, राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि योगी सरकार स्कूल बंद कर मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है। बीजेपी चाहती है कि लोग पढ़ें ही नहीं, ताकि वे अंधभक्त बने रहें। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि कांग्रेस के शासनकाल में हर गाँव में स्कूल खोलने का कार्य हुआ, जिससे ग्रामीण बच्चों को शिक्षा का अवसर मिला। वहीं बीजेपी सरकार सिर्फ भाषण और प्रचार में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्तर पर शिक्षा की अनदेखी हो रही है।

संक्षेप

## श्रमिकों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी में टीकरी रोझौली मार्ग पर मजदूरों से भरी ट्रॉली पलट गई। ट्रॉली के नीचे श्रमिक दब गए। चीख पुकार सुन आए लोगों ने मदद की। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। फतेहपुर सीकरी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम टीकरी से रोझौली में धान की रोपाई के लिए जा रहे श्रमिकों की ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। कुछ महिलाएं और पुरुष ट्रॉली के नीचे दब गए। लोगों ने सभी को बाहर निकाला। उन्हें तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर आगरा रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी अनुसार विमला देवी सुनीता शीला कुमार देवी मछला सोलंकी सुखी सुमन सीमा और लगभग 15-16 महिला-पुरुष मजदूर ग्राम टिकरी से रोज होली में विक्रम बाबा के खेत में धान की रोपाई के लिए सुबह लगभग 8:00 बजे ट्रैक्टर ट्रॉली से जा रहे थे। ट्रैक्टर को योगेश पुत्र विक्रम सिंह चला रहा था। टीकरी से लगभग 1 किमी आगे जाकर ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई, जिससे मौके पर चीख पुकार मच गई।

## वृंदावन को प्लास्टिक मुक्त कराने का लिया संकल्प

**मथुरा।** अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस के अवसर पर नगर निगम मथुरा-वृंदावन की नेचर ग्रीन आईईसी टीम द्वारा प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान के अंतर्गत वृंदावन स्थित वार्ड 50 के रंगजी मंदिर परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं और नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और उन्हें यह संदेश दिया कि प्लास्टिक प्रदूषण न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँचाता है बल्कि जीवों और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसके विकल्प स्वरूप पर्यावरण अनुकूल और पुनः प्रयोग योग्य उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह को ह्णप्लास्टिक मुक्त मथुरा-वृंदावनह्ण के निर्माण में सहभागी बनने के लिए संकल्प भी दिलाया गया।

## भाकपा ने निकाला जुलूस, सौंपा ज्ञापन

**मथुरा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मथुरा के प्रांतीय आह्वान पर गुरुवार मथुरा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जुलूस निकाला। जिसमें सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी की राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन में सांप्रदायिकता जातिवाद एवं समाज में बढ़ रही नफरत को रोकने की मांग की गई। देश प्रदेश में जब से भाजपा की डबल इंजन की सरकार आयी है तब से देश का आपसी ताना बाना खत्म हो गया है, राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासन को कमजोर किया जा रहा है। इटावा बकेवर थाना मे दादरपुर गांव के कथावाचकों के साथ घटी घटना इसी बात का सबूत है, देश व प्रदेश में घट रही ऐसी घटनाओं का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पुरजोर विरोध करती है। इस मौके पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला मथुरा के गफ्फार अब्बास एडवोकेट राधा चौधरी याकूब साहब जब्बार अब्बास एडवोकेट रवि शर्मा एडवोकेट दिनेश शर्मा रजनी शर्मा राकेश बघेल एडवोकेट राकेश यादव एडवोकेट अमीर चन्द दुर्गा प्रसाद पदम सिंह हेमलता तरकर मास्टर वीरेंद्र सिंह आसीन भग्गो रेबी बबलू नरेंद्र सिंह सिसोदिया एडवोकेट जलालुद्दीन याकूब शाह आदि मौजूद रहे।

# बरसाना में अवैध डेयरी से जब्त किया 1100 किलो पनीर

### खाद्य सुरक्षा टीम ने छह सैम्पल जांच को भेजे




**मथुरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बुधवार को बरसाना में छापेमारी करते हुए मिलावटी पनीर बनाने वाली भोला डेरी का भंडाफोड़ किया है। विभागीय टीम ने मौके से पनीर बनाने वाली 4200 लीटर सामग्री और 1100 किलो तैयार पनीर मिला है। टीम ने बिना लाइसेंस चल रही इस डेरी से छह नमूने लिए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए डेरी संचालक को हिरासत में लिया है। सहायक आयुक्त खाद्य डीपी सिंह ने बताया कि मिलावटी पनीर बनाने वाली डेरी से जो नमूने लिए गए है, वे जांच को भेजे गए हैं। उनका परिणाम आने के बाद ही पता चल पाएगा कि किन किन पदार्थों को पनीर बनाने में प्रयोग किया जाता था और उनके क्या क्या तत्व हैं। गोवर्धन मुड़िया मेला में मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम में लगे सहायक आयुक्त खाद्य धीरेंद्र प्रताप सिंह और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह को दो दिन पहले सूचना मिली कि बरसाना में हाथिया-रूपनगर मार्ग स्थित भोला डेरी पर मिलावटी पनीर तैयार किया जा रहा है। इसके बाद अधिकारियों ने पहले गोपनीय तरीके से डेरी की रेकी कराई। सूचना सही पाए जाने पर बुधवार को विभागीय टीम ने डेरी पर छापा मारा। किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पुलिस को भी बुलवा लिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी जब डेरी के अंदर घुसे तो उस समय वहां पनीर बनाया जा रहा था। जब सहायक आयुक्त ने डेरी संचालक चरन सिंह से लाइसेंस मांगा तो वह नहीं दिखा सका। मौके से पनीर निर्माण में काम आने वाला 3800 लीटर स्किम्ड मिल्क, 60 लीटर मिश्रित दूध, पनीर बनाने का 40 लीटर घोल, 195 लीटर रिफाइंड पामोलीन, 80 किलो सोयाबीन पावडर, सात किलो चूने का घोल, 30 लीटर एसीटिक एसिड, 25 लीटर हाइड्रोजन पर आक्साइड और 1100 किलो तैयार पनीर जब्त किया गया। टीम ने वहां से छह नमूने लिए। इनमें पनीर के दो, रिफाइंड पामोलीन का एक, चूने के घोल का एक, पनीर बनाने के घोल का एक और मिश्रित दूध का एक नमूने लिए गए। इस मामले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने डेरी मालिक चरन सिंह निवासी यादव मुहल्ला, बरसाना देहात, बरसाना को हिरासत में लिया है।

## मुठभेड़ में सांसी गैंग के 2 लुटेरे गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम ने चोरी लूट की घटना करने वाले अंतर्राज्यीय सांसी गैंग के 02 शातिर लुटेरों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। 27-06-2025 को गजेन्द्र द्वारा थाना उत्तर पर तहरीर दी गयी कि वह अपने पिता के साथ स्टेट बैंक की मैन शाखा से अपने पिता की पेंशन के एक लाख रुपये निकालकर घर वापस जा रहा था उसने रुपये व अन्य जरूरी दस्तावेज एक पॉलीथीन में रखकर अपनी मोटरसाइकिल के बैग में रखे हुए थे। बैंक की शाखा से मोटरसाइकिल बाहर निकालते ही अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल के बैग में रखी रुपयों एवं कागजात की पॉलीथीन को निकालकर मौके से भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार थाना उत्तर पर मुकदमा पंजीकृत किया था। उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 2 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सांसी गैंग के लुटेरे अभियुक्त आतिश उर्फ आतिस पुत्र अमर सिंह, बाबू पुत्र विक्रम सिसौदिया एवं बौबी पुत्र दिनेश सिसौदिया का नाम प्रकाश में आया था। उपरोक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में थाना उत्तर पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि बाइक सवार 2 अभियुक्त चोरी लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। जौंधरी अण्डरपास के पास चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को बाइक पर सवार 2 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए, पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा करने पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगे। बारिश के कारण फिसलन होने की वजह से उक्त संदिग्ध व्यक्तियों की बाइक फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम को नजदीक आता देख उक्त बाइक सवार संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम पर फायर करने लगे पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग की, जिसमें दोनों व्यक्तियों के पैर में गोली लगी और उन्हे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया, घायल अभियुक्तों की पहचान सांसी गैंग के अभियुक्त आतिश उर्फ आतिस पुत्र अमर सिंह सिसोदिया निवासी ग्राम कड़िया थाना बोड़ा जनपद राजगढ़ मध्यप्रदेश, बाबू पुत्र विक्रम सिसौदिया निवासी निवासी ग्राम कड़िया थाना बोड़ा जनपद राजगढ़ मप्र के रूप में हुई, जो कि थाना उत्तर पर पंजीकृत लूट के केस में वांछित थे। अभियुक्तों के कब्जे से 2 अवैध तमंचे 3 जिंदा कारतूस 2 खोखा घटना में प्रयुक्त बाइक एवं चोरी किये गये 42,150 रुपये बरामद हुए हैं। एएसपी नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि अभियुक्तशादी समारोह या बैंक आदि के आस-पास नजर रखते हैं।

# शहजाद खान बने टूंडला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष



**टूंडला।** नगर में टुंडली रोड पर मोहर्रम के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ताजियादार और अखाड़ों के उस्ताद व मुस्लिम समाज के लोगों ने भाग लिया मीटिंग मैं प्रशासन द्वारा जो गाइडलाइन दी गई उसपर चर्चा हुई सभासद अंसार अहमद द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी और एसएसपी द्वारा जो दिशा निर्देश संपूर्ण जिले में दिए गए हैं, उन दिशा निदेशों पर हम सभी ताजियादार और अखाड़ेदार मोहर्रम को मनाएंगे और परंपरागत तारिके से मुस्लिम समाज के लोग करते चले आ रहे हैं वह उसी तरीके से होंगे नया कोई भी ताजिया व अखाड़ा नहीं शामिल किया जाएगा इसी क्रम मैं सभासद अंसार अहमद ने एक कमेटी के गठन की बात की जिसमें सभी ताजदार व अखाड़ेदार ने अपनी सहमति जताई जिसमें अफजल भाई ने अध्यक्ष पद के लिए शहजाद भाई का नाम दिया जिस पर सभी लोगों ने हाथ उठाकर अपनी सहमति दी सभी की सहमती से आली जनाब शहजाद खान को मोहर्रम कमेटी टूण्डला का अध्यक्ष चुना गया मीटिंग में कर्बला में अंधेरा रहने की बात कही गई जिसमें शहजाद भाई ने कहा करबला में जनरेटर लाइट व डीजल की व्यवस्था मेरी तरफ से रहेगी व कर्बला की देखरेख कमेटी द्वार की जाएगी उसके बाद सभी उस्ताद खलीफाओं का फूल माला व पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया इस मौके पर उस्ताद अशरफ अली मोहम्मदाबाद खलीफा नजर मोहम्मद नगला मस्जिद खलीफा सलीम पहलवान बलदेव रोड व ताजियेदार सदर इमरान अंसारी नगला मस्जिद सलीम भाई निजामी बस्ती आरिफ फारूकी बलदेव रोड आसिफ उर्फ बिल्लू असगरी गंज मोइनुद्दीन कुरैशी मनटा रोड नसीर कुरेशी टुंडली और युसूफ मोहम्मदाबाद व मुस्लिम समाज के सभी जिम्मेदार लोग मौजूद रहे मीटिंग की अध्यक्षता नईमुद्दीन कुरैशी ने की संचालन मोहम्मद हुसैन पूर्व प्रधान ने किया जिसमें मोइनुद्दीन कुरेशी कुंवर महमूद जियाउद्दीन भाई सलमान कुरैशी आसिफ अब्बासी रियाजुद्दीन कुरैशी जफर भाई मुस्तकीम कुरैशी डॉक्टर इदरीश मोहम्मद जानू परवेज आलम नासिर हुसैन नियाजी मोहम्मद निसार रेहान खान अनवर उर्फ टिंचू बल्लू भाई जोली भाई निसार भाई आफताब शकील कुरेशी युसूफ भाई जीशान पठान सोनू अब्बास इमरान व अन्य लोग मौजूद रहे।

## सेंट जॉर्जेज स्कूल यूनिट-2 की वैन बच्चों समेत नाले में गिरी

**आगरा।** शहर के प्रतिष्ठित सेंट जॉर्जेज यूनिट-2 स्कूल के बाहर सोमवार दोपहर उस समय एक हादसा हो गया जब स्कूल वैन बच्चों समेत खुले नाले में जा गिरी। हादसा करीब दोपहर 1:00 से 1:15 बजे के बीच उस समय हुआ जब स्कूल की छुट्टी हुई थी और बच्चे वैन में बैठ चुके थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वैन अचानक पीछे की ओर चली और लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए नाले में जा समाई। रघुनाथ कॉम्पलेक्स के पास स्थित इस स्कूल वैन के नाले में गिरते ही मौके पर हल्ला मच गया। आसपास के लोग व राहगीर नाले में उतरकर बच्चों को वैन से बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अभिभावक भी पहुंच गये। वहां मौजूद पापा संस्था के संयोजक दीपक सिंह सरीन ने बताया कि उन्होंने देखा कि ड्राइवर सड़क पर लेटा कराह रहा था और कुछ ही देर में मौके से गायब हो गया। स्कूल प्रबंधन ने सभी बच्चों को तुरंत पास के रघुनाथ मेडिकल कॉम्प्लेक्स के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया। राहत की बात यह रही कि किसी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई, वरना हादसा गंभीर हो सकता था। जब पापा संस्था और अभिभावकों ने वैन चालक के नाम और वाहन रजिस्ट्रेशन की जानकारी मांगी तो स्कूल प्रबंधन ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि उनके पास ऐसी कोई जानकारी फिलहाल उपलब्ध नहीं है। दीपक सरीन का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन चालक से जुड़ी जानकारी छुपाने का प्रयास कर रहा था। स्कूल प्रबंधन की ओर से यह बताया गया कि हादसे के वक्त वैन चालक वैन की छत पर बच्चों के बैग रख रहा था, उसी समय किसी बच्चे ने वैन हैंडब्रेक खोल दिया, जिससे वैन पीछे की ओर लुढ़कती हुई नाले में जा गिरी। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पापा संस्था ने प्रशासन से दो गंभीर सवाल उठाए हैं। यदि स्कूल के पीछे वर्षों से नाला था तो वहां बाउंड्री वॉल क्यों नहीं थी? इसकी जिम्मेदारी नगर निगम की है या स्कूल प्रबंधन की? स्कूल सुरक्षा मानकों का पालन क्यों नहीं कर रहा? बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूल वैन में सेफ्टी सिस्टम, ड्राइवर की निगरानी और हैंडब्रेक जैसी व्यवस्था की क्या नियमित जांच होती है? संस्था ने जिला प्रशासन से इस विषय पर संज्ञान लेकर सुरक्षा मानकों की समीक्षा करने और स्कूल प्रबंधन से जवाब-तलब की मांग की है।

# उद्योगों की स्थापना से होगा जिले का विकास युवाओं को मिलेगा रोजगार



**फिरोजाबाद।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के मार्गदर्शन में जिले के विकास के लिए डीएम रमेश रंजन द्वारा जनपद में उद्योगों की स्थापना हेतु औद्योगिक आस्थानों के लिए निर्माण के लिए लगातार सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। इसी के क्रम में तहसील सिरसागंज के ग्राम पंचायत उरावर हस्तसर्फ में ग्राम सभा की 10.49 एकड़ तथा तहसील टूंडला की ग्राम पंचायत रधऊ मुस्तकिल में 19.46 एकड़ ग्राम सभा की भूमि नवीन मिनी औद्योगिक आस्थान हेतु चिन्हित की गई है, नवीन मिनी औद्योगिक आस्थान ग्राम रूधऊ मुस्तकिल तहसील टूंडला एवं मिनी औद्योगिक आस्थान ग्राम उरावर हस्तर्फ तहसील सिरसागंज के बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु धनराशि क्रमशः रुपए 492.88 लाख एवं 391.13 लाख शासन द्वारा स्वीकृत कर कार्यदायी संस्था यूपीएसआईडी को निर्गत की जा चुकी है, इन दोनों स्थलों पर वर्तमान में समतलीकरण व बाउंड्री वॉल के निर्माण का किया जा रहा है, तहसील जसराना के ग्राम देवा में यूपीसीड़ा द्वारा चिन्हित 339.89 एकड़ भूमि औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने हेतु प्रस्तावित की जा रही है, इसके अतिरिक्त जनपद की सिरसागंज तहसील के ग्राम पंचायत शाखा में 23.65 एकड़ भूमि चिन्हित कर औद्योगिक स्थापना हेतु अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है, प्लेज पार्क योजना के अंतर्गत 14 एकड़ का प्रस्ताव जिला स्तरीय समिति के अनुमोदन के उपरांत शासन को प्रेषित कर दिया गया है, इसके साथ ही तहसील फिरोजाबाद में 40 करोड़ के निवेश के साथ बायोगैस प्लांट की स्थापना की जा रही है, इसके साथ तहसील सिरसागंज में 27 करोड़ की धनराशि के निवेश के साथ मिल्क प्रोडक्ट से सम्बन्धित इकाइयों की स्थापना की जा रही है, कुल मिलाकर पर्यटन मंत्री के मार्गदर्शन और डीएम के नेतृत्व में जिले में कई ऐसी इकाइयों की स्थापना की जा रही है, जिसके द्वारा न केवल जिले का विकास होगा अपितु जिले के नवयुवकों को रोजगार परक भी बनाया जा सकेगा।

शासन की मंशा के अनुरूप पर्यटन मंत्री एवं जिलाधिकारी का प्रयास है कि युवाओं को रोजगार हेतु अन्यत्र न भटकना पड़े, युवाओं की ऊर्जा और उनकी क्रियाशीलता को सकारात्मक कार्यों में लगाया जा सके, साथ ही साथ फिरोजाबाद जिले को विकसित जिलों की श्रेणी में लाकर प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश में एक अनुकरणीय जिले के रूप में स्थापित करने का उद्देश्य हैं।

## जमानत याचिका से पूर्व मथुरा प्रशासन ने लगायी सुनील चैन पर रासुका

**मथुरा।** महानगर के माया टीला प्रकरण मामले में जिला प्रशासन ने मुख्य आरोपी सुनील चैन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत रासुका लगाने की कार्रवाई कर दी है। आज जिला जज की अदालत में सुनील चैन की जमानत याचिका पर निर्णय आना था उससे पूर्व ही प्रशासन ने उस पर एनएससी की कार्रवाई करके जेल से बाहर आने के रास्ते बंद कर दिए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि माया टीला धंसने से तीन निर्दोष लोगों की जान गई थी। उस घटना के कारण समुचित मथुरा जनपद में आम नागरिकों में दहशत और असुरक्षा का माहौल व्याप्त हो गया था जिसके चलते 55 वर्षीय अभियुक्त सुनील चैन पुत्र बीडी गुप्ता नि. गली कानूनगो मंडी रामदास पर रासुका लगाने की कार्रवाई की गई है। एसएसपी श्लोक कुमार के अनुसार रासुका लगाने की कार्रवाई की सूचना न्यायालय और जेल प्रशासन को दे दी गई है। इस घटना में फ्रार आरोपी कन्नू अग्रवाल के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की जा रही है। जिला जेल में रासुका के आदेश की एक प्रति सुनील चैन को पढ़कर सुनाई गयी और उपलब्ध भी कराई गयी है। वर्तमान में सुनील चैन के विरूद्ध अलग-अलग थानों में 5 मुकदमे दर्ज हैं। प्रशासन की इस कठोर कार्रवाई से कान्हा की नगरी में अनैतिक कार्य करने वालों में हड़कंप मच गया है। लोगों को उम्मीद थी सुनील चैन आज संभवत जेल से बाहर आ जाएगा। ज्ञात रहे कि बीते माह 15 जून को थाना गोविन्द नगर अंतर्गत चैक बाजार के समीप माया टीला के कुछ हिस्से के ढह जाने से करीब सात मकान जमींदोज हो गए थे जिसके मलबे में दबकर एक व्यक्ति सहित दो बालिकाओ की मौत हो गयी थी।

# सुभाष चौराहे पर ऑटो प्रशासन के आदेशों को हवा हवाई कर पुनः लगा रहे जाम



**टूंडला।** प्रशासन के आदेशों के बावजूद ऑटो चालक अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे और मनचाहे जहां से सवारियों को उतार चढ़ा रहे हैं। बता दें सुभाष चौराहा पर लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने को प्रशाशन ने ऑटो चालकों के लिए ऑटो में सवारियां बैठाने के लिए ओवर ब्रिज के नीचे जगह निर्धारित की है, और सभी ऑटो चालकों को निर्देशित किया है कि वह तय की गई जगह से ही सवारियां भरें मगर कुछ दिन में ही प्रशासन के निदेशों को हवा में उड़ाते हुए ऑटो चालक सुभाष चौराहा पर अपने तय स्थान को छोड़कर स्टेशन की ओर आने वाली सड़क से सवारियों को बैठा रहे हैं। वहीं एटा रोड़ व आगरा फिरोजाबाद रोड के ऑटो चालक भी रोड़ से सवारियां भर रहे है, जिससे सुभाष चौराहा पर पुनः जाम के हालात बन रहे हैं। वहीं चौराहा पर बैठे हुए पुलिस वाले मूक दर्शक बने ऑटो चालकों की मनमानी को देखते रहते है। ऑटो चालक ऑटो को चौराहा पर चारों ओर घूमा रहे हैं। इसके कारण सुभाष चौराहा जाम के चगुंल में फंस रहा है। जाम लगने से स्कूली बच्चों के वाहन व एंबुलेंस जाम में फंस रही है। वहीं रेलयात्रियों की ट्रेनें तक छूट रहीं हैं।


### दुष्कर्म से पीड़ित बच्ची से अस्पताल मिलने पहुंची राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष

**आगरा।** फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद क्षेत्र में दुष्कर्म से पीड़ित दस वर्षीय बच्ची को एसएन मेडिकल कॉलेज में देखने पहुंची राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता चौहान ने तत्काल प्रभाव से रानी लक्ष्मीबाई सम्मान योजना के तहत तीन लाख रुपए दिलाने की घोषणा की। साथ ही फिरोजाबाद के एसएसपी से फोन पर बात कर आरोपी की गिरफ्तारी के कड़े निर्देश दिए। लखनऊ से सीधे एसएन मेडिकल कॉलेज पहुंची डॉ. बबिता चौहान ने पीड़ित बच्ची के परिजनों से मुलाकात की।

## साइबर ठग ऑनलाइन बुकिंग से लूट रहे पर्यटकों को

**मथुरा।** वृंदावन में लाखों श्रद्धालु आते हैं जो कि होटलों और आश्रमों में ऑनलाइन बुकिंग कराते हैं। इस बात का फायदा साइबर ठग उठा रहे हैं। आश्रमों की ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर ठगी के मामलों में अचानक वृद्धि देखी जा रही है। हाल ही में दो प्रमुख आश्रमों में श्रद्धालुओं से लाखों रुपये की ठगी की घटनाएं सामने आई हैं। ठग फर्जी वेबसाइटों और सोशल मीडिया पेजों के जरिए लोगों को आकर्षित कर रहे हैं और बुकिंग के नाम पर सीधे बैंक खातों में पैसे डलवा रहे हैं। बढ़ते मामलों को देखते हुए वृंदावन के प्रमुख आश्रम श्रीजी आश्रम ने अपने मुख्य द्वार पर चेतावनी बोर्ड लगा दिया है, जिनमें लिखा है यहां ऑनलाइन बुकिंग नहीं होती है और न ही ऑनलाइन पैसे लिए जाते हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि ठग गलत मोबाइल नंबर और व्हाट्सएप के जरिये श्रद्धालुओं को विश्वास में लेकर बुकिंग कन्फर्मेशन के नाम पर फर्जी रसीद भेज रहे हैं। कई मामलों में श्रद्धालु जब वृंदावन पहुंचते हैं तो उन्हें पता चला कि आश्रम में कोई बुकिंग नहीं हुई है और संबंधित नंबर भी बंद है। साइबर ठगों से बचने के लिए खुद ही सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी पर आंखें मूंदकर विश्वास नहीं करें। किसी ही सोशल साइट्स पर विज्ञापन देखकर एकदम आकर्षित होने से ठगी के चांस भी बढ़ जाते हैं। पुलिस के संज्ञान में एक मामला इस्कॉन मंदिर की फर्जी वेबसाइट बनाकर ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर ठगी का मामला सामने आया तो मंदिर प्रबंधन की ओर से पिछले दिनों एफआईआर कराई गई। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। दूसरा श्रीजी आश्रम प्रबंधन के पास भी ऐसी ही शिकायतें आ रहीं थीं तो उन्होंने आश्रम में ही ठगों से बचाने के लिए बोर्ड लगा दिया है कि हमारे यहां एडवांस बुकिंग नहीं की जाती और न ही ऑनलाइन भुगतान किया जाता है।

## संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को जेबीएम कंपनी में मिली नौकरी



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के दम पर कैंपस प्लेसमेंट में देश की प्रतिष्ठित कंपनी जेबीएम में नौकरी हासिल की है। विवि प्रशासन ने इन सभी विद्यार्थियों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। संस्कृति विश्वविद्यालय के बी टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र रविकांत, सत्यम, आकाश, अमित कुमार सिंह और दिलीप शर्मा ने चयन प्रक्रिया में लगातार सफलता हासिल करते हुए उच्च वेतनमान पर नौकरी हासिल की है। संस्कृति विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल के वरिष्ठ अधिकारी आनंद कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जेबीएम समूह की कंपनी (एफजेएम सिलेंडर प्राइवेट लिमिटेड) और जेबीएम समूह द्वारा ऑटो कंपोनेंट और सिस्टम, बसें, इलेक्ट्रिक वाहन, ईवी एग्रीगेट्स, ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, नवीकरणीय, अपशिष्ट से धन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सीएनजी सिलेंडर के विनिर्माण किया जाता है। कंपनी मेसर्स मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और अन्य ओईएम को अपने उत्पादों की आपूर्ति करती है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्विद्यालय की सीईओ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने कहा है कि विवि के विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के माता पिता और विश्विद्यालय के शिक्षकों की उस टीम को जाता है जिसने अपने अथक परिश्रम से विद्यार्थियों को इस योग्य बनाया। ये सभी विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं।

## नगर निगम में करोड़ों के वेतन घोटाले पर हंगामा

**आगरा।** पार्षद रवि माथुर ने सफाई कर्मचारियों के गैंग की संख्या मांगी। हैरानी की बात ये रही कि स्वास्थ्य अधिकारी को इनकी संख्या पता ही नहीं है। आगरा नगर निगम में कागजों पर 4500 से ज्यादा सफाई कर्मचारी हैं, लेकिन सड़कों पर इनकी संख्या आधे से भी कम है। हालांकि इनके वेतन और कचरा व्यवस्था पर आगरा नगर निगम हर साल 261.50 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है, लेकिन हर बार निरीक्षण में सफाई कर्मचारियों की असल संख्या के मुकाबले आधे भी नहीं मिल पा रहे हैं। नगर निगम कार्यकारिणी में पार्षदों ने सफाई कर्मचारियों की संख्या का ब्योरा मांगा तो नगर स्वास्थ्य अधिकारी बता नहीं सके कि कितने सफाई गैंग और कर्मचारी नगर निगम के काम कर रहे हैं। नगर निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपसभापति और पार्षद रवि बिहारी माथुर ने कार्यकारिणी में प्रस्ताव लगाकर पूछा कि शहर में सफाई कर्मचारियों के कितने गैंग काम कर रहे हैं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी गैंग की संख्या नहीं बता सके, जबकि शहर में 364 से ज्यादा सफाई कर्मचारी केवल सफाई गैंग में ही काम कर रहे हैं जो रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था में 21 बाजारों में काम कर रहे हैं। निगम अधिकारियों के मुताबिक 760 से ज्यादा का वेतन जारी हो रहा है। पार्षद रवि माथुर ने कहा कि दो साल से हर वार्ड में काम कर रहे कर्मचारियों की सूची मांगी जा रही है, लेकिन इनकी संख्या और नाम बताए नहीं जा रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि गैंग में 364 कर्मचारी ही काम कर रहे हैं, जबकि कागजों पर इन्हें 760 से ज्यादा दिखाकर 400 कर्मचारियों के वेतन का घोटाला किया जा रहा है। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने शहर की सफाई व्यवस्था का सच जानने के लिए अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार को क्षेत्र में भेजा तो सभी वार्डों में तय कर्मचारियों के मुकाबले आधे से कम ही ड्यूटी पर नजर आए। ऐसा एक दो नहीं, बल्कि पूरे 15 दिन के निरीक्षण में सभी वार्डों में नजर आया। कागजों पर सफाई कर्मचारियों की संख्या ज्यादा है, जबकि सड़क पर सफाई करने वालों का सत्यापन करने पर इनकी संख्या आधे से भी कम रह रही है।

# मुड़िया मेला पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर



**मथुरा।** मुड़िया पूर्णिमा मेले को लेकर आज शाम डीएम सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने मेला के कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया और अधीनस्थों से पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी ने अन्य स्थानों का भी निरीक्षण किया। मुड़िया पूर्णिमा मेले में मंदिरों पर आने बाली भीड़ के दबाव को संभालने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। गोवर्धन मेला संपन्न कराने के लिए 5 हजार से अधिक पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही प्रमुख तीन मंदिरों पर मथुरा पुलिस की टीशर्ट पहने हुए 5-5 पुलिसकर्मी दो शिफ्ट में तैनात रहेंगे। जो कि मंदिर के अंदर भीड़ के दबाव को कंट्रोल करने में अहम भूमिका निभाएंगे। श्रद्धालु परिक्रमा के दौरान मानसी गंगा, दानघाटी एवं राधाकुंड पर एकत्रित होते हैं तीनों मंदिरों पर सादा वर्दी में पुलिस के 100 से अधिक जवानों की तैनाती रहेगी। प्रत्येक मंदिर पर दो शिफ्ट में 5-5 पुलिस के जवान तैनात होंगे। यह पुलिस के जवान मंदिर परिसर के व्यवस्थापकों से समन्वय स्थापित करते हुए श्रद्धालुओं को तेजी से मंदिर परिसर से बाहर निकलने में व्यवस्थापकों का सहयोग करेंगे। यह पुलिसकर्मी भले ही सादा वर्दी में होंगे लेकिन सभी को मथुरा पुलिस की टी शर्ट प्रदान की जाएगी।

### भगवान वरदराज का 108 कलशों से हुआ महाभिषेक

**मथुरा।** वृन्दावन बड़ा खटला आश्रम में भगवान श्री वरदराज का त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत अंतिम दिवस भगवान श्री वरदराज के समक्ष श्री विष्णु पुराण, श्री भाष्य, मुमुक्षु पड़ी, श्रीमद् वाल्मीकि रामायण, उपनिषद एवं चारों वेदों का पाठ किया गया। पद्धति अनुसार नारद पांचरात्र विधि द्वारा एकादश ब्राह्मण विद्वानों द्वारा भगवान श्री वरदराज का 108 रजत कलशो के द्वारा महाभिषेक किया गया। आज के ही दिन भगवान श्री वरदराज चित्रा नक्षत्र में बड़ा खटला आश्रम में शुभ प्रतिष्ठित हुए थे। महा महोत्सव में सुदूर प्रदेश से आश्रम के शिष्य भक्त पहुंचे हैं। भगवान वरदराज का पूजन अनंत अनंतश्री विभूषित स्वामी रामेश्वराचार्य महाराज की अध्यक्षता में मुख्य यजमान श्री राम किशोर सिंगी मुंबई एवं अखिलेश्वर पांडे आरा बिहार द्वारा किया गया। महाभिषेक के पश्चात भव्य महाआरती बड़ा खटला आश्रम के षष्ठ खटला पीठाधीश्वर द्वारा संपन्न हुई एवं भगवान के दिव्य को दिव्य छप्पन भोग अर्पित किए गए। आचार्य शैलेश एवं पुरोहित श्री सुदर्शन जी के निर्देशन में अनुष्ठान सम्पन्न हुए। इस अवसर पर आचार्य मारुति नंदन वागीश, जगतगुरु पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी राधाकांताचार्य महाराज, श्री हयग्रीव रामानुज संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य संजय दुबे, प्रवक्ता ओम प्रकाश चतुर्वेदी, प्रमोद शास्त्री, कैलाश चंद्र शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

## मंशापुरी में युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला

**मथुरा।** शहर की सुखदेव नगर स्थित मंशापुरी कॉलोनी में बुधवार तड़के एक व्यक्ति ने डेरी संचालक को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसे इलाज के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी दशा गंभीर बनी हुई है। सुबह सुबह हुई इस घटना से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमला कर भागते आरोपी को पुलिस के सुपुर्द किया गया है। शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सुखदेव नगर की मंशापुरी कॉलोनी में अनीश (30 वर्ष) पुत्र स्माइल आज सुबह लगभग 5:30 बजे भैंस का दूध दुहने की तैयारी कर रहा था, तभी आमिर खान पुत्र हाकिम मौके पर पहुंचा, शुरूआत में दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसमें आमिर ने अनीश को चाकू प्रहार से घायल कर दिया। पेट में चाकू लगने से अनीश रक्तरंजित होकर सड़क पर गिर गया उसके चीखने चिल्लाने की आवाजें सुनकर लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और भागते हमलावर आमिर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। सुबह सुबह हुई इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर कोतवाली देवपाल सिंह पुंडीर का कहना है कि घायल युवक का गोवर्धन चैराहा क्षेत्र के प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में घायल अनीश के भाई यूनिस ने घटना की तहरीर दी है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद हमलावर के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि दो रोज पूर्व किसी बात को लेकर अनीश और आमिर के बीच झगड़ा हुआ था, जिसकी परिणीति के तहत यह घटना हुई है।

संक्षेप

## मिवी ने की एआई बड्स की शुरुआत

नई दिल्ली। मिवी ने एक नया तकनीकी प्रोडक्ट लॉन्च किया है मिवी एआई बड्स। ये बड्स शानदार आवाज के साथ-साथ एक ऐसे एआई एक्सपीरियंस के साथ आते हैं, जो इंसान की तरह बात करता है। ये पूरी तरह से भारत में बने हैं और बिना स्क्रीन के आसान बातचीत का अनुभव देते हैं। ये एआई बड्स 4 जुलाई 2025 से फ्लिपकार्ट और मिवी.इन पर सिर्फ 6999 रुपये में मिलेंगे। मिवी एआई बड्स के साथ हम एक नया प्रोडक्ट नहीं, बल्कि एआई के साथ बातचीत का नया तरीका ला रहे हैं। यह भारत के लिए गर्व का पल है। ये बड्स स्मार्ट और सेंसटिव हैं। हम इस बदलाव का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा भारत सरकार के 2000 करोड़ रुपये के एआई निवेश के साथ, मिवी का यह प्रोडक्ट भारत को दुनिया में एआई का बड़ा खिलाड़ी बनाता है।

## पीएमआई ने तंबाकू के अवैध व्यापार को समाप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

नई दिल्ली। फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल (पीएमआई) की भारतीय कंपनी, आईपीएम इंडिया, ने विश्व नकली-विरोधी दिवस पर अवैध तंबाकू व्यापार को रोकने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस तीन-तरफा प्रयास का लक्ष्य राजस्व हानि को रोकना, अनौपचारिक अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करना और उत्पाद की गुणवत्ता सुरक्षित करना है। भारत सरकार के हाल के पैक-लेवल ट्रैक एंड ट्रेस (टीएंडटी) तकनीक लागू करने के महत्वपूर्ण निर्णय के साथ, पीएमआई की प्रतिबद्धता नियमों को मजबूत करने और नकली तंबाकू उत्पादों से निपटने के लिए एक सहयोगी भविष्य की ओर इशारा करती है। पीएमआई के अनुमान के मुताबिक, कुल सिगरेट बिक्री का 14-15% (चीन और अमेरिका को छोड़कर) काले बाजार से आता है। भारत में लगभग 120 मिलियन लोग तंबाकू का सेवन करते हैं, और यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा और तेजी से बढ़ता अवैध सिगरेट बाजार है, जहां तस्करी की गई सिगरेट घरेलू सिगरेट उद्योग का एक-चौथाई हिस्सा हैं।

## नथिंग फोन (3) और हेडफोन (1) लॉन्च

नई दिल्ली। नथिंग ने आज भारत में दो श्रेणी-परिभाषित उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की - नथिंग फोन (3), इसका पहला ट्रू फ्लैगशिप स्मार्टफोन, और नथिंग हेडफोन (1), इसका पहला ओवर-ईयर ऑडियो उत्पाद है। दोनों उत्पाद इनटेंशनल डिजाइन और बोल्ड इनोवेशन के साथ उपभोक्ता तकनीक की पुनर्कल्पना करने के नथिंग के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। नथिंग फोन (3) स्मार्टफोन परफॉर्मेंस और एक्सप्रेशन के एक नए युग की शुरूआत करता है। नथिंग फोन (3) दो वेरिएंट के साथ काले और सफेद रंग के विकल्प में उपलब्ध होगा 12 जीबी + 256 जीबी - 62,999 रुपये से शुरू (बैंक ऑफर + एक्सचेंज ऑफर* सहित) 16 जीबी + 512 जीबी - 72,999 रुपये से शुरू (बैंक ऑफर + एक्सचेंज ऑफर* सहित) नथिंग फोन (3) के लिए प्री-बुकिंग 1 जुलाई, 2025 से शुरू होगी।


## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने किया एकीकृत विनिर्माण इकाई का शुरू

मुंबई। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने हैदराबाद, तेलंगाना में अत्याधुनिक, पूरी तरह से एकीकृत आभूषण विनिर्माण इकाई की शुरूआत की है। यह इकाई अपनी तरह की सबसे बड़ी है। मलाबार गोल्ड के 13 देशों में 400 से ज्यादा शोरूम हैं। एकीकृत विनिर्माण इकाई में डिजाइनिंग, रिफाइनिंग, विनिर्माण, क्वालिटी एश्योरेंस, हॉलमार्किंग, वेयरहाउसिंग और सप्लाई चेन मैनेजमेंट जैसे सभी प्रमुख कार्य एक ही परिसर में हो सकते हैं। इस इकाई में सालाना 4.7 टन से अधिक सोने के गहने और 1.8 लाख कैरेट हीरे के गहने बन सकते हैं। इसके अलावा इस यूनिट में हर वर्ष 78 टन सोने की रिफाइनिंग हो सकती है।

## रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटा

नयी दिल्ली। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर विदेशी निवेशकों के सतर्क रहने के कारण अप्रैल-जून में भारतीय रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटकर 1.69 अरब डॉलर रह गया। कोलियर्स इंडिया के आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल अप्रैल-जून के दौरान रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश घटकर 169.12 करोड़ डॉलर रह गया।

# सेंसेक्स में 170 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 170 अंक टूट गया। बाजार में कारोबार के दौरान तेजी थी लेकिन अंतिम घंटे में वित्तीय कंपनियों और धातु शेयरों में बिकवाली से यह गिरावट के साथ बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 170.22 अंक यानी 0.20 प्रतिशत टूटकर 83,239.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 440.4 अंक तक चढ़ गया था।

पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी 48.10 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,405.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में मारुति, इन्फोसिस, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और यह मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ...। उन्होंने कहा कि क्षेत्रावार देखा जाए तो रुख मिला-जुला रहा। वाहन और औषधि क्षेत्र के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई, जबकि धातु और रियल्टी सबसे ज्यादा नुकसान में रहे। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.47 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मझोली कंपनियों से जुड़े बीएसई मिडकैप में 0.06 प्रतिशत की गिरावट आई। शुल्क छूट को लेकर 90 दिन की अवधि समाप्त होने वाली है। ऐसे में अमेरिका-भारत व्यापार समझौते से जुड़े घटनाक्रमों पर निवेशकों की निगाह बनी हुई है। अधिक मूल्यांकन के कारण हाल के दिनों में विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सतर्क हो गए हैं। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहे, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख था। बुधवार को अमेरिका के ज्यादातर बाजार लाभ में रहे थे। बृहस्पतिवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर जून में 10 माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। सकारात्मक मांग और बिक्री में जारी सुधार के बीच अंतरराष्ट्रीय बिक्री और रोजगार सृजन में मजबूत विस्तार से सेवा क्षेत्र में वृद्धि हुई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई व्यापार गतिविधियां सूचकांक मई के 58.8 से बढ़कर जून में 60.4 हो गया।

# सोने में 450 रुपये की तेजी चांदी 1000 रुपये मजबूत



नयी दिल्ली। स्टॉकिस्ट की सतत लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 450 रुपये बढ़कर 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 99,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये बढ़कर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी बृहस्पतिवार को 1000 रुपये बढ़कर 105,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी 104,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। डॉलर इंडेक्स के 3.5 साल के नए निचले स्तर पर आने तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल के दो महीने के निचले स्तर पर आने के बाद सोने और चांदी में तेजी जारी रही।

इसके अलावा, नौ जुलाई को अमेरिकी व्यापार शुल्क की समयसीमा के बारे में चिंताओं ने भी इसे और सहारा दिया। अगर समय रहते व्यापार समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया जाता है, तो उच्च शुल्क वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता को बढ़ावा दे सकते हैं, जो सर्राफा कीमतों के लिए मददगार होगा। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 8.21 डॉलर या 0.24 प्रतिशत घटकर 3,348.89 डॉलर प्रति औंस रह गया। निवेशकों को आज दिन में जारी होने वाले महत्वपूर्ण अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार रहेगा, जिसमें गैर-कृषि पेरोल (एनएफपी) और बेरोजगारी के आंकड़े शामिल हैं, जो भविष्य में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर को लेकर रुख और सर्राफा कीमतों को नई दिशा प्रदान कर सकते हैं।

## एनएचएआई ने की खराब गुणवत्ता पर ठेकेदार, इंजीनियर के खिलाफ कार्रवाई

नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने गुजरात में अमृतसर-जामनगर गलियारे के कुछ स्थानों पर फुटपाथ की खराब स्थिति के लिए एक ठेकेदार, एक इंजीनियर एवं एक अधिकारी को निलंबित कर दिया है।

एनएचएआई ने एक बयान में कहा कि गुजरात में अमृतसर-जामनगर आर्थिक गलियारे (एनएच-754के) के छह-लेन वाले सांचोर-संतालपुर खंड (किलाना से संतालपुर तक पैकेज-चार) के कुछ स्थानों पर फुटपाथ की खराब स्थिति की सूचना मिली थी। बयान के मुताबिक, फुटपाथ की खराब स्थिति के लिए मेसर्स सीडीएस इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लि. को तत्काल आधार पर मौजूदा और भविष्य की बोलियों में भाग लेने से रोक दिया गया है। बोली में भाग लेने से रोकने के अलावा फर्म को 2.8 करोड़ रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। बयान के अनुसार, प्राधिकरण के इंजीनियर (उपहाम के सहयोग से एसए इंफ्रा) को भी तत्काल आधार पर मौजूदाभविष्य की बोलियों में भाग लेने से रोक दिया गया है और कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। इसके अलावा एनएचएआई के परियोजना निदेशक, पालनपुर को निलंबित कर दिया गया है।

# रुपया 31 पैसे चढ़कर 85.31 प्रति डॉलर पर



नयी दिल्ली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया शुरुआती नुकसान से उबर गया और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 31 पैसे की बढ़त के साथ 85.31 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

घरेलू मुद्रा में मजबूती विदेशों में प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर रहने और अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल घटने की वजह से आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका से एडीपी गैर-कृषि रोजगार के उम्मीद से कमजोर आंकड़ों के कारण डॉलर में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 85.69 पर खुला और कारोबार के दौरान 85.19 के उच्चतम स्तर और 85.70 के निचले स्तर तक जाने के बाद अंत में 85.31 (अस्थायी) पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से 31 पैसे की बढ़त है। बुधवार को रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 85.62 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के कारण शुक्रवार को भारतीय रुपये में तेजी आई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी रुपये को मजबूती दी। हालांकि, स्थानीय शेयर बाजार में कमजोरी से रुपये का लाभ सीमित रहा। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत चढ़कर 96.82 पर पहुंच गया। वायदा कारोबार में वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.01 प्रतिशत बढ़कर 68.41 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। आगे चलकर, कारोबारी अमेरिका से गैर-कृषि पेरोल रिपोर्ट से संकेत ले सकते हैं।

## चीनी क्षेत्र 1.3 लाख करोड़ का उद्योग बना : खाद्य मंत्री

नयी दिल्ली। केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत का चीनी क्षेत्र 1.3 लाख करोड़ रुपये का उद्योग बन गया है और यह ग्रामीण समृद्धि और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा दे रहा है।

मंत्री सहकारी चीनी उद्योग सम्मेलन 2025 और राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे। जोशी ने एक सोशलमीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत का चीनी क्षेत्र 1.3 लाख करोड़ रुपये (वार्षिक) का उद्योग बन गया है, जो रिकॉर्ड एथनॉल मिश्रण और ईंधन में आत्मनिर्भरता जैसे सुधारों के माध्यम से ग्रामीण समृद्धि, ऊर्जा सुरक्षा और हरित ऊर्जा को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह देखना प्रेरणादायक है कि कैसे इस क्षेत्र का विकास भारत के लिए एक टिकाऊ आत्मनिर्भर भविष्य को आकार दे रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड द्वारा किया गया था। इसकी स्थापना वर्ष 1960 में भारत में एक मजबूत और जीवंत सहकारी चीनी क्षेत्र के निर्माण के लिए की गई थी। देशभर की सभी सहकारी चीनी मिलें और राज्य सहकारी चीनी संघ इसके सदस्य हैं। अनुकूल नीतिगत पहल की मदद से मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों में भारत की एथनॉल उत्पादन क्षमता चार गुना से अधिक होकर।,810 करोड़ लीटर सालाना हो गई है।

# भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 माह के उच्च स्तर पर


नयी दिल्ली। जून में भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें सकारात्मक मांग के रुझान और बिक्री में जारी सुधार के बीच अंतरराष्ट्रीय बिक्री और रोजगार सृजन में मजबूत विस्तार शामिल है। बृहस्पतिवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स मई में 58.8 से बढ़कर जून में 60.4 हो गया, जो नए व्यावसायिक ऑर्डरों में तेज उछाल के कारण हुआ। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। सेवा पीएमआई व्यवसाय गतिविधि सूचकांक 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिसका कारण नए घरेलू ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि थी। नए निर्यात ऑर्डरों में भी वृद्धि हुई, यद्यपि धीमी गति से। मार्जिन में सुधार हुआ, क्योंकि कच्चे माल की लागत में वृद्धि आउटपुट शुल्क के मुकाबले कम थी। अगस्त, 2024 के बाद से नए ऑर्डर सबसे तेज गति से बढ़े। सेवा कंपनियों को घरेलू बाज़ार की निरंतर मज़बूती से सबसे ज़ूयादा फ़ायदा हुआ, साथ ही नए निर्यात कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

## सैमसंग ने किया भारत में गैलेक्सी एम36 5जी लॉन्च




लखनऊ। सैमसंग ने आज अपने बेहद लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज में नए गैलेक्सी एम35जी के लॉन्च की घोषणा की। गैलेक्सी एम36 5जी को युवा भारतीय उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किया गया। यह कई एआई इनोवेशन के साथ-साथ सेगमेंट में अग्रणी फीचर्स जैसे 50एमपी ओआईएस ट्रिपल कैमरा, कॉर्निंग़ गोरिल्ला® ग्लास विक्टस®+ प्रोटेक्शन और 6 जेनरेशन के एंड्रॉइड अपग्रेड प्रदान करता है। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के डायरेक्टर, अक्षय राव ने कहा कि हम अपने ग्राहकों के लिए उपयोगी और नए फीचर्स लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गैलेक्सी एम36 5जी को बेहतरीन फीचर्स और किफायती कीमत पर एआई तकनीक के साथ लॉन्च कर रहे हैं। यह स्टाइलिश और मजबूत फोन हमारे ग्राहकों की जीवनशैली को और बेहतर बनाता है। सर्कल टू सर्च विद गूगल और जेमिनी लाइव जैसे फीचर्स के साथ, हम गैलेक्सी डिवाइसेज में एआई को और अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं। गैलेक्सी एम36 5जी में सर्कल टू सर्च विद गूगल फीचर होगा, जो गैलेक्सी इकोसिस्टम में और अधिक डिवाइसेज तक मोबाइल एआई का लोकतंत्रीकरण कर रहा है। सैमसंग-गूगल सहयोग पर आधारित, सर्कल टू सर्च गैलेक्सी यूजर्स के लिए इमेजेस, टेक्स्ट और संगीत के लिए एक आसान सर्च अनुभव प्रदान करता है। यह जेमिनी लाइव के साथ नया एआई अनुभव पेश करेगा, जो गैलेक्सी यूजर्स के लिए वास्तविक समय में विजुअल बातचीत की सुविधा देता है। एआई-पावर्ड सहायता के माध्यम से, गैलेक्सी यूजर रोजमर्रा के कार्यों को और अधिक स्वाभाविक रूप से करने में सक्षम होंगे।

# एशिया प्रशांत के देशों के मुकाबले भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की उम्मीदः मूडीज




नयी दिल्ली। मूडीज रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के कई देशों की तुलना में भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की संभावना है, जिससे अर्थव्यवस्था को और अधिक निवेश आकर्षित करने और वैश्विक विनिर्माण आधार बनने में मदद मिल सकती है।

एशिया प्रशांत क्षेत्र के परिदृय अपने दृष्टिकोण में मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि कई निर्यात-निर्भर एशिया प्रशांत अर्थव्यवस्थाएं अप्रैल में बहुत अधिक अमेरिकी शुल्क से प्रभावित हुईं। हालांकि, बातचीत से द्विपक्षीय आधार पर शुल्क और अन्य व्यापार बाधाओं में कुछ कमी आने की संभावना है, लेकिन नीति अनिश्चितता, निवेश निर्णयों को चुनौती दे रही है और व्यापार को बाधित कर रही है। इसने कहा कि व्यापार नीति के बारे में अनिश्चितता और वैश्विक व्यापार के संभावित बदलाव ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में चक्रीय और संभवतः संरचनात्मक ऋण जोखिम बढ़ा दिए हैं। मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि चीन से बाहर निवेश और विनिर्माण के विविधीकरण से लाभान्वित होने वाली वियतनाम और कंबोडिया जैसी अर्थव्यवस्थायें अब उच्च अमेरिकी शुल्क का सामना कर रही हैं। ये अर्थव्यवस्थायें विशेष रूप से जोखिम में हैं। कंबोडिया और वियतनाम जैसे देशों के उलट भारत को निवेश और व्यापार प्रवाह में एक शुल्क आधारित बदलाव का लाभ मिल सकता है। एशिया प्रशांत क्षेत्र (एपीएसी) में कई देशों की तुलना में भारत पर कम शुल्क रह सकता है, जो अर्थव्यवस्था को आगे निवेश प्रवाह को आकर्षित करने और एक वैश्विक विनिर्माण आधार के रूप में विकसित होने में मदद कर सकता है। मई में ब्रिटेन के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और यूरोपीय संघ के साथ इसके लिए जारी प्रयास इस तरह के विकास का और समर्थन करेंगे।

## पेज एक का शेष

### भारत-घाना

इसकी गति और विस्तार में योगदान दे रहे हैं। मोदी ने कहा, दुनिया जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा जैसे नए और जटिल संकटों का भी सामना कर रही है। पिछली सदी में बनाए गए संस्थान जवाबदेही का सामना कर रहे हैं। बदलती परिस्थितियों में वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ को आवाज दिए बिना प्रगति संभव नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें नारों से ज्यादा कुछ चाहिए। हमें कार्रवाई की जरूरत है। इसीलिए, भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान, हमने एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के दृष्टिकोण के साथ काम किया। उन्होंने कहा, भारत अफ्रीका की विकास यात्रा में एक प्रतिबद्ध भागीदार बना हुआ है। हम अफ्रीका की विकास रूपरेखा, एजेंडा 2063 का समर्थन करते हैं, ताकि यहां के लोगों के लिए एक उज्ज्वल और टिकाऊभविष्य सुनिश्चित किया जा सके। अपने संबोधन में मोदी ने कहा, अफ्रीका के लक्ष्य हमारी प्राथमिकताएं हैं। हमारा दृष्टिकोण समान रूप से एक साथ विकास करना है... यह स्थानीय दक्षता निर्माण और स्थानीय अवसर पैदा करने पर केंद्रित है। हमारा उद्देश्य सिर्फ निवेश करना नहीं है, बल्कि सशक्त बनाना है। मोदी ने कहा कि घाना की यात्रा सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र, गरिमा और लचीलेपन की भावना से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा, जब हम घाना को देखते हैं, तो हम एक ऐसे राष्ट्र को देखते हैं जो साहस के साथ चमकता है, जो हर चुनौती का गरिमा और शालीनता से सामना करता है। लोकतांत्रिक आदर्शों और समावेशी प्रगति के प्रति आपकी प्रतिबद्धता वास्तव में घाना को पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के लिए प्रेरणा का केंद्र बनाती है। मोदी, जिन्हें देश के राष्ट्रीय सम्मान द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया गया, ने कहा कि यह एक बहुत ही सुखद अनुभव था और वह इसे हमेशा संजो कर रखेंगे। उन्होंने कहा, मैं इसे भारत और घाना को जोड़ने वाली स्थायी मित्रता और साझा मूल्यों को समर्पित करता हूं। मोदी ने कहा, भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लिए, लोकतंत्र केवल एक प्रणाली नहीं है। यह हमारे मौलिक मूल्यों का एक हिस्सा है। हजारों साल पहले से, हमारे पास वैशाली जैसे केंद्रों के उदाहरण हैं। भारत और घाना के इतिहास में औपनिवेशिक शासन के निशानों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा, लेकिन हमारी आत्मा हमेशा स्वतंत्र और निडर रही है। हम अपनी समृद्ध विरासत से शक्ति और प्रेरणा प्राप्त करते हैं। हमें अपनी सामाजिक, सांस्कृतिक और भाषाई विविधता पर गर्व है। उन्होंने कहा, हमने स्वतंत्रता, एकता और गरिमा में निहित राष्ट्रों का निर्माण किया। हमारे संबंध सीमा से परे हैं। और आपकी अनुमति से, मैं कह सकता हूं कि हमारी दोस्ती आपके प्रसिद्ध शुगरलोफ अनानास से भी अधिक मीठी है। राष्ट्रपति महामा के साथ, हमने अपने संबंधों को एक व्यापक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है।

### लखनऊ, पुणे

अधिकारियों ने अन्य राज्यों के समकक्षों के साथ अपनी उन सर्वोत्तम कार्य प्रणाली को साझा किया, जिससे नवीन शहरी विकास रणनीतियों के सहयोगात्मक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिला। इस कार्यक्रम को संबोधित करने वाले गणमान्य व्यक्तियों में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण शामिल थे। लखनऊकी महापौर सुषमा खरकवाल ने कहा कि लगभग 50 लाख की आबादी के बावजूद उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ शून्य अपशिष्ट शहर के रूप में उभरी है। शहर ने मियावाकी पद्धति का उपयोग करके शहरी वनों का विकास किया है तथा सड़कों की सफाई के लिए सफाई मशीनों की तैनाती की है।

### रोजगार मिशन

कैबिनेट ने मंजूर कर लिया। कैबिनेट ने अयोध्या एवं समीपवर्ती संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत एनएसजी हब की स्थापना के लिए 8 एकड़ भूमि 99 वर्षीय लीज पर गृह मंत्रालय के पक्ष में निःशुल्क आवंटित और अंतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। बैठक में गौतमबुद्ध नगर, फर्रूखाबाद, शाहजहांपुर, नोएडा और हाथरस में 21 हजार 252 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। जल्द ही सभी कम्पनियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जाएगा। उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मंत्रिपरिषद ने बुन्देलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी एरिया (प्रीपरेशन एंड फाइनलाइजेशन ऑफ प्लान) विनियमावली-2025 के अंग्रेजी एवं हिन्दी की विधीक्षित अधिसूचना को सरकारी गजट में प्रकाशित कराकर अग्रेतर कार्यवाही के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बीडा को निर्देशित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

### लापरवाही से

के कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा मुआवजे का दावा करने वाली याचिका को खारिज कर दिया गया था। पीठ ने बुधवार को पारित आदेश में कहा, हम उच्च न्यायालय द्वारा पारित फैसले में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं। इसलिए विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है। मामले के अनुसार 18 जून 2014 को एन.एस. रवीश नामक व्यक्ति मल्लासांद्रा गांव से अरसीकेरे शहर जा रहा था तभी यह दुर्घटना हुई। कार में उसके पिता, बहन और बच्चे भी सवार थे। अदालत ने पाया कि रवीश ने यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए लापरवाही से कार चलाई और वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में रवीश को प्राणघातक चोटें आईं। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि चूंकि दुर्घटना व्यक्ति के लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई थी इसलिए कानूनी उत्तराधिकारी उसकी मौत के लिए किसी मुआवजे का दावा नहीं कर सकते। यह ऐसा होगा कि उल्लंघन करने वाले व्यक्ति को अपने स्वयं के गलत कार्यों के लिए मुआवजा मिल रहा है।

### एक लाख

और सबमर्सिबल ऑटोनॉमस वेसल की खरीद को भी मंजूरी दी गई। मंत्रालय ने कहा इन खरीद से नौसेना और व्यापारिक जहाजों के लिए संभावित खतरों को कम करने में मदद मिलेगी।

### डिजिटल अरेस्ट

कि उनके आधार कार्ड का उपयोग कर चार बैंक खाते खोले गए हैं और इस संबंध एक मुकदमा दर्ज हुआ है।

पीड़िता की शिकायत के अनुसार, इन खातों में मिले पैसों का इस्तेमाल जुआ, ब्लैकमेलिंग, हथियारों की अवैध खरीद आदि में किया गया है, इसलिए वह एक फोन नंबर पर संपर्क करें। अधिकारी ने बताया कि उपलब्ध कराये गए नंबर पर जब पीड़िता ने संपर्क किया तो उनसे कहा गया कि वह गंभीर अपराध में शामिल हैं। महिला के अनुसार, इसके बाद उन्हें फर्जी थाने से कॉल आने लगे और उनसे बैंकों में जमा राशि का विवरण पूछा गया तथा तीन करोड़ 29 लाख 70 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। वहीं, दूसरे मामले में निजी कंपनी से सेवानिवृत्त हुए 75 वर्षीय बुजुर्ग को 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रख कर साइबर अपराधियों ने 49.5 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) प्रीति यादव ने बताया कि नोएडा के सेक्टर 29 में रहने वाले राजीव कुमार ने मंगलवार रात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 18 जून को उनके लैंडलाइन पर एक कॉल आया और फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि उनके फोन नंबर और आधार कार्ड का उपयोग कर चार बैंक खाते खोले गए हैं, जिनका इस्तेमाल मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, आतंकी गतिविधियों के लिए धन शोधन के वास्ते किया जा रहा है और उनका फोन नंबर दो घंटे में बंद कर दिया जाएगा।

### क्लीन व ग्रीन

निर्देश देते हुए कहा कि कावड़ यात्रा मार्गो पर किसी भी तरह का अतिक्रमण न हो। उन्होंने कावड़ यात्रा से पहले सभी प्रकार के अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने यात्रा मार्ग पर स्थित ढाबों और होटलों में सुरक्षा, मानकों का अनुपालन कराने के साथ ही फूड लाइसेंस और रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से चस्पा किए जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा यह सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा मार्ग पर स्थित होटलों के नाम व होटल स्वामियों के नाम भी अनिवार्य रूप से लिखे हो एवं ओवर रेटिंग की शिकायत आने पर संबंधित होटल स्वामियों पर शक्ति से करवाई की जाए। उन्होंने कहा शराब तथा मीट से संबंधित एसओपी का भी इस दौरान सख्ती से पालन हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कावड़ियों की सुविधा को देखते हुए स्थानीय निकायों के सहयोग से रैन बसेरों, टेंट सिटी, आश्रय स्थलों का निर्माण किया जाए। यात्रा मार्गो पर आरओ टैंकर, वाटर एटीएम की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा बीते सालों के अनुभवों के आधार पर पार्किंग की अतिरिक्त व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कावड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। सीसीटीवी और ड्रोन से नियमित निगरानी हो। कांवड़ रूट का जीआईएस मैपिंग आधारित ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाए और एआई आधारित ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किया जाए। जिला अधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष कावड़ मेला 11 से 23 जुलाई तक आयोजित होगा। इस वर्ष मेले को कुल 16 सुपर जोन, 37 जोन और 134 सेक्टर में बांटा गया है। यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही स्थानीय लोगों की सहूलियत अनुसार यातायात व्यवस्था की गयी हैं। उन्होंने बताया चार धाम जाने वाले श्रद्धालु, स्थानीय लोगों एवं कावड़ यात्रियों के लिए अलग-अलग यातायात व्यवस्थाएं भी लागू की गयी है। बैठक में राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, विधायक मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा, आदेश चौहान, ममता राकेश, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, मेयर किरण जेसल, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव नितेश झा, पंकज पांडेय, विनोद कुमार सुमन, विनय शंकर पांडे, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विनय रूहेला, दर्जा राज्यमंत्री ओम प्रकाश जमदग्नि, गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम, बीजेपी जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### ऑपरेशन सिंदूर

अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस संबंध में सभी संबंधित प्राधिकारों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करें। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रेस वक्तव्य में पहलगाम हमले की निंदा की गई और सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य को अंजाम देने वालों, वित्तपोषकों एवं प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### तालाब और

में एक किशोर समेत दो लोगों की पथराई नदी में डूबने से मौत हो गई। थाना प्रभारी अतुल राजपूत के मुताबिक, बुधवार शाम को नजरगंज इलाके के निवासी घासी राम पाल (45) अपने भतीजे अर्जुन (15) और राहुल (17) के साथ नदी किनारे मवेशियों को चराने गए थे।

उन्होंने बताया कि उनकी एक भैंस नदी के गहरे पानी में चली गई और जब वे मवेशी को निकालने के लिए नदी में उतर तो वे तीनों भी डूबने लगे। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहुल को बचा लिया गया, जबकि घासीराम और अर्जुन तेज बहाव में बह गए जिससे उनकी मौत हो गई।




# भारत ने पहली पारी में बनाये 587 रन

## 25 पर इंग्लैंड को तीसरा झटका, जैक क्रॉली 19 रन बनाकर आउट, सिराज को मिली सफलता

बर्मिंघम। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां पहली पारी में 587 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 269 रन की पारी खेली जबकि रविंद्र जडेजा ने 89 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से स्पिनर शोएब बशीर ने तीन जबकि क्रिस वोक्स और जोश टंग ने दो-दो विकेट चटकाए। वहीं इंग्लैंड को तीसरा झटका 25 रन पर लगा जब जैक क्रॉली 19 रन बनाकर आउट हुए। यह सफलता सिराज को मिली, आकाश दीप ने इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। उन्होंने ओली पोप को अपना शिकार बनाया। वह भी बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। अब जैक क्राउली का साथ देने जो रूट आए हैं। इंग्लैंड को पहला झटका 13 रन के स्कोर पर आकाश दीप ने दिया।

उन्होंने बेन डकेट को अपना शिकार बनाया। वह खाता भी नहीं खोल पाये। भारत की तरफ से गिल 380 गेंद में 30 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 265 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने रविंद्र जडेजा (89 रन, 137 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) के साथ छठे विकेट के लिए 203 जबकि वाशिंगटन सुंदर (42) के साथ सातवें विकेट के लिए 144 रन की साझेदारी की। ब्रेक के समय आकाश दीप उनका साथ निभा रहे थे जिन्होंने अभी खाता नहीं खोला है। पिच हालांकि काफी सपाट है और भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के लिए 20 विकेट चटकाना बड़ी चुनौती होगी। हालांकि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियां गिल के शानदार दोहरे शतक की चमक को कम नहीं कर पाई। श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने की इच्छा व्यक्त करने वाले गिल इंग्लैंड में दोहरा शतक बनाने वाला पहला एशियाई कप्तान बनने के बाद अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। गिल ने इंग्लैंड में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के मामले में महान सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। गिल की उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि यह प्रतिष्ठित श्रृंखला टेस्ट कप्तान के तौर पर उनकी पहली श्रृंखला है। विराट कोहली के संन्यास के बाद उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की है।





गिल ने सुनिश्चित किया कि लीड्स में पहले टेस्ट की तरह यहां इंग्लैंड को वापसी का मौका नहीं दिया जाए। इंग्लैंड की शॉर्ट गेंदबाजी की रणनीति काम नहीं कर रही थी और स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ गिल ने आसानी से रन जुटाए। इंग्लैंड ने इसके बाद कामचलाऊ स्पिनरों हैरी ब्रूक और जो रूट को मौका दिया। गिल ने ब्रूक की गेंदों पर पांच चौके जमाए जबकि सुंदर ने भी अपनी पकड़ बनाए रखी। सुंदर ने लगातार गेंदों पर चौका और छक्का भी मारा। गिल कुछ देर के लिए 199 रन पर अटके रहे लेकिन फिर उन्होंने जोश टंग की गेंद को फाइन लेग की तरफ एक रन के लिए पुल करके अपने करियर का पहला दोहरा शतक पूरा किया। उनके जश्न से पता चलता है कि उनके लिए यह प्रयास कितना मायने रखता है जिसकी विपक्षी टीम और इंग्लैंड के प्रशंसकों ने सराहना की। दूसरे सत्र के अंतिम लम्हों में रूट ने सुंदर को बोल्ड करके टीम को दिन की दूसरी सफलता दिलाई। इससे पहले भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 310 रन से की और सुबह के सत्र में 25 ओवर में जडेजा के रूप में एक विकेट खोकर 109 रन जोड़े। सुबह के सत्र में अधिकांश समय शॉर्ट गेंदबाजी की रणनीति कारगर नहीं रही। टंग ने सत्र के अंत में शॉर्ट गेंद से सत्र की एकमात्र सफलता हासिल की। जडेजा उछाल लेती गेंद को नियंत्रित नहीं कर सके और विकेटकीपर जेमी स्मिथ ने आसान कैच लपका। एजबस्टन में तेज धूप के बीच जडेजा ने कवर क्षेत्र में बैकफुट पंच और बेन स्टोक्स की गेंद को कट करके दिन की शुरुआत की।

# लोनाटो विश्व कप में भाग लेंगे भारत के शॉटगन निशानेबाज



नयी दिल्ली। ओलंपियन अंगद वीर सिंह बाजवा, लक्ष्य श्योराण और मैराज अहमद खान जैसे अनुभवी निशानेबाजों की अगुआई में भारतीय दल रविवार से इटली के लोनाटो में होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में हिस्सा लेगा।

शनिवार को अभ्यास के दिन के बाद स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला वर्गों में क्वालीफाइंग दौर में सबसे पहले निशाना लगाएंगे। इस स्पर्धा का फाइनल मंगलवार को होगा। बाजवा, अनंतजीत सिंह नरुका और मैराज पुरुष स्कीट स्पर्धा में भाग लेंगे जबकि महिला वर्ग में ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और रेजा ढिल्लों के साथ गनीमत सेखों चुनौती पेश करेंगी। एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता लक्ष्य, जसविंदर सिंह और जोरावर संधू पुरुष ट्रैप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में नीरू ढांडा, प्रीति रजक और प्रगति दुबे निशाना साधेंगी। मिश्रित टीम ट्रैप में लक्ष्य नीरू के साथ जोड़ी बनाएंगे जबकि संधू और प्रीति की जोड़ी होगी। कोच विक्रम चोपड़ा ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ की विज्ञप्ति में कहा कि टीम पूरी तरह से तैयार है और कड़ा प्रशिक्षण ले रही है। एथेंस में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले यह आखिरी विश्व कप चरण होगा और यह महत्वपूर्ण है कि चीजें सही समय पर सही दिशा में आगे बढ़ें। प्रतियोगिता में 73 देशों के 551 निशानेबाज हिस्सा लेंगे। भारतीय टीम इस प्रकार हैः

स्कीट (पुरुष): अंगद वीर सिंह बाजवा, अनंतजीत सिंह नरुका, मैराज अहमद खान। स्कीट (महिला): माहेश्वरी चौहान, रेजा ढिल्लों, गनीमत सेखों। ट्रैप (पुरुष): लक्ष्य श्योराण, जसविंदर सिंह, जोरावर सिंह संधू। ट्रैप (महिला): नीरू ढांडा, प्रीति रजक प्रगति दुबे। ट्रैप मिश्रितः लक्ष्य श्योराण और नीरू ढांडा तथा जोरावर संधू और प्रीति रजक।

## संक्षेप

### एन श्रीराम बालाजी विंबलडन के पुरुष युगल के दूसरे दौर में

लंदन। भारत के एन श्रीराम बालाजी ने बृहस्पतिवार को यहां विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के युकी भांबरी और रित्विक बोलिपल्ली पहले ही दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं। दुनिया के 74वें नंबर के खिलाड़ी बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वरेला ने शुरुआती दौर के मैच में लर्नर टीएन और अलेक्जेंडर कोवासेविक की अमेरिकी जोड़ी को 6-4, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 71 मिनट तक चला और भारत तथा मैक्सिको की जोड़ी ने दोनों सेट में अपने विरोधियों की सर्विस एक-एक बार तोड़कर मैच अपने नाम किया। दूसरे दौर में हालांकि बालाजी और रेयेस वरेला की राह आसान नहीं होगी क्योंकि उन्हें स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से भिड़ना है। युकी और बोलिपल्ली ने बुधवार को अपने-अपने शुरुआती दौर के मैच जीते थे जबकि रोहन बोपन्ना पहले दौर में ही बाहर हो गए थे।

### लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की कार दुर्घटना में मौत

मैड्रिड। लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की स्पेन में कार दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्पेनिश सिविल गार्ड ने एसोसिएटेड प्रेस को पुष्टि की कि जोटा और उनके भाई की कार पश्चिमी शहर ज़मोरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे कार में सवार दोनों भाइयों की मौत हो गई। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इसमें कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था। 28 वर्षीय जोटा और उनके भाई, 25 वर्षीय आंद्रे सिल्वा दोनों पुर्तगाल के खिलाड़ी थे। जोटा पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए भी खेल चुके हैं। सिल्वा निचले डिवीजन में पुर्तगाली क्लब पेनाफेल के लिए खेल चुके हैं।

### झारखंड के राज्यपाल ने रांची के अस्पताल में लाकड़ा से मुलाकात की

रांची। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बिमल लाकड़ा से मुलाकात की, जिनका रांची के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। राजभवन के आधिकारिक बयान के अनुसार, राज्यपाल ने अस्पताल का दौरा किया और लाकड़ा की प्रगति के बारे में डॉक्टरों से बात की तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# पाकिस्तान हॉकी टीम को भारत में जरूर खेलना चाहिए : रेहान बट

नयी दिल्ली। भारत में होने वाले आगामी अहम टूर्नामेंटों में पाकिस्तान की भागीदारी का मार्ग प्रशस्त होने के फैसले को सकारात्मक कदम बताते हुए पाकिस्तान हॉकी टीम के पूर्व कप्तान रेहान बट ने कहा कि भविष्य में भारतीय टीम को भी सरहद पार खेलने आना चाहिये।



भारत में अगस्त में बिहार के राजगीर में एशिया कप और नवंबर दिसंबर में तमिलनाडु में जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप होना है जिसमें पाकिस्तान प्रतिभागी देशों में से है। दोनों देशों के बीच जारी तनाव के कारण पाकिस्तानी हॉकी टीम की भारत में होने वाले टूर्नामेंटों में भागीदारी मुश्किल लग रही थी। लेकिन खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में होने वाले आगामी बहु राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में पाकिस्तान को खेलने से रोका नहीं जायेगा। रेहान ने पाकिस्तान से भाषा से बातचीत में कहा कि यह फैसला हुआ है तो काफी सकारात्मक है। मुझे नहीं पता कि हमारी सरकार का क्या फैसला रहता है लेकिन मेरी निजी राय है कि खेलों को राजनीति से दूर रखना चाहिये और पाकिस्तानी हॉकी टीम को भारत जाकर जरूर खेलना चाहिये। तीन ओलंपिक और दो विश्व कप खेल चुके इस दिग्गज फॉरवर्ड ने कहा कि आखिर किसी को तो पहला कदम उठाना चाहिये था और अगर पाकिस्तानी टीम भारत जाती है तो भविष्य में भारत को भी सरहद पार खेलने आना चाहिये। एशियाई खेल 2010 की स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तानी टीम के सदस्य रहे रेहान ने कहा कि भारत और पाकिस्तान का आपस में खेलना एशियाई हॉकी और खेल की लोकप्रियता के लिये बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि एशिया में लोग भारत और पाकिस्तान की ही तरह आक्रामक और कलात्मक हॉकी खेलना चाहते हैं। भारतीय हॉकी टीम तो दो बार ओलंपिक कांस्य पदक जीत चुकी है और पिछले आठ दस साल में काफी मजबूत हुई है। अब उसकी नजरें ओलंपिक स्वर्ण पदक पर है। पाकिस्तान हॉकी भी पुराना गौरव लौटाने की कोशिश में है लेकिन उसके लिये विश्व कप और ओलंपिक खेलना जरूरी है। भारत में काफी हॉकी खेल चुके रेहान 2006 में प्रीमियर हॉकी लीग (पीएचएल) में बेंगलोर लायंस की खिताबी जीत के सूत्रधार रहे। उन्होंने वर्ल्ड सीरिज हॉकी में चंडीगढ टीम की कप्तानी भी की थी। पिछले साल चेन्नई में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तानी टीम के कोच के रूप में भारत आये रेहान ने कहा कि उन्हें हमेशा भारत में बेशुमार प्यार मिला है। मुझे हमेशा से भारत दूसरा घर लगता था क्योंकि वही संस्कृति, वही बोली और सब कुछ एक जैसा ही था।

# सूर्यवंशी के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अंडर 19 वनडे में इंग्लैंड को हराया

नॉर्थम्पटन। आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए रिकॉर्ड नौ छक्के लगाये और उनकी इस पारी के दम पर भारत ने वर्षाबाधित तीसरे अंडर 19 युवा वनडे मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2 .1 की बढ़त बना ली।



चौदह वर्ष के सूर्यवंशी ने 31 गेंद में 86 रन बनाये। इंग्लैंड के छह विकेट पर 268 रन के जवाब में भारत ने 34 . 3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्यवंशी ने अपनी पारी में छह चौके और नौ छक्के जड़े। अंडर 19 वनडे क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का यह सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड है। इससे पहले मनदीप सिंह ने आठ छक्के लगाये थे। भारत का स्कोर 24वें ओवर में छह विकेट पर 199 रन था लेकिन गेंदबाज हरफनमौला कनिष्क चौहान ने 42 गेंद में नाबाद 43 रन बनाये और आर एस अंबरीश (नाबाद 31) के साथ 75 रन की अटूट साझेदारी की। कनिष्क ने गेंदबाजी के दौरान भी तीन विकेट लिये थे। सूर्यवंशी ने तीसरे ही ओवर में सेबेस्टियन मोर्गन को दो छक्के लगाकर अपने तेवर जाहिर कर दिये थे। अगले ओवर में उन्होंने मोर्गन को दो छक्के और एक चौका लगाया। राजस्थान रॉयल्स के लिये आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले 14 वर्ष के सूर्यवंशी ने साबित कर दिया कि उनका फॉर्म महज तुक्का नहीं था। इंग्लैंड के बायें हाथ के तेज गेंदबाज जेम्स मिंटो को उन्होंने छठे ओवर में खासी नसीहत देते हुए 23 रन निकाले। सूर्यवंशी के आउट होने के समय भारत का स्कोर आठवें ओवर में 111 रन था। इससे पहले इंग्लैंड के लिये कप्तान थॉमस रियू ने 44 गेंद में नाबाद 76 रन बनाये जबकि सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिंस ने 62 रन की पारी खेली।

# दीप्ति ने नतीजों के लिए इंग्लैंड दौरे से पहले लंबे ट्रेनिंग सत्र को श्रेय दिया

एजेंसी

लंदन। आल राउंडर दीप्ति शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय महिला टीम को बेंगलुरु और इंग्लैंड में करीब एक महीने तक चले तैयारी शिविर से काफी फायदा हुआ जिससे उन्हें यहां की परिस्थितियों के अनुरूप ढलने में मदद मिली। भारतीय खिलाड़ियों ने बेंगलुरु में 27 दिन का शिविर लगाया और टीम पांच मैच की टी20 श्रृंखला से आठ दिन पहले इंग्लैंड पहुंच गई।

अभी भारत पांच मैच की टी20 श्रृंखला में 2-0 से आगे है। टीम ने पहले मैच में 97 रन और दूसरे मैच में 24 रन से जीत दर्ज की। ओवल में तीसरे टी20 मैच की पूर्व संध्या पर दीप्ति ने मीडिया से कहा कि बेंगलुरू में शिविर के दौरान परिस्थितियां कुछ हद तक समान थीं। हवा चल रही थी और हमें इस मौसम के अनुकूल ढलने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि हम श्रृंखला से एक या दो हफ्ते पहले यहां आए थे। हर कोई अच्छी तरह से परिस्थितियों के अनुरूप ढल गया। साथ ही अभ्यास मैच से भी परिस्थितियों के अभ्यस्त होने में मदद मिली। युवा खिलाड़ियों को इसका फायदा मिला। दीप्ति ने कहा कि बीसीसीआई का शुक्रिया जिन्होंने इस शिविर का इंतजाम किया। हमने मूव होती गेंद के खिलाफ हवादार परिस्थितियों में अच्छा अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान विभिन्न स्थानों पर बल्लेबाजी करने का मौका मिला जो इसकी खासियत रही। उन्होंने कहा कि बेंगलुरू में मैच जैसी परिस्थितियों के दौरान मध्य क्रम की सभी बल्लेबाजों को अलग अलग बल्लेबाजी क्रम में खेलने को मिला। इससे हमें किसी भी स्थान पर खेलने का अंदाजा हो गया। हम सभी तैयार हैं और अपने खेल के बारे में स्पष्ट हैं। दीप्ति ने 20 वर्षीय स्पिनर श्री चरणी की भी तारीफ की जिन्होंने पहले दो मैच में छह विकेट लिए हैं। उन्होंने श्रृंखला के पहले मैच में टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने कहा कि पदार्पण पर यह आसान नहीं होता, लेकिन उसने अपने पहले ही मैच में चार विकेट झटके। वह काफी युवा है। मैं इस बात की सराहना करती हूं कि उसने परिस्थितियों का आकलन किया और सही जगह गेंदबाजी की क्योंकि यह आसान नहीं है। भारत को इंग्लैंड में श्रृंखला में अपनी पहली जीत हासिल करने के लिए बचे हुए तीन में से बस एक मैच में जीत की दरकार है। इस पर दीप्ति ने कहा कि टीम अपनी बेसिक्स पर अडिग रहेगी और ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोचेगी। उन्होंने कहा कि हम प्रक्रियाओं का पालन करेंगे और एक बार में एक मैच पर ध्यान देंगे। हम कुछ अलग करने की कोशिश नहीं करेंगे।

# भारत में एशिया कप में खेल सकता है पाकिस्तान

नयी दिल्ली। पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में एशिया कप और नवंबर दिसंबर में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलने से रोका नहीं जायेगा क्योंकि ऐसा करना ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन होगा , खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।



हॉकी एशिया कप 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी। वहीं जूनियर हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जायेगा। सूत्र ने कहा कि हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं। अगर हम अगर हम पाकिस्तान को रोकने की कोशिश करते हैं तो इसे ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन माना जाएगा। इसी तरह हम पाकिस्तान की भागीदारी वाले किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेंगे।

लेकिन द्विपक्षीय प्रतियोगिता अलग होती है और इस मामले में कोई छूट नहीं दी जाएगी। मंत्रालय के इस फैसले से सितंबर में यहां होने वाले निशानेबाजी जूनियर विश्व कप और सितंबर-अक्टूबर में राजधानी में होने वाली विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पाकिस्तान की भागीदारी का रास्ता भी साफ हो गया है। सूत्र ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय खेल की मांग है कि हम भागीदारी से पीछे नहीं हट सकते। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है लेकिन वे बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में एक दूसरे से खेलते हैं। यही नियम है और हम इन नियमों का पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने हॉकी इंडिया को इस फैसले के बारे में सूचित कर दिया है। यह पूछने पर कि क्या सितंबर में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप क्रिकेट में खेलने की अनुमति दी जायेगी , सूत्र ने कहा , बीसीसीआई ने अभी इस मसले पर संपर्क नहीं किया है।


जब वे संपर्क करेंगे तो हम इस मसले पर बात करेंगे। अटकलें लगाई जा रही हैं कि भारत और पाकिस्तान महाद्वीपीय टूर्नामेंट के दौरान राउंड रॉबिन मैच में एक-दूसरे से खेलेंगे जो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) या श्रीलंका में आयोजित होने वाला है हालांकि मूल मेजबान भारत ही है। भारत और पाकिस्तान 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद से द्विपक्षीय टूर्नामेंट से बचते रहे हैं लेकिन अप्रैल में पहलगाम में आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद कई देशों के टूर्नामेंट में भिड़ंत भी संदेह के घेरे में थी। भारत और पाकिस्तान की टीमों ने मई में ओमान में दसवीं एशियाई बीच हैंडबॉल चैम्पियनशिप में एक दूसरे के खिलाफ खेला था। सूत्र ने कहा कि अगर हम उन्हें खेलने की अनुमति नहीं देते हैं तो यह ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन होगा। इसलिये गृह और विदेश मंत्रालय से विमर्श के बाद खेल मंत्रालय ने अनुमति देने का फैसला किया है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस घटनाक्रम पर भाषा से कहा कि अभी हमें औपचारिक सूचना का इंतजार है लेकिन यह हॉकी के लिये अच्छी खबर है। भारत और पाकिस्तान के हॉकीप्रेमी टीमों को एक दूसरे के खिलाफ खेलते देखना चाहते हैं। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद जवाबी कार्रवाई में आपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर सैन्य हमला किया था। दोनों देशों के बीच तनाव के कारण पाकिस्तानी हॉकी टीम की भारत में होने वाले टूर्नामेंटों में भागीदारी मुश्किल लग रही थी।

## आधिकारिक सूचना का इंतजार, लेकिन हॉकी के लिए यह अच्छा फैसला : दिलीप

नयी दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पाकिस्तानी टीम को भारत की मेजबानी में होने वाले आगामी टूर्नामेंटों में खेलने से नहीं रोकने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह हॉकी के लिये अच्छा फैसला है। खेल मंत्रालय के सूत्र के अनुसार मंत्रालय ने अगस्त में बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप और नवंबर दिसंबर में तमिलनाडु में होने वाले जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी की अनुमति देने का फैसला किया है। टिर्की ने इस घटनाक्रम पर भाषा से कहा कि हमारे पास अभी आधिकारिक सूचना नहीं आई है और मैं भी मीडिया से सुन रहा हूं। लेकिन अगर सरकार ने मंजूरी दे दी है तो यह हॉकी के लिये बहुत अच्छी बात है। तीन ओलंपिक खेल चुके इस महान डिफेंडर ने कहा कि भारत दो महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों की मेजबानी करने जा रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में और जूनियर विश्व कप चेन्नई और मदुरै में होगा और दोनों में पाकिस्तान की टीमें भाग ले रही हैं। बीजद के राज्यसभा सांसद रह चुके टिर्की ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हॉकी मैच खेल के प्रचार के लिये अच्छे होते हैं क्योंकि लोगों की इसमें काफी रूचि होती है। इससे खेल के लिये अच्छा माहौल बनता है और टूर्नामेंट की सफलता के लिये भी यह अच्छा होगा। यह पूछने पर कि पाकिस्तान के आने पर सुरक्षा को लेकर तैयारी अधिक करनी होगी, भारत के लिये 412 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके इस दिग्गज ने कहा कि हम अपनी तैयारी कर रहे हैं। पिछले कुछ समय के घटनाक्रम के बाद संभवतः यह पाकिस्तान की किसी भी टीम का पहला भारत दौरा होगा तो उसी हिसाब से सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ से फिलहाल कोई बात नहीं हुई है लेकिन खेल मंत्रालय से आधिकारिक सूचना मिलने पर आगे बात की जायेगी। अपने खेलने के दिनों में भारत . पाकिस्तान हॉकी प्रतिद्वंद्विता को याद करते हुए टिर्की ने कहा कि मैदानी प्रतिद्वंद्विता के बावजूद उस समय खिलाड़ियों के बीच मैदान से बाहर अच्छी दोस्ती हुआ करती थी।

# लोकतांत्रिक संस्थानों को जवाबदेह बनाना जरूरी

## मानसून सत्र से पहले ओम बिरला ने कहा : व्यवधान पैदा नहीं करें पार्टियां



गुरुग्राम। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले बृहस्पतिवार को कहा कि राजनीतिक दलों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान नहीं डालना चाहिए और जो पार्टियां गतिरोध पैदा करने का प्रयास करेंगी, उन्हें जनता जवाब देगी। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान लोकसभा (18वीं लोकसभा) में व्यवधान पहले के मुकाबले कम हुआ है और यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि राजनीतिक दलों ने विचार किया कि सदन चलना चाहिए। बिरला ने हरियाणा के गुरुग्राम के मानेसर में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के मौके पर यह भी कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं की तरह स्थानीय निकायों के सदनों को सुचारू रूप से चलाने की आदर्श पद्धति स्थापित होनी चाहिए तथा वहां भी प्रश्नकाल तथा शून्यकाल जैसे सत्र की व्यवस्था होनी चाहिए।

बिरला ने कहा कि यह बदलाव का समय है। अगर हमें लोकतंत्र को मजबूत करना है और लोकतांत्रिक संस्थानों को जवाबदेह बनाना है, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सदन उचित तरीके से काम करें। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान कम करने के प्रयास करने चाहिए। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई को शुरू होने वाला है और 21 अगस्त तक चलेगा। बिरला ने कहा कि वह 2014 से लोकसभा की कार्यवाही देख रहे हैं जब वह पहली बार सदन के सदस्य चुने गए थे। बिरला ने कहा कि सदस्य सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए तख्तियां लेकर आते थे। 17वीं लोकसभा (2019-2024) में भी कुछ अलग स्थिति नहीं थी। लेकिन 18वीं लोकसभा में बदलाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों और सदस्यों ने विचार शुरू किया कि सदन को चलने दिया जाना चाहिए ताकि लोगों के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, सभी राजनीतिक दलों ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि सदन सुचारू रूप से चले। शहरी निकायों के अध्यक्षों के प्रथम सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण उपस्थित थे। इस सम्मेलन का विषय संवैधानिक लोकतंत्र को सुदृढ़ करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका है। चार जुलाई को समापन सत्र में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शिरकत करेंगे। बिरला ने कहा कि जिस तरह से लोकसभा और विधानसभा में सदन चलते हैं और कानून बनाने पर चर्चा होती है उसी तरह, स्थानीय निकायों में सदन चलने की आदर्श पद्धति स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए। बिरला ने इस बात पर जोर दिया, यह प्रयास हो कि स्थानीय निकायों के सदनों की बैठक दिन भर चले, प्रश्नकाल हो, शून्यकाल हो... बजट बने तो पूरी चर्चा हो। उन्होंने कहा कि नगरीय सरकार लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ है क्योंकि इसके साथ आम जनता का सबसे अधिक संवाद होता है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी हो, इसके लिए स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों को संवाद करते रहने चाहिए और सोशल मीडिया का उपयोग करके भी जुड़ाव मजबूत हो सकता है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी निकाय के सभापतियों का यह सम्मेलन लोकतंत्र को मजबूत करने का मंच है।

# भारत ने रूसी तेल खरीदारों पर 500 प्रतिशत शुल्क के प्रस्ताव पर अपनी चिंताओं को साझा किया : जयशंकर



वाशिंगटन। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत ने अमेरिकी सांसद लिंडसे ग्राहम के साथ उनके उस प्रस्ताव को लेकर अपनी चिंता साझा की है, जिसमें उन्होंने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव किया है।

जयशंकर ने बुधवार को वाशिंगटन में संवाददाताओं के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मुझे लगता है कि ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी हमारी चिंताओं और हमारे हितों से उन्हें अवगत करा दिया गया है। ग्राहम द्वारा प्रस्तावित विधेयक में कहा गया है कि यदि मॉस्को यूक्रेन के साथ शांति वार्ता में भाग लेने से इनकार करता है तो रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत शुल्क लगाया जाए। जयशंकर ने कहा कि भारतीय दूतावास और अधिकारी इस मुद्दे पर ग्राहम के संपर्क में हैं। जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी संसद में होने वाला कोई भी घटनाक्रम भारत के लिए तब महत्वपूर्ण हो जाता है, जब इससे हमारे हित प्रभावित होते हैं या हो सकते हैं। भारत और अमेरिका के अधिकारियों के बीच वाशिंगटन में दोनों देशों के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते पर गहन विचार-विमर्श जारी है। जहां भारत अपनी श्रम-प्रधान वस्तुओं के लिए अधिक बाजार पहुंच चाहता है, वहीं अमेरिका अपने कृषि उत्पादों पर शुल्क में रियायत चाहता है। वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में भारतीय दल वार्ता के लिए वाशिंगटन में है।

संक्षेप

## ईडी ने पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से पूछताछ की

नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के कुछ सीवेज शोधन संयंत्रों के विस्तार में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि जैन (60) पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे और धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज किया गया। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता जैन के पास अरविंद केजरीवाल नीत सरकार में स्वास्थ्य, उद्योग, बिजली, लोक निर्माण विभाग, गृह और शहरी विकास जैसे विभाग थे। यह तीसरी धनशोधन जांच है जिसमें ईडी जैन की भूमिका की जांच कर रही है। जैन को 2022 में ईडी ने गिरफ्तार किया था और बाद में कथित हवाला लेन-देन एवं आय से अधिक संपत्ति के मामले में आरोपपत्र दाखिल किया गया था। हाल में ईडी ने जैन, पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया के खिलाफ कक्षा निर्माण घोटाले के संबंध में मामला दर्ज किया था। ताजा मामले की जांच दिल्ली जल बोर्ड के कुछ सीवेज शोधन संयंत्रों के विस्तार में भ्रष्टाचार के आरोपों से संबंधित है।

## सरकार की चीनी गारंटी की कोई एक्सपायरी डेट नहीं: खरगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार की चीन से संबंधित नीति को लेकर सवाल खड़े किए और कटाक्ष किया कि इस सरकार की चीनी गारंटी की कोई एक्सपायरी डेट नहीं है।

खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, "प्रिय नरेन्द्र मोदी जी, खबरों के मुताबिक़, चीन ने भारत के विनिर्माण क्षेत्र से अपने अधिकारी वापस बुला लिए हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या ये सच नहीं कि मेक इन इंडिया और आत्मिनर्भर भारत पर पूरी तरह नाकाम मोदी सरकार ने डोकलाम और गलवान भूलकर चीनी कंपनियों के लिए लाल कालीन बिछाया था और चीनी नागरिकों के लिए वीजा जारी करना आसान कर दिया था, ताकि पीएलआई योजना में फ़ायदा मिले? कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, क्या यह सच नहीं है कि मोदी सरकार इस पर कोई क़दम नहीं उठा रही और चीनी अधिकारियों ने भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग तक को आधिकारिक नियुक्ति या सहमति नहीं दी है? उनके मुताबिक, चीन ने पिछले दो महीनों में भारत को स्पेशलिटी उर्वरक का निर्यात बंद कर दिया है, जबकि अन्य देशों को आपूर्ति जारी रखी है।

## महाराष्ट्र में तीन महीनों में 767 किसानों ने की आत्महत्या, सरकार चुप : राहुल गांधी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र एवं राज्य सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि सरकार के स्तर पर चुप्पी तथा बेरुखी देखी जा रही है।

उन्होंने यह दावा भी किया कि यह "सिस्टम" किसानों को मार रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने "पीआर" का तमाशा देख रहे हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, सोचिए.. सिर्फ तीन महीनों में महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली। क्या यह सिर्फ एक आंकड़ा है? नहीं। ये 767 उजड़े हुए घर हैं। 767 परिवार, जो कभी नहीं संभल पाएंगे। और सरकार? वह चुप है। बेरुख़ी से देख रही है। उन्होंने दावा किया, किसान हर दिन कर्ज़ में और गहराई तक डूब रहा है - बीज महंगे हैं, खाद महंगी है, डीज़ल महंगा है.. लेकिन एमएसपी की कोई गारंटी नहीं। जब वे कर्ज़ माफ़ी की मांग करते हैं, तो उन्हें नजरअंदाज़ कर दिया जाता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि लेकिन जिनके पास करोड़ों रुपये हैं? उनके कर्ज मोदी सरकार आराम से माफ कर देती है। आज की ही खबर देख लीजिए - अनिल अंबानी का 48,000 करोड़ रुपये का एसबीआई फ्रॉड। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, मोदी जी ने कहा था, किसान की आमदनी दोगुनी करेंगे - आज हालत ये है कि अन्नदाता की ज़िंदगी ही आधी हो रही है। यह सिस्टम किसानों को मार रहा है।

## साईबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई करें शाह : ममता



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भड़काऊ सोशल मीडिया सामग्री और साइबर अपराध के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताते हुए बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा और कड़े विधायी एवं नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता पर जोर दिया।

दो पन्ने के पत्र में सोशल मीडिया पर हाल ही में प्रसारित भड़काऊ बयानों, भ्रामक सामग्री और फर्जी वीडियो का जिक्र किया गया है, जिनके चलते समाज के कुछ वर्गों में आपराधिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिला है। ममता ने लिखा, इस तरह की सामग्री न केवल गलत सूचना फैलाती है, बल्कि सांप्रदायिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, हिंसा भड़काने, सामाजिक सद्भाव में खलल डालने और महिलाओं के खिलाफ अपराध को बढ़ावा देने की भी क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल मंचों के दुरुपयोग की तात्कालिक और व्यापक प्रकृति इन प्रभावों को कई गुना बढ़ा देती है। इस साल अप्रैल में पश्चिम बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में संसद में पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ शुरू हुए प्रदर्शनों ने जल्द ही सांप्रदायिक हिंसा का रूप ले लिया था, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी और सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा था। वहीं, जून में कोलकाता के बाहरी इलाके में डायमंड हार्बर पुलिस जिले के अंतर्गत महेशतला में सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी। झड़पों में बंदरगाह क्षेत्र के उपायुक्त सहित लगभग एक दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। राज्य में रामनवमी समारोहों के दौरान हावड़ा और हुगली जैसे जिलों में भी सांप्रदायिक हिंसा हुई। इन सभी घटनाओं पर अपनी प्रतिक्रिया में ममता सोशल मीडिया पर झूठी एवं फर्जी सूचनाओं के प्रसार के बारे में मुखर रही हैं। उन्होंने कहा है कि ऐसे सूचनाओं के प्रसार ने आग में घी डालने का काम किया है। शाह को लिखे अपने पत्र में ममता ने साइबर अपराध में खतरनाक वृद्धि के खतरे को भी उजागर किया। उन्होंने कहा, इसकी (साइबर अपराधों की) जटिलता और हानिकारक प्रभाव, दोनों बढ़ रहे हैं। ममता ने लिखा, वित्तीय धोखाधड़ी और पहचान की चोरी से लेकर ऑनलाइन उत्पीड़न और मानहानि तक, साइबर अपराध व्यक्तियों एवं संस्थानों पर समान रूप से गंभीर असर डाल रहे हैं। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट और साइबर अपराध, दोनों ही समाज के संवेदनशील वर्गों-महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को असमान रूप से प्रभावित करते हैं।

## सोमालिया में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पांच सैनिकों की मौत



मोगादिशु। सोमालिया में अफ्रीकी यूनियन के शांति मिशन में सेवारत एक सैन्य हेलीकॉप्टर के बुधवार को राजधानी मोगादिशु के एक हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त होने से युगांडा के पांच सैनिकों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दुर्घटना के समय एमआई-24 हेलीकॉप्टर लोअर शाबेले क्षेत्र के एक हवाई क्षेत्र से आ रहा था और उसमें आठ लोग सवार थे। यह हेलीकॉप्टर मूल रूप से युगांडा वायु सेना का था, लेकिन इसका संचालन अफ्रीकी यूनियन के शांति मिशन द्वारा किया जा रहा था। युगांडा की सेना ने एक बयान में बताया कि हेलीकॉप्टर एक मिशन पर था और पायलट, सह-पायलट व फ्लाइट इंजीनियर दुर्घटना में बच गए लेकिन उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। सोमालिया नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के महानिदेशक अहमद मोआलिम हसन ने सरकारी मीडिया को बताया कि दुर्घटना की जांच जारी है। दुर्घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक विमानन अधिकारी उमर फराह ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि उन्होंने हेलीकॉप्टर को घूमते हुए और फिर वह बहुत तेजी से नीचे गिरते हुए देखा। प्रत्यक्षदर्शी अब्दिरहिम अली ने बताया कि उसने विस्फोट की जोरदार आवाज सुनी और हर जगह घना धुआं देखा। अदन एडे हवाई अड्डे पर उड़ान परिचालन में मामूली देरी की सूचना मिली।

## गाजा में सहायता सामग्री का इंतजार रहे 45 लोगों समेत 94 फलस्तीनी मारे गये

तेल अवीव। गाजा में रात भर हुए हवाई हमलों और गोलीबारी में 94 फलस्तीनी मारे गए और इनमें से 45 लोग ऐसे थे जो अत्यंत आवश्यक मानवीय सहायता सामग्री प्राप्त करने का प्रयास कर रहे थे। गाजा के अस्पतालों और स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

इजराइल की सेना ने गाजा में हुए इन हमलों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन से जुड़े स्थलों के आसपास पांच लोग मारे गए तथा गाजा पट्टी में अन्य स्थानों पर सहायता सामग्री की आपूर्ति करने वाले ट्रकों का इंतजार कर रहे 40 अन्य लोग मारे गए। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन इजराइल समर्थित नव निर्मित अमेरिकी संगठन है जो गाजा पट्टी में आबादी को भोजन उपलब्ध कराने में मदद करता है। गाजा पट्टी पर बुधवार रात और बृहस्पतिवार सुबह हुए हवाई हमलों में दर्जनों लोग मारे गए। इनमें से 15 लोग मुवासी क्षेत्र में स्थित तंबुओं पर हुए हमलों में मारे गए। मुवासी क्षेत्र में कई विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं। इसके अलावा, गाजा शहर में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर हुए हमले 15 लोगों की मौत हो गई।

इंटरटेनमेंट...

## इंडियन फिल्म फेस्टिवल के मुख्य अतिथि होंगे आमिर खान



मुंबई। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) ने फिल्म महोत्सव के 16वें संस्करण के लिए अभिनेता आमिर खान के मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने की घोषणा की है। एक बयान के मुताबिक, 14 से 24 अगस्त तक आयोजित इस महोत्सव में भारतीय सिनेमा में आमिर के असाधारण योगदान के सम्मान के लिए एक विशेष कार्यक्रम शामिल होगा।

आमिर खान की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर एक कार्यक्रम भी होगा। फिल्म सितारे जमीन पर में आमिर ने बास्केटबॉल टीम के एक कोच की भूमिका निभाई हैं, जो सामुदायिक सेवा के लिए मानसिक रूप से कमजोर वयस्कों की एक टीम का मार्गदर्शन करते हैं। बयान में बताया गया कि फिल्म महोत्सव में आमिर खान के कलात्मक प्रभाव को सम्मानि किया जाएगा। महोत्सव में सितारे जमीन पर दिखाये जाने के बाद आमिर, निर्देशक आरएस प्रसन्ना और आमिर खान फिल्म्स की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अपर्णा पुरोहित के साथ बातचीत की जाएगी। आमिर ने कहा, मैं इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न का हिस्सा बनकर बहुत खुश और रोमांचित हूं। यह एक ऐसा महोत्सव है जो वास्तव में भारतीय सिनेमा की विविधता और समृद्धि की भावना को सम्मानित करता है। मैं दर्शकों से जुड़ने, अपनी कुछ सबसे पसंदीदा फिल्मों से जुड़ी कहानियों को साझा करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि सितारे जमीन पर के साथ फिल्म की टीम ने एक ऐसी कहानी बताने की कोशिश की है।

## अब मेरे पास अधिक स्पष्टता



मुंबई, तीन जुलाई (भाषा) अभिनेता विक्रांत मैसी कुछ समय के विराम के बाद फिल्मी दुनिया में लौट आए हैं और उनका मानना है कि व्यक्तिगत या पेशेवर जीवन में भविष्य को लेकर उनके सामने अब ज्यादा स्पष्टता है। 12वीं फेल से लोगों के दिलों पर छाने वाले मैसी ने पिछले साल अभिनय की दुनिया से कुछ समय के लिए दूरी बनाने का ऐलान किया था ताकि वह अपने परिवार और सेहत पर ध्यान दे सकें। उन्होंने कहा कि इस विराम का मतलब यह कतई नहीं समझा जाना चाहिए कि उन्होंने अभिनय की दुनिया बिल्कुल ही छोड़ दी है। मैसी ने कहा अब विराम का दौर खत्म हो गया है। मैंने छह माह के लिए अभिनय की दुनिया से दूरी बनाई थी। अब मुझे हर चीज में पहले से कहीं ज्यादा स्पष्टता है, न सिर्फ मेरे पेशे में बल्कि मेरे निजी जीवन में भी। अभिनय मेरी जिंदगी का एक बेहद अहम हिस्सा है, लेकिन मेरी जिंदगी के कुछ और पहलू भी हैं जो उतने ही महत्वपूर्ण है। अब बहुत कुछ स्पष्ट है। अभिनेता ने बताया कि इस दौरान उन्होंने अपने एक साल के बेटे वरदान के साथ समय बिताया। साथ ही, उन्होंने अपनी सभी फिल्मों को दोबारा देखा और यह समझा कि किन-किन क्षेत्रों में उन्हें अपने अभिनय कौशल को बेहतर बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मैंने अपनी सारी फिल्मों को कई बार देखा और उन बातों को गौर किया जो अब काम नहीं करतीं मेरा मकसद खुद को एक बेहतर अभिनेता बनाना है।

## अखंडा-2 से फिल्मों में पदार्पण करेंगी भाईजान की मुन्नी



नयी दिल्ली। सलमान खान अभिनीत फिल्म बजरंगी भाईजान में मुन्नी की भूमिका निभाकर लोकप्रिय हुईं अभिनेत्री हर्षाली मल्होत्रा अखंडा 2: थांडवम के साथ तेलुगु फिल्म उद्योग में पदार्पण करेंगी। अखंडा 2: थांडवम 25 सितंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी और ये 2021 में रिलीज़ हुई अखंडा की अगली कड़ी है। अखंडा और अब इसके सीक्वल दोनों फिल्मों का निर्देशन बायोपति श्रीनु द्वारा किया गया है। फिल्म में नंदामुरी बालकृष्ण मुख्य भूमिका में हैं। पहली बार तेलुगु फिल्म कर रहीं मल्होत्रा (17) इसमें जननी की भूमिका निभाएंगी। प्रोडक्शन और प्रचारक कंपनी 14 रील्स प्लस ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर मल्होत्रा के तेलुगु फिल्मों में पदार्पण की खबर साझा की। पोस्ट में लिखा एक फिरश्ते जैसी मुस्कान और नेक दिल, बजरंगी भाईजान से अपनी पहचान बनाने वाली हर्षाली मल्होत्रा फिल्म अखंडा 2 में जननी के रूप में नजर आएंगी।

## हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम में शामिल हुईं दीपिका



लॉस एंजिलिस। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम के लिए चुना गया है और इस प्रतिष्ठित सम्मान को हासिल करने वाली संभवतः वह पहली भारतीय कलाकार होंगी।

हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम का प्रबंधन करने वाले आधिकारिक संगठन हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बुधवार रात इंस्टाग्राम पर यह खबर साझा की। पोस्ट में बताया गया, हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स के वॉक ऑफ फेम चयन पैनल द्वारा मोशन पिक्चर्स, टेलीविजन, थिएटराप्रस्तुति, रेडियो, रिकॉर्डिंग और खेल मनोरंजन की श्रेणियों में कुछ मनोरंजन पेशेवरों को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम के लिए चुना गया है। हॉलीवुड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बताया, 2026 के वॉक ऑफ फेम श्रेणी में आपका (दीपिका पादुकोण) स्वागत करते हुए हमें गर्व महसूस हो रहा है। एमिली ब्लंट, टिमोथी चालमेट, मैरियन कोटिलार्ड, स्टेनली टुकी, रामी मालेक, रेचल मैकएडम्स, डेमी मूर, फिल्म निर्माता क्रिस कोलंबस और टोनी स्कॉट सहित कई लोकप्रिय हॉलीवुड अभिनेताओं के साथ-साथ दीपिका पादुकोण इस सम्मान को प्राप्त करने वाली भारतीय कलाकार होंगी। पैनल ने 14 जून, 2024 को आयोजित एक बैठक में सैकड़ों नामांकनों में से इन कलाकारों का चयन किया और उसी दिन हॉलीवुड चैंबर के निदेशक मंडल द्वारा इसकी पुष्टि की गई। वर्ष 2007 में ओम शांति ओम फिल्म से बॉलीवुड में करियर की शुरुआत के बाद से दीपिका भारत की शीर्ष सितारों में से एक के रूप में उभरी हैं। उन्होंने लव आज कल, पीकू, बाजीराव मस्तानी, गोलियों की रासलीला राम-लीला, पद्मावत, छपाक और गहराइयां जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय किया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com